बालाबख्श-राजपूत-चारण-पुस्तकमाला—६

राजरूपक

संपादक

प० रामकर्ण

प्रकाशक

नागरीप्रचारिणी सभा, का:

सं० १९९८

प्रथम संस्करण
१०००

प्रकाशक
नागरीप्रचारिणी सभा,
काशी

मुद्रक
श्री अपूर्वकृष्ण वसु
इंडियन प्रेस, लिमिटेड
बनारस ब्रांच

निवेदन

जयपुर राज्य के अंतर्गत हणोतिया ग्राम के रहनेवाले बारहट-नृसिंहदास जी के पुत्र बारहट बालाबख्श जी की बहुत दिनों से इच्छा थी कि राजपूतों और चारणों की रची हुई ऐतिहासिक और (डिंगल तथा पिंगल) कविता की पुस्तकें प्रकाशित की जायँ जिसमें हिंदी-साहित्य के भांडार की पूर्ति हो और ये ग्रंथ सदा के लिए रक्षित हो जायँ। इस इच्छा से प्रेरित होकर उन्होंने नवंबर सन् १६२२ में ५०००) काशी-नागरीप्रचारिणी सभा को दिए और सन् १६२३ में २०००) और दिए। इन ७०००) से ३।।) वार्षिक ब्याज के १२०००) अंकित मूल्य के गवर्मेंट प्रामिसरी नोट खरीदकर ट्रेज़रर, चैरिटेबल एंडाउमेंट फंड्स, युक्तप्रांत के पास जमा कर दिए गए हैं। इनकी वार्षिक आय ४२०) रु० होगी। बारहट बालाबख्श जी ने यह निश्चय किया है कि इस आय से तथा साधारण व्यय के अनंतर पुस्तकों की बिक्री से जो आय हो अथवा जो कुछ सहायतार्थ और कहीं से मिले उससे "बाला-बख्श-राजपूत-चारण-पुस्तकमाला" नाम की एक ग्रंथावली प्रकाशित की जाय जिसमें पहले राजपूतों और चारणों के रचित प्राचीन ऐतिहासिक तथा काव्य-ग्रंथ प्रकाशित किए जायँ और उनके छप जाने अथवा अभाव में किसी जातीय संप्रदाय के किसी व्यक्ति के लिये ऐसे प्राचीन ऐतिहासिक ग्रंथ, ख्यात आदि छापे जायँ जिनका संबंध राजपूतों अथवा चारणों से हो। बारहट बालाबख्श जी का दानपत्र काशी-नागरीप्रचारिणी सभा के तीसवें वार्षिक विवरण में अविकल प्रकाशित कर दिया गया है। उसकी धाराओं के अनु-कूल काशी-नागरीप्रचारिणी सभा इस पुस्तकमाला को प्रकाशित करती है।

विषय-सूची

विषय पृष्ठ

(१) प्रथम प्रकाश

मंगलाचरण १
प्रार्थना ६
वंशोत्पत्ति ७
जसवतसिंह जी का स्वर्गवास १७

(२) द्वितीय प्रकाश

बादशाह औरंगजेब का अजमेर आना २३
अजीतसिंह जी का जन्म २६
दिल्ली में बादशाह का राठौड़ों पर सेना भेजना ३१
दोनों रानियों के सिर काटकर यमुना में बहा देना ... ३२
दिल्ली में राठौड़ और बादशाही सेना का युद्ध ३३

(३) तृतीय प्रकाश

तहवरखान का अजमेर आना ४१
तहवरखान का पुष्कर में राठोड़ों से युद्ध ४५

(४) चतुर्थ प्रकाश

कुंडाद्रह में तहवरखान से रूपसी का युद्ध ४८

(५) पंचम प्रकाश

औरंगजेब का अजमेर आना ५१
औरंगजेब का चीतौड़ पर जाना और सीसोदियों का औरंगजेब से युद्ध ५३
राठौड़ों का जालौर को घेरना ५५
औरंगजेब का उदयपुर पर जाना ५६
बादशाह का अजमेर आकर जालौर की सहायता करना ... ५७
राठौड़ों का सोझत हो जोधपुर घेरना ५७
इन्द्रसिंह का दिल्ली से जोधपुर आना ५८
इन्द्रसिंह का खेतासर में सोनंग और दुर्गादास से युद्ध ... ५९

विषय पृष्ठ

(६) षष्ठ प्रकाश

इन्द्रसिंह के भाग जाने से बादशाह का उस-पर कोप ...	६३
बादशाह का शाहजादा अकबर और तहवरखान को राठोड़ों पर भेजना	६४
महाराणा राजसिंह का राठौड़ों के शामिल पुत्र भीमसिंह को भेजना	७६
राठौड़ों का बादशाही सेना से नाडोल में युद्ध	७८

(७) सप्तम प्रकाश

अकबर और तहवरखान का राठौड़ों से मित्रता करना ...	९१
राठौड़ों का अकबर को बादशाह बनाना	९४
बादशाह का अकबर बादशाह बनने से घबराना ...	९४
अकबर का अजमेर में बादशाह को घेर लेना	१००
तहवरखान का बादशाह के पास जाना	१०१
बादशाह का तहवरखान को मारना	१०२
अकबर का बादशाह से मिलने का राठोड़ों को भ्रम ...	१०३
राठोड़ों का अकबर को छोड़कर जाना	१०३
अकबर का गाफिल रहना	१०४
अकबर का राठोड़ों के पास जाना	१०६
दुर्गादास का अकबर से मेल करना	१११
राठोड़ों का अकबर को धैर्य बँधाना	११४
राठोड़ों का उत्साह	११५
अकबर के स्त्री-पुत्रों को दुर्गादास के भाई खेमकरण को सौंपना ...	११५
अकबर की खबर के लिये बादशाह का दूत भेजना ...	१५२
बादशाह का अकबर और राठोड़ों के पीछे शाहज़ादा आलम को भेजना	१५३
राठोड़ों का आलम को रोकना	१५६
शाहजादा आलम को रोकनेवाले वीरों के नाम और उत्साह ...	१५७
दुर्गादास का अकबर को लेकर दक्षिण में जाना	१७४
आलम का राठोड़ों से युद्ध	१७५
दूतोंका औरंगजेब से कहना कि दुर्गादास अकबर को दक्षिण में ले गया	१७७
आलम को पश्चिम की तरफ और आजम को पूर्व की तरफ रखना	१७८
औरंगजेब का अकबर के पीछे दक्षिण में जाना	१७९
दुर्गादास का सोनग चांपावत को अजीतसिंह जी के रक्षार्थ भलामन देना	१८०

विषय ... पृष्ठ

अजीतसिंह जी का आबू पहाड़ की तलहटी में गुप्त रहना ... १८१
इनायत खाँ और उसके पुत्र रावणखंड का जोधपुर में रहना ... १८२
सोनग प्रमुख क्षत्रियों का देश में उपद्रव करना १८३
राजपूत वीरों का जोधपुर को घेरना १८८
राजपूत वीरों का मुसलमानी सेना से युद्ध १८९

(८) अष्टम प्रकाश

राठोड़ों का सोझत पर आक्रमण १९५
राठोड़ों का देश में उपद्रव और लूटपाट करना १९९
बादशाह का आसतखान आदि द्वारा संधि का प्रस्ताव ... २००
सोनग के मरने से संधि के प्रस्ताव का रुकना २०१
सोनग के अभाव में चांपावत अजबसिंह सेनापति ... २०२
मेड़तिया मोहकमसिंह का बादशाही मनसब छोड़कर राठोड़ों से मिलना २०२
राठोड़ों का मेड़ता में मुसलमानों से युद्ध २०३
अजबसिंह का वीरगति को प्राप्त होना २०७
चांपावत उदयसिंह सेनापति २०६

(९) नवम प्रकाश

राठोड़ों की सेना का वर्णन २०६
राठोड़ों का अजमेर की ओर जाना और पुर, मंडल को लूटना ... २१३
कासमखाँ का पराजित होकर भागना २१६
भाद्राजण में नूरमली की पराजय २१७

(१०) दशम प्रकाश

राठोड़ों का देश में जहाँ तहाँ उपद्रव और खैरालू में सैयद मुहम्मद से युद्ध २१८
अनायतखाँ और नूरमली से राठोड़ों का युद्ध २२१
नूरमली की पराजय २२३

(११) एकादश प्रकाश

नूरमली का जैतारण में ऊदावत जगराम आदि से युद्ध और उसकी पराजय २२४

विषय पृष्ठ

(१२) द्वादश प्रकाश

भाटी रामसिंह का अबदुल्लाखाँ को मारना २२९
मेड़तिया मोहकमसिंह का सैयद अली को मारना और गोहर का भागना २३१
जालम का असतखाँ के पुत्र को हराना, उसका वापिस अजमेर जाना २३२
असतखाँ का राठोड़ों को इजारा देने का लोभ देना ... २३३
पाली पर राठोड़ों का आक्रमण और महम्मदअली के पुत्र का खडाला के रणांगण से भागना २३५
करणोत खींवकरण और ऊदावत जगराम आदि का जोधपुर और अजमेर के बीच में उपद्रव करना २३८
नूरमली का मिणियारी जाना और राठोड़ों से युद्ध ... २४२
चौहानों का मंडोर को लूटना और खोजा साहबा से युद्ध ... २४४
नूरमली का जोधपुर आना २४७
सोझत में सैराणी से राठोड़ों के युद्ध में सामतसिंह रामसिंह का काम आना २५०

(१३) त्रयोदश प्रकाश

उसतरां के थानेदार कूंपावत आना को हराना और थाना लूटना २५२
मोहकमसिंह को मेड़ता में मुहम्मद अली का धोके से मारना ... २५४
सोझत के थानेदार सुजाणसिंह से राजसेना का युद्ध, उसमें उरजनोत भाटी महेशदास काम आया २५६
राठोड़ों का शत्रुओं को मारने का उत्साह २६१
चांपावत उदयसिंह आदि का बीकानेर की तरफ़ जाकर थानेदारों को हटाना और फिर जोधपुर पर आक्रमण करना ... २६५
जूंझारसिंह के पुत्र संग्रामसिंह का मनसब छोड़कर आना ... २६५

(१४) चतुर्दश प्रकाश

नूरमली की राठोड़ों पर चढ़ाई २६९
नूरमली के सहायतार्थ भाई महम्मदअली का आना और भाद्राजण में युद्ध २७३

विषय | पृष्ठ

(१५) पंचदश प्रकाश

पड़दलखाँ का सिवाने जाना और वहाँ से भागना ... २७५

नूरमली का भाटी सबलसिंह से मुकाबला २७६

सबलसिंह की दो कन्याओं का पकड़ा जाना और सबलसिंह का उनके साथ होना २७७

सुंदरदासोत रतनसिंह का पड़दलखाँ को मारना ... २८१

(१६) षोडश प्रकाश

मिरजा नूरमली का मेड़ता से टोडे जाना और सबलसिंह को साथ ले जाना और सबलसिंह का मिरजा को मारने का उद्योग निष्फल और उसी का मारा जाना २८२

बीसलपुर के समीप युद्ध में मीर फतू के मामा अबदुल का वध ... २८४

टोडा में शेख वहवदी के साथ नूरमली का युद्ध, उसमें दोनों का मारा जाना २८६

साचोर का थाना लूटना २८७

राठोड़ों का मेड़ता में मिरजा अहमद अली को घेर लेना ... २८८

राठोड़ों का देश में भ्रमण करते जोधपुर के घेरा देना ... २८९

(१७) सप्तदश प्रकाश

भाद्राजण से मिरजा रावणखंडी का भागना और इक्का को मारना २९२

राठोड़ों का जालौर पर जाना, विहारी फतैखाँ का भागना, जालौर को लूटना २९३

राठोड़ों का जोधपुर के पास देईभर लूटना २९५

राठोड़ों की राजा को देखने की उत्कंठा, उसी अवसर पर हाड़ा दुर्जनसाल का आना २९५

खीची मुकनदास का राजा को प्रकट करना २९६

राजा अजीतसिंहजी के दर्शन का आनंद २९७

इनायतखाँ का औरंगजेब को राजा प्रकट होने की इत्तिला भेजना... ३०२

महाराजा अजीतसिंहजी का देश में भ्रमण ३०३

दुर्गदास का दक्षिण से आकर भीमरलाई जाना और महाराजा का सम्मान करना ३०५

विषय पृष्ठ

(१८) अष्टादश प्रकाश

औरंगजेब का छल, अर्थात् जसवंतसिंह जी का दूसरा कृत्रिम पुत्र बनाना ३०८
हाड़ा दुर्जनसाल का राठोड़ों के साथ बूँदी जाना, वहाँ गोली लगकर उसका मारा जाना ३०६
राजा के पास सेवा में सरदार ३१३
गुजरात के सूबादार शुजायतखाँ का संधि के लिये प्रस्ताव ... ३१७
इनायतखाँ के पुत्र अहमदअली को राठोड़ों का लूटना ... ३१७

(१९) एकोनविंश प्रकाश

कलामबेग का मारवाड़ में दौरा करना ३२०
सुजाबेग से राठोड़ों का युद्ध, उसमें सुजाबेग का भागना ... ३२१
महाराजा अजीतसिंह का पीपलोद में विराजना ३२२
सफीखाँ का अजमेर में दुर्गदास से युद्ध में भागना ... ३२३
सफीखाँ का बादशाह को असत्य लिखना कि दुर्गदास भागकर दक्षिण में गया ३२४
शुजाअतखाँ का महाराजा की तलाश में इसाक मियाँ को भेजना ... ३२५
शफीखाँ का धोका देकर अजमेर बुलाना ३२६
महाराजा का अजमेर से वापिस आना ३२७
महाराणा जयसिंह जी की सहायता करना ३२८
लाखा का इक्के को मारना ३३१
औरंगजेब को अपनी पोती के ओर की चिंता ३३२
राठोड़ों का अनेक स्थानों में युद्ध और मीरों को पकड़ना ... ३३३
बादशाह को अकबर के अन्त:पुर की चिंता ३३७
सुजाअतखाँ का दुर्गदास के पास दो दूत ब्राह्मण भेजना ... ३३९
अजीतसिंह जी का आडावला में पेशकसी लेना ३४०
महाराजा का लश्करखान को भगाना ३४१
महाराणा जयसिंह जी के पुत्र से फिर विरोध हुआ तब महाराजा को अपने भाई गजसिंह जी कन्या ब्याहना ३४५
महाराजा का देवलिया के राजा की कन्या का पाणिग्रहण करना ... ३४६
महाराजा का सीरोही में जाना ३४७

विषय		पृष्ठ
औरंगजेब का सुजाअतखाँ द्वारा दुर्गादास से संधि का प्रस्ताव	...	३४६
महाराजा का शाहजादा, सुजाअतखाँ और दुर्गादास के साथ जोधपुर में आना	... ...	३५१
(२०) विंश प्रकाश		
दुर्गादास का सुरतांण को लेकर दक्षिण में जाना ...	...	३५५
महाराजा का जालोर जाना	... ...	३५५
महाराजा का जैसलमेर के रावल की कन्या से विवाह		३५५
महाराजा का हलवद में झाली, रोहेचा में फतैसिंह की कन्या और होठसू में चतुरसिंह की कन्या का पाणिग्रहण	...	३५६
महाराजा का जालोर में निवास करना	... ...	३६०
बादशाह का आजम को गुजरात के सूबा पर रखना	...	३६०
भटियाणी मिरघावती का पाणिग्रहण	... ...	३६०
औरंगजेब का धर्म के लिये दुराग्रह	... ...	३६२
महाराजा धर्म के रक्षक हो ऐसा आशीर्वाद	... ...	३६३
महाराजकुमार अभयसिंह जी का जन्म	... ...	३६६
महाराणी का प्रथम स्वप्न	... ...	३६६
महाराजकुमार का जन्मोत्सव ...	... ...	३६९
(२१) एकविंश प्रकाश		
महाराजकुमार का वर्णन	... ...	३८३
साचोरा सहँसमल की कन्या का पाणिग्रहण	... ...	३८६
महाराजा को मेड़ता मिलना	... ...	३८७
राव इन्द्रसिंह के पुत्र मोहकमसिंह का मन में जलना	...	३८७
जैतावत अर्जुनसिंह का मोहकमसिंह से मेल करना	...	३८८
मोहकमसिंह का मेड़ता से जालोर पर चढाई करना	...	३९०
महाराजा के पास सहायतार्थ सामंतों का जाना ...	...	३९१
महाराजा का युद्धार्थ तैयारी करना	... ...	३९३
युद्ध में मोहकमसिंह का पराजय	... ...	३९९
(२२) द्वाविंश प्रकाश		
इब्राहिम का महाराजा से मिलना	... ...	४०४
महाराजा का भोमियों को सीधा करना	... ...	४०६

विषय			पृष्ठ
महाराजा का जोधपुर पर अधिकार करना	...	...	४०७
परगनों से मुसलमानों को भगाना	...	...	४१३
महाराजा का रानियों और महाराजकुमार को जालोर से जोधपुर बुलाना			४१४
(२३) त्रयोविंश प्रकाश			
आलम का युद्ध करके बादशाह होना	...	...	४१७
आलम का अजमेर आना और महाराजा का सामना करना		...	४१९
बादशाह का संधि के लिये महाराजा के पास चेला नाहरखान को भेजना			४२१
बादशाह का महाराजा से मिलना और तेगबहादुर खिताब देना		...	४२४
आलम का कामबख्श पर चढ़कर दक्षिण में जाना		...	४२५
महाराजा और जयपुर महाराजा का बादशाह के साथ जाना		...	४२५
नरबदा से महाराजा का जयपुर महाराजा सहित वापिस लौट आना			४२६
दोनों राजाओं का उदयपुर जाना और महाराणा से मिलना		...	४२७
महाराजा का जोधपुर आना और महराबखाँ का भागना		...	४२७
(२४) चतुर्विंश प्रकाश			
जयपुर महाराजा जयसिंहजी का जोधपुर में सूरसागर स्थान में रहना			४३३
महाराजा का सैयदों को मारकर सांभर लेना	...	...	४३४
महाराजा का जयपुर महाराजा को आंबेर में जमा देना		...	४४१
(२५) पंचविंश प्रकाश			
महाराजा का दीपावत भंडारी खीमसी और रघुनाथ को राज्य का काम सौंपना	... ...	...	४४४
महाराजा का राव इन्द्रसिंहजी से नागौर लेना	...	...	४४६
महाराजा और जयसिंहजी का कोलिया गाँव में शामिल होना		...	४४७
बादशाह का अजमेर आकर अजीम के द्वारा संधि करके जोधपुर जयपुर देना	... ...	...	४४८
महाराजा का पुष्कर स्नान कर जोधपुर आना	...	...	४४९
आलम का उत्तर दिशा में मरना	...	...	४५३
मौजुद्दीन का बादशाह होना	... ...	...	४५४
महाराजा को दक्षिण और गुजरात का सूबा मिलना		...	४५४
मौजुद्दीन को मारकर फ़र्रुखसियर का बादशाह होना		...	४५५

विषय पृष्ठ

फरु खसियर का मुगल जुलफकार को मारना और सैयदों का बल बढ़ना ४५६

मोहकमसिंह का सैयदों के पास जाना ४५६

मोहकमसिंह को दिल्ली में मरवाना ४५७

(२६) षड्विंश प्रकाश

सैयद हसनअली का क्रुद्ध होकर अजमेर आना ४५९

महाराजा का सैयद के मुकाबले में जाना और वापिस जोधपुर आना ४६०

खींवसी भंडारी की अर्ज से महाराजकुमार अभयसिंह जी को दिल्ली भेजना ४६२

म० कु० अभयसिंह जी की दिल्ली में बादशाह से भेंट ... ४६८

बादशाह का अभैसिंह जी को गुजरात का सूबा देना ... ४७०

महाराजकुमार का दिल्ली से जोधपुर आना ४७४

(२७) सप्तविंश प्रकाश

म० अजीतसिंहजी का गुजरात सूबा पर जाना ४७५

(२८) अष्टविंश प्रकाश

महाराजा का नागौर पर सेना भेजना और राव इन्द्रसिंह जी का नागौर से चला आना ४७८

(२९) एकोनत्रिंश प्रकाश

महाराजा का जैतावत अर्जुनसिंह को मरवाना ४८२

महाराजा का इंद्रसिंह के पुत्र मोहनसिंह को मरवाना ... ४८३

(३०) त्रिंश प्रकाश

महाराजा का अहमदाबाद से द्वारका यात्रा करना ... ४८५

महाराजा का झालों के हलवद राज्य को विजय करना ... ४८५

द्वारकानाथ का दर्शन करना ४८८

(३१) एकत्रिंश प्रकाश

महाराजा का द्वारका से जोधपुर आना ४९४

बादशाह का सैयदों से नाराज होना ४९४

देवडा मानसिंह की कन्या का पाणिग्रहण ४९५

महाराजा का दिल्ली जाते पुष्कर आदि में ठहरना ... ४९६

महाराजा का दिल्ली के समीप सराय में ठहरना ... ४९७

विषय		पृष्ठ
दिल्ली में महाराजा का सैयदों से स्वागत किया जाना	...	४९८
बादशाह के भेजे हुए दूत कादरखाँ का महाराजा से मिलना	...	४९९
महाराजा का बादशाह के पास जाना ...	...	५०१
दरगाह से वापिस आते महाराजा का सैयदकृत स्वागत	...	५०३
महाराजा की सैयद अबदुल्ला के साथ मित्रता ...	...	५०६
बादशाह का महाराजा के डेरे पर आना ...	...	५०७
महाराजा का बादशाह के दरबार में जाना ...	...	५०७
दक्षिण से हसनअली को बुलाना ...	...	५०८
हसनअली का दक्षिण से दिल्ली आना ...	...	५०९
फरु खसियर को मारकर रफील् उद्दरजात को तख्त पर बिठाना	...	५१२
उक्त बादशाह के मर जाने से रफीउद्दौला को तख्त पर बिठाना	...	५१४
रफीउद्दौला के मर जाने से मुहम्मदशाह को तख्त पर बिठाना	...	५१५
(३२) द्वात्रिंश प्रकाश		
नेकू बादशाह को कैद करना	...	५१६
महाराजा का सैयदो के कोप से जयसिंह की रक्षा करना	...	५१७
महाराजा का दिल्ली से जोधपुर आना ...	...	५१८
जयसिंहजी का सूरसागर में ठहरना ...	...	५१९
महाराजा की कन्या जयसिंह जी को ब्याहना ...	...	५२१
(३३) त्रयस्त्रिंश प्रकाश		
महाराजा का अजमेर पर अधिकार करना ...	...	५२३
(३४) चतुस्त्रिंश प्रकाश		
बादशाह का मुदफ्फरखान को जोधपुर पर भेजना	...	५२५
महाराजा का मुकाबला में महाराजकुमार अभयसिंह जी को भेजना	...	५२८
मुदफ्फरखाँ का भागकर आबेर में घुसना ...	...	५३४
अभयसिंह जी का दिल्ली में उपद्रव करने से धूकलसिंह नाम	...	५३५
(३५) पंचत्रिंश प्रकाश		
महाराजकुमार का त्रिवेणी में स्नान ...	...	५४०
,, खाटू में विवाह ...	...	५४१
,, लदाणा में विवाह ...	...	५४२

विषय			पृष्ठ
(३६) षट्त्रिंश प्रकाश			
अभयसिंह जी का अजमेर आना	...	...	५४६
अजीतसिंह जी का सांभर में निवास	...	...	५५०
बादशाह का चेला नाहरखान को संधि के लिये भेजना		...	५५०
नाहरखान को सांभर में मारना	...	...	५५१
(३७) सप्तत्रिंश प्रकाश			
चूड़ामणि के पुत्र का महाराजा के शरणागत होना		...	५५२
बादशाह का हैदरकुली और इरादतखाँ को अजमेर पर भेजना		...	५५३
महाराजा का अजमेर में ऊदावत अमरसिंह को रखना		...	५५७
हैदरकुली और इरादतखाँ का महाराजा से संधि करना		...	५६१
(३८) अष्टत्रिंश प्रकाश			
महाराजा का महाराजकुमार को बादशाह के पास भेजना		...	५६३
महाराजकुमार का दिल्ली में पहुँचना	...	...	५७६
(३९) एकोनचत्वारिंश प्रकाश			
महाराजकुमार का बादशाह से मिलना	...	...	५७८
महाराजा अजीतसिंहजी का स्वर्गवास	...	...	५७८
रानियों का सती होना ...	...	...	५७९
म० अभयसिंहजी का दिल्ली में महाराजा का स्वर्गवास सुनकर उत्तर-क्रिया करना ...	...	...	५९६
जयसिंह जी का अपनी कन्या अभयसिंहजी को मथुरा में ब्याहना		...	५९८
महाराजा अभयसिंहजी का बाई सूरजकँवर से वृंदावन में मिलना			६१४
जयसिंह जी का मथुरा और महाराजा का दिल्ली जाना		...	६१५
(४०) चत्वारिंश प्रकाश			
महाराजा अभयसिंहजी का दिल्ली जाकर बादशाह मुहम्मदशाह से मिलना			६१६
महाराजा का दिल्ली से जोधपुर आना	...	...	६१६
महाराजा का कवि और सेवकों को यथायोग्य देना		...	६२२
(४१) एकचत्वारिंश प्रकाश			
बादशाह का इरादतखाँ, वंगस और जयपुर महाराजा को सेना देकर भेजना			६३०
बादशाही सेना का अजमेर और नागौर पर अधिकार करना		...	६३०

विषय ... पृष्ठ

महाराजा का जोधपुर में होली का त्योहार मनाना ... ६३१

महाराजा की नागोर पर चढ़ाई ६३१

महाराजा का युद्ध करके नागौर लेना ६३२

(४२) द्वाचत्वारिंश प्रकाश

महाराजा का वसंत का उत्सव मनाना ६४१

महाराजा का दिल्ली जाना और बादशाह से मिलना ... ६४७

सेरबिलद का गुजरात में प्रबल प्रताप ६४८

बादशाह का सूबादार के बल पकड़ने से चिंताग्रस्त होना ... ६५०

बादशाह का दरबार करके सेरबिलद पर जाने को कहना ... ६५१

दीवान कमरदीखाँ का महाराजा अभयसिंह जी को सेरबिलंद पर भेजने को कहना ६५५

बादशाह का महाराजा अभयसिंहजी को बुलाकर गुजरात का सूबा देकर सेरबिलद पर जाने के लिए बीड़ा देना ६५७

महाराजा का मारवाड़ में आना ६५९

महाराजा के वर्णन में ऋतु वर्णन ६६०

महाराजा के फिर चार विवाह ६७०

महाराजा का चढ़ाई करते घर का प्रबंध करना ६७१

महाराजा का गुजरात जाने के लिए तैयार होना ६७४

महाराजा का जोधपुर से प्रयाण करना ६९९

(४३) त्रिचत्वारिंश प्रकाश

महाराजा का जालोर में मुकाम ७०१

सीरोही के राव मान की पुत्री का पाणिग्रहण ७०४

महाराजकुमार रामसिंहजी का जन्म ७०५

(४४) चतुःचत्वारिंश प्रकाश

महाराजा का सीरोही से रवाना होकर गुजरात जाना ... ७०७

महाराजा का अहमदाबाद पहुँचना ७१०

महाराजा का आना सुनकर सेरबिलद का जोश ७१४

महाराजा का जोश ७१४

महाराजा का व्यूहरचना करना ७१६

विषय			पृष्ठ
कवियों का विरुद उच्चारण करना	...	...	७५८
युद्ध का नक्कारा और युद्ध का आरंभ	...	...	७६५
संग्राम का वर्णन ...	...	...	७७५
तीनहजारी तरीनखां पठान का मारा जाना	...	...	७९१
कायमखान, एवजखान, अब्दल का युद्ध	...	...	७९३
अलियारखान का युद्ध ...	...	...	८०२
बखतसिंहजी का अलियारखान को मारना	...	...	८०४
सेरबिलंद का रणांगण से विमुख होना	...	...	८०४
महाराजा के वीर सरदार काम आए	...	...	८०६
महाराजा की विजय ...	...	...	८११

(४५) पंचचत्वारिंश प्रकाश

सेरबिलंद का पराजय ...	...	...	८१२

(४६) षट्चत्वारिंश प्रकाश

नींबाज के ठाकुर ऊदावत अमरसिंह का अजमेर से आना		...	८१५
अमरसिंह को देख महाराजा का प्रसन्न होना	...	...	८१७
संधि का प्रस्ताव ...	...	...	८२०
अमरसिंह द्वारा संधि होना ...	...	...	८२२
शुद्धिपत्र	...	...	८२५

भूमिका

राजपूताना का इतिहास जैसा डिंगल भाषा में वर्णित है, वैसा अन्य किसी भाषा में उपलब्ध नहीं है। कारण यह कि डिंगल भाषा राजस्थानी भाषा है और यह सर्व-सम्मत तथा युक्ति-युक्त है कि जैसा वर्णन प्रचलित देश-भाषा में होता है वैसा अन्य भाषा में नहीं हो सकता। जैन धर्म के आचार्यों ने जैन धर्म प्रचार के लिये जितने ग्रंथ लिखे वे सब मगध देश के संबंध से मागधी भाषा में लिखे गए। क्योंकि आदि जैनाचार्य का निवास मगध में था। गुजरात के निवासी कवियों ने गुजराती भाषा में लिखे। देहली के बादशाह प्रायः ईरान (पारस) देश से आए थे। इसलिये पारस देश के संबंध से बादशाहों के समय में जो ग्रंथ लिखे गए वे सब प्रायः पारसी भाषा में हैं। बंगाल के निवासी कवियों ने जो ग्रंथ लिखे वे बंगाली भाषा में हैं। महाराष्ट्र देश के कवियों ने जितने ग्रंथ लिखे वे सब मराठी भाषा में हैं। पंजाब के निवासी कवियों ने पंजाबी भाषा में लिखे। व्रज-मंडल के निवासी कवियों ने व्रज-भाषा में ग्रंथों की रचना की। यह ठीक है कि यथार्थ रहस्य अपनी देश-भाषा में जैसा रहता है वैसा अन्य भाषा में नहीं रहता और वही हृदयंगम होता है।

डिंगल भाषा राजस्थानी भाषा है इसी से राजस्थान के कवियों ने अपनी राजस्थानी भाषा में कविता निर्माण की है। डिंगल भाषा ओजस्विनी और वीररस की पूर्ण पोषक है और राजस्थान वीर पुरुषों का आकर है इसलिये डिंगल भाषा अधिकतर वीर-रसमय देखने में आती है। इससे यह नहीं समझना चाहिए कि डिंगल भाषा केवल वीर-रसमय ही है। इसमें शांत, शृंगार, करुण आदि समस्त रसोंवाली कविता उपलब्ध है।

शांतरस के लिये 'हरिरस' आदि ग्रंथ प्रसिद्ध हैं। शृंगार-रस के 'मधु-मालती, ढोला मारवण रा दूहा, रतना हमीर री वात, पन्ना वीरमदे री वात, ढोला मारवण री वात' आदि अनेक ग्रंथ विद्यमान हैं। करुणरस से भरे 'करुण बतीसी' आदि अनेक ग्रंथ हैं। अद्भुत रसवाली कविता 'कायर बावनी' आदि ग्रंथ देखने में आते हैं। हास्यरस के ग्रंथ 'विदुर बावनी' आदि मिलते हैं, जो अपनी अपनी कोटि में अप्रतिम हैं।

डिंगल भाषा के कवि मुख्यतया चारण और भाट हुए हैं और वर्तमान समय में भी प्रायः वे ही दृष्टिगोचर होते हैं। इससे यह नहीं समझना चाहिए कि चारण और भाटों ने ही डिंगल की कविता का ठेका ले लिया है। डिंगल भाषा में सेवग, ओसवाल, ढाढी और ब्राह्मण आदि के निर्मित ग्रंथ भी दृष्टिगोचर होते हैं। उदाहरण-स्वरूप एक-दो नाम निदर्शित किए जाते हैं—सेवग मंछाराम का निर्माण किया हुआ 'रघुनाथ-रूपक' प्रसिद्ध ग्रंथ है। ओसवाल उत्तमचंद्र की निर्माण की हुई 'नाथचद्रिका' और 'भ्रमविहंडन' देखने में आते हैं। ढाढी रामचंद्र का निर्माण किया हुआ 'वीरमायण' उपलब्ध है। इनके सिवाय अनेक कवियों के निर्माण किए हुए अनेक गीत, छंद आदि मिलते हैं, जिनकी संख्या करना अशक्य है।

डिंगल के प्रसिद्ध ग्रंथों में 'पृथ्वीराज रासो, वीसलदेव रासो, वंशभास्कर, सूरजप्रकाश, राजरूपक, विजैविलास, नाथ-चरित्र (महाराजा मानसिंहजी कृत), पाबूप्रकाश, अजितग्रंथ, वेली कृष्ण रुक्मिणी री, ढोला मारवण रा दूहा, रतनरासौ, जयतसी रो छंद' आदि एतादृश अनेक छंदोबद्ध ग्रंथ हैं।

गद्य ग्रंथ भी बहुत हैं—दिग्दर्शन के लिये दो-चार ग्रंथों के नाम प्रदर्शित किए जाते हैं—'मधुमालती री वात, ढोलामारवण री वात, डाढ़ाळा री वात, रतन महेसदासोत री वचनिका, गोरा वादल री वात, नैणसी री ख्यात, दयालदास री ख्यात आदि।

'राजरूपक', जिसका उल्लेख ऊपर कर चुके हैं, रतनू चारण वीरभाण की कृति है। यह कवि जोधपुर के महाराजा अभयसिंहजी के समय में था। महाराजा अभयसिंहजी को देहली के बादशाह मुहम्मदशाह ने गुजरात का सूबा इसलिये दिया था कि गुजरात का सूबहदार शेर विलंदखाँ गुजरात के पटेल की सहायता पाकर बहुत बल पकड़ गया था। वह स्वयं गुजरात का स्वामी बन बैठा था और बादशाह की आज्ञा का पालन नहीं करता था। नीति में कहा है—स्वामी की आज्ञा का उल्लघन स्वामी को बिना शस्त्र मारना है—"आज्ञाभङ्गो नरेन्द्राणामशस्त्रवध उच्यते"। बादशाह को यह कब सहन हो सकता था। उसने अपने अमीरों को गुजरात का सूबा देते हुए शेर विलदखाँ पर जाने को कहा तो सब अमीर मौन साध गए; क्योंकि वह गुजरात में पूर्ण बलिष्ठ हो गया था। उस समय महाराजा अभयसिंहजी ने बादशाह की आज्ञा को शिरसा धारण किया और मुजरा (सलाम) करके शेर विलंदखाँ पर जाने की तैयारी करने के लिये देश को रवाना हो गए। मारवाड़ में आकर पूर्ण वीर सेना का संग्रह किया और अपने लघु भ्राता बखतसिंहजी

को सहायतार्थ नागोर से बुलाया। यह बखतसिंहजी वे ही हैं जिनकी वीरता की प्रशंसा करते हुए कर्नल जेम्स टॉड ने लिखा है—"आजकल अँगरेजों की कृपा से अँगरेजी भाषा के प्रसाद से देशीय कृतविद्य युवकगण म्याट्सिनी, ग्यारीबाल्डी, क्रामवेल, नेपोलियन, वेलिंगटन इत्यादि विलायत के महारथियों के नाम सुनकर मिस्र, ग्रीस, रोम, कार्थेज, ट्रेस, फ्रांस, इंग्लैंड, स्पेन, डेनमार्क, जर्मनी, आस्ट्रिया और आजकल के अमेरिका इत्यादि पाश्चात्य और नवीन जगत् के इतिहास में महावीरों की असीम वीरता पढ़कर विचार करते हैं कि उनके समान वीर संसार में दूसरा उत्पन्न नहीं हुआ। ....परंतु हम उनसे कह सकते हैं कि अठारहवीं शताब्दी के सामान्य मारवाड़ राज्य के इस बखतसिंह के समान असीम साहसी और वीर विलायत में और नवीन जगत् में कहीं भी दिखाई नहीं देंगे। एक लाख शत्रुसेना के मुख में थोड़ी पाँच हजार सेना लेकर कौन विलायत का वीर साहस में भरकर पड़ा था! इसलिये जगत् के वीरता के इतिहास में यह एक अनुपम साहसी वीर पुरुष कहने योग्य है।"

महाराजा अभयसिंहजी उक्त अपने छोटे भाई के साथ अहमदाबाद गए। वहाँ शेर विलंदखाँ से महा घोर-युद्ध हुआ जिसमें शेर विलंदखाँ परास्त हुआ और महाराजा अभयसिंहजी की विजय हुई।

उस युद्ध में महाराजा अभयसिंहजी के साथ अन्य चारण भी थे, परंतु दो चारणों ने महाराजा अभयसिंहजी के उक्त युद्ध का वर्णन करते हुए महाराजा का सविस्तर इतिहास लिखा है। एक तो यही 'राजरूपक' ग्रंथ का कर्ता रतनू वीरभाण और दूसरा आल्हावास ग्राम का निवासी कविया करणीदान। करणीदान ने महाराजा अभयसिंहजी के वर्णन का "सूरज-प्रकास" नामक ग्रंथ निर्माण किया और रतनू वीरभाण ने "राजरूपक"।

ये दोनो कवि अहमदाबाद के युद्ध में उपस्थित थे, इसलिये इन्होंने वहाँ का आँखों-देखा यथार्थ वृत्तांत लिखा है। 'राजरूपक' के कर्ता ने अपने ग्रंथ में यह विशेषता रखी है कि घटना का संवत् और समय लिखा है, जो इतिहास के लिये महत्त्व का बोधक है। करणीदान ने इस पर ध्यान नहीं रखा, जिसकी इतिहास में आवश्यकता है।

ग्रंथ समाप्त होने पर दोनों कवियों ने महाराजा से श्रवणगोचर करने के लिये अर्ज करवाया तो महाराजा ने ग्रंथों का परिमाण पूछा। दोनों ने अपने अपने ग्रंथों का परिमाण बतलाया। महाराजा को उतने बड़े ग्रंथों को उन दिनों में, जब कि हमेशा लड़ने-भिड़ने का मौका बना ही रहता था और

बादशाह की सेवा में उपस्थित रहना भी आवश्यक था, सुनने का अवसर कहाँ था। महाराज ने दोनों कवियों को कहा कि तुम अपने अपने ग्रंथ का सारांश लेकर छोटे ग्रंथ बनाओ, हम सुनेंगे। कविया करणीदान ने 'सूरजप्रकास' का साराश लेकर 'विड़दसिणगार' नामक ग्रंथ का निर्माण किया। महाराजा ने उस छोटे ग्रंथ को सुना और प्रसन्न होकर उसे लाखपसाव दिया और उसका इतना मान बढ़ाया कि कविया करणीदान को हाथी पर सवार किया और स्वयं घोड़े पर सवार होकर उसकी जलेब (हाजरी) में चले और उसको उसके स्थान पर पहुँचाया। इस विषय का यह दोहा प्रसिद्ध है—

अस चढियौ राजा अभौ, करि चाढे कवराज।
पोहर हेक जलेब में, मौहर चले महाराज॥

'राजरूपक' के कर्ता रतनू वीरभाण को भी वही वार्ता कही गई कि तुम अपने ग्रंथ का साराश लेकर छोटा ग्रंथ बनाओ तो इस कवि ने महाराजा से अर्ज किया कि मैंने ऐसा ग्रंथ नहीं रचा है जिसका साराश लेकर छोटा ग्रंथ बन सके। कहीं गागर का जल कुलिया में आ सकता है? बस राजा ही तो थे, इस कवि का ग्रंथ बिना सुने रह गया। इसने अपने ग्रंथ में आसामियों के नाम और संवत्, मास, तिथि आदि का उल्लेख करके ब्यौरेवार इतिहास लिखा था, इसलिये उसका संक्षिप्त होना असंभव था, जिससे उसने अर्ज किया कि मुझसे तो अपने ग्रंथ का अपमान नहीं हो सकता। इसी से वीरभाण लाखपसाव से वंचित रह गया।

तदनंतर महाराजा अभयसिंहजी से पाँचवें पुरुष महाराजा मानसिंहजी हुए। उन महाराजा को कविता, गानविद्या और वेदांतशास्त्र में अत्यंत ही अभिरुचि थी और स्वयं महाराजा तीनों विषयों के पूर्ण ज्ञाता थे। उक्त तीनों विषयों के ग्रंथ महाराजा ने स्वयं निर्माण किए थे।

१—कविता में इनका 'नाथचरित्र' बड़ा ग्रंथ है। वह भाषा और संस्कृत दोनों में है।

२—गानविद्या में उनके अनेक कीर्तन और ध्रुवपद हैं।

३—वेदांतशास्त्र में मुण्डकोपनिषद् की व्याख्या निर्माण की।

महाराजा के समक्ष नियमानुसार तीनों विषयों के ज्ञाताओं की सभा हुआ करती थी। जब कविता-विषयक सभा हुई, उसमें कविता संबंधी ग्रंथों के नामों का प्रसंग चला, जिसमें 'राजरूपक' का नाम कर्णगोचर हुआ और उसके

साथ यह वृत्तांत भी ज्ञात हुआ कि महाराजा अभयसिंहजी ने 'सूरजप्रकास' के कर्ता को लाखपसाव इनायत किया था और 'राजरूपक' का कर्ता पुरस्कार से वंचित रह गया। तब महाराजा को उक्त ग्रंथ देखने की अभिलाषा हुई। महाराजा ने स्वयं उक्त ग्रंथ को देखा और प्रसन्न होकर वीरभाण के पौत्र को, जो उस समय विद्यमान था, गाँव से बुलाकर 'घड़ोई' नामक ग्राम इनायत किया। इस समय वह ग्राम उसी के वंशजों के अधिकार में है। महाराजा उक्त तीनों विषयों के रसिक और गुणग्राहक थे, इस विषय का किसी कवि ने यह दोहा कहा था—

जोधे कीधौ जोधपुर, व्रज कीधौ व्रजपाल।
लखनेऊ कासी नगर, मान किधौ नेपाल॥

पंडित रामकर्ण आसोपा

—

पुस्तक का सारांश

प्रथम श्री राधाकृष्ण का मंगलाचरण करके फिर गणेश और सरस्वती का मंगलाचरण कर गणपति की प्रार्थना की गई है कि मैं अभयसिंहजी का गुणगान करता हूँ सो मुझे वाणी प्रदान करें।

फिर सृष्टिक्रम कहा गया है कि अगम अविकार ईश्वर ने प्रकृति से पाँच तत्त्व उत्पन्न किए। उस पीछे एक अंड उत्पन्न हुआ। वह नारायण-स्वरूप था। उसकी नाभि से कमल में ब्रह्मा उत्पन्न हुआ, जिसने सृष्टि की रचना की। उसके मानस पुत्र मारीच, उसके कश्यप, उसके सूर्य-पुत्र हुआ; उस सूर्य के वंश में रामचंद्र विष्णु का अवतार हुआ। उस कुल में महाराजा अभयसिंहजी हुए।

सूर्यवंशियों का आदिस्थान अयोध्या था। इस वंश के राजाओं ने पूर्व कई नगर और ग्राम बसाए और सेतराम तक पूर्व में राज्य किया। सेतराम का पुत्र सीहा हुआ। यह द्वारका यात्रा को पश्चिम में आया। द्वारकानाथ के दर्शन करके मारवाड़ में आया और मारवाड़ में राज्य की नींव दी। उसके पुत्र आसथान हुआ। आसथान का पुत्र धूहड़, उसका रायपाल, उसके कन्हराव, उसके जल्हराव, उसके छाड़ा, उसके तीड़ा, उसके सलखा, सलखा के वीरम, उसके चूंडा, उसके रणमल, उसके जोधा, उसके सूजा, सूजा के बाघा, उसके गागा, उसके मालदेव*, उसके उदयसिंह, उसके सूरसिंह, उसके गजसिंह, उसके जसवंतसिंह। इसका नाम जसराज भी लिखा है। इसके समय में औरंगजेब बादशाह था। उस समय में इस राजा ने धर्म की मर्यादा रखी। संवत् १७३५ में पौष वदि १० गुरुवार को इस राजा का स्वर्गवास हो गया।

रानी जादवजी सती होने को तैयार हुई, परंतु उदयसिंह ने उसे रोक दिया; क्योंकि वह गर्भवती थी। जसवंतसिंहजी के मरने पर औरंगजेब ने हिंदुस्तान की आगल टूटी समझकर सबको एक करना चाहा, और यवनों का बल बढ़ा।

इति प्रथम प्रकाश

औरंगजेब अजमेर आया। उस समय उदयपुर के राणा जयसिंह ने अपने पुत्र को बादशाह की सेवा में भेजा, और कछावा, चौहान आदि सब आए।

---

* कवि ने "राव मारू" लिखा है, मालदेव का नाम नहीं लिखा।

औरंगजेब ने बहादुर खाँ को प्रबंध करने के लिये जोधपुर भेजा। उसने बादशाह का पंजेवाला हुक्म दिखाकर कहा कि सब घोड़े-हाथी आदि लेकर अजमेर बादशाह की हजूर में चलो। उस समय भाटी रघुनाथ और कायस्थ केसरीसिंह दोनों हाथी-घोड़े आदि लेकर बहादुर खाँ के साथ दिल्ली गए। इस अवसर पर इंद्रसिंह भी दक्षिण से दिल्ली आ गया था।

उधर पेशावर से राठोड़, राजा की रानियों सहित रवाना होकर लाहौर आए। यहाँ जादव रानी के उदर से सं० १७३५ चैत्र वदि ४ बुधवार को महाराज अजीतसिंहजी का जन्म हुआ। लाहौर और जोधपुर में बधाई बँटी। राठोड़ लाहौर से दिल्ली आए। बादशाह ने वैशाख मास में राठोड़ों को कहलाया कि जसवंतसिंह के पुत्र को हजूर में हाजिर करो। यहाँ केसरीसिंह और रघुनाथ, जो जोधपुर से दिल्ली गए थे, बादशाह से मिले। बादशाह ने इंद्रसिंह से कहा कि जो मेरे कथनानुसार करेगा तो मैं तुझको जोधपुर दे दूँगा। तू रायसिंह का पुत्र है। वह मेरा परम प्रिय था।

दूसरे दिन राठोड़ दरगाह में गए। हाथी-घोड़े आदि दीवान को दिखलाए और बादशाह ने भी उनको देखा। बादशाह ने राठोड़ों से हिसाब पूछा तो केसरीसिंह ने कहा कि यह काम मेरे जिम्मे था, इसका जवाब मैं दूँगा। यह निर्धारित हुआ। फिर केसरीसिंह विषपान करके मर गया, हिसाब कौन दे। इस तरह केसरीसिंह ने स्वामी के लिये प्राण दिया। औरंगजेब ने हुक्म दिया था कि जसवंत के पुत्र को हजूर में हाजिर करो, उसका उत्तर राठोड़ों ने यह दिया कि अजीतसिंह को आप इनका राज्य दे दें तो सुख रहेगा। यह सुन औरंगजेब अत्यंत कुपित हुआ और इंद्रसिंह से कहा कि मेरे हुक्म को कबूल करे तो जोधपुर तुझको दे दिया जाय। उसने आज्ञा स्वीकृत की। बादशाह ने उसको जोधपुर का परवाना सं० १७३५ ज्येष्ठ वदि १२ सोमवार को लिखकर दे दिया। इंद्रसिंह जोधपुर को रवाना हो गया। राठोड़ों को इस बात की खबर लगी, तब मरुधराधीश को गुप्त रीति से मारवाड़ की तरफ भेज दिया। सब लोग मरने को तैयार हो गए। उस समय जसवंतसिंहजी की रानी ने कहा कि खड्गधारा से पवित्र करके मुझे जमना में बहा दो। उस समय बादशाह की चौकी बैठ गई थी। उसके अंदर ५०० सुभट रहे, बाकी सब देश को चले आए। उस समय रघुनाथ भाटी ने कहा, आज का दिन धन्य है कि हम स्वामी के वास्ते काम आवें। रणछोड़दास जोधा से रानी ने कहा कि पहले मुझे काटकर जमना में बहा दो। वैसा ही किया गया।

दिल्ली का युद्ध

तत्पश्चात् महा घोर युद्ध हुआ, जिसमें जोधा रणछोड़दास, पृथ्वीराज, वीठलदास, चद्रभाण, दीपसिंह, कुभकरन, माधोसिंह, जगत्सिंह, रामसिंह। सोढ का पुत्र रघुनाथ, हरदास के पुत्र जगत्सिंह, सकतसिंह और गिरधारीदास, केसरीसिंह का पुत्र ऊदा, द्वारा मानावत, बीकावत धनराज, रतन का पुत्र केशव (भाटी)। कूपावत महासिंह, माधवसिंह, मोहणसिंह। मेड़तिया किसनसिंह, भीमसिंह, नाहरखान। पातावत केसरीसिंह। ऊदावत भारमल, गोइददास, आसकर्ण, जसु, गोवर्धन, रुघनाथ। रिणमलोत हरिसिंह का पुत्र सुंदरदास। भोजावत सुंदरदास। मंडला लक्ष्मीदास। चौहान, अखैसिंह जैतमाल, ऊदो, मेरूसिंह, डूंगरसिंह। सोभावत जोगीदास कुसलसिंह का पुत्र। डूंगरौत माना। कायस्थ हरिराय। मुहता विसना। चारण सादू सूरजमल, नवल का पुत्र मीसण रतन। राठोड़ों के सब ५०० वीर मरे और बादशाह के १००० मरे और ३०० घायल हुए।

इति द्वितीय प्रकाश

सं० १७३६—औरंगजेब ने अब राणा के ऊपर सत्तर हजार सेना भेजी, जिसमें तहवरखान सेनापति था। वह अजमेर आया। उसके पश्चात् चारों पुत्रों के साथ औरंगजेब खुद आया। इधर राठोड़ों ने सिर उठाया, जिससे तहवर खान अति क्रुद्ध हुआ। उधर मेड़तिया माधोदासोत रूपसिंह और गोकुलदास को (दोनों प्रतापसिंह के पुत्र और राजसिंह के भाई थे) राजसिंह ने उत्तेजित किया। उस समय गोकुलदास का पुत्र हठमल बोला, जो जगत् में नाम रखे वही धन्य है। अचलदास का पुत्र केसरीसिंह, रामसिंह का पुत्र चतुर्भुज, जगत्सिंह, हरिसिंह का पुत्र सुदरदास, मानसिंह का पुत्र हरनाथ ये सब पुष्कर में आए। वहाँ अजमेर से तहवरखान आया। वाराहजी के मदिर के आगे युद्ध हुआ। दो घड़ी तलवार चली जिसमें तहवरखान का हाथी १०० धनुष पीछे हटा। सवत् १७३६ भादों वदि ११ को यह युद्ध हुआ था, जिसमें राजसिंह उक्त सुभटों के साथस्वर्ग को सिधारा (पोहकर की लड़ाई समाप्त)।

इति तृतीय प्रकाश

तहवरखान मारवाड़ में दौरा करता है। ऊदावत रूपसिंह कुंभकरण के पुत्र कूड़ाद्रह के स्वामी पर तहवरखान की फौज आई। उसमें लड़कर रूपसिंह काम आया। संवत् १७३६ की आश्विन सुदी में यह घटना हुई।

इति चतुर्थ प्रकाश

औरगजेब ने उदैपुर पर बड़ी सेना के साथ चढ़ाई की, प्रथम अजमेर आया। ख्वाजा पीर की पूजा की। पाँच दिन अजमेर में ठहरा, फिर मेवाड़ की तरफ चला। उधर सीसोदिये सब युद्धार्थ तैयार हुए। इधर राठोड़ों ने सिर उठाया। सोनंग ने जाकर बिहारी पठानों के जालोर को जा घेरा। इधर औरंगजेब दह-बारी पहुँचा। वहाँ कूंपावत उगरसिंह और उदयसिंह साँवलदासोत युद्ध करके स्वर्ग को सिधारे। बादशाह उदैपुर आया और आजमशाह चित्तौड़ गया। इतने में जालोर से खबर आई कि राठोड़ जालोर पर आ गए हैं (उस समय जालोर का शासक फतहखाँ था), हमें मदद दीजिए। यह खबर पाते ही बादशाह वापिस अजमेर आया और बिहारियों की मदद में मुकरबखान को भेजा। राठोड़ जालोर से सोजत आए। यहाँ पेशकसी ले जोधपुर को आ घेरा। तब पँवार गोविंददास बधनोर इंद्रसिंह के पास गया और सब वृत्तांत कहा।

सं० १७३६ के ज्येष्ठ सुदि ३ को रवाना हो १० को इंद्रसिंह जोधपुर आया। ११ को मंडोवर में डेरा किया।

उस समय जोधा मुकनसिंह का पुत्र भांण सोनग और दुर्गादास आदि ने कहा कि इंद्रसिंह आ गया है। खेतासर में प्रभात के समय युद्ध होगा।

पंचांग सं० १७३७ — खेतासर की लड़ाई में चाँपावत साहबखान मथुरादासोत काम आया। राठोड़ों की विजय हुई, इंद्रसिंह रण छोड़ भाग गया। यह युद्ध ज्येष्ठ सुदि १३ को हुआ था।

इति पंचम प्रकाश

राठोड़ों ने फिर जालोर के बिहारियों को घेरा और इंद्रसिंह भाग गया। यह सुन बादशाह अत्यंत कुपित हुआ। इंद्रसिंह पर नाराज होकर मन से उतार दिया। और बादशाह बहुत कुपित हुआ तब तहवरखान ने शाह-जादा अकबर को बुलाया। बादशाह ने अकबर से कहा कि शत्रु को पकड़कर लाओ। बादशाह के आज्ञानुसार अकबर राठोड़ों पर तैयार हो हाथी पर सवार हुआ, इसके शामिल तहवरखान भी था। इधर रणछोड़दास सोनग आदि तैयार थे। इस समय तेरह ही शाखाओं के राठोड़ एकत्र हो गए थे। जोधा, ऊदा, कर्मसोत, मेड़तिया, करणोत, चापावत, कूँपावत, जैतमाल, माला, देवराजोत, गोगादे, पातावत, रूपावत, ऊहड़, धाधल, भाटी, चौहान, ईंदा, पडिहार, खूमाण, सोनगरा, पँवार तथा उस समय सीसोदिया भीम भी आया और सीसोदिया और राठोड़ शामिल हो गए और मुसलमानी सेना के साथ युद्ध हुआ। वहाँ का भार जोधा

नाडोल का युद्ध सं० १७३७ आश्विन वदि ७

मुकनसिंह के पुत्र इंद्रभाण ने धारण किया। उस समय राणा राजसिंह का दूत आया और उसने पत्र देकर कहा कि राठोड़ और सीसोदिया एक मन हो जाओ और मेल रक्खो। मेवाड़ को तुमसे जुदा मत समझो, तब सोनग आदि राठोड़ों ने भीम से कहा कि कल सूर्योदय होते ही युद्ध छेड़ दो। फिर जल्दी उठकर राजपूत अपने नित्य-नियम से निबटे। दूत ने जाकर तहवरखान से कहा कि राजपूत सब एक हो गए हैं, युद्ध को तैयार हैं, उधर तहवरखान तैयार हुआ। दोनों सामने आ खड़े हुए। महा घोर संग्राम हुआ। इधर राठोड़ों में सोनंग और दुर्गदास और सीसोदियों में भीम अग्रणी थे। आधा प्रहर तलवार चली। प्रथम मुकनसिंह के पुत्र इंद्रभांण ने अपना घोड़ा शत्रुसेना पर चलाया। वीरता से लड़कर मारा गया। तत्पश्चात् भाला हाथ में लेकर भीम का पुत्र सूरजमल आगे बढ़ा। यह भी शत्रु संहार करके मारा गया। ऊदावत अजयसिंह, जैतावत जैतसिंह, कूंपावत कान्हसिंह, कान्ह के साथ रोहड़िया चारण भीम ये काम आए। यह युद्ध सं० १७३७ के आश्विन की १४ को हुआ। इधर भीम सीसोदिया ने युद्ध किया। तहवरखान ने इस युद्ध का वृत्तांत अकबर से कहा और कहा कि आज सोनग दुरगा के बराबर कोई नहीं है। (इति नाडोल का युद्ध)

इति षष्ठ प्रकाश

इसके पश्चात् तहवरखान और अकबर ने बादशाह से बदलने का विचार कर राठोड़ों के पास दूत भेजा। उसने सोनंग और दुरगा को पत्र दिया और कुरान बीच में देकर राठोड़ों से मेल किया। यह मेल सं० १७३७ की माघ वदि ९ को हुआ तब राठोड़ों ने दुर्गदास से पूछा, यह क्या हुआ? कैसे हुआ? दुर्गदास ने कहा हानि-लाभ ईश्वर के हाथ है। यह कहकर कहा कि आपन उनसे आध कोस दूर रहें और बातचीत करें। फिर दोनों में मेल हो गया। अकबर और तहवरखान राज्य के लोभ में फँस गए।

तहवरखान और अकबर का राठोड़ों से मेल

अकबर ने छत्र धारण किया, यह वार्ता सारे संसार में फैल गई। यह सुन बादशाह पुत्र पर अति कुपित हुआ और मन में घबराया। उस समय अकबर के पास एक लाख और औरंग के पास आठ हजार सेना थी। दिल्ली के घर में फूंट देवी ने प्रवेश किया, जिससे औरंग बहुत घबराया। अकबर सेना लेकर अजमेर पर आया। उस समय तहवरखान के मन में यह विचार हुआ कि मैं बादशाह के पास जाकर अकबर की बुराई करूँगा

अकबर का छत्र धारण करना

और अकबर को कैद करा दूँगा तो मुझे इनाम मिलेगा। इस विचार से वह अकबर से बिना पूछे प्रहर रात्रि के समय रवाना हो अजमेर गया। रवाना होते समय तहवरखान ने राठोड़ों के पास दूत भेजकर कहलाया कि बाप-बेटे एक हो गए हैं, तुम अपने देश को चले जाओ। यह बादशाह के पास पहुँचा। उसने बिना मिले ही उसे मारने का हुक्म दे दिया और वह वहीं मारा गया। इधर राठोड़ों ने उस कपटी तहवरखान की बात को सत्य मान लिया और अधरात्रि के समय राठोड़ धोखा समझकर वहाँ से जाने को तैयार हुए और रवाना हो गए। उधर अकबर आनंद में मग्न है, गाना सुनता है। जब राठोड़ रवाना हुए तो यवनों की सेना भी विचलित होकर चली गई।

अकबर तो स्त्रियों के साथ गाना सुन रहा था। अर्धरात्रि हुई तब उसे सूचना मिली। उसने मन में विचार किया कि भावी प्रबल है; परंतु उसने हिम्मत रखी और मूछ पर हाथ धरा, और एक हजार मुगलों को साथ ले राठोड़ों के पीछे चला। हुरमखाना उसके साथ था। दस कोस पर जाते हुए राठोड़ों के पास पहुँचा। दूतों ने राठोड़ों को खबर दी कि अकबर आया है। उस समय डेढ़ प्रहर दिन चढ़ा था। जब वह पास आया और उससे मिले तो उसका भाव जानकर उसका आदर किया। हुरमों को दूर रखा जिनके साथ उड़दा बेगणियाँ थीं। एक प्रहर तक इनके वार्तालाप हुआ और सलाह हुई। इतने में बादशाह के दूत आए। उनसे बातचीत हुई तो ज्ञात हुआ कि औरंग के पास इस समय ५२ हजार फौज है। अकबर ने बादशाह के दूतों से वार्तालाप करके दुर्गादास से हाथ मिलाया और कहा कि चाहे औरंग मरे या मारे, जंग करना चाहिए। दुर्गादास ने कहा कि पहले राठोड़ों से सलाह कर लो, फिर विचार कर काम करो। तब आठों मिसल के राठोड़ों को बुलाया और अकबर ने कहा कि मुझे तुम्हारा भरोसा है, मैं तुम्हारे पास आ गया हूँ, तुम अपने कुल की लजा को देखो। मेरे मरने या जीने को सुधारो। तब राठोड़ों ने कहा—हम टुकड़े टुकड़े हो जावें; परंतु आपका साथ नहीं छोड़ेंगे।

सोनंग ने कहा कि अकबर को आँच नहीं पहुँचेगी। चांपावत अजबसिंह, सामंतसिंह, भगवानदास (यह सोनंग का चचा था), गिरधारीदास के पुत्र हरिनाथ और कान्ह ये उसी तरह बोले। दुरगदास का भाई खेमकर्ण था। उसे अकबर ने अपना हुरमखाना सौंप दिया और कहा कि इसका मुझे भरोसा है। चौहान चतुरसिंह, फतैसिंह, (पृथ्वीराज का पुत्र)

हरनाथ, (भोजराज का पुत्र) सबलसिंह, केसरीसिंह का पुत्र तेजसिंह । भाटी—राजसिंह रावल सबलसिंह का पुत्र, किशोर महेशदासोत, रामदास, हरिदास का पोता, दुर्जनसाल, हरिसिंह, सूरजमल, जगन्नाथोत, सबलसिंह प्रयागदासोत, इसका भाई आसकरण, नाहरखाँ, अमरसिंह, उरजणोत—रूपसिंह, लाखा महेशदास ।

कूंपावत—रामसिंह जैतसिंहोत, फतैसिंह विजैसिंहोत, माधोसिंह दयालदासोत, रामसिंह और केसरीसिंह सबलसिंहोत, भावसिंह सबलसिंहोत, रूपसिंह केसरीसिंहोत, दौलतसिंह उगरावत. अजबसिंह अमरसिंहोत, सुंदरदास गोविंददासोत ।

जैतावत—गोवरधन, अजमाल माधवदासोत, इसका भाई किसनसिंह ।

बाला—तेजसिंह सूजावत, अखैसिंह ।

महेचा—विजयसिंह मनोहरदासोत, हठीसिंह, सूरसिंहोत, पृथ्वीराज अमरसिंहोत ।

बवेचा—सूजो सकतसिंहोत—इसके साथ साहिबसिंह जैतावत ।

ऊहड़—भगवान सुंदरदासोत, भोजराज ।

करमसोत—हरनाथसिंह भीमोत, गिरधारी बलिरामोत ।

ऊदावत—पेखिराम, राजसिंह बलिरामोत, जगत्सिंह विजयसिंहोत, श्यामसिंह कुंभकरणोत, गोविंद कुंभकरणोत, तेजसी, रूपसिंह रामचंदोत, नाहरखा गोरधनोत, भीमसिंह आणदसिंहोत ।

जोधा—रणछोड़दास (दिल्ली में काम आया) शिवसिंह, भीमसिंह, रणछोड़दासोत ।

मुकनसिंह, करणसिंह मुकनसिंहोत. चंद्रभाण, हैवतसिंह लखमणोत, सबलसिंह गोविंददासोत, अखैसिंह रिदावत, अमरसिंह किशोरसिंहोत, हरनाथ भाणोत, सबलसिंह माधोदासोत, रामसिंह वेलावत ।

मेड़तिया चादावत—हेमतसिंह सकतावत, आणंदसिंह हरिसिंहोत, हरिसिंह मोकमसिंहोत, विसनसिंह नाथावत (पुष्कर की लड़ाई में काम आया) ।

मेड़तिया रायमलोत—दलराम अजबावत, चतुरसिंह विजावत, जोधसिंह राजसिंहोत, देवीदास विसनसिंहोत, ढेवीसिंह माधोसिंहोत ।

मेडतिया विसनदासोत—सूरसिंह प्रतापसिंहोत, मानसिंह दलपतोत ।

पातावत—पीथल, मुकनसिंह, भगवान् ।

रूपावत—दुरगो, जगो ।

मंडला—भावसिंह ।

मांगलिया—सुंदरदास, भगवान, राजसिंह, ये तीनों जसावत ।

खूमाणा—ऊदो, खेमसिंह, माधोसिंह पृथ्वीसिंहोत ।

ईंदा—भोज, जैतसिंह ।

धाधल—गोविंद मनोहरोत, कीर्तिसिंह जसावत, उदयकर्ण मानसिंहोत, मुकनसिंह सुंदरदासोत ।

पड़िहार—भीम का पुत्र सांवल, भदावत जोधसिंह सादावत, महेश आणंदसिंहोत, विजयसिंह जोगीदासोत, नरहर, जोगीदास आणंदोत, बलू, खेतसी ।

सोभावत—वीठलदास कुसलावत, दयालदास वेणावत, जीवणसिंह जोगावत, बदरीदास, पिराग (डोढ़ीदार) ।

धांधू—हरदास, राम, दोनों उरजावत ।

कलावत—नरहर, बलू, नारायणदास केशवदासोत ।

गहलोत—वीरमदे, देवराज, धनराज, तीनों चतुरावत ।

कायस्थ—केसरीसिंह (दिल्ली में विष खाकर मरा), हरकिसन चंदोत ।

खीची—रावत मुकनदास झलावत, इसका भाई सिवसिंह (इन्होंने अजीतसिंहजी के पास रहकर रक्षा की थी), जोधसिंह जोगावत ।

भंडारी—आसकरण, रायचद दीपावत, सावंतसिंह खींवसी का पुत्र, हेमराज जगनाथ का पुत्र ।

पुरोहित—अखैराज, द्रोण (द्रोणाचारज) ।

व्यास लिखमीचद, बालकृष्ण मुरार का पुत्र ।

बारहट केसरीसिंह भीम का पुत्र, कान्ह (नाडोल में काम आया) आसकर्ण नाथावत, भैरूंदास चावँडदासोत ।

अकबर इन सबको देखकर नगारा दे पश्चिम की तरफ रवाना हुआ । उधर औरंग अपनी सेना सजाकर अकबर का पीछा करने को तैयार हुआ । उस समय सोनग दुर्गदास ने कहा कि अकबर को यत्न से रखना । कोई इसकी पीठ न दबावे । फिर सब राठौड सजकर तैयार हो गए । उस समय दुर्गदास अकबर को लेकर दक्षिण की तरफ गया । उसके साथ ये सरदार थे—

कूंपावत—फलमल विजयसिंहोत, रामसिंह जैतसिंहोत ।

मेडतिया—मोहकमसिंह, रणछोड़दास, अमरसिंह, मदनसिंह, हरिसिंह ।

जोधा—आसथान, माधोसिंह, आणंदसिंह ।

चापावत—भदो, सबलसिंह, तेजसिंह, नारायणदास ।

चौहान—उगरसिंह, फतैसिंह ।

भदावत—माधोसिंह, लालसिंह, हमीर ।

मांगलिया—राजसिंह, कुंभकरण।

भाटी—रावलोत प्रतापसिंह, उरजनोत—अजबसिंह।

देवड़ा—डू गरसी, सोनगरा—विजयसिंह, खीची—जैराम आसावत।

करणोत—विजयसिह कचरावत, फतैसिंह रामसिंहोत, नाथो जोगावत, दयालदास जोगीदासोत।

चारण सादू जोगीदास, मीसण-भारमल, सूरो, आसल-धनो, वीठू-कानो।

ये लोग इस मुहूर्त्त में रवाना हुए—योगिनी पीठ की, चद्रमा दक्षिण हाथ को, कालभैरव दाहिना।

बादशाह ने इनकी तलाश में अपने मनुष्य भेजे। परंतु इनका पता नही लगा। दूतों ने जाकर बादशाह से कहा कि यह पता नहीं लगा कि अकबर किधर गया। यह सुन बादशाह के मन में संताप हुआ। आखिर यह पता चला कि दुर्गदास अकबर को दक्षिण की तरफ ले गया। यह पता सात कोस जाने पर लगा। तब बादशाह ने सवारी के लिए हाथी मँगाया। नक्कारे पर डंका पड़ा और औरंग जालोर से चला। इतने में दूसरे दूत आए। उन्होंने कहा कि अकबर दुर्गदास के साथ दक्षिण को जाता है। गुजरात को दाहिनी ओर छपन के पहाड़ों को वाम भाग मे रखकर गए हैं। औरंग ने आजम से कहा कि अकबर को पकड़ बाँधकर लाओ। उसने आज्ञा स्वीकृत की, आलम पश्चिम को और आजम पूर्व को चला। उदयपुर को बीच में छोड़ा। अजमेर और जोधपुर में सूबहदार रखे गए।

दुर्गदास ने रवाना होते समय सोनंग से कहा था कि तेरे खडे रहते म० अजीतसिंहजी पर बादशाह की घात न हो। यही अपना कर्तव्य है। खीची शिवदास और मुकनदास राजा की रक्षा के लिये नियत हुए। अर्बुद पहाड़ में महाराजा गुप्त रहे। या तो दुर्गदास या चापावत सोनंग या खीची मुकनदास को महाराज की खबर है। सबको इतना ही ज्ञात है कि राजा गुप्त है। जनता ऐसा अनुमान करती है कि या तो जेसलमेर या सिरोही या बीकानेर मे हमारा राजा है। नवसाहसा (राठोड़) और दससाहसां (गहलोत) दोनो एक हैं। इनायतखाँ जोधपुर में १०००० सवारो से बैठा है। दुर्गदास के जाने पर इधर सोनंग आदि चापावत जिनमें शिवदान, अर्जुन, सामंतसिंह, उदयसिंह, अखैसिंह, तेजसिंह, मुकनसिंह, जसवंतसिह, फतैसिंह, नाहरखाँ, युद्धार्थ तैयार हैं।

करणोतों में—खीवकरण, महराज, अर्जुन, केसरीसिंह, जगतसिंह, महवेचा—विजयसिंह, जैतमाल सूजा, करमसोत लखधीर।

जोधा—शिवदान, भीमसिंह, भाण, करणसिंह, हैबतसिंह, चंद्रभांण मुकनसिंह का पुत्र, पीथल, हरनाथ भाण का पुत्र।

करमसोत—हरनाथसिंह, जसवतसिंह, केसरीसिंह, रामसिंह, कुंभकरण। माधोसिंह, भावसिंह, दोलसिंह, रूपसिंह, सुंदरदास।

ऊदावत—राजसिंह बलिरामोत, जगराम विजैसिंहोत, सामलदास कुंभकरण का पुत्र, रूपसिंह, अजबसिंह रामसिंहोत, नाहरखाँ गोरधन का पुत्र।

चौहान—चतुरसिंह, महराज, बाला—अखैसिंह, ऊहड़—भगवानदास, भोजराज।

जैतावत—माडण—मेड़तिया—सूरसिंह, हरिसिंह। चांदावत—रायमल, दलराम।

माधोदास मेडतिया—हैमतसिंह, रूपसिंह, जादव (भाटी)—राजसिंह सबलसिंहोत, माडेचा (भाटी) रामसिंह मुकनदासोत, अमरसिंह नाहरखान प्रयाग के पुत्र, सूरसिंह केसरीसिंह का पुत्र।

माडेचा—महेश भाण का पुत्र, रामसिंह हरिदासोत, हरिसिंह, सूजो, दुर्जनसाल।

ईंदा—भोजराज, रूपावत, पातावत, धाधल आदि छत्तीस ही वंश उपस्थित हुए। इन्होंने जोधपुर को घेरा।

अजमेर से रवाना होते समय इनायतखान की अर्जी पहुँची कि राठोड़ों ने मुझे घेर लिया है, मैं किले में घिरा हुआ बैठा हूँ। सूर्योदय होते ही शाइस्ताखां को २००००सेना देकर सहायतार्थ जोधपुर भेजा।

राठोड़ों और मुसलमानो के बीच घोर युद्ध हुआ। उस युद्ध में रावल सबलसिंह के पुत्र राजसिंह ने शत्रुसेना के मध्य अपना घोड़ा बढ़ाया। उसके साथ महेशदास का पुत्र किशोरसिंह था। ये बड़ी वीरता से तलवार बजाकर स्वर्गगामी हुए। भाटी आसकरण प्रयागदासोत इसी लड़ाई में काम आया और उसका पुत्र भोजराज भी। भाटी रामसिंह और उदयसिंह ये भी बड़ी वीरता से लड़ वीरगति को गए। चांपावत अखैसिंह, कूंपावत लालसिंह, धांधल मुकनसिंह खीची सुंदरदास, रतनू चारण जगनाथ मालावत, ये मारे गए। हिंदू २०० और मुसलमान ४०० मरे।

बादशाह ने इस युद्ध के समाचार अजमेर ४ मजल पर जाते हुए सुने। मन में बहुत दुःखित हुआ।

इधर चांपावत कानसिंह और हरनाथ सोजत पर गए। सैंतीस (सं० १७३७) का वर्ष समाप्त हुआ, अड़तीस का संवत् शुरू हुआ। चातुर्मास

की ऋतु थी। सरदारखां सोजत में सहायतार्थ आया था, वह जखमी हुआ। गिरधारीसिंह के पुत्र हरिसिंह ने अच्छी तलवार बजाई। कानसिंह और हरनाथ शत्रुसंहार करते हुए इस युद्ध में मारे गए।

इति सप्तम प्रकाश

वीठलदास के पुत्र सोनंग के पराक्रम से बादशाह के मन में अत्यंत उच्चाट है इसके लिये उसने अनेक दैवी उपाय किए। अंत में दीवान आसतखाँ की मारफत सोनंग से संधि करना निश्चित किया कि अजीतसिंहजी को हफ्त हजारी मन्सब और दूसरों को यथायोग्य मन्सब दिए जायँगे। इसमें मध्यस्थ अजमेर का सूबहदार अजीमदीन हुआ। कुरान बीच में दिया।

उस समय आसतखाँ अजमेर में, सोनग मेड़ते के समीप और साहवदी (शाइस्ताखाँ) अजीम की सहायता में था।

सं० १७३८ आश्विन सुदि ६ को औरंगजेब अजमेर से रवाना हुआ। आसतखा अजमेर में ठहरा। सं० १७३८ की आश्विन सुदि ११ को सोनग का स्वर्गवास हो गया। आसत खान ने यह समाचार सुनते ही बादशाह के पास दूत भेजे। बादशाह सुनकर आनंदित हुआ, नक्कारे बजाए गए और संधि की वार्ता रुक गई।

राठौड़ों में शोक छा गया। उस समय वीठलदास के पुत्र अजबसिंह ने मूछों पर हाथ रखा और प्रतिदिन लड़ाइयाँ करनी शुरू कीं। मुसलमानों की फौजें जोधपुर और अजमेर में सजी जाती हैं। उस अवसर पर मेड़तिया मोहकमसिंह कल्याणोत मन्सब छोड़कर राठोड़ों के शामिल हुआ। राठोड़ों ने मेड़ता इलाका में दंड उगाहना शुरू किया। ईंदावड़ में अजबसिंह सूर्योदय के समय पहुँचा। वहाँ से ४ कोस चलकर तालाब पर डेरा किया। वहाँ मुसलमानों की फौज आई। राठौड़ मुकाबले में गए। महातुमुल युद्ध हुआ। वहाँ राठोड़ करण ने अपना घोड़ा आगे बढाया, और रणधीर प्रतापसिंह और अजबसिंह भी आ पहुँचे। सबलसिंह और अजीतसिंह ने बड़ा पराक्रम किया। रामसिंह और नाहरखान चापावत बड़ी बहादुरी से लड़े। जैतावत सामंतसिंह और जैतसिंह बादशाही झंडे के पास पहुँचे। मेड़तिया गोपीनाथ, अनोपसिंह, घासी और सादूल बहादुरी से लड़कर काम आए। जोधा अर्जुनसिंह भाटी कान्ह, पड़िहार महेशदास आणंदोत, रोहड़िया चारण आईदान भीमोत, भगवान विजावत, आसकरण और रतनसिंह (ये बारहठ) लड़े। पुरोहित रघनाथ गुणपतोत काम आया।

इस लड़ाई में पाँच चापावत अजबसिंह, सबलसिंह, रामसिंह, हरिचंद, नाहरखान बहादुरी से लड़कर काम आए। जैतावत दो, मेड़तिया चार, जोधा एक, भाटी एक, पड़िहार एक, सेवड़ पुरोहित एक, तीन बारहठ। इनमें अग्रणी अजबसिंह वीठलदासोत था। वह मारा गया। (संवत् १७३८ कार्त्तिक सुदि २ मंगलवार को यह युद्ध हुआ था।)

इति अष्टम प्रकाश

बादशाह इस युद्ध का वृत्तांत सुन प्रसन्न हुआ, और अजमेर में शाहजादा अजीम और असदखां को रखा। जोधपुर में इनायतखां प्रबंधकर्त्ता है।

अजबसिंह के मरने पर चापावत उदैसिंह सेनापति नियत हुआ। उसके साथ सामंतसिंह, अखैराज, तेजसी, भगवान, मुकनदास, जसराज, नाहरखान, भाण, विजा, लाखा, फतैसिंह ये चापावत थे। बाला अखैराज, करणोत खींवकरण दुर्गदास का पुत्र, तेजसिंह, देवा जसराजोत, जगतसिंह दुरगादास का भतीजा।

जोधा—सबलसिंह, महेचा विजैसिंह, जैतमाल सूजा, करमसोत लाखा, ये सब खींवकरण के साथ थे।

ऊदावत—राजसिंह, जगराम, सामलदास, रूपसिंह, नाहरखा।

मेड़तिया—मोकमसिंह, जोधा—उदैभाण, शिवदान, भीमसिंह, करणसिंह।

कूंपावत—दक्षिण से फतैसिंह रामसिंह आए।

जैतावत—माडणसी, गोरधन। करमसिंहोत—हरनाथ, जसकरण।

चौहान—चतुरसिंह दयालदासोत, फतैसिंह दक्षिण से शाहजादे को पहुँचाकर आया। भाटी—रामसिंह, दुजणसाल, सूजो, हरिसिंह, अमरसिंह, नाहरखान, सूरसिंह केसरीसिंहोत, लखधीर, महेशदास। (सेनापति उदयसिंह धीर का पुत्र) ये सब मार्गशीर्ष सुदि २ गुरुवार को अजमेर की तरफ चले, जिनमें जोधा ऊदावत आदि सब शामिल थे।

जोधपुर में रक्षक इनायतखाँ था, अजमेर में दीवान आसतखाँ और शाहजादा अजीम थे। राठोड़ों ने बड़ा शोर मचाया, कई गाँव लूटे, गायों को घेरा, और फागुन सुदि ३ को पुर, माडल को लूटा, तब अजमेर से कासिमखाँ सेना लेकर आया। कासिमखाँ उनका बल प्रबल देख टल गया। उसका माल राठोड़ों ने लूटा। चैत वदि ८ को सोजत को घेरा। इनायत खाँ जोधपुर में था परंतु उसको दम लेने को जगह नहीं। सं० १७३९ में नूरअली जैतारण में था। उसको श्रावण वदि १४ को जगराम विजावत ने

भगा दिया और जैतारण लूटा। सोजत में चापावत विजैसिंह सवलोत ने उपद्रव मचाया। उत्तर दिशा में रामसिंह ने लूट-मार की।

कासिम खाँ मुकन के पुत्र से लड़कर भागा, भाटी भाण ने चेराही का थाना लूटा, नूरअली भाद्राजण पर चढ़कर आया तब जोधा उदयभाण मुकाबले में गया और नूरअली को भगाया।

इति नवम प्रकाश

अब चापावत उदयसिंह, करणोत खींवकरण, ऊदावत राजसिंह और मेड़तिया मोहकमसिंह गुजरात की तरफ चले। ग्रीष्म ऋतु थी। सोजत से रवाना हुए, खैरालू नगर को लूटा, वहाँ से गाँवों को लूटते दंड उगाहते राणपुर आए। भादों के कृष्णपक्ष में गुजरात का शासक मुहम्मद सेना लेकर आया। इसके साथ राठोड़ों का भीषण युद्ध हुआ। इस युद्ध में करणोत केसरीसिंह, भाटी गोकलदास भंडारी रायचद, जीवराज और भगवान, मुहता सुजाणमल, फौजदार रामो, देरासरी मुरलीधर पंचोली शिवदास पड़िहार अहमदखाँ ये काम आए। अनायतखाँ जोधपुर में और पाली के थाने पर नूरमली है। बाला विसनदास ने पाली के समीप लूट मार की जिसकी पुकार नूरमली के पास गई तब वह बालों पर चढ़कर आया। उसने बालों का किला घेर लिया। तब बालों ने इस पर एक साथ आक्रमण किया, लड़ाई हुई, नूरमली रणभूमि छोड़ भाग गया। यह युद्ध सं० १७३९ भादों सुदि १३ को हुआ था।

इति दशम प्रकाश

चापावतों ने फिर सोजत पर आक्रमण किया तब सोजत के शासक सीदी ने उदयसिंह को प्रतिवर्ष ७०००) रुपये देने का वादा करके संधि कर ली।

ऊदावत जगराम ने कार्तिक बदी १२ को जैतारण को घेरा, जोधपुर और अजमेर पुकारू गए। असतखाँ और इनायतखाँ ने इसके सामने नूरमली को भेजा। इस युद्ध में सब ऊदावत जमा हो गए और मेड़तिया मोहकमसिंह और हैमतसिंह भी इनके शामिल हुए। जगतसिंह राजसिंह का पुत्र, रिदैसिंह, सामल कुंभा का पुत्र, सब से आगे जगराम बढा, लालसिंह उसके साथ हुआ। नूरमली हाथी पर सवार होकर युद्ध-स्थल में आया। महा घोर युद्ध हुआ। इसमें राठौड़ों के ५० और मुसलमानों के ५०० मनुष्य मरे। इस युद्ध में मेर नरा ७ सुभटों से मारा गया (यह युद्ध मार्गशीर्ष वदि १२ को हुआ था) राठोड़ों की विजय हुई।

इति एकादश प्रकाश

भाटी रामसिंह मुकनसिंहोत पाली पर चढ़कर गया। इसके मुक़ाबले में अबदलखाँ ५०० सवारों से आया। रामसिंह ने बड़े वेग से उस पर आक्रमण किया। युद्ध हुआ। रामसिंह ने भाले से अबदलखाँ को मार डाला। तीस मुगल मरे। यह युद्ध वैशाख वदि २ को हुआ था।

वैशाख सुदि ६ को मेड़तिया मोहकमसिंह ने मेड़ते को घेरा। मुकाबले में शेख गोहर आया। विकट युद्ध हुआ। इसमें मोहकमसिंह के हाथ सेदअली मारा गया। गोहर शेख भागा। राठोड़ों की विजय हुई।

मगरा (पहाड़ सिलसिला) में ऊदावत राजसिंह, जगराम, सांमल नाहरखाँ, जोधा भीम, सिवसिंह, इन पर असतखान ने अपने पुत्र को अजमेर से बिदा किया। राठोड़ उनके चारों ओर हो गए जिससे मुसलमानों के पास ऊँटों की कमी होने से रसद नहीं पहुँचती है। इससे उसे वापिस लौटना पड़ा। जगराम की विजय हुई।

आसतखान ने यह विचार किया कि इनको लोभ देकर वश में करना चाहिए। फिर उसने कहा कि तुम मनसब इजारे लो, हम देते हैं। परंतु जब तक राजा प्रकट न हो तब तक युद्ध का नाम मत लेना। इनायतखाँ का दामादे सिकंदर इस काम के लिये नियत हुआ। कई लोभ वश हो उसके पास गए। ग्रीष्म व्यतीत हुआ। वर्षा ऋतु का आरंभ हुआ।

सं० १७४० की श्रावण वदि १४ को आसतखान अजीम को साथ लेकर दक्षिण की तरफ गया। इनायतखाँ को दोनों सूबों की भलामन दी गई। शरद व्यतीत हुई। हेमंत ऋतु आधी गई होगी कि फिर उपद्रव उठा।

सामंतसिंह जोगीदासोत भगवानदास और तेजसी आईदानोत मुकनसिंह ये पाली थाणा पर अचानक गए और गायों को घेरा। नवाब का पुत्र मुहम्मद-अली मिरजा मुकाबले में तैयार हुआ। युद्ध हुआ। इसमें भाटी वेणीदास केशवदासोत मारा गया।

राठोड़ों के १० और शत्रु के ३० मरे। भायल देदा घायल हुआ। यह युद्ध खारला में पौष सुदि ९ को हुआ था। इसके अनंतर करणोत खींव-करण जोधपुर से उत्तर को चला। इसके साथ राम हरिदासोत है। प्रति दिन युद्ध होता है। ऊदावत राजसिंह, जगतसिंह और जोधा सिवदान ने जोधपुर और अजमेर के बीच में बड़ा उपद्रव किया। इनके शामिल कूंपावत फतैसिंह विजयसिंहोत, जैतावत राम और पदमसिंह, केसरीसिंह, भीम सबलोत, भाटी सूरा और महेश, माडेचा रामा मुकनदासोत, जोधा सूजा किरतावत तथा

चापावत सामंतसिंह ने गाँव गाधाणी में बहुत से यवनों को मारा। इधर से चांपावत सामंतसिंह और उधर से भाटी रामसिंह आया और यवनों का संहार किया। बहुत से गाँवो में पेशकसी ली। ऐसे लूटते हुए जैतारण आए। यहाँ ऊदावत जगराम आदि शामिल हो गए। उधर राठोड़ सोजत पर गए। इनमें मुखिया मेड़तिया सादूल था। हैमतसिंह इसके शामिल हुआ। इन्होने नवाब के सघ को मारा।

मगरा में राठोड़ों का उपद्रव सुन नूरमली जोधपुर से चला, सीधा पाली के थाना पर गया, और वहाँ से मिणियारी गाँव गया। चापा नरहरदास मुकाबले में आया। रा० ऊदावत रूपसिंह रामसिंहोत उसके शामिल बारहठ केसरीसिंह हुआ। यह युद्ध सं० १७४० के वैशाख में हुआ।

मिणियारी में मिरजा से नरहरदास का युद्ध

भाटी हरदास के दुरजणसाल और हरिसिंह ने मडोवर को लूटा। खोजा साल्हा से लड़ाई हुई। साल्हा भागकर जोधपुर में आया। यह सुनते ही नूरमली भी जोधपुर आया। मगरा में रामसिंह और सामंतसिंह आदि दौड़ते हैं। सीदी से थाना तागीर हुआ और सेरांणी मन में संतप्त हुआ और ११००० सेना लेकर चला। राठोड़ों को खबर लगी कि मुगलों की बड़ी फौज आती है। इन्होंने भी नक्कारा बजाया। दोनों की मुठभेड़ हुई। इस समय चापावत सामंतसिंह क्रोध करके चला। उसी के समान भाटी रामसिंह आगे बढ़ा। महा भीषण सग्राम हुआ। मुसलमान रणभूमि में गिरने लगे। उधर से मेड़तिया हैमतसिंह आया। जोधा धनराज नें अपना घोड़ा चलाया। मुसलमान १००० और राठौड़ २०० मरे। इस लड़ाई मे सामंतसिंह, रामसिह, हैमतसिंह, धनराज और विहारीदास ये पाँच सरदार काम आए।

इति द्वादश प्रकाश

उसतरा के थाने में कूंपावत आना था। करमसोत हरनाथ भीमसिंहोत उसका भतीजा जसा सूर्योदय के समय थाने पर चढ़कर आए। युद्ध हुआ। राठोड़ों ने थाना लूट लिया, फिर गाधाणी का थाणा लूट मंडोवर पर आए। परतु मंडोवर वाले मीयां भाई भाग गए। वैसाख सुदि १२ को मुहम्मदअली चढ़ा और मेड़ते गया। मुहम्मदअली ने मेड़तिया मोहकमसिंह के प्रीति-वालों से पूछा और मोहकमसिंह को घोखे से मारने के लिये प्रीति की वात

की। मोहकमसिंह को मेड़ते के महलों में बुलाया और उसे धोखे से मार डाला। यह घटना आषाढ़ सुदि ९ मंगलवार को हुई थी।

सं० १७४१ में सोजत पठानों से जागीर होकर सुजाणसिंह को हुई। मुकनसिंह का पुत्र रामसिंह, पूरणमल, हरिसिंह, प्रवाडमल, सूर, दुरजणसाल हरदासोत भाटी, सूजा कीरतसिंह का पुत्र और रणछोड़ ये हमेशा थानों पर जाते हैं और लड़ाई होती है। थानेदार संध्या समय दरवाजा बंद कर लेता है और दिन निकले खोलता है। यह सुनकर इनायतखाँ मन में जलता है। उसने शेख फाजल को उसी क्षण रवाना किया। यह १००० सवार लेकर चला। रणछोड़ ने इसके सामने घोड़ा बढ़ाया। आगे थाने पर सिंधी थे और उनके शामिल ऊहड़ भी थे। मुहम्मद सिंधी इस लड़ाई में मारा गया और शेख भाग गया। सोजत में सुजाणसिंह था। उस पर भाटी महेश गया। भीम अजीतसिंहोत इसके साथ हुआ। युद्ध हुआ, जिसमें उरजनोत भाटी उदैभाण का पुत्र महेशदास मारा गया।

चांपावत लाखा, फता, कूंपावत केसरीसिंह और रामसिंह ने जोधपुर में बखेड़ा करना शुरू किया। सामंतसिंह, रामसिंह और मोकमसिंह के मरने से बादशाह का सोच मिटा था; परंतु चांपावत, करणोत, ऊदावत, बाला, भाटी और चौहान विद्यमान थे, जिससे विघ्न मिटा नहीं। चौहान चतुरसिंह ने कहा कि उपद्रव नहीं मिटना चाहिए। राठोड़ संग्रामसिंह महेशदास का पोता उसके शामिल हुआ। बारठ केसरीसिंह ने कहा कि संग्रामसिंह को मैं ले आऊँगा। बारठ सांगा के पास गया। उसने सांगा से कहा कि सामंतसिंह मर गया है, अब वह भार आप अपने कंधे पर उठावे। सांगा ने बंधुओं से कहा कि केसरीसिंह यह कहता है कि अब बादशाही मन्सब छोड़ता हूँ। इतने में भाद्राजण का जोधा उदयभाण आया। सब राठोड़ इकट्ठे हो गए। संवत् १७४२ के कार्तिक सुदि ९ को ये सब एकत्र हो गए। उस समय इन्होंने दो विभाग किए; एक में अग्रणी उदयसिंह, उसके साथ करणोत खींवकरण, तीसरा भाटी रेणायर (रिडमल)। ये बीकानेर की तरफ गए। देश को लूटा और थाने भ्रष्ट किए। दूसरे विभाग में—संग्रामसिंह, यह जोधपुर की तरफ आया। इसके साथ भोपत जोगावत, तेजसिंह मुकनसिंह, बलरामोत और जोधा उदयभाण। तेजसी दुर्गदासोत सब के आगे था। बाला अखैसिंह, ऊदावत रूपसिंह, चौहान चतुरसिंह, फतैसिंह, कूंपावत छत्रसिंह फतैसिंह। जैतावत रामसिंह, पदमसिंह, कूंपावत केसरीसिंह रामसिंह सबलावत। प्रागदासोत जादव, अमरसिंह, नाहरखांन, उरजणोत भाटी सूजा, ये

सब जोधपुर पर चले। ये बालोतरा और पचपदरा लूटकर जोधपुर पहुँचे। मुगलों ने दरवाजे बंद कर लिए।

इति त्रयोदश प्रकाश

संग्रामसिंह जूंझारसिंहोत का धावा

इनायत खाँ जोधा उदयभाण पर क्रुद्ध हुआ कि यह हमेशा उपद्रव करता है। नूरमली को इसके पीछे भेजा वह सेना। लेकर सुहिंद्र गिरि आया। यहाँ उदयभाण के शामिल करण मुकनदासोत, चंद्रभाण, हैमतसिंह, पृथ्वीराज और बारठ केसरीसिंह भीमोत हुए। युद्ध हुआ। इसमें जोधा मानसिंह कल्याणोत मारा गया। राठोड़ों ने मुगलों का आराब, लूट लिया, एक तोप पचीस हजार की और १०० ऊँट लूटे। यह युद्ध माघ सुदि ७ शनिवार को हुआ था। इसमें ५०० यवन मरे और १००० घायल हुए। मिरजा नूरमली ने इनायत खाँ को खबर पहुँचाई तब उसने मुहम्मद अली को भेजा। (भाद्राजण की दूसरी तीसरी लड़ाई हुई)।

इति चतुर्दश प्रकाश

पुरदल खाँ सिवाना पर गया। उसके साथ मेवाती नाहरखांन था। ये काणाणा के थाने पर आए। मोकलसर में उस समय अखैसिंह था। चापावत सब अजमेर की तरफ गए। उनके पीछे नूरमली गया। महेव गाँव पर तुरक चढ़ आए। तब सबलसिंह ने मोरचा सभाला। इसके शामिल महेशदास आसावत, मोहकमसिह मनोहरदासोत, कुंभकरण किसनावत, सुजाणसिंह रामसिहोत, मेघसिह माधोसिंहोत भोज और भोज का पुत्र ये भाटी हुए। इस युद्ध में ६ सरदार मारे गए। सबलसिंह तुरकों से लड़ रहा था। इतने में खबर आई कि दो बेटियाँ पकड़ी गई। सबलसिंह बेटियों के शामिल हो गया। बेटियों के वास्ते आसावत सबलसिंह कैद हो गया। उसने सोचा कि बेटियों को मारकर मिरजा को मारूँ। मिरजा मेड़ते गया। महेव गाँव लूटा। मेड़ते में मिरजा दानों भाई शामिल हो गए। बाला अखैसिंह ने राजपूत जमा किए। चांपावत अखैसिंह धीरोत, सूजा चीरम का पुत्र, लखसिंह प्रतापसिंहोत, और प्रयागदासोत भाटी, तेजसी, अमरसिंह, नाहरखान चापावत, भीम पातावत, बाला पर्वतसिंह, तेजसिंह। बाला अखैसिंह ने घोड़ा बढाया। उस समय स० १७४२ की चैत्र सुदि १ थी। अखैसिंह ने तुरकों पर आक्रमण किया तब उधर से पुरदलखाँ ने घोड़े उठाए। इधर अखैसिंह, एक बाला और चापावत शत्रुओं पर पड़े।

उस समय रतनसिंह सुंदरदासोत आगे बढ़ा और तुरक को ललकारा। इसने पुरदल खांन को मार लिया, परंतु यह भी मारा गया। यह युद्ध काणाणा के थाने पर हुआ था। इसमें मुखिया अखैसिंह बच गया। राठौड़ों के १०० और तुरकों के ६०० भट मारे गए।

इति पंचदश प्रकाश

मिरजा मेड़ते से तोडे की तरफ गया। सबलसिंह उसके साथ कैद में है, बेटी भी साथ है। मिरजा ने चलते हुए कुचील गाँव में डेरा किया और भाटी कन्या के साथ विवाह करने का विचार किया कि सबलसिंह श्वशुर किया जाय। सबलसिंह के मन में कपट था कि इस मिरजे को मार लूँ। विवाह की रीति के अनुसार अफीम मँगाई और तलवार भी माँग ली। मिरजा उत्साह के साथ मनुहार करता है, मरना विचारकर सबलसिंह उठा और चार घोड़े तैयार किए फिर कनात को फाड़कर जनाना के अंदर गया। नूरमली ने उसे जाता देखकर तलवार हाथ में ली और सबलसिंह की पीठ पर आया। तकिया पड़ा था जिससे वह गिर गया तब पलंग को आड़ में दिया। इधर तुरक उस पर दौड़कर आए। लड़ाई हुई जिसमें सबलसिंह मारा गया।

जोधपुर के पास हमेशा उपद्रव होता है। भाटी दुर्जनसाल ने ईदगाहवाली मस्जिद को सूअरों के रक्त से लाल कर दिया। उरजनोत भाटी इसके शामिल हुए। सूरसिंह भाटियों को लेकर आया। पाँच तुरकों को मारा। वहाँ से ऊँट लेकर वीसलपुर गया। तब मीर फतू इसके पीछे गया। भाटी सामने हुए और युद्ध हुआ। इस युद्ध में मीर का मामा अबदुल्ला ८ मनुष्यों के साथ गिरा। इधर शूरसिंह, केसरीसिंहोत, शिवसिंह, प्रतापसिंह, रतनू चारण सहसमल ये काम आए। यह युद्ध सं० १७४२ ज्येष्ठ सुदि २ को हुआ था।

नूरमली तोडे के अंदर है। यहाँ युद्ध हुआ जिसमें नूरमली और शेख दोनों मारे गए। राठोड़ों ने राड़द्रह को लूटकर साचोर को लूटा। पचास यवन मारे गए। राठोड़ों के हाथ बहुत घोड़े ऊँट लगे। इस युद्ध में अग्रणी अखैसिंह लखावत और खींवकरण आसकरण का पुत्र थे। चापावत करणसिंह और महवेचा जैता भी इनके शामिल थे। मार्गशीर्ष वदि १० [सं० १९४२ (२)] को साचोर लूटा गया।

ऊदावत जगराम धीरोत गोड़वाड़ की तरफ गया। प्रथम उसने पाली में लूट की। फिर आगे अजमेर तक गया। थाँवला का थाना लूटा। इनके ऊपर रावणखंड* मिरजा जोधपुर से चढ़कर आया। उसे राठोड़ों ने मेड़ते में आते घेर लिया और पराजित किया। इस मिरजा का नाम मुहम्मद अली था।

सं० १७४२ का माघ मास व्यतीत हुआ। अब चाँपावत सग्रामसिंह झूँझारसिंहोत और उसका भाई भोपत आए। वैसा ही भगवानदास था। तेजसी और मुकनसिंह ये सब राठोड़ अवदल खाँ के प्राणों का हरण करनेवाले एकत्र हुए। भाटी और चौहान चतुरसिंह व फतैसिंह शामिल हुए। ये सब खान पर चढ़कर पाल्हासणी गाँव आए। इन्होंने थाना को लूटा जिसमें बहुत द्रव्य हाथ लगा। वहाँ से थली की तरफ गए। फलोधी पर गए, दंड लिया, फिर जोधपुर की तरफ आए। नादिया के थाने में नाहरखान था। उसे मारकर गाँव गाधाणी में आए। वहाँ से जोधपुर आए। तब इनायत खाँ घबराया।

इति षोडश प्रकाश

सग्रामसिंह जूँझारसिंहोत और भगवानदास जोगीदासोत ने गश्त करके आकर जोधपुर को घेरा।

उधर रावणखंड ने बूसी गाँव को लूटा। वहाँ से भाद्राजण पर आया। लड़ाई हुई जिसमें ३० तुरक मारे गए। वहाँ से वह जोधपुर गया। वहाँ चार दिन ठहरा। वहाँ से पीपाड़ गया। खुसालबेग इक्का इसके साथ था। वह फौज से अलग ही चलता था। हरनाथ चंद्रभाणोत से उसकी मुठभेड़ हो गई। हरनाथ ने इक्के को मार लिया।

चैत्र व्यतीत हुआ। ग्रीष्म ऋतु का आरंभ हुआ। जालोर गढ़ में विहारी पठान फतहखान था। उस पर महाराज की सेना ने चढ़ाई की। उस सेना में चाँपावत, ऊदावत, कूपावत, करणोत, जोधा, वाला, महेचा, ऊहड़, करमसोत, धवेचा, भाटी, चौहान सब थे। फतहखान इनके प्रबल बल को देखकर भाग गया और धर्मद्वार (शरण) में चला गया। सेना ने नगर को लूटा। यह आक्रमण वैशाख वदि १४ को हुआ था।

---

* जिसका ऊपर का होंठ कटा हुआ होता है उसे रावणखंड कहते हैं।

हरदासोत भाटियों ने देईसर गाँव लूटा, फिर जोधपुर को घेरा। सं० १७४२ व्यतीत हुआ।

सं० १७४३ में राठोड़ों ने महाराजा को देखना चाहा, जिनमें अग्रणी जोधा केसरीसिंह मानसिंहोत, छोटा भाई हरिराम और किसनसिंह जगन्नाथोत ये थे। इसी अवसर पर हाडा दुर्जनसाल १००० सवार लेकर आया और राठोड़ों के शामिल हुआ। चाँपावतों ने इसको अपनी कन्या ब्याही, जो सुजाणसिंह की पुत्री मुकनसिंह की बहिन थी। तेजसी और मुकनसिंह ने दुर्जनसाल से कहा कि महाराजा अजीतसिंहजी को प्रकट करो। तब राठोड़ों ने महाराजा के दर्शन के लिये खीची मुकुंददास को बुलाया और महाराजा का दर्शन कराने के लिये कहा तो उसने कहा कि दुर्गदास दक्षिण में हैं। मुझे महाराज को उसने सौंपा है। मैं उसके बिना नहीं दिखा सकता, तब चौहान मुकनसिंह ने कहा कि हम अन्न-जल तभी लेंगे जब महाराज का दर्शन होगा। तब मुकनदास कल्याणोत ने आबू की भूमि से महाराजा को लाकर दर्शन कराया। सं० १७४३ की चैत्र सुदि १५ को महाराज का दर्शन हुआ। यहाँ महाराज के स्वरूप का वर्णन है। इस समय मुख्य सरदार ये थे—चाँपावत उदयसिंह, संग्रामसिंह, भूपालसिंह, तेजसिंह, मुकनसिंह, विजयसिंह, नाहरखान हरिसिंहोत। ऊदावत—राजसिंह, जगराम विजयसिंहोत, साँमलदास, रूपसिंह, नाहरखाँन। कूंपावत—भोपत जगावत, रामसिंह, फतैसिंह, केसरीसिंह। भाटी—सूरजमल, राजसिंह, सूरसिंह, हरनाथ चतुर्भुजोत, तेजसिंह, अमरसिंह, नाहरखाँन, किसनसिंह किसोरसिंहोत। खीची मुकनदास, ऊहड़ भगवान, प्रोहित अखैसिंह। पड़िहार विजयसिंह, साँमलसिंह। जती (जैन) ग्यानविजय (शक्ति का उपासक) बारहठ केसरीसिंह, बाबा इत्यादि। सबने दर्शन करके कहा कि आज का दिवस धन्य है, शुभ घड़ी है जो स्वामी का दर्शन हुआ। हाडा दुर्जनसाल ने निछरावल की। सब की निजर निछरावल हुई। तदनतर सांगा (संग्रामसिंह) ने मिहमानी दी। सबको भोजन कराया। सांगा सीख करके गया। अपने पुत्र उदयभाण को महाराजा के पास रखा। इनायत खाँ ने यह सब वृत्तांत बादशाह के पास लिख भेजा। उसने लिखा कि राठोड़ों ने अजीतसिंह को प्रकट कर दिया है। अब पूरी मदद मिले तो इच्छानुसार कर सकता हूँ। शुजाअतखाँन गुजराती को मेरे सहायतार्थ देना चाहिए। औरंगजेब सुनकर मन में सोच करने लगा और अपना दूत महाराजा को देखने के लिये भेजा।

राठौड़ अजीतसिंहजी को लेकर आउवा गए। ठाकुर ने मोतियों से वधाया, और घोड़े नजर किए। तदनतर, बगड़ी, रायपुर, बीलाड़ा, बलूंदा, रीयां, आसोप, लवेरा, खेड़, खींवसर, होकर कोलू आए। यहाँ सं० १७४४ के भाद्रपद सुदि १० को पावूजी का दर्शन किया। वहाँ से पोहकरण आए। इस समय दक्षिण से दुर्गादास आया। उसके साथ अखैसिंह रतनसिंहोत जोधा था। दुर्गादास प्रथम नागाणा गाँव गया। वहाँ नागणेचियाँ देवी के दर्शन कर भीमरलाई गाँव में आया। यहाँ भाई खींवकरण मिला। उसने समस्त वृत्तात कहा। महाराजा पोकरन से रवाना हो रामसापीर के देवालय दर्शनार्थ गए। वहाँ से भीमरलाई गए। दुर्गादास ने नजर न्यौछावर की, मोती सिर पर वारे गए। वहाँ से महाराजा गूघरोट गए। दुरजणसाल हाडा भी साथ था।

इति सप्तदश प्रकाश

वादशाह ने दूत भेजकर जिज्ञासा की तो दूतों ने जाकर सब महाराजा का वृत्तांत कहा। सुनकर वादशाह घवराया। इनायत खाँ ने अजमेर से वादशाह के पास अर्जी भेजी कि गुजरात के सूबहदार शुजाअत खाँ को सहायता में भेजें तो मैं राठौड़ों के लिये पर्याप्त हो सकता हूँ, इधर से मैं जाऊँ और उधर से वह आवे। इनायत खाँ इस विचार में था कि वह स० १७४४ में मर गया। वादशाह को इसका वड़ा रंज हुआ।

वादशाह ने उस समय एक कपट किया। कृत्रिम अजीतसिंह बनाया गया और उसका नाम महम्मदराय रखा और हुक्म दिया कि जो इससे मेल रखेगा वह पच हजारी मन्सव पावेगा। वह महम्मदराय दक्षिण में सातवें दिन मर गया। यह सुन राठोड़ों को खुशी हुई। वादशाह ने जोधपुर शुजाअत खाँ के अधीन किया और गुजरात का देश भी उसके अधीन रखा।

हाड़ा दुरजनसाल राठोड़ों की सहायता पाकर बूँदी पर गया। इसने मार्ग में मालपुर लूटा और पुर को लूटा। यह मांडल मे गया तब दूदा मुकावला में आया। लड़ाई हुई, जिसमें वादशाही सेना भागी, परतु शत्रु-सेना में से गोली आई और दुरजनसाल के लगी, जिससे वह मर गया। राठोड़ों ने पुर पर सवार भेजे। लड़ाई हुई। पुरवालों ने २०० मुहरें दंड दिया। फिर पेशकसी लेकर राठोड़ मारवाड़ में आए।

उधर से शुजाअतखाँ आया, इधर महाराजा के हित के वास्ते सब राठोड़ एकत्र हुए। चापावतो में उदैसिंह, भोपत, तेजसी, जूंझारसिंह,, जसवंतसिंह,

अर्जुनसिंह, भीमसिंह, हठीसिंह। करणोत दुर्गादास, खींवकरण, तेजसिंह, देवसिंह। कूंपावत रामसिंह, विजैसिंह, भगवानदास। जैतावत माडण, रूपसिंह, फतैसिंह। ईंदा किसना। भाटी सूजो, राजसिंह, सूरसिंह, लखो, महेशदास, तेजसी, अमरो, सायबखाँन। जोधा भाण, भीम, सबलसिंह, हैबतसिंह, शिवसिंह। मेड़तिया कुसलसिंह, कल्याणसिंह, जूंझारसिंह, विजैसिंह, सूरसिंह, जोधसिंह, दलपत। ऊदावत जगराम विजैसिंहोत, राजसिंह, रिदैराम, रूपसिंह, साँवलदास, सायबखाँन। करमसोत नाथूसिंह, लखधीर। चौहान चतुरसिंह, अजबसिंह, लालसिंह, फतैसिंह। बाला अखैसिंह, पर्वतसिंह, प्रयागदास। जैतमाल मगलसिंह। महवेचा विजैसिंह। घवेचा सूजा। ऊहड़ भोपत, भोज। भायल आसो, रतन। खीची मुकनदास, शिवसिंह कलावत। धाँधल उदैकरण, किरतसिंह, गोयददास। पड़िहार साँमल विजैसिंहोत। नरहर आना का पुत्र। खुमाणा सुंदरदास, महेशदास। सोभावत दयालदास, प्रयागदास। भडारी आसकरण, हेमराज। पंचोली हरकिसन, इंद्रभाण। मीयाँ आरब। व्यास बालकिसन। पुरोहित अखैसिंह। आचारज रिणछोड़। चारण केसरीसिंह, बाधा आदि १००। अबदार हेमराज।

सं० १७४५ में शुजाअतखाँन ने पत्र लिखा कि तुम उपद्रव मत करो, इजारा कर लो। खाने ले लो, राहदारी की चौथ लो। इनायतखाँन का बेटा मुहम्मदबेग जोधपुर से रवाना हो दिल्ली को चला। जोधा चंद के पुत्र हरनाथ ने उसका पीछा किया। इसके साथ मेड़तिया अखैसिंह, गोकलदास, सूरसिंह प्रतापसिंहोत, सबलसिंह और सकतसिंह थे। मुहम्मदबेग ढूंढाड़ के गाँव रैणवाल में पहुँचा। वहाँ इसे जोधा हरनाथ मिला। उसे देखकर वह सब सामान और द्रव्य छोड़कर भाग गया और किले में घुस गया। कछवाहों ने इसकी रक्षा की। यहाँ बहादुरसिंह चदोत मारा गया।

इति अष्टादश प्रकाश

औरग ने इसी वर्ष में शंभु मरहटा को पकड़ लिया।

काजमबेग मारवाड़ पर चढ़कर आया। इधर चापावत मुकनसिंह सूरजमलोत ने बड़ी लूट पाट की, और काजमबेग को जा घेरा। वह भागकर अजमेर गया। अजमेर का सूबहदार सूजाबेग था। वह मुकाबला में आया। उसे राठोड़ों ने घेर लिया। वह भी कुछ लड़कर भाग गया। वहाँ की रसद राठौड़ों के हाथ लगी।

महाराजा पीपलोद में हैं। सूजाबेग से अजमेर का सूबा तागीर हुआ। उसके स्थान में शफी खाँ आया।

राठोड़ों ने टोडाणा का थाना लूटा। वहाँ से वे अजमेर गए। दुरगदास ने अजमेर को घेरा। शफी खाँ ने वादशाह को झूठी अर्जी दी, जिसमें लिखा कि दुर्गादास जख्मी होकर भाग गया है। दक्षिण की तरफ गया है। बादशाह ने उसकी बहुत खातिर की और लिखा कि दुर्गादास को मारकर आना, नहीं तो चूड़ी पहनाकर कैद कर लूँगा। तब शफी खाँ घबराया और लिखा कि यह देश शुजाअतखाँ के समीप है, उसे हजरत लिखें, मैं फिर इसका उपाय कर दूँगा। शफीखाँ ने महाराजा की शोध में मियाँ ईशाक को भेजा। वह पीपलोद आया। महाराजा के मन्त्रियों से मिला। मुकनदास खींची ने उसे महाराजा से मिलाया। उसने शफी खाँ का पत्र महाराजा को पढ़ाया। उसमें लिखा था कि आप एक बार अजमेर आवे, आपको जोधपुर मिल जायगा। मार्गशीर्ष सुदि में महाराजा अजमेर को रवाना हुए। उनके साथ २०००० राठोड़ थे। मुकनदास खींची और मुकनसिंह चाँपावत साथ गए। दुर्गदास घर बैठा रहा। मुकनसिंह और मुकनदास शफी खाँ से मिले। वार्तालाप होने पर ज्ञात हुआ कि कपट है, तो भी राठोड़ों ने कहा कि अजमेर देखेंगे। तब महाराजा अजमेर गए। खान से मिले, दो घड़ी वार्त्तालाप हुआ। राठोड़ों ने विचार किया कि अजमेर लूट लें। तब शफी खाँ घबराया और हाथी, घोड़े, जवाहिरात महाराजा के नजर किए। महाराजा वापिस देश में आए।

उदयपुर के महाराणा जैसिंहजी का, अपने पुत्र अमरसिंह के साथ, फसाद हुआ। तब महाराणा घाणेराव आए और मेड़तिया ठाकुर की मारफत राठोड़ो से सहायता चाही। महाराजा ने चार सरदार सेना देकर भेजे। करणोत दुर्गदास, चाँपावत भगवानदास, जोधा दुरजणसाल और ऊदावत अखैसिंह। ये राठोड़ सेना लेकर घाणेराव गए। राठोड़ों और सीसोदियों ने मिलकर पिता पुत्र में संधि करवा दी।

स० १७४९ कार्त्तिक शुक्ल में मीर सेना लेकर खेजडले आया। वहाँ से वीसलपुर। वहाँ से चलकर माता के देवल पर आया। वहाँ वाघा ने इसको मार हटाया। मीर फिर हल्ला करके माताजी के स्थान पर आया। उसी अर्से में लाखा भी माताजी के स्थान पर पहुँचा। मीर वहाँ एक साँड को मारकर मेवाड़ की तरफ चला। लाखा ने पीछा करके उसे मार डाला।

राठोड़ राणा को गद्दी विठाकर पीछे मारवाड़ में आए। उस समय महाराजा अजीतसिंहजी के पास ३०००० फौज जमा हो गई थी। इनको

बल पकड़ता देखकर बादशाह के मन में विचार हुआ कि मेरी पोती राठोड़ों के हाथ में है और वे सिरजोर हो रहे हैं। और राजा भी जवान हो गया है। इस समय अगर दुर्गदास पकड़ा जाय तो मैं सुखी हो सकता हूँ। उसके मन में शक पैदा हो गया था। इसलिये उसे रात्रि में निद्रा नहीं आती थी। बादशाह ने इसके वास्ते नवाब शफी खाँ और कुलवी नारायणदास को भेजा। इनको इधर एक साल हो गया परंतु कुछ सफलता नहीं हुई।

सं० १७५० में मोकलसर पर तीन सूबद्दार वैशाख में चढ़कर आए। जोधपुर से काजमबेग, सिवाने का हाकिम सूजा और जालोर का हाकिम कमाल खाँ। बाला राठोड़ अखैसिंह माधोदासोत ने इन पर आक्रमण किया, और तीनों को मार भगाया। यह घटना माघ मास के शुक्ल पक्ष में हुई थी।

एक मीर चढ़कर लूणावास पर आया। इसके सामने चाँपावत मुकनसिंह गया और लड़ाई हुई, जिसमें मुकनसिंह और तेजसी ने उसे पकड़ लिया।

सवत् १७५१ में कई राठोड़ों ने इजारा लिया, कितने ही नौकर हो गए और इनको चौथ देना भी मुकर्रर हुआ। इस साल काजमबेग नवाब का नायब हुआ। बादशाह ने शुजाअतखाँ को लिखा कि दुर्गदास तुम्हारे देश में है इसलिये तुमको लिखा जाता है कि या तो अकबर की हुरमों का प्रबंध करो, या दुर्गदास को पकड़ो या हाथ में चूड़ी पहनो और मेरे पास आओ। यह पढ़ नवाब घबराया। उसने मुंशियों को बुलाया। मुंशियों ने यह सलाह दी कि आप बादशाह के पास अर्जी भेजो। उसमें लिखो कि "मैं दुर्गादास पर जाता हूँ। जाते ही अचानक हमला करूँगा, उसके जनाना को भी मारूँगा। उसमें यदि अकबर का कुटुंब मारा गया तो मेरा दोष नहीं।" यह अर्जी पढ़कर बादशाह ने लिखा कि तुमने बहुत ठीक लिखा है। जिस तरह हुरमा हमारे हजूर में आवें वैसा उपाय करो। यह हुक्म पढ़कर शुजाअतखाँ अत्यंत प्रसन्न हुआ और दुर्गादास के पास पत्र लिखकर भेजा। नागर ब्राह्मण ईश्वरदास और साचोरा ब्राह्मण गिरधर दोनों दुर्गादास के पास आए। यह बावन (१७५२) की साल थी। उस समय उदयसिंह लखधीरोत महाराणा के पास था। अन्य सब राठोड़ महाराजा के पास थे।

महाराजा सेना लेकर आडावळा की तरफ गए। नवाब गुजरात गया। जोधपुर में लसकर खाँ है। वह चढ़कर कुरमाल की नाल (घाटी) में आया। महाराजा भी उधर ही थे। युद्ध हुआ। वहाँ दुर्गादास का पुत्र महकरण आगे बढ़ा। जैतावत माडण बीकावत, मेड़तिया दलराम ये उसके

साथ हुए। करणोत देवकरण, ऊदावत रूपसिंह, भाटी दूरसिंह केसरीसिंहोत, करणसिंह और चद्रभाँण। कूंपावत भावसिंह, किसनसिंह, हरनाथ। जोधा सबलसिंह गोयंदासोत। महेचा विजयसिंह। ऊहड़ भोज और भगवान। खूमाणा सुंदरदास और महेशदास। इन्होंने यहाँ ऐसी तलवार चलाई कि लसकर खाँ भाग गया।

बादशाह ने जब यह वृत्तान्त सुना तो गुजरात की तरफ अपने दूत भेजे और कहलाया कि दुर्गादास को धन, संपत्ति, हाथी, आदि देकर अकबर के कुटुंब को ले लो; क्योंकि बादशाह के मन में महाराजा की तरफ का भ्रम उत्पन्न हो गया था। तब शुजाअतखाँ ने दुर्गादास को पत्र लिखा और उस विषय का प्रपंच किया। दुर्गादास ने अकबर की स्त्री को तो दक्षिण में पहुँचा दिया और उसके बेटा-बेटी दुर्गादास के पास रहे।

इस अवसर में महाराणा और अमरसिंह के फिर गृहकलह हुआ। उस समय महाराणा ने अपने भाई गजसिंहजी की बेटी महाराजा अजीतसिंहजी को व्याही। ज्येष्ठ मास में विवाह हुआ। इसके पश्चात् देवलिया में स० १७५३ आषाढ़ सुदि ९ को विवाह हुआ। वहाँ से एकलिंग महादेव आए। वहाँ जयसिंहजी से मिले। पाँच दिन वहाँ ठहरे। वहाँ से सिरोही आए। राव उदयसिंहजी से मिले। माता ने दोनों का सत्कार किया। वहाँ से मारवाड़ में आए। उस समय महाराज के कृपापात्र चार थेः—भंडारी वीठलदास, आसकरण, मूहणोत सागो और खीची शिवसिंह।

बादशाह के पास दुर्गादास की सिफारिश हुई। दुर्गादास ने अकबर की कन्या को बादशाह के पास भेजा। उस समय उससे हुरमा नाजर आदि ने पूछा तो दुर्गादास ने उसे जिस रीति से रखा था, वह सब वृत्तात कहा। सुनकर बादशाह प्रसन्न हुआ और कहा कि दुर्गादास अकबर का पुत्र लावै तो मैं उसे पाँच हजारी मन्सबदार करूँ। दुर्गादास के पास पत्र आया तब दुर्गादास ने महाराजा को उदैसिंह के साथ कोरटे पहुँचाया। खुद सुरताण को लेकर दक्षिण को जाने लगा, परतु शाहजादा को संदेह उत्पन्न हो गया जिससे वह जोधपुर आया। उसके स्वागतार्थ तीन नवाब गए। लसकरखाँ, हयातखाँ और नौरंगखाँ। इन्होंने महाराजा को लिखा कि जोधपुर आइए तब महाराजा जोधपुर गए और वहाँ से बालसमन्द की तरफ गए। नवाब महाराजा से मिला और सिवाने की राहदारी की चौथ देना कबूल किया।

सं० १७५४ के पौष मास में साचोर, थराध और जालोर देखने का महाराजा ने विचार किया। बादशाह का कोप भी अब शांत हो गया।

इति एकोनविंश प्रकाश

दुर्गादास औरंगजेब के पास दक्षिण गया। महाराजा जोधपुर देखने आए। वहाँ से जालोर गए। वहाँ कमालखाँ था। उससे जालोर तागीर हुआ। संवत् १७५५ की आषाढ सुदि ५ को महाराज जालोर गए। महाराजा का जालोर पर अधिकार हो गया। वहाँ से विवाह करने को सु० ६ को जेसलमेर गए। रावल अमरसिंह की कन्या से विवाह हुआ। हलवद से यात्रा करने के लिये हलवद की रानियाँ नाथद्वारे आई थीं। उन्होंने डोला भेजा। वैशाख में महाराजा के साथ झाली का पाणिग्रहण हुआ। आषाढ सुदि ९ को ब्याह करने को महाराजा रोहचे गए। पृथ्वीराज के पुत्र फतैसिंह की कन्या के साथ महाराजा का विवाह हुआ। सं० १७५७ में महाराजा विवाह करने को होठलू गए। चौहान चतुरसिंह की कन्या के साथ (जो लालसिंह की बहिन थी) विवाह किया। यह विवाह माघ वदि १० सोमवार को हुआ था। इसी वर्ष गुजरात का सूबहदार शुजाअतखाँ मर गया। गुजरात के सूबा पर शाहजादा आजम गया। जोधपुर में ईसफअली आया। सं० १७५८ में भाटियों के यहाँ विवाह हुआ। यह रावल दला की पुत्री थी। इसका नाम मिरघावती था।

महाराजा अभैसिंहजी की जन्म-कुंडली



सं० १७५९ में आजम ने जोधपुर पर कब्जा किया। जैपुर का राजा जैसिंह बादशाह की नौकरी में था। महाराजा की रानी चतुरसिंह की कन्या चौहानजी के गर्भ में महाराजा अभैसिंहजी आए। सं० १७५९ मार्गशीर्ष वदि १४ को अभयसिंहजी का जन्म हुआ। उस समय विशाखा नक्षत्र, मिथुन लग्न, शोभन योग और शकुनि करण था। उस उत्सव में कैदी कैद से छोड़े गए, मुल्क में बधाई बँटी।

इति विंश प्रकाश

सं० १७६० में महाराज विवाह करने को साचोर गए। सहसमल की कन्या के साथ विवाह हुआ। आजमशाह शाहजादा ने जोधपुर से ईसफअली को बुला लिया। मुरशिदकुली को मारवाड़ में भेजा। वह जालोर में महाराजा से मिला। उसने मेड़ता महाराजा अजीतसिंहजी के नजर किया। महाराजा ने मेड़तिया कुसलसिंह और धाधल गोविददास को मेड़ते भेजा। इद्रसिंह का पुत्र इस बात से बहुत जला और औरंग के पास अर्जी भेजी कि अगर आप मुझे जोधपुर की नायबी दें तो मैं आपको सेवा कर दिखाऊँ।

संवत् १७६१ के वर्ष में औरग ने मुरशिदकुली को जोधपुर से बुलाकर उसके स्थान में जाफरबेग को भेजा और मोहकमसिंह को मेड़ते में रख दिया। मोहकमसिंह ने जालोर उमरावों के पास पत्र भेजे और कपट की बातें होने लगीं। वे लोग कहते हैं कि बादशाह ने मोहकमसिंह को बड़ा कुरब दिया है, कितने ही कच्चे कानोंवालों ने उस पर ध्यान भी दिया। उस समय भाटी इद्रभाण और जोधा भीम ने उस कपट को देख महाराजा का पक्ष लिया। पालहर (चापावत) तेजसिंह सांचोर से चलकर आया।

सं० १७६२ के कार्तिक वदी १३ को मोहकमसिंह मेड़ते से रवाना होकर जालोर पर आया। उसके साथ तीन हजार सवार थे। परतु इसकी सूचना जालोर पर महाराजा को पहिले ही मिल गई। महाराजा ने अपने पुत्र और जनाना को वहाँ से निकाल दिया। उनके साथ निम्न लिखित सरदार भेजे गए—चौहान चतुरसिंह, लालसिंह का पुत्र बहादुरसिंह। खीची शिवसिंह,रावत गोकलदास। धाधल गोविंददास, फतैसिंह और भगवानदास। पुरोहित रिडमलसिंह। सिकदार दयालदास। मागलिया तेजसिंह, साहिबसिंह। बानर राठोड़ केशवदास का पुत्र नारायणदास। ये सब ८०० सवार थे, जिनका महाराजा को पूर्ण विश्वास था।

इनको रवाना करके अजीतसिंहजी निम्न लिखित सरदारों के साथ युद्धार्थ तैयार हुए—चाँपावत तेजसिंह आईदानोत और राजसिंह का पुत्र किसनसिंह। जोधा भीम रणछोड़दासोत। भाटी भीम का पुत्र इंद्रभाण। कूंपावत सबलसिंह का पुत्र रामसिंह। चौहान फतैसिंह का पुत्र जगन्नाथ। ऊदावत कुंभकर्ण का पुत्र सांमसिंह, गोयददास का पुत्र देवीसिंह, जूझारसिंह का पुत्र तेजसिंह, चंद का पुत्र दलसिंह और भीवसिंह रायमलोत। खीची गोपालदास शिवराम का पुत्र। मांगलिया महेशदास और उसका भतीजा किसनसिंह। व्यास बालकिसन का पुत्र दीपा। ये रात्रि के समय महाराजा के साथ चले।

उसी रात्रि में मेड़तियों और ऊदावतों के पास खबर पहुँची, तब वे भी सब एक प्रहर में आकर शामिल हुए। राजुखाँन ने नक्कारे पर डका दिया। इतने में खबर आई कि महाराजकुमार प्रसन्न हैं।

महाराजा अजीतसिंह ने उस समय कहा कि शत्रुओं को निर्मूल करूँ तो मै जसवंतसिंहजी का पुत्र कहलाऊँ। इतने में रज आकाश में उड़ती नजर आई और ये सरदार फिर आकर महाराजा के शामिल हुए—मेड़तिया कुशल-सिह अचलसिंहोत। चाँपावत विजैसिंह चद्रभाणोत। ऊदावत जगरामसिंह, रिदैराम, प्रतापसिंह, रूपसिंह रामचंदोत, गोवरधन का पुत्र नाहर खाँ। कूंपावत जैतसिंह के पुत्र रामसिंह और पदमसिंह, फतैसिंह विजयसिंहोत, माधोसिंह का पुत्र फतैसिंह, और केसरीसिंह। भाटी सूरसिंह केसरीसिंहोत, सूजा जगन्नाथोत।

पाँचवें दिन जोधा वनैसिंह, करणसिंह और चंद्रभाण भी शामिल हो गए। दिन निकलते मोहणसिंह, जोगीदास, सबलसिंह, हैवतसिंह और पृथ्वीसिंह भी आ गए। इनको देखकर मोहकमसिंह निराश हो गया। उसके मन में चिंता बढ़ी। मोहकमसिंह जालोर से भागा और थल में गया। महाराजा ने उसका पीछा किया। मोहकमसिंह भागकर दूनाड़े आया। महाराजा सैन्यबल सहित वहाँ पहुँचे और युद्ध हुआ। वहाँ से मोहकमसिंह गर्वरहित होकर नीसाण और फतैजंग जैसा हाथी छोड़कर भागा। इस युद्ध में अग्रणी तेजसिंह आईदानोत, कूंपावत सबलसिंह का पुत्र रामसिंह, जोधा जोगीदास, मेड़तिया जसरूप ये घायल होकर उठाए गए, परंतु मोहकमसिंह को भगा दिया। यह युद्ध सं० १७६२ माघ सुदि १३ को हुआ था। यहाँ महाराजा के पास बीस हजार सेना जमा हो गई थी। विजय पाकर महाराजा काकाणी आए। यहाँ सूबहदार मिरजा और मुकीम बीच में आए। मोहकमसिंह का पीछा छुड़ाया। साठ हजार रुपए इन्होंने महाराजा को दिए। महाराजा यहाँ से वापिस जालोर गए।

इति एकविंश प्रकाश

संवत् १७६३ में महाराजा का प्रताप बढ़ा। सरदारों को जागीरे दी गईं। चारणों को लाख पसाव दिए गए। इसी अर्से में दूतों ने आकर खबर दी कि अहमदनगर में औरंगजेब बीमार हो गया है और लाहोर से नवाब जल्दी से आता है। तब महाराजा ने सरदारों के नाम पत्र लिखे। आठों मिसल के सरदार आए। सेना बहुत जमा हो गई। उस समय इब्राहीम खाँ महाराजा से मिलने को जालोर आया। महाराजा उससे मिले। मुगल

माघ मास में गुजरात पहुँचा। महाराजा ने प्रथम देवडों को पादानत किया। फिर राड़दड़ा के स्वामी को। तत्पश्चात् सूराचंद आए। सूराचंद में फिर सेना इकट्ठी की। चैत्र वदि २ को दूतों ने आकर औरंगजेब के मरने की खबर सुनाई। बड़ी खुशी हुई। वहाँ से महाराजा रवाना होकर पंचमी को जोधपुर आए और आते ही किला ले लिया। मिरजा किले में था। वह डेरों में चला गया। महाराजा गद्दी पर बैठे। दूसरे दिन फिर पीछे राठोड़ों की सेना आई जिससे यवन और घबराए। मोहकमसिंह मेड़ता छोड़कर नागोर चला गया।

जाफर खाँ जोधपुर में था। वह लड़कर मारा जाता; परंतु कूंपावत किरतसिंह ने उसको शरण दिया और उसको निर्भय किया। कई मुसलमान भागकर अजमेर गए, कई किरतसिंह के घर पर गए, कूंपावत भीम ने मीर को मारा उस समय वह घायल हुआ। तेजसिंह का पुत्र गोपालदास बाला राठोड़ मुगलों से लड़कर मारा गया। कीरतसिंह ने जाफर खाँ को शरण दिया था; परंतु उसका द्रव्य सब इसने ले लिया। कई तुर्क भाग गए, कई छिप गए उनको माला कंठी पहनाकर छोड़ा; फिर सोजत के थाने के तुर्कों को मार हटाया। पीछे मेड़ते में मेवाती थे, वे भी मारे गए। चैत वदि १३ को जोधपुर का गढ़ सजाया गया। म्लेच्छों का संसर्ग होने से, गंगाजल, यमुनाजल और पुष्कर के जल से महल धुलवाए गए, ब्राह्मणों से वेद-मंत्र पढ़ाए गए।

इति द्वाविंश प्रकाश

औरंगजेब के मरने पर उसके पुत्र आलमशाह मुलतान से और आजम-दक्षिण से दिल्ली की तरफ रवाना हुए। वैशाख वदि ७ को जनाना और महाराजकुमार जोधपुर आए।

आजम, आलम दोनों आगरा में आए। आलम तख्त पर बैठा। उसने अजीतसिंहजी के जोधपुर ले लेने से इधर की तरफ प्रयाण किया। आकर अजमेर में ठहरा। अजमेर में देखता है कि जहाँ तहाँ झालर घंटा बजती है, देव-पूजा होती है। अब अजीतसिंहजी के पास ऊहड़ भगवान का पुत्र हरिदास गढ़ पर आया। फिर अभैसिंहजी, दलेलसिंह, भीमसिंह, दुरगदास, माँगलिया ऊदा, रतनसिंह आदि ८०० भट गढ़ पर आए। यवन बीलाड़े आया, तब महाराजा सामने गए।

बादशाह ने अजीतसिंहजी का बल बढ़ता देखा, तब अजीम की सलाह से मेल करना चाहा और चेला नाहरखाँन को भेजा। महाराजा ने नाहरखाँन से

वार्तालाप करके उसे वापिस भेजा। उसके साथ चांपावत भगवानदास जोगावत भेजा गया। बादशाह ने अजीम से कह दिया और फरमान दे भगवानदास को वापिस भेजा। वह लेकर आया। नाहरखाँन भी साथ था। महाराजा ने मुसलमानों का दल देखने का विचार कर फागण वदि ११ को प्रयाण किया। वीसलपुर डेरा हुआ। उधर से संधि के लिये बादशाह ने खानाखान नवाब के पुत्र भैरसखाँन को भेजा। उसके साथ भदोरिया राजा और बूँदी महाराज बुधसिंहजी थे। उसके साथ २०००० सेना थी। वह पीपाड़ आया। महाराजा उसके सामने गए। दोनों की मुलाकात हुई। वहाँ से महाराजा नवाब के साथ चले। आणंदपुर में बादशाह से मुलाकात हुई। बादशाह ने महाराजा का आदर-सत्कार किया और तेग बहादुर की पदवी प्रदान की।

दैववश महराब खाँ ने जोधपुर लेना चाहा और शीघ्रता से चला। उसके साथ मोहकमसिंह था। इससे महाराजा क्रुद्ध हुए। अजीम आदि नवाबों को खबर लगी, तब उन्होंने पत्र भेजे। महराब खाँ किले में आया, परंतु मोहकमसिंह नहीं जा सका। तब मोहकमसिंह खिसियाना होकर वापिस गया।

उधर आलमशाह कामबख्श पर चढ़कर दक्षिण की तरफ गया। उसके साथ महाराजा अजीतसिंहजी गए। जब आलम का कृपापात्र दूसरा राजा हो गया तो अजीतसिंहजी रुष्ट हुए। आँबेर का राजा नित्य जाकर महाराजा से मिलता है, इससे उसको भी आलमशाह ने आँबेर नहीं दिया। बादशाह ने अपना थाना रख दिया। उस समय अजीतसिंहजी ने आसावत दुर्गादास को बुलाया और तुरकाणी उठाने का विचार किया। नर्मदा तक तो ये दोनों राजा बादशाह के साथ गए। यहाँ इन दोनों का विचार बदल गया। नर्मदा से वापिस लौटकर उदैपुर आए। महाराणा संग्रामसिंह ने बड़ा आदर सत्कार किया। वहाँ से आउवे आए। वहाँ से जैतारण गए। वहाँ से दोनों राजा जोधपुर आए। महराब खाँ भी शामिल हो गया।

श्रावण वदि ७ को महाराजा ने ३०००० सेना से जोधपुर पर आक्रमण किया। उस समय महाराजा के साथ ये सरदार थे :—रणमलोत जोधसिंह। करणोत दुर्गादास का बेटा तेजसिंह, अभैकरण, खींवकरण, देवकरण, दलेलसिंह, जगरामसिंह। चाँपावत भगवानदास, हीरसिंह, उदैसिंह, विजैसिंह, अचलसिंह, सकतसिंह, मुकनसिंह, राजसिंह, किसनसिंह, केसरीसिंह, हरीसिंह, कुंभकर्ण। कूंपावत विजैसिंह, रामसिंह, केसरीसिंह, भीमसिंह, फतैसिंह, हरनाथसिंह। भाटी हरनाथसिंह, भाण, अमरसिंह, खानसिंह, रणछोड़दास, सूरजमल, जीवणसिंह, खेतसिंह, सूरसिंह, लालसिंह, अखैसिंह।

जैतावत फतेसिंह, और रूपसिंह। जोधा भीमसिंह, चंद्रभाण, मोहनसिंह, जोगीदास, सकतसिंह, पृथ्वीसिंह। ऊदावत जगरामसिंह, रिदैराम, प्रतापसिंह, मानसिंह, विजैसिंह, दलेलसिंह, जूंझारसिंह और हरनाथसिंह आदि। चौहान फतेसिंह, लालसिंह, अजबसिंह इत्यादि सुभटों के साथ ३०००० सेना से महाराजा ने प्रयाण किया, किले को घेरा। सूबहदार महराब खाँ घबरा गया। उसने कहा कि आप बचावें तो बच सकता हूँ। उस समय दुर्गादास ने युद्ध को रोका और महराब खाँ को धर्मद्वार पहुँचाया अर्थात् शरण दिया। वह गढ छोड़कर चला गया। सवत् १७६५ की श्रावण * १३ रविवार को कन्या लग्न में जोधपुर लिया और जैसिंहजी को सूरसागर में आश्रय दिया।

इति त्रयोविंश प्रकाश

जैसिंहजी ने महाराजा से अपनी जन्मभूमि के लिये कहा, तब महाराजा उनको साथ लेकर जैपुर की तरफ चले। मेड़ते मुकाम हुआ। वहाँ से महाराजा अजमेर गए। अजमेर को घेर लिया। वहाँ से पेशकसी लेकर साँभर गए। साँभर के थानेदार ने बादशाह से सहायता की प्रार्थना की। सहायतार्थ सात सूबहदार साँभर आए। इधर महाराजा अजीतसिंहजी सेना लिए पहुँचे। साँभर के थानेदार ने कोट का आश्रय लिया। उधर से सैयदों की फौज आई, इधर से महाराजा की फौज बढ़ी, जिसमें कछवाहे भी शामिल थे। शत्रु-सेना के साथ घमासान युद्ध हुआ। इस युद्ध में कूपावत भीमसिंह मारा गया। उधर सैयद हुसेन आदि पंचहजारी छ:हजारी मारे गए। सात ही सूबहदार पराजित हुए। यह युद्ध दीपमालिका के दूसरे दिन प्रतिपदा (कार्तिक सुदि १) को हुआ। इस पराजय से घबराकर आँवेर का सूबहदार आँवेर छोड़कर चला गया और महाराजा मार्गशीर्ष मास में आँवेर गए। महाराजा जैसिंहजी को आँवेर की गद्दी बिठाकर जोधपुर आए। इस प्रकार साँभर लिया।

इति चतुर्विंश प्रकाश

• आलमशाह कामबख्श को मारकर दक्षिण से वापिस आया। उस समय वह साँभर पर महाराजा का अधिकार हुआ सुन मन में दुःखित हुआ। उस समय अजीतसिंहजी ने योग्य मंत्री चाहा और दीपावत भंडारी रघुनाथ को हुजदार व खेमसी को सं० १७६६ की भादों सुदि ६ को दीवान बनाया

* मूल ग्रथ में शुक्ल या कृष्ण लिखना छूट गया है—"तिथ तेरस पख तरणि वार सुभकरण चद्रवर"।

और नागौर पर चढ़ाई की। नागौर को घेर लिया। इद्रसिंह पैरों पर आ पड़ा और दिल्ली गया। आलमशाह दिल्ली से रवाना हुआ। इधर महाराजा सेना लेकर रवाना हुए, उधर से आंबेर का राजा सेना लेकर आया। कोलिया में मुकाम हुआ। इधर से आलमशाह अजमेर आया और अजीतसिंहजी का बल देखकर पुत्र अजीम को बुलाया। उसकी सलाह से चेला नाहरखाँन को भेजा। वह कोल पंजा लिए आया। बादशाह का कोल पंजा दिखाया। उसे देख महाराजा अजीतसिहजी और जैसिंहजी आषाढ़ वदि १ को अजमेर आए। बादशाह ने मारवाड़ सौंप दिया। महाराजा अजीतसिंहजी ने जैसिहजी को ढूंढाड़ का राज्य दिलवाया। बादशाह ने महाराजा को जर, जवाहिरात, हाथी, घोड़े और तोड़ा दिया। महाराजा मारवाड़ का नौमोहरा लेकर पुष्कर आए; दान-पुण्य किया। पुष्कर से महाराजा ने जैसिहजी को रवाना किया। श्रावण में महाराजा जोधपुर आए। दीपमालिका जोधपुर में करके हरिद्वार जाने के लिये वे सवार हुए।

हेमंत और शिशिर मेड़ते में ठहरे। उस समय खीची सिवा ने अर्जी की कि अभैसिंहजी आपके पुत्र अवतारी पुरुष हैं। गोड़ केसरीसिह ने विवाह-दिन लिखकर भेजा। महाराजा ने गोड़ रानी के साथ विवाह किया और मारोठ पर अपना अधिकार कर लिया। तदनतर महाराजा कुरुक्षेत्र गए। वहाँ से बरफ के देश नाहन आदि में गए। वहाँ के राजाओं को सर किया और दंड लिया। शिशिर ऋतु में महाराजा उधर से हरिद्वार आए, वहाँ अनेक दान दिए। वहाँ से मारवाड़ आए। होली का त्यौहार जोधपुर में हुआ।

आलमशाह चैत्र में मर गया, तब उसके पुत्र सब युद्ध करने को तैयार होकर आए। यह खबर जोधपुर में आई। उस समय महाराजा ने भंडारी खीमसी को बादशाह की सेना में रख छोड़ा था। उसके साथ पंचोली गुलालचंद था। उन्होंने महाराजा को पत्र लिखकर भेजे कि दिल्ली का तख्त मौजुद्दीन ने ले लिया है। भंडारी खीमसी को बुलाकर उसने पूछा कि क्या तुम प्रसन्न हो। उसने स्वामि-भक्ति दिखाकर बादशाह को प्रसन्न किया। बादशाह ने महाराजा को गुजरात का सूबा दिया। महाराजा ने सं० १७६९ की वर्षा और शरद् ऋतु मारवाड़ में व्यतीत की। मगसर में गुजरात की भूमि देखने को महाराजा ने अपनी सेना भेजी। इसी अर्से में सैयदों को साथ लेकर फरुँखसियर मौजुद्दीन पर चढ़कर आया। मौजुद्दीन को मारकर वह बादशाह बन गया। इसने जुल-

फिकारखाँ को माघ मास में मार डाला और सैयदों का बल बढ़ा। मोहकमसिंह सैयदों से मिला और उनकी हाजरी साधने लगा। यह खबर महाराजा के पास आई। व्यास दीपचंद ने मोहकमसिंह का सब वृत्तांत महाराजा से कहा। महाराजा ने भाटी नाहर और अमरा को बुलाया और इनको मोहकमसिंह को मारने को कहा। इन्होंने स्वीकार किया। इनके साथ महेचा करणसिंह, धवेचा नाथा और अमरसिंह, चापावत भीम का पुत्र खेमसिंह, भाटी जगत्‌सिंह, डूंगरसिंह, इनके सिवा ६० सुभट और भी लिए गए। इन्होंने मोहकमसिंह को दिल्ली में भादों मास में मार लिया। बादशाह सुनकर क्रुद्ध हुआ।

इति पंचविंश प्रकाश

मोहकमसिंह को मारने से महाराजा प्रसन्न हुए। सैयद हसनअली खाँ इस बात से क्रुद्ध हो सेना लेकर मारवाड़ पर आया। वह सं० १७७० के वैशाख में अजमेर आया। महाराजा मुकाबला करने को ६०००० सेना लेकर रवाना हुए। जनाना और महाराजकुमार को सिवाने भेज दिया। महाराजा ने सधि करने के लिये मियाँ को बुलाया; परतु प्रीति का बरताव नहीं हुआ; क्योंकि मिया कपट से भरा हुआ था। तब महाराजा वापिस जोधपुर चले आए, गढ़ का पूरा प्रबध किया। किले का प्रबंध चापावत जोगीदासोत भूपालसिंह के जिम्मे किया। दूसरा हरिसिंह खान का पुत्र, उगड़ो सबलसिंह का पुत्र, ऊदावत सुभराम जगराम का पुत्र, कूपावत किसनदास, तेजसिंह मेघसिंहोत, ऊहड़ हरिसिंह, ईंदा भोजा, रामसिंह और देदो, जोधा हरिसिंह मानसिंहोत, दयालदास, खूमाणा सबलसिंह, राजसिंह और भगवानदास २००० सुभटों सहित। सधि का पैगाम सैयद के पास गया तब उसने कहा कि महाराजा बादशाह से मिलें तभी बादशाही सेना वापिस लौट सकती है। तब सरदार और मंत्री सब महाराजा की रक्षा के लिये उपाय सोचते हैं कि यवनों को हमारा विश्वास नहीं है। वहाँ भडारी खीमसी बोला कि महाराजा के स्थान में महाराजकुमार बादशाह के पास जायँ तब तो यह चिंता मिट सकती है। क्योंकि इनका जन्म हुआ है तब से प्रताप बढ़ता ही चला जाता है और सब संताप मिट गया है।

यह सुनकर सब उमरावों ने कहा कि वाह वाह! यह सलाह बहुत नेक है। महाराजा ने भी इस सलाह को पसद किया। उस समय बारहठ केसरीसिंह ने कहा कि पहले भी ऐसा हुआ है। दौलतखान सेखा के

सहायतार्थ आया था तब राव गांगाजी ने कुँवर मालदेव को बुलाकर सेनापति किया था। उसने सेखा को मारकर दौलतखान को लूट लिया था। कुँवर को जल्दी बुलाया जाय, इसमें देर न की जाय। यह सुन भंडारी खींमसी ने केहर बारहठ से हाथ मिलाया और हर्षित हुआ।

महाराजा ने कुँवर अभैसिंहजी को अपने पास बुलाया। वे तुरंत महाराजा के चरणों में आ उपस्थित हुए। महाराजा ने कुँवर से कहा कि तुम्हारे बिना यह संकट मिटने का नहीं है। उस समय महाराजा के मन में दुविधा लगी। महाराजकुमार सुकुमार बालक हैं और उधर शत्रु महाबलवान् है। परतु कुँवर का प्रताप देखकर मन में प्रसन्न हैं। उस समय इंद्रभाण भाटी को बुलाया। वह भीम का पुत्र आकर हाजिर हुआ। महाराजकुमार हाथ जोड़कर सामने खड़े हुए। उस समय यह दृश्य ऐसा था कि मानों दशरथ के सामने रामचद्र खड़े हैं। महाराजकुमार प्रणाम करके सवार हुए। सैयद महाराजकुमार के आ जाने से शांत हो गया और मन मे प्रसन्न हुआ और महाराजकुमार को लेकर वापिस लौट गया। महाराजकुमार के साथ ये थे—भीम का पुत्र भाटी इद्रभाण जिसके साथ ४००० सेना थी, दूसरा भंडारी खीमसी, गुलालचंद कायस्थ। संवत् १७७० के आषाढ़ के अतिम समय में महाराजकुमार दिल्ली पहुँचे और बादशाह के दरबार में गए। बादशाह ने इनका आदर किया और गुजरात का सूबा दिया। गुजरात का सूबा लेकर महाराजकुमार अपने डेरे पर आए। मारवाड़ में इस बात की बड़ी खुशी हुई। अहमदाबाद के सूबा पर अधिकार करने के लिये महाराजा ने दानसिंह के पुत्र सकतसिंह आईदानोत को बुलाया और खेतल (खीमसी) का पुत्र विजैराव बुलाया गया। इनको गुजरात के सूबा पर भेजा। महाराजा जोधपुर में हैं, ये अहंमदावाद गए हैं। महाराजकुमार दिल्ली में हैं। आसोज में महाराजकुँवर को फिर मान देने के लिये बुलाया। जवाहिरात, हाथी, सिरपेच, नोबत, मोतियों की माला और पाँचहजारी मन्सब दिया। हसनअली खाँ और अबदुल्ला खाँ दोनों इनसे राजी हैं।

जेठ मास में महाराजकुमार बादशाह से बिदा होकर जोधपुर आए। महाराजा ने मोतियों से वधाया।

इति षड्विंश प्रकाश

संवत् १७७२ में महाराजा अजीतसिंहजी गुजरात के सूबा पर गए। महाराजकुँमार साथ थे। भादों मास में जालोर डेरा हुआ। नीवज

का सकतसिंह देवड़ा किसी को धारता नहीं था। वह महाराजा के पैरों पड़ा। उसने पेशकसी देना स्वीकृत किया। सीरोही से पालनपुर गए वहाँ पीरोज खाँ था। वह सामने आकर मिला। वहाँ से थिराध गए। वहाँ का राणा चौहान पंचाऊण था। वह भी पैरों में आ पड़ा। एक लाख रुपए और ५० घोड़े उससे दड के लिए गए। वहाँ से कमोई गए। वहाँ का मालिक कोली खींवकरण था। उससे पेशकशी लेकर पाटण गए। रास्ते में जितने बाँके थे उनको सीधा करके फाल्गुन में शाहीबाग में जाकर डेरा किया। वहाँ भंडारी विजैराज और चापावत सकतसिंह महाराजा के पास आए। गुजरात को अधीन करके महाराजा जेठ महीने में अहमदाबाद के कोट में दाखिल हुए। यहाँ से महाराजा ने भंडारी खीमसी के पुत्र थानसिंह, विजैराज और चापावत सकतसिंह को राजपीपले पर भेजा।

इति सप्तविंश प्रकाश

महाराजा ने नागोर लेने के निमित्त इनको भेजा—जोधा भीमसिंह रणछोड़दासोत, ऊदावत अमरसिंह कुसलसिंहोत, चापावत हरिसिंह, किसनसिह जसवंतोत, भाटी भीम का पुत्र इंद्रभाण, हरिसिंह माधोसिंहोत, कूंपावत कान्हसिह रामसिंहोत, करमसोत अजबसिह, मुहता जीवणदास, माधोदास चदोत कायस्थ, सोजत से भडारी सारंगधर, मेडता से भडारी पोमसिंह, इन्होंने जाकर नागोर को घेरा। इद्रसिह बड़ी सेना देखकर नागोर महाराज को देकर शरण आ गया। स० १७७३ श्रावण सुदि ३ को इंद्रसिंह ने नागोर छोड़ा।

इति अष्टविंश प्रकाश

महाराजा ने नागोर पर अधिकार करके चापावत और भाटियों को जैतावत अर्जुनसिंह पर जाने की आज्ञा की। भाटी खेतसी, जीवणदास, हरदास और चापावत हरिसिंह किशनसिंह, केसरीसिंह, हरिसिंह के पुत्र सूजा और सहँसमल सांवलदास का पुत्र रासा, इनके जाते ही अर्जुनसिह गढ़ छोड़कर भागा। चापावत हरिसिंह इसके पीछे गया। पहाड़ों मे जाते अर्जुनसिह के पास वे पहुँचे। वहाँ भी यह पहाड़ को पार करके निकल गया, परतु हरिसिंह इसकी पीठ पर लग गया। दोनों की मुठभेड़ हुई। एक घड़ी तलवार चली। इस लड़ाई में अर्जुनसिंह और दलथंभण दोनों मारे गए। शत्रु को मारकर भाटी और चापावत लौट कर आए। महाराज-

कुमार अभैसिंहजी नागोर आए और इंद्रसिंहजी भाग कर कोट गए। महाराजा का विचार शत्रु को निर्मूल करने का हुआ तब इंद्रसिंह के पीछे इनको भेजा। जोधा दुरजणसाल साबलसिंहोत, उसका भाई फतैसिंह, मुहकमसिंह, उसका पुत्र सूरसिंह, महवेचा वैरीसिंह। दुर्जणसाल शत्रु की पीठ पर चला। इंद्रसिंह दिल्ली जाता था। उसका मुकाम कासली गाँव (ढूँढाड़) में हुआ। वहाँ दुर्जणसाल शत्रु के पास पहुँचा। पिछली रात्रि में दुर्जणसाल ने शत्रु पर आक्रमण किया। युद्ध हुआ। इस लड़ाई में सूरसिंह के हाथ इंद्रसिंह का पुत्र मोहणसिंह मारा गया। इंद्रसिंह भाग गया। महाराजा के सुभट विजय पाकर आए। हरिसिंह शत्रु को मारकर दक्षिण से आया। दुर्जणसाल पूर्व से जय पाकर आया। यह खबर गुजरात में महाराजा के पास पहुँची तब महाराजा ने दोनों को अहमदाबाद बुलाया।

इति एकोनत्रिंश प्रकाश

संवत् १७७२ में महाराजा सब शत्रुओं को विजय करके द्वारका दर्शन को चैत्र सुदि में रवाना हुए। मार्ग में हलवद आए। वहाँ का स्वामी झाला जसा मद-मुक्त किया गया। इस पर महाराजा ने भंडारी थानसी को भेजा था। उसने पुर को विध्वस्त करके थाना बिठा दिया। हलवद का स्वामी महाराजा के साथ हुआ। तदनंतर जामनगर को जा घेरा जिससे तमाइची जाम घबराया और हाथ जोड़कर सामने आ खड़ा हुआ। तीन लाख रुपए नक्द और २५ घोड़े भेंट किए। ज्येष्ठ मास में द्वारका पहुँचे। इस यात्रा में जनाना और महाराजकुमार भी साथ थे। इस यात्रा में महाराजा के साथ साठ हजार मनुष्य थे।

इति त्रिंश प्रकाश

सं० १७७३ (४) की श्रावण बदी में महाराजा जोधपुर आए। इसी वर्ष में सैयदों और मुगलों में परस्पर विरोध हुआ। सैयद हसनअली दक्षिण में और अबदुल्ला खाँ दरगाह में था। बादशाह भी इनसे नाराज हो गया। अबदुल्ला खाँ घबराया। उसने महाराजा से सब वृत्तात कहा। महाराजा ने विचार किया कि इसने मुझको भाई कहा है। इसके और बादशाह के मनोराग है। इधर अबदुल्ला खाँ के पत्र आते हैं, उधर बादशाह के आज्ञापत्र आते हैं। तब महाराजा ने दिल्ली जाने का विचार किया। जोधपुर से डेरा राई के बाग हुआ। वहाँ देवड़ा नारायणदास की बेटी का डोला आया। महाराजा ने उस कन्या का पाणिग्रहण किया। वहाँ से

नागोर, नागोर से मेड़ते, वहाँ से पोकर आए। वहाँ बहुत दान-पुण्य किया। वहाँ से दिल्ली गए। दिल्ली से दस कोस पर अलावरदी सराय में डेरा किया। महाराजा के आने से सैयदों को बड़ी खुशी हुई और मुगलों के मुख मुरझा गए। सैयद ने अपने पुत्र को महाराजा के सामने स्वागतार्थ भेजा। बादशाह को वह बुरा मालूम हुआ। महाराजा एक मास तक उसी सराय में ठहरे। उधर बादशाह से जैपुर के राजा जैसिंहजी ने मेल किया। इधर सैयदों ने अजीतसिंह जी को अपने पक्ष में लिया। इस तरह दुराजा हो गया। उस अवसर पर बादशाह ने ईरानियों से सलाह करके इतकादखाँ को भादों सुदी ७ को महाराजा के पास भेजा। वह बादशाह का फरमान लेकर आया और उसके साथ जवाहिरात लाया। बादशाह के मन में घात करने की है और जाहिरा मित्रता दिखाता है। इतकाद खाँ ने महाराजा से कहा कि यदि आप हजरत से मेल रखेंगे तो आप सर्वोपरि हो जायँगे। तब महाराजा ने इतकाद खाँ से कहा कि सैयदों के खड्गबल से मौजुद्दीन मारा गया और जुलफिकार खाँ जैसे शत्रु हटाए गए हैं। इनको हितैषी समझना चाहिए। इतकाद खाँ ने महाराज से एकांत में इस प्रकार की वार्त्ता करके बादशाह से मेल के लिये कहा भी; परंतु बादशाह ने ध्यान नहीं दिया। बादशाह ने ईरानियों से सलाह करके खानदौरा को कोटे के राव भीम हाडा के साथ भेजा। भीम ने महाराजा को बादशाह से मिलने के लिये कहा। महाराजा जाने को तैयार हुए। उस समय महाराजा के साथ ये थे—

जेसलमेर का विसनसिंह, देरावर का स्वामी पदमसिंह, उदयपुर का फतेसिंह महाराणा राजसिंह का पुत्र, सीतामहू का राठोड़ मानसिंह, चंद्रावत राव गोपालदास, खाडेला का स्वामी उदयसिंह, मनहरपुर का स्वामी सकतसिंह, कछवाहा आना का पुत्र किसनसिंह। इनके साथ महाराजा बादशाह के दरबार में गए। बादशाह के मन में कुटिलता थी, परंतु जाहिरा प्रीति दिखाई। उस समय बादशाह ने इनको सबसे ऊपर का कुरब दिया।

आदिलखाँ हफ्तहजारी था, उससे भी ऊपर का कुरब दिया। एक करोड़ दाम इनायत किए। दो हजार घोड़े दोअस्पा किए गए। मुरातब में मस्त हाथी, पाँच रंग के वस्त्रों का खलीता, तलवार, खंजर, सिरपेच, कलंगी, मोतियों की दुलड़ी माला। इस प्रकार सम्मानित होकर महाराजा डेरे पर आए। इतने में मोतीबाग से अबदुल्ला खाँ के दूत आए। उन्होंने कहा कि अबदुल्ला खाँ आपसे मिलना चाहता है। महाराजा उसके बाग में गए।

अबदुल्ला सामने आया और अपने स्थान पर ले गया। वहाँ उसका समस्त कुटुंब महाराजा से मिला। महाराजा ने उन सब का मधुर वचनों से सत्कार किया। तब अबदुल्ला खाँ ने कहा कि ये सब आप ही के फरजंद हैं। लज्जा आपके हाथ है। पाँचहजारी मन्सबदार तक के सैयदों ने महाराजा को प्रणाम किया। अबदुल्ला खाँ ने अच्छे घोड़े, दो खासा हाथी, तोरा, सात दुशाले, सात ही प्रकार के जवाहिरात की रकमें, मोतियों की माला, सिरपेच, जड़ाऊ कलंगी, जड़ाऊ खजर, ये महाराजा के नजर किए और बड़े प्रेम की बातें कीं। ये समाचार बादशाह और नवाबों ने सुने। फिर महाराजा अपने डेरे पर आए। ईरानी इस बात से जल मरे। बादशाह भी मन में घबराया। महाराजा बादशाह की कुछ परवा नहीं करते हैं।

महाराजा ने उस समय अपना एक डेरा खड़ा किया जिसके रूपे की चोमें हैं, दुहरे पर्दे हैं, जो पाँच तह के हैं। शिखर पर कलिंद्री शोभा दे रही है। हजारों फरियाँ लगी हैं। उस डेरे के अंदर महाराजा ने दरबार किया। कवींद्रों ने उस समय आपका विरुद पढ़ा। महाराजा ने सब उमरावों को द्विगुण द्रव्य दिया। जैसिंहजी आदि सब राजा हार मानकर लज्जित हुए। मुगलों के हृदय में अबदुल्ला एक शल्य हो गया। महाराजा और नवाब दोनों एक हो गए। तब बादशाह पौष सुदी ३ को महाराज के डेरे पर आया। अबदुल्ला खाँ ने सब इंतिजाम किया। एक लाख रुपयों की चौकी बनाई गई। हाथी, घोड़े, जवाहिरात बादशाह के नजर किए। फाल्गुन मास में महाराजा और अबदुल्ला खाँ बादशाह के दरबार में गए। महाराजा नवाब के साथ वापिस डेरे पर आए। उस समय उसका भाई हसनअली खाँ दक्षिण में था। अबदुल्ला खाँ ने उसे पत्र लिखकर भेजा कि बादशाह मुझे मारने के विचार में है। महाराजा अजीतसिंहजी मेरे शामिल हैं। यह पत्र पढ़कर उसने दूतों द्वारा पत्र भेजा और लिखा कि मैं आता हूँ। हसनअली खाँ दक्षिण से रवाना होकर २४वें दिन दिल्ली आया। दिल्ली में इस प्रकार का उत्पात खड़ा हुआ। बादशाह घबराया। दूसरे दिन महाराजा अजीतसिंहजी से हसनअली ने सलाह की और उसी दिन पैंड़ पैंड पर अपनी चौकियाँ रखकर बादशाह के दरबार में गया। महाराजा अजीतसिंहजी उसके साथ में थे। महाराजा को पूछ, बादशाह को पकड़कर कैद कर लिया और मार डाला और दूसरा बादशाह बना दिया, जिसका नाम रफीउद्दरजात था। बादशाह दूसरा हो गया तब जैसिंहजी वहाँ से चुपचाप निकल गए। अब राजा लोग महाराजा के द्वार पर आते हैं। बादशाहत

तीनों के हाथ में है। एक तो महाराजा अजीतसिंहजी और दो सैयद भाई। दोनों सैयद भाई अजीतसिंहजी के गुण गाते हैं और मोतियों से वधाते हैं। दूसरा बादशाह चार महीने में मर गया, तब तीसरा बादशाह बनाया गया। उसका नाम रफीउद्दौला था। ईरानी मुगलों ने आगरे के अंदर बखेड़ा किया। दूसरा बादशाह नेकुशाह नामक आगरे के तख्त पर बिठा दिया गया। यह सुनते ही हसनअली खाँ फौज लेकर आगरे की तरफ रवाना हुआ और दिल्ली में महाराजा रहे। अबदुल्ला खाँ और महाराजा दिल्ली में हैं। दिल्ली का भार इनकी भुजाओं पर है। बादशाह और हसनअली खाँ आगरे आए। बादशाह नेकुशाह को भादों में पकड़ कर कैद कर लिया और उसके पुत्र और भतीजों को पकड़कर दिल्ली ले गया। इसी अर्से में रफीउद्दौला भी मर गया। तब महाराजा अजीतसिंहजी ने अच्छा मुहूर्त्त देखकर तीसरे बादशाह मुहम्मदशाह को तख्त पर बिठाया।

इति एकत्रिंश प्रकाश

जैसिंहजी फरुखसियर के मारे जाने पर जैपुर चले आए थे, जिससे सैयद उस पर कुपित हुए, और हसनअली खाँ फौज लेकर जैपुर की तरफ चला। बादशाह फतेपुर सीकरी में आया। उस समय जैसिंहजी के ६ उमराव महाराजा के शरण आए और बड़ी नम्रता और शिष्टाचारी की। उस समय महाराजा अजीतसिंहजी ने उसकी सहायता की। सैयद को ज्यों त्यों समझाकर वापिस लौटाया। जैसिंहजी घबरा रहे थे। उस समय महाराजा ने चांपावत हरनाथसिंह और भंडारी थानसी को भेजकर उनको संतोष दिलाया।

मुहम्मद शाह को तख्त पर बिठा, जैसिंहजी का आपदा से उद्धार कर महाराजा ने बादशाह से विदा माँगी। अहमदाबाद और अजमेर का पट्टा लिखाकर महाराजा दिल्ली से रवाना हुए। जैसिंहजी आपकी सेवा में साथ रहे, दूसरे बूँदी के हाडा राव बुधसिंहजी हैं। आते समय मनोहरपुर में विवाह किया। मार्गशीर्ष मास में महाराजा बूँदी और जैपुर के राजाओं के साथ जोधपुर आए। सांगा राणा की चौकी पर मेड़तिया अभैसिंह था, जो सैयदों के लिये शल्य था, परंतु महाराजा की सेवा करता था। जैसिंहजी सूरसागर में रहे। बुधसिंहजी और अभैसिंहजी भी जोधपुर मे कई दिन रहे। वसंत ऋतु का आगमन हुआ। चैत्र मास में महाराजा की कन्या सूरजकँवरी जैसिंहजी को सं० १७७६ ज्येष्ठ वदि ९ को व्याही गई थी। परंतु अपने

सामंत गण और मुत्सद्दियों से पहले सम्मति ली गई:—जैसे प्रधान चांपावत माधोसिंह, भंडारी खींवसी, दीवान भंडारी रुघनाथ, पुरोहित, व्यास और बारहठ, जेसलमेर के रावल अमरसिंहजी की भी संमति ली गई।

इति द्वात्रिंश प्रकाश

चातुर्मास आ गया है। आंबेर और बूँदीपति जोधपुर में महाराजा की सेवा करते हैं।

इस वर्ष में ईरानी मुगलों ने छल-कपट करके हसनअली खाँ को मार दिया। यह खबर जोधपुर में आई तब महाराजा ने जैसिंहजी को आंबेर भेज दिया और आप कार्तिक वदि १२ को अजमेर लेने को चले। मेड़ते में मुकाम किया, छः मास वहाँ ठहरे, सेना एकत्र की, ग्रीष्म ऋतु में जाकर अजमेर ले लिया। महाराजा ने अजमेर पर अधिकार किया, तब अजमेर के मंदिरों में घंटा-झालर आदि बजने लगे। मसजिदों में मुल्लों का बाँग (अजाँ) देना बंद हो गया। देवों की पूजा होने लगी, पीरों की पूजा बंद हो गई। बादशाह को यह खबर लगी।

इति त्रयस्त्रिंश प्रकाश

संवत् १७७८ में बादशाह ने मुदफ्फर खाँ को अजमेर पर भेजा। वह वर्षा ऋतु में अजमेर आया। महाराजा ने उसके मुकाबले में महाराजकुमार अभैसिंहजी को तैयार किया। आठों मिसल के सरदार उनके साथ दिए। तीन हजार सेना लेकर अभैसिंहजी चले। महाराजकुमार के दक्षिण भाग में चाँपावत, कूंपावत और भाटी। अग्रभाग में जैतावत, जोधा, मेड़तिया, ऊदावत और करमसोत। एक श्रेणी में चौहान, जैतमाल, बाला, ईंदा, ऊहड़, खूमाण, पँवार, सोनिगरा, देवड़ा, खीची, धांधल, गोगादे देवराजोत, मडला खेतसीयोत, पड़िहार, पातावत, भदावत, रूपावत, वैसे ही पुरोहित, व्यास, मंत्री और बारहट, चेला, सिंधी, अरब। राठोड़ों की जोर शोर की चढ़ाई सुनकर मुदफ्फर खाँ भाग कर आँबेर में जा घुसा। खुद मुदफ्फर खाँ तो वहाँ से दिल्ली को चला गया। सेना को छोड़ गया। तब जैसिंहजी घबराए। महाराजकुमार की विजय हुई सुनकर महाराजा हर्षित हुए। महाराजकुमार आँबेर से आगे बढ़ शाहजहाँपुर गए। उसे लूट वहाँ से नारनौल गए। उसे लूटकर महाराजकुमार त्रिवेणी स्नान करने गए।

इति चतुस्त्रिंश प्रकाश

बादशाह इस आक्रमण को सुनकर घबराया। महाराजकुमार के प्रताप को सुनकर पाटण के स्वामी तुंवर बगसीराम ने अपनी कन्या महाराजकुमार को ब्याहने की इच्छा की। परंतु महाराजकुमार ने प्रथम खाटू ब्याह किया, पश्चात् पाटण का विवाह हुआ। विवाह करके राजकुमार साँभर आया। मुसलमानों को मार भगाया। तदनंतर लदाणे के स्वामी नरूका केसरीसिंह की कन्या के साथ विवाह हुआ।

इति पंचत्रिंश प्रकाश

साँभर राठोड़ों ने ले लिया है यह सुनकर बादशाह ने चेला नाहरखान को भेजा। महाराजा भी सेना लेकर महाराजकुमार से मिलने के लिये साँभर आए। महाराजा ने राजकुमार को घर जाने की आज्ञा दी। वे अजमेर आए। माता चौहानजी से मिले। पुत्रवधुओं ने सासू के चरण स्पर्श किए। वहाँ से राजकुमार जोधपुर आए।

चेला नाहरखान महाराजा के पास साँभर गया। उसने महाराजा के सामने साभिमान वचन कहे और डेरे पर चला गया। महाराजा ने उसे मारने के लिये फौज भेज दी। नाहरखान के साथ चार हजार सेना थी। वह मारी गई और नाहरखान भी मारा गया।

इति षट्त्रिंश प्रकाश

साँभर के मुकाम पर ही चूड़ामणि का बेटा महाराजा के शरण आया। बादशाह ने उस समय अपने मंत्रियों से कहा कि साँभर गया, अजमेर गया, और नाहर खाँ मारा गया। अजीतसिंह को दंड देना चाहिए। यह विचार करके काबुली हैदरकुली खाँ और इरादतवंद खाँ को सेना देकर भेजा। जैपुर महाराजा जैसिंहजी नवाब के साथ हुए। जैसिंहजी और नवाब बादशाही सेना लेकर आए। महाराजा भी आठ कोस साँभर से सामने गए। उस समय सामंतों ने तो कहा कि कल प्रातःकाल होते ही युद्ध करेंगे, परंतु भंडारी खीमसी और पुरोहित राजसिंह ने अर्ज की कि शत्रु की सेना बहुत अधिक है। इस समय युद्ध करना ठीक नहीं है। लूट-मार करना भला है। महाराणा प्रताप ने जन्म भर लूट-मार की। राव मालदेवजी ने भी यही काम किया। इस समय आपको ऐसा ही करना चाहिए। लूट-मार करने में कोई अकीर्त्ति नहीं है, और हानि भी नहीं है। महाराजा जसवंतसिंहजी ने भी औरंगजेब के साथ क्या किया था, जिनसे कि औरंगजेब घबराता था। जैसा मौका हो वैसा करना चाहिए। दैवगति सदा

बलवती है। महाराजा ने उनकी अर्ज मान कर सामंतों से कहा कि इस समय लूट-मार करना ही ठीक है। फिर लूट-मार शुरू कर दी और अजमेर आए। अजमेर के क़िले को दृढ़ किया और उसमें अपने सामंतों को रख दिया और ऊदावत अमरसिंह को वहाँ का प्रधान नियत किया।

ऊदावत जगराम का पुत्र अमरसिंह, राजसिंह, मालमसिंह, जोधा बलदेवसिंह, अखैसिंह नाहरसिंहोत, चांपावत जगन्नाथ दानसिंहोत, कूंपावत हरभाण, मेड़तिया रामसिंह कल्याणसिंहोत। भीम रुघनाथसिंहोत, रामसिंह ईसरदासोत, चाँदसिंह विजैसिंहोत, ईसरदास विजैसिंहोत। चहुवाण तेजसिंह चाँदसिंहोत, भाटी उदयभाण जैतसिंहोत, भंडारी विजयराज, मूहणोत साँगो, कायस्थ माधू।

संवत् १७८० के श्रावण में मुसलमान चढ़कर अजमेर पर आए, गढ़ को घेरा। तारागढ़ बारूद के धुएँ से छा गया। चार महीने हो गए परंतु गढ़ शत्रुओं के हाथ नहीं आया। जैसिंहजी शत्रुसेना के साथ थे। वे भी हार गए। तब इन्होंने बादशाह को संधि के लिये लिखा। उसने महाराजा के नाम फरमान भेजा। हैदरकुली ने मध्यस्थ होकर संधि की और राठौड़ों से कहा कि अब तुम अजमेर छोड़ दो, बादशाह से प्रीति मत तोड़ो। इस अवसर पर महाराजा ने अमरसिंह को बुला लिया।

इति सप्तत्रिंश प्रकाश

महाराजा ने बादशाह से मिलने का विचार किया, तब उमरावों ने कहा कि आप महाराजकुमार को बादशाह के पास भेजें। महाराजा ने उनका कथन स्वीकृत कर महाराजकुमार को दिल्ली बादशाह के पास भेजा :—

उनके साथ चाँपावत हरनाथसिंह तेजसीयोत, सकतसिंह दानसिंहोत, जोरावरसिंह भाणोत, मालदेव विजयसिंहोत, किसनसिंह जसवंतोत, सूजा और सहसमल हरसिंहोत, रासौ साँमलोत, भैरवसिंह नाहरसिंहोत, करणोत चैनकरण दुरगदासोत, सिवसिंह खींवकरणोत, किसनकरण तेजकरणोत, जादव भाटी—सूजो साहिबसिंहोत, प्रतापसिंह इंद्रभाणोत, सूरसिंह और डूंगरसिंह नाहरसिंहोत, नाथो अमरसिंहोत, भींव रणछोड़दासोत, जीवणदास दुजनसलोत, हठीसिंह सूरावत, सामंतसिंह सूरावत, सुरतसिंह जैसावत, साहिबसिंह भाणोत, ऊदावत—अमरसिंह, जसवंतसिंह प्रतापसिंहोत, भाखरसिंह रिदैरामोत, सवाईसिंह मानसिंहोत, और इनके पुत्र, जोधा—प्रतापसिंह भीमोत, भीम, अर्जुनसिंह, राजसिंह किसनसिंहोत, अमरसिंह दलावत, दुरजणसाल सबलावत,

मेघराज, प्रतापसिंह किसनसिंहोत। मेड़तिया—पदमसिंह कल्याणोत, अजो विजावत, दलो जूंझावत, जैतो सूरसिंहोत, पृथ्वीसिंह और मुकनसिंह रामसिंहोत। कूंपावत कान्हसिंह, भाण फतैसिंहोत, देवीसिंह सामंतोत, सबलसिंह वाघोत, लूणो केसरीसिंहोत, चौहान—अजीतसिंह चतुरसिंहोत, प्रतापसिंह चतुरसिंहोत, हरिसिंह लालसिंहोत, करमसोत—फतैसिंह, दलो, रायसिंह कलावत, सिवसिंह माधोसिंहोत, उदैसिंह हरिसिंहोत, जैतावत अजबसिंह, हठीसिंह, उदयसिंह ये प्रतापसिंहोत. सावंतसिंह माधोसिंहोत, सकतसिंह वीठलदासोत, अचलसिंह, फतैसिंह, रुघनाथसिंह, रूपसिंहोत, महेचा—करनसिंह, धवेचा—अमरसिंह, ऊहड़—उदयसिंह, ईंदा-सामसिंह-जैतसिंहोत, मांगलिया—साहिबसिंह सुंदरदासोत, खूमाणा—हरिसिंह महेसोत, खीची—हरनाथसिंह, धांधल-केहर उदयसिंहोत, पड़िहार—सांवलदास जोगीदासोत, लादुसिंह जामसिंहोत, उदयसिंह जुगराजोत, धावड़—गूजर ठाकुरसी, मयाराम का पुत्र रायारांम, भंडारी रुघनाथ, मुहता गोपालदास कल्याणोत, मुहता गिरधरदास जीवराज का पुत्र, बारहठ—रुघनाथ, पुरोहित—सूरजमल अखावत, रावत जीवण दीपावत, सुरतो अणदावत।

मार्गशीर्ष सुदि ७ मंगलवार को महाराजकुमार रवाना हुए। दिल्ली गए, बादशाह से मिले, आंवेर राजा जयसिंहजी और कोटा रावजी से मिले।

इति अष्टत्रिंश प्रकाश

महाराजा अजीतसिंहजी देवलोक को सिधारे। संवत् १७८० आषाढ़ सुदि १३ मंगलवार को इनका अंतकाल हुआ। चंदन अगर इत्यादि के काठ की चिता रचाई गई। नाजर नथू ने रानियों से कहा कि राजा जाता है, तैयार होओ, सती होने को इतनी रानियां तैयार हुईं :—चौहान रानी राजमती, भटियाणी रानी लालां, ये दोनों पटरानियां थीं, राणी मिरघावती तुंवर, चावड़ी रानी, राणी भटियाणी देरावर, रानी सेखावत। पड़दायतें ५८ और नाजर नथू।

कवि कहता है कि इन रानियों ने स्नान करके शृंगार किया फिर नारायण का नामोच्चारण कर चलने की तैयारी की। महाराजा की वैकुंठी चली तब ये पालकियों मे बैठकर चलीं। कवि, पुरोहित, मंत्री, प्रधान, सब ने चौहान रानी से अर्ज किया कि आपके अभैसिंहजी जैसे पुत्र हैं, आप दान-पुण्य करो और अपने शरीर की रक्षा करो। रानी ने कहा कि काल संहार करता है। यह शरीर रहना नहीं है, फिर थोड़े काल के लिये पति विना जीना

धिक्कार है ऐसा कहकर उनको निरुत्तर किया। सतियों के आगे नकीब पुकारते हैं, बाजे बज रहे हैं, बड़ी धूमधाम से सवारी हुई। ब्राह्मण, गरीब, अनाथों को असंख्य द्रव्य लुटाया। हीरे, माणिक, मोती आदि लुटाए गए। चंदन, अगर आदि सुगंधित काष्ठ से चिता चुनी गई। चिता के मध्य में महाराजा बिठाए गए। छहों रानियों ने गंगाजल छिड़का, फिर परिक्रमा दे, खमा खमा करके वे चिता में बैठीं। ब्राह्मण राम ने आज्ञा दी तब चिता जलाई गई।

महाराजा अजीतसिंहजी का स्वर्गवास वर्ष ४५ तीन मास २० दिन से हुआ। महाराजा अभैसिंहजी को ये कुसमाचार मिले, तब जमना में जाकर स्नान किया और तिलांजलि दी। पिता के निमित्त अनेक दान दिए। लोकाचार में जैसिंहजी, कोटा रावजी और भदौद का राजा आए। जमना पर खानदौरां आदि मीर मिलने आए। बादशाह ने सांत्वना की, सवाई जयसिंहजी ने अपनी कन्या का संबंध महाराजा अभैसिंहजी के साथ वहीं किया। मथुरा में संवत् १७८१ के भादों वदि ८ को विवाह हुआ। विवाह करके मथुरा से वृंदावन गए। वहाँ बाई सूरजकुँवरजी को मिलने के लिये बुलाया, महाराजा जयसिंहजी को भी बुलाया, विवाह करके वापिस दिल्ली गए।

इति एकोनचत्वारिंश प्रकाश

महाराजा बादशाह से मिल बिदा लेकर शिशिर ऋतु में जोधपुर आए। पाँचवें दिन दरबार किया। सबका सत्कार कर दयालदास सिकदार को अपनी दरी पर बैठने का कुरब दिया। गोरखदास बारहठ को गाँव और उठने का कुरब दिया। बारहठ रघुनाथ को सोने की कंठी, मोती-कड़ा, पाँच घोड़े और गाँव दिया। और इन दोनों को कविराज की पदवी दी। खिड़िया बखता, और दधवाड़िया मुकन को शासन गाँव दिए। व्यास फतैराज और पुरोहित सूरजमल को उठने का कुरब दिया। प्रथम दरबार में उमराव, चारण, भाट, पुरोहित, सब को निवाजस हुई, उसका विवरण।

इति चत्वारिंश प्रकाश

अजीतसिंहजी ने अजमेर पर अधिकार किया तब बादशाह क्रुद्ध हुआ और अजमेर पर सेना देकर इरादतखाँ और बेगस को भेजा। जैसिंह जी सहायता में भेजे गए। ये इंद्रसिंह को लेकर नागोर आए। अजमेर छूटने के साथ नागोर भी दूसरों के हाथ में चला गया। होली के पश्चात् महाराजा अभैसिंहजी ने नागोर पर चढ़ाई की। जोधपुर से जैतारण डेरे हुए। बखतसिंहजी भी आपके साथ थे। जैतारण से मेड़ते डेरे हुए।

इंद्रसिंहजी को दिल्ली और कछवाहों की मदद थी, जिससे उन्होंने कठोर उत्तर दिया। महाराजा ने बड़े जोर-शोर से आक्रमण किया तब वह नागोर छोड़कर दिल्ली की तरफ चले गए। महाराजा नागोर पर अधिकार करके मेड़ते आए। अब संवत् १७८२ के वर्ष का आरंभ हुआ। महाराजा ने छोटे भाई बखतसिंहजी को बुलाया और उनको सवालख देश दिया और नागोर भेजा। महाराजा जैतारण आए। जोधपुर के थाने में चौहान प्रतापसिंह को रखा। उसी अर्से में बादशाह ने सेरबिलंद को गुजरात के सूबा पर भेजा। वह रवाना होकर मारवाड़ के मार्ग आया। महाराजा शरद्-ऋतु के अनंतर मगसर में जालोर गए। वहाँ के भोमिया आसियों को दबाया। वे पैरों आ पड़े। बाला, देवड़ा, सींधल, बोड़ा, बालीसा, देवल, राड़दडा, सोढा, चौहान, आदि ने सेवा करना स्वीकार किया। जालोर से महाराजा सिवाना आए। वहाँ से सं० १७८३ के श्रावण में जोधपुर आए।

इति एकचत्वारिंश प्रकाश

शीतकाल में महाराजा दिल्ली को जाने के लिये रवाना हुए। जैतारण मुकाम हुआ। वहाँ से मेड़ते, मेड़ते से परबतसर। यहाँ महाराजा को शीतला का रोग हुआ। शीतला का रोग निवृत्त होने पर परबतसर से जैपुर गए। वहाँ ससुराल होने से कुछ दिन ठहरे। वहाँ से बसंत के अंत में दिल्ली गए। बादशाह से मिले। बादशाह ने बड़ा मान दिया। संवत् १७८४ के वर्ष का आरंभ हुआ। एक वर्ष के अनतर महाराजा ने घर जाने की इजाजत माँगी। बादशाह ने इजाजत नहीं दी, क्योंकि गुजरात में सेरबिलंद जोर पकड़ गया था। गुजरात उसने दबा लिया था। उसने कोली, मंडलीक, झाला, चूडासमा, बाघेल, गोहिलवाड़ के गोहिल आदि को विजय करके बराड़ का घाटा जा दबाया था। इसने मरहठों को अपनी तलवार के बल मर्यादा मे रखा था। सं० १७८५ में मुहम्मदशाह मन में विचार करने लगा—उत्तर में जकरियाखान स्वतंत्र हो गया है, पूर्व में सादितखान, दक्षिण में निजामुलमुल्क ने अपनी आज्ञा प्रवृत्त की। गुजरात में सेरबिलंदखाँ ने अपना कपट प्रकट किया। एक दिन बादशाह ने दरबार किया। सत्तरखान और बहत्तर उमरावों को बुलाया। उस दरबार में कमरदीखाँ, खानदौरा, तुर्राबाज बक्स आदि बारह बारह हजारी मन्सबदार खड़े हैं। उनमें एक मारवाड़ के राजा भी हैं। बादशाह ने सबके सामने

कहा कि सेरविलंद पर जाने का बीड़ा लो। वहाँ ईरानी, तूरानी, जवन, दुरास, प्रलासी, मकरांणी, हरैबी, सिंधी, अरबी, गक्खड़, खुरासाणी, रहमान, अखूनी, सीदी, हबशी, राफसी, सुन्नी, मीरपाक, ऐराक, मकाई, तुरक, गुरजस, थासीताई, बलखी, सैयद, पठान, मुगल, खारी, बुखारी, काबली, खंधारी, आदि सब उपस्थित थे। परंतु किसी ने बीड़ा नहीं लिया, दरबार खतम हुआ। बादशाह ने अंदर जाकर कमरदीखाँ को बुलाया और उससे कहा कि कोई बीड़ा नहीं लेता है क्या किया जाय? तब कमरदीखाँ ने कहा कि इस समय तो हमें अजीतसिंह का पुत्र अभयसिंह दीखता है। उसके बिना सेर-विलंद पर कौन जा सकता है? यह सुन बादशाह ने प्रातःकाल होते ही महाराजा अभयसिंहजी को बुलाया और कहा कि सेरविलंद हुक्म नहीं मानता है उस पर जाने के लिए मैं बीड़ा देता हूँ। तुम जाओ, बाकी दीवान कहेगा। यह कहकर बीड़ा दिया और उसके साथ गुजरात के सूबा का पट्टा दिया, और खिलअत, हाथी, घोड़े, नकद, तोरा, सात वस्त्र, मोतियों की माला, सिरपेच देकर महाराजा को आषाढ़ में बिदा किया। महाराजा मारवाड़ की तरफ चले। प्रथम जैपुर आए, श्रावण में वहीं ठहरे। वहाँ से मेड़ते भाद्रपद में आए। मार्गशीर्ष में महाराजा मेड़ते से जोधपुर आए। मार्गशीर्ष और फाल्गुन मास के मध्य चार विवाह हुए। जेसलमेर के ईसरदास की बेटी, भाटी नाहरखांन की बेटी, रावल माधोसिंह की बेटी और जोरावरसिंह की बेटी। जनाना की निगरानी पर नाजर दौलतराम रखा गया। दिल्ली बादशाह के पास खीमसी के पुत्र अमरसिंह भंडारी को रखा, दूसरा मुहता जीवणदास, तीसरा पुरोहित वरधमान।

जोधपुर शहर भाटी साहिबखान के पुत्र सूजा की अधीनता में दिया गया। जोधपुर के किले में फतैसिंह माधोसिंहोत और दूसरा कूंपावत करन को रखा। तीसरा ऊहड़ हरिसिंह। धांधल बिहारीदास गोयंदासोत, सिकदार दयालदास का पुत्र अमीदास, मुहता गिरधारीदास जीवणदास का पुत्र। फिर सेना सजकर महाराजा हाथी पर सवार हुए।

सवत् १७८६ चैत्र सुदि १० को प्रातःकाल महाराजा जोधपुर से चढ़े। भाद्राजण में मुकाम हुआ। वहाँ चापावत नाथूसिंह के पुत्र अचलसिंह को बुलाया और उसके पुत्र बखतसिंह को बुलाकर दोनों को मालगढ़ बसाकर मालगढ़ में रखा।

इति द्वाचत्वारिंश प्रकाश

3012

वहाँ से महाराजा जालोर गए। सिवाना में भंडारी वछराज और चौहान चतुरसिंह के पुत्र लालसिंह को रखा। बाला उदयसिंह को माँकलसर में रखा, जालोर में ग्रीष्म ऋतु व्यतीत की, उद्दंडों को दंड देकर सीधा किया। रहवाड़ा का स्वामी लाखा पादानत नहीं हुआ तब उस पर सेना भेजी। उसने पहाड़ को घेर लिया। पहली श्रेणी में चाँपावत सूरजमल था। वह लड़ाई में मारा गया, परंतु देवड़ा भी पहाड़ छोड़कर भाग गए। महाराजा ने वहाँ अपना थाना रख दिया, जालोर में भंडारी मनरूप को रखा, महाराजा की सेना ने गाँव पोसालिया लूटा तब सीरोही के राव ने संधि के लिये दूत भेजा। महाराजा के पास चावड़ा मायाराम था। उसने वार्तालाप करके संधि की तजवीज की, जिसमें यह तय हुआ कि मानसिंह की बेटी महाराजा को ब्याही जाय। आठ घोड़े और चार हाथी महाराजा को दिए जायँ। यह विवाह भादों वदि ८ को हुआ। देवड़ा नारायणदास महाराजा के पास हाजिर हुआ। भादों वदि १० को महाराजकुमार रामसिंहजी का जन्म हुआ।

इति त्रयश्चत्वारिंश प्रकाश

सीरोही राव ने महाराजा के साथ कुछ अपनी सेना भेजी। महाराजा सीरोही से चलकर आगे बढ़े तब सेरविलंद को खबर लगी कि मारवाड़ का राजा आता है। उसने घमंड के मारे कहा कि मेरे सामने कौन ठहर सकता है! ईरानी असतखॉन जैसे तो मुझसे काँपते हैं। महाराजा ने यह सुनकर मूछ पर हाथ रखा। अब वे अहमदाबाद पहुँचे।

नवाब सेरविलंद खॉ ने कहा कि मुहम्मद शाह दिल्ली छोड़े तो मैं अहमदाबाद छोड़ूं। महाराजा के कान पर यह बात आई। महाराजा ने अपने भाई वखतसिंहजी को और उमरावों को बुलाया। चांपा, कूपा, करणोत, जैतावत, जादव, जोधा, ईंदा, ऊदावत, करमसोत, चौहान, बाला, जैतमाल, महवेचा, ऊहड़, पातावत, रूपावत, सोनगरा, देवड़ा, ईंदा, खीची, रिणमलोत, मडला, भदावत, सोढा, पड़िहार, सींधल, भायल, खूमाणा, सोभावत, गोड़, हाडा, कछवाहा, सीसोदिया, धाँधू, गहलोत, धाँधल इत्यादि सबको महाराजा ने उत्साहित किया।

भंडारी गिरधर, रतन, विजैराज, कायस्थ लाल और वालकिसन ये भी शामिल थे। महाराजा ने कहा कि मुगलों के सामने तो मैं रहूँगा, बाएँ हाथ भाई वखतसिंह, और दाहिने हाथ भंडारी विजैराज रहेगा।

मेड़तिया जालिमसिंह किसोरसिंहोत, सुरत्तसिंह, गजसिंह, राजसिंह, सालिम-सिंह, जसवतसिंह, सुभकरणसिंह, शिवसिंह, गुलाबसिंह, साँवतसिंह, दलसिंह, नाहरसिंह, मोहणसिंह, छुतरसाल, ये सब रघुनाथसिंहोत भंडारी विजैराज के साथ थे। गिरवर का पुत्र सिवसाह, अमरसिंह का पुत्र धीरसिंह ये दाहिनी अणी में।

सामने की अणी में जोधा, जिनमें मुख्य महाराजा खुद थे। इस अणी में चाँपावत सकतसिंह दानसिंहोत, माधोसिंह भोपतोत, कुसलसिंह नाथूसिंह का पुत्र, प्रेमसिंह पाली का ठाकुर, दलौ मुकनावत, किसन रुघावत, अनो पतावत, किसन जसावत, अमर धनावत, जैतो भाँणोत, पदम अनावत, रूपसिंह तेजसीयोत, मुहकम और रणछोड़ जगरामोत, केसरीसिंह जसावत, सहसमल बलुओत, सुरतसिंह और गजसिंह हरिसिंहोत, रामो करण-सिंहोत, रूपावत सुरतसिंह, जूझारसिंह वीरोत, अणत फतावत, हठीसिंह रणछोड़दासोत, बखतसिंह माधवसिंहोत, हिंदुसिंह तेजसीयोत। गजसिंह हरिसिंहोत, किशोरसिंह गुमानसिंहोत, जोरो भाणोत, तेजसिंह अचल-सिंहोत, फतैसिंह अमरसिंहोत, उमेदसिंह भावसिंहोत, मालो विजावत, अमर लखावत, विसन दूदावत, चाँपो सकतावत, भैरव खानोत, हठीसिंह माडणोत, अगर गोविंददासोत, गजो विजावत, अजबो और पतो वेणावत। चाँपा शामिल रिणमलोत—नाहर नरहरोत, सुरतो अनाड़सिंहोत, बुधसिंह किरतावत (इति चाँपावत)।

करणोत—अभैकरण दुर्गादासोत, कुँवर सिंघो, जैतो मेहकावत, चैनो, देवो जसावत, सिवो खेमसुत, पतो महकांणी, किसनो तेजावत, सागो जगावत, मुकनो कचरावत, चुतरो फतावत, जगतो बखतावत, भीम, तेजसी, नाथ भोज-राजोत, साहिबसिंह भीमोत।

कूंपावत—कान्ह रामोत, किरतो सूजावत, उदयभाण, सदो, पीथल ये ३ फतावत, रामसिंह सबलोत, हरिभाण भोपतोत, खेम फतावत, कान्ह, रुघनाथ-सिंह, छुतरसिंह, सबलसिंह वाघोत, देवो सामंतोत, जवानसिंह इसका भाई। जसो चुतरोत, जोरो पदमसिंहोत, चैलो और बखतो भावसिंहोत, बखतो ईदावत, भीम हठीसिंहोत, नाथ और सांमल भोपतोत, हठीसिंह सुरताणोत, चुतर करमचंदोत, रतन भीमोत, सांगो सूजावत, माधो जसावत, सुरताण सामंतोत, दुजणसाल पदमसिंहोत। बगसीराम बहादरोत, ईसरदास माधोदासोत।

जैतावत—रुघनाथसिंह रूपसिंहोत, फतो गिरवरदासोत। कलो रूपसिंहोत, भांण श्यामसिंहोत, शिवदान ईंदावत, गोपीनाथ पतावत। केसरीसिंह सावलोत, उमेदसी अनावत, बखतो मानसिंहोत, नाहर जोरावरसिंहोत, छुतो गोरधनोत, ऊदो भगवानोत, जैतावतों के शामिल भदावत।

जादव (भाटी)—रावल अमरावत, बखतो पीथलोत, विसनो पदमसिंहोत, मालो सुंदरावत, उमेदसी विजयपालोत, जैसा—सुरताण पदमावत, सागो साहिबोत, वीदल वैरसीयोत, पतो ईंदावत, गोविंद जैसिंहोत, सूरो खानोत, नाथो अमरावत, वाघो तेजावत, डूंगर खानोत, हरिराम सगतावत, रामसिंह खानोत, केसरीसिंह मानसिंहोत, वीरम सवलोत, जगो अजबाणी, रुघो जगावत, जीवण जेसावत, बखतो उगरावत, भाखर गिरवरोत।

हरदासोत—उदियाभाण, सूरजमल जगाणी कँवर, पदमोजगाणी, जीवणदास दुर्जणसालोत, सिवो खेतसीयोत, दलो राजसिंहोत, मुहकमसिंह जगत्सिंहोत, प्रेमसिंह और सबलसिंह अमराणी, बिजै माधोसिंहोत, सूजो नरावत, भाउ का पुत्र। अर्जुनोत—हठीसिंह सूरसिंहोत, सावत सूरसिंहोत, देवसिंह, सोभो ये ४ सूरावत, लाखो हरिसिंहोत, नाहर और वरसिंह लखधीरोत, मुकनसिंह वीरोत, माधोसिंह गोपालदासोत, सिवसिंह कँवर, हरनाथ चतुरसिंहोत, अना और पृथ्वीसिंह सुजाणसिंहोत, गजसिंह अना का पुत्र, नाथो गोरधनोत, हदो गिरवरोत, जीवण हरनाथोत, हाथीराम भाई, बखतो जैता का पुत्र, जसो सिवदानोत। ये वरसिंहोतभाटी। वीकमपुर के :—अजबो जगमालोत, दलो माधोसिंहोत, सिरदारो कुसलावत।

जोधा—राजसिंह किसनसिंहोत, फतो जूंझारोत, नाहर करणोत, वाघविहारीदासोत, जोगो करणोत, मोहण भाणोत, पतो उसका पुत्र। जोगावत—लालो जोगावत, देवीदान भाणोत, आसकरण चंद्रभाणोत, दलो पिथावत, दुरजणसाल सबलावत, सूजो और अभो दुजणसाल के पुत्र। अभो नाथोत, हठीसिंह जोगाणी, गुमान हठीसिंह का पुत्र, साहिब जोधावत, भाण जैसिंहोत, जेरो फतमालोत, माधोसिंह किशोरसिंहोत, फतो सिवदानोत सकतो नाथोत, हरिसिंह फतावत, वाघ भांणोत, डूंगरसिंह अमरसिंहोत, आनो दीपसिंहोत, तेजो दीपावत, आईदान जसावत, पदम दलावत, किसोरसिंह फतेसिंहोत, सवाईसिंह माधोसिंहोत, अभैसिंह गुमानसिंहोत, माधवसिंह करणसिंहोत, नाहर देवीसिंहोत, बखतो जगत्सिंहोत। जोधों के आगे भाटी सकतसिंह भगवानोत।

ऊदावत—रिदैराम राजसिंहोत, जसवंत प्रतापसिंहोत, बखतो और मान सुभकरणोत, मानसिंह का पुत्र, मुकन सांमलोत, चंद गोविंदोत, अजबो रूपसिंहोत, बखतो दीपावत, पहाड़सिंह कुसलसिंहोत, जसवंत हरनाथोत, नाथो दीपावत, जोरो जगरामोत, जगत्‌सिंह रूपसिंहोत, हरिकिसन अखैसिंहोत, मयाराम अभैसिंहोत, सिवदान सबलावत, करण प्रतापसिंहोत, जोधो अजबावत, अनो हरनाथोत, सिंघ कान्हसिंहोत, नवलसिंह रुघनाथसिंहोत, गोवर्धन हदावत, पेमो जोगावत, अखौ बछराजोत, ईंदो सबलावत, किसनो सूजावत।

तूंवर—सिंघ, सुरतांण कुंवर, जैत किरतावत, जोरावरसिंह, पीथल, ईसरो ये कूंपावतों के शामिल।

ऊदावतों के साथ—माधोसिंह अखावत, जोरावर सकतावत, गजसिंह तेजसिंहोत।

मेड़तिया—सेरसिंह सिरदारोत, सूरजमल-भाई, भोमसिंह कुसलसिंहोत, सांमौ जैतावत, जूंझारसिंह अचलसिंहोत, कुवर वनेसिंह, सुरतांण कुसलावत, चंद जसकरणोत, अभौ और अखौ भोजराजोत, पदमसिंह, रामसिंह कलावत, सहसमल और जगतसिंह (ये माधोदासोत मेड़तिया)। जैतो सूरसिंहोत, बखतो सूरसिंहोत, माधवसिंह मानसिंहोत, भगवतसिंह मुहकमसिंहोत, थानसिंह रासावत, हिम्मतसिंह जगमालोत, नवलसिंह माधवसिंहोत, जीवण हठीसिंहोत, गजसिंह मदनावत, वेणो गिरवरदासोत, रासो अनावत (ये विसनसिंहोत)। मुकनसिंह दलरामोत, वनेसिंह दलावत, पतौ पीथलोत, फकीरदास जोधसिंहोत (ये रायमलोत)। अभौ विजावत, नाथो अखावत, देवीसिंह जोधसिंहोत, हिंदुसिंह नवलसिंहोत, सुखो, लालो (ये चाँदावत)। रुघनाथसिंहोतों में गोयंदासोत—धीरसिंह अमरसिंहोत, सिवसिंह गिरधरोत॥ चौहान—हरिसिंह लालसिंहोत, मुहकम सिखरोत, पीथल, कान्ह, अजबसिंह चुतरसिंहोत, नाथो अजबसिंहोत, सदो दलावत, तेजसी चंदोत, पुत्र अभौ, माधोसिंह मुरारदासोत, गिरवर हरनाथोत, दुजणसाल सबलावत, ईंदो लालसिंहोत॥ करमसोत—चूंडो मुकनसिंहोत, केसरीसिंह भोपतोत, ऊदो हरनाथोत, सिभुसिंह, अजबो गोपीनाथोत, पदमो, खड्गसिंह, सिंघ जसावत, रासो कलावत, जैत लखावत, गोकल गिरधरोत, सिवो माधोदासोत, साँवतसिंह माधोसिंहोत, सकतसिंह बीठलोत॥ ऊहड़—सिवो प्रयागदासोत, गुमानसिंह हठमालोत, सबलसिंह रूपसिंहोत, सुजाण भगवानदासोत, अनौ रुघावत, खेम कलावत॥ सोनिगरा—सिवसिंह हरिसिंहोत, बाँकीदास रिणमलोत, उदयराम सामसिंहोत, जैतो उदयारामोत, कलो, बलिकरण विजावत, फतौ और छतो हरिसिंहोत, हेमतसिंह दुजणसालोत, दीपो सत्रसालोत, लालसिंह,

भांणोत, अमरो छतरसिंहोत ॥ जैतमाल—विसनो सकतावत, भीम अमरसिंहोत, श्यामसिंह ईसरोत, हरिराम माधोसिंहोत, कमो सामदासोत ॥ धवेचा—(* डूंगरोत) पातावत—रणछोड़दास राजसिंहोत, मेघो किसनसिंहोत, सूरसिंह, पीथलोत, इंद्रभाण जोधसिंहोत, रूपसिंह, जसवंतसिंह, वदरो दुरगाणी ॥ गोगादे—जगत्‌सिंह रिदैरामोत, रूपसी सबलसिंहोत ॥ चाहड़दे—हरजी बलुओत ॥ खेतसीयोत—अखो धनावत, भोजो देवाउत । ईंदा—लखौ जैतसिंहोत, अनसाह भोजावत । जगत्‌सिंह जैतसिंहोत । देवीदास करनोत, कुसलौ रामोत । खूंमाणा—खान सुंदरदासोत, पुत्र दोलसिंह, हरी सबलसिंहोत, हरिसिंह महेशदासोत ॥ खीची—ऊदो गोकलदासोत, दयालदास गोपालदासोत, जोधो जोगावत, हरनाथ जोधावत, बखतसिंह करनावत, अजबो हरिसिंहोत, जैराम आसावत, केहरिसिंह फतावत, ओपसिंह सकतावत, नाहर सामावत, किसनो उदयसिंहोत, भगवानो और नरहर भाई मुकनसिंहोत, अखैसिंह केशवदासोत, पतो फतावत, अणदो बदरावत, जैतो किरतावत, विहारीदास खानोत, जीवण सबलोत, सिवसिंह रूपसिंहोत, दीपो दुरगावत, कुसलसिंह अणदावत, जगतो और छतौ जैतसीयोत ॥ पड़िहार—सांमल जोगावत, सोभो पुत्र, नाथो उदयसिंहोत लालसिंह का पुत्र, जगदेव भाणोत, लालसिंह रूपसिंहोत, जस्वत राजसिंहोत, पदम फतावत, अखैसिंह नाथोत ।

सोभावत—दलो रणछोड़दासोत, तुलसीदास प्रयागदासोत, लखो प्रयागदासोत, चंद गोरधनोत, नरहर नारायणोत, तेजसी केसावत । वानर राठोड़—रिणछोड़ रामोत ॥ धांधू—सामंत सुंदरदासोत ॥ मांगलिया—रणछोड़दास और लखमण । अबदार चौहान-विहारीदास सिवसिंहोत, सांगो भाई, राम लखावत, लाडखां दलावत । गैहलोत—उदयराज और नथमल भाई, पुत्र विहारीदास, नाहरखांन दानसिंहोत, किसन कुंभावत । धावड़—ठाकुरसी, मयाराम । गूजर—केहर सांमदासोत, सुंदर और खेतल वाघोत । व्यास—फतो दीपचंदोत, भाई उदयचंद, गाहड़मल जसावत । पुरोहित सिवड़ सूंजो और केहर अखैसिंहोत, रणछोड़दास पुत्र नंदलाल ॥ जैदेव द्रोणाचारज का पुत्र । भंडारी-गिरधर, रतन, दलो, धनरूप, विजैराज खेतसीयोत, सांमलदास लूणावत, अमरो देवाउत, (दीपावत) लिखीमीचंद, माईदास, देवीचंद । सिंघी अचल, जोधमल, जीवण । मुहता-गोकल सुंदरदासोत । गोपालदास

---

* कवि ने धवेचा राठोड़ों का उल्लेख कर दिया है, परंतु नाम लिखना रह गया ।

कल्याणदासोत, देवीसिंह, मेघसिंह, सदाराम रूपमलोत। मोदी पीथल, टीकम। पचोली-बालकिसन, लालो, हरिकिसनोत, दोलो, माधो, रूपो, चंद के पुत्र (बलुओत)।

बखतसिंहजी बाई अणी में सन्नद्ध होकर खड़े हैं। महाराजा मूछ पर हाथ रखकर युद्धार्थ तैयार हुए। चारण भाट गुणगान कर रहे हैं। रोहड़िया गोरखदान, दूसरा करणीदान केसरदान का पुत्र। रुघनाथ दधवाड़िया। मुकन। कविया करणीदान, खड़िया बखता, दधवाड़िया द्वारकादास, साँदू खेतसी, रोहड़ सुभदान, आसल धीर। इस समय महाराजा के पास एक लाख सेना थी। महाराजा ने युद्धारंभार्थ नक्कारा बजाने की आज्ञा की। उधर सेरबिलंद हाथी पर सवार हुआ है। उसके साथ तीन हजारी मन्सबदार कायमखाँन, दूसरा तरीन खाँ, तीसरा अलीवार और चौथा सैयद अब्दलअली भी हाथी पर सवार हुआ। हिंदुओं में मानसिंह और महासिंह उसके शामिल हैं। सेरबिलंद खाँ के पास पचास हजार सेना है, युद्ध का आरंभ हुआ। प्रथम तोपों की लड़ाई हुई, फिर (चाँपावत) सकतसिंह, माधोसिंह और कुसलसिंह आगे बढ़े और करणोत अभैकरण शत्रु सेना पर चला। कूपावत जैतसिंह, कान्ह, भाँण, प्रतापसिंह भीमोत, राजसिंह किसनावत, मेड़तिया सेरसिंह सदावत, सूरजमल, अभैसिंह बिजावत, ऊदावत हदसाह (हिरदैराम) बलिरामोत, बखतसिंह सुभरामोत, जैतावत फतैसिंह नाथोत, करमसोत उदयसिंह और रूपसिंह। भाटी भाँण, बखतसिंह अमरसिंहोत, संग्रामसिंह, रुघनाथसिंह, नाहरखान के पुत्र, हठीसिंह सूरसिंहोत, चौहान अजबसिंह चतुरसिंहोत, लालसिंह का पुत्र हरिसिंह और लालसिंह का पुत्र मोहकमसिंह ये बढ़े। उनके साथ बखतसिंहजी के उमराव बढ़े और महाराजा आगे बढ़े, शत्रुओं को घेर लिया। इधर से महाराजा ने बाग उठाई। उधर से सेरबिलंद आगे बढ़ा और युद्ध ने जोर पकड़ा।

महाराजा के आगे मेड़तिया रूपसिंह हाथियों का संहार कर रहा है, उसी प्रकार ऊदावत बड़ा पराक्रम दिखा रहे हैं और करमसोत भी पीछे नहीं हैं। चौहान भालों से शत्रुओं को विद्ध करते हैं। जैतमाल मालिक के आगे तलवार बजा रहे हैं। ऊहड़, धाँधल, पड़िहार, सोभावत, व्यास, पुरोहित, मत्री सब युद्ध कर रहे हैं। इतने में बाई अणी पर भाई बखतसिंहजी बढ़कर आए, जिधर यवनों की दाहिनी अनी थी। उस समय मेड़तिया जालमसिंह रुघनाथसिंहोत व गोयंदासोत मेड़तिया सिवसिंह और धीरसिंह भंडारी विजैराज ने घोड़े उठाए। यह दाहिनी अनी में थे जिधर यवनों की बाई अनी थी।

बखतसिंहजी ने बाईं अणी में रहकर यवनों का संहार कर डाला। सेर विलंद को देखकर महाराजा अभैसिंहजी सामने चले। विजयराज भंडारी के साथ मेड़तिये सरदार थे। तरीनखाँ युद्ध की विकटता देख हाथी से उतर घोड़े पर सवार हुआ और महाराजा के ऊपर साँग चलाई। वह महाराजा के दक्षिण चरण में लगी। महाराजा ने अतिशय क्रुद्ध होकर तलवार का प्रहार किया, जिससे वह विदीर्ण होकर मर गया। उसके मरने पर तुर्कों ने हमला किया, परंतु वे मार हटाए गए। ६० पठान मारे गए। तत्पश्चात् बख्शी कायम खाँ बढ़कर आया। इसके साथ ५,००० सवार थे। इसके मुकाबले में चाँपावत खड़े हुए जिनके साथ करनोत, भाटी, कूपावत, जैतावत, मेड़तिया, जोधा, करमसोत, चौहान, बाला, ऊहड़, जैतमाल, पातावत, रूपावत, खीची धाँधल पड़िहार और सोभावत थे। उधर सेरविलद खाँ के मीर ऐसे हैं कि जो रण में पैर पीछा न दें। इस घमासान युद्ध में अबदलअली मारा गया, बक्षी कायम खाँ, एवज खाँ, अहमदअली, उमाँ, जुमा और मुहम्मद ये सब मारे गए। और पिछला प्रहर दिन रहा, तब यवन सेना में खलबली मची। तब अलियार खाँ बढ़कर आगे आया। इसके आक्रमण से राठोड़ सेना कुछ पीछे पड़ी, तब बखत-सिंहजी ने उसके सामने चलाया। अलियार खाँ भाग गया। सेरविलद खाँ भी इसके भागने से हताश होकर पीछे लौटा। उसके लौट जाने पर समस्त सेना वापिस लौटने लगी। महाराजा के विजय के बाजे बजे, पश्चात् रण-क्षेत्र देखा गया तो उसमें ये सरदार रणभूमि में पड़े पाए।

पहली अनी में चापावत करणसिंह पाली का स्वामी, किसन जसावत, कल्याणसिंह गोरधनोत। कूपावत रामसिंह सबलावत, सुरताण सामंत-सिंघोत, दुरजो पदमावत। जोधा हठमल, उसका पुत्र गुमानसिंह, नाहर खाँ। मेड़तिया भोमसिंह कुसलसिंहोत, गुलाबसिंह हठमालोत, वैरीसाल भैरूदासोत। करणोत-चतुरसिंह फतावत। चौहान दुजणसाल, अखैसिंह। भाटी केसरी-सिंह मानसिंहोत। सोनिगरा दला हरिसिंहोत। खीची केसरीसिंह फतै-सिंहोत, भगवानदास और नरहरदास मुकनदासोत। गूजर मयाराम साम-सिंहोत। पुरोहित केसरीसिंह अखैसिंहोत। रणछोड़ जैदेवोत। राठोड़ १००० घायल हुए। मुसलमानों के ६००० मरे। बखतसिंहजी के साथ विजय करके महाराजा डेरे पर आए। सेरविलद बारह हजारी मन्सबदार था। यह विजय संवत् १७८७ आश्विन सुदि १० विजयादशमी को हुई थी।

इति चतुश्चत्वारिंश प्रकाश

नवाब हारकर अपने डेरे पर गया। युद्ध में सेरविलंदखाँ के ३ बड़े आफिसर मारे गए—१ अलियारखाँ, २ तरीनखाँ, ३ अबदल सैयद।

इति पंचचत्वारिंश प्रकाश

सरविलदखाँ ने फिर ५००० सेना लेकर युद्ध किया; परंतु महाराजा के सामने भागना पड़ा। वखतसिंहजी की इच्छा फिर युद्ध करने की थी; उसी अवसर में अमरसिंह ऊदावत अहमदाबाद पहुँचा और महाराजा के चरणों में उपस्थित हुआ। उसके साथ उसके दो भाई थे :—जगरामोत उदयसिंह और अनाड़सिंह। रतनसिंह जगरामोत, रामसिंह सुभावत (सुभरामोत), तेजसिंह सुरतावत। पदमसिंह और सावंतसिंह अखावत। सामसिंह वखतावत, कान्ह जैमलोत, लखधीर पुहकरोत, जीवण दौलावत, देवो बालकिसन का पुत्र। हिंदूसिंह, पेमसिंह। अखैसिंह-जोधावत, विसन अनावत, किरतो माधवसिंहोत, जैतो बीकावत। सिवो भावसिहोत। सुभो कूंपावत। हिमतो सामावत। जालमसिंह भवानीदासोत। सामंतसिह जगत्‌सिंहोत। दुरगो दोलावत, हिंदुसिंह भाणोत। चंद अमरसिहोत। सागा गोपालदासोत। मुकनसिह और मदनसिंह खानोत। अमरसिंह के साथ इतने ऊदावत थे।

इनको देखते ही महाराजा अत्यंत प्रसन्न हुए। यह खबर सरविलंद खाँ के पास पहुँची। अमरसिंह के साथ भाटी भी थे। हरदासोत भाटी मानसिंह और खींवकरण देवाउत, वखतसिंह चतुरभुजोत, पाँणो (पातो) किसनावत, हिदुसिंह गिरवरदासोत। करणोत चैनो दुर्गदासोत, देवीसिंह जसावत, साँगो जगावत। चाँपावत जोरावरसिंह भोणोत। देवीसिंह भीमोत, पहाड़सिह वदरावत, मेड़तिया हेमतसिंह सिंघोत। कुसलसिंह कुशलावत के शामिल। चाँदावत सबलसिंह प्रतापसिहोत। जोधा इंद्रसिह जैतसीयोत। नरूका माधवसिंह नाहरसिंहोत, सूजो मोहकमसिहोत। सोढ़ा जगा रघुनाथोत। अमरसिंह के साथ दो हजार सुभट थे। वह युद्ध के लिये त्वरा करने लगा। उस समय संधि के लिए सरविलंद खाँ को मंत्रियों ने बाध्य किया तब उसको महाराजा के साथ संधि कर वहाँ से निकलना पड़ा। सरविलंद खाँ ने संधि के लिये अमरसिह के पास अपना दूत भेजा। संधि का प्रस्ताव मिलने पर अमरसिंह महाराजा के पास गया। उसने कहा कि आपकी विजय हो गई है। आपने यश उपार्जन कर लिया है और उधर मुगल आप से संधि

करना चाहता है और गुजरात का देश अर्पण करता है। मेरी राय में संधि करना भला है: क्योंकि युद्ध में हार जीत दैव के हाथ है, जीता हुआ हार जाता है और हारा हुआ जीत जाता है। अमरसिंह ने यथार्थ बात कही। महाराजा ने अपने हित की बात समझकर उसकी प्रार्थना को स्वीकृत किया और कहा कि तुम्हीं जाकर संधि की बात करो जिससे मुगल मदहीन होकर चला जाय और गुजरात अपने हाथ आ जाय।

इति षट्चत्वारिंश प्रकाश

पंडित रामकर्ण आसोपा।

———

राजरूपक

अथ ग्रंथ राजरूपक महाराजाजी श्री १०८ श्री श्री श्री अभयसिंघजी करमध्वज*-कुलदिवाकर राज-राजेश्वर के शुभचिंतक रतनू वीर-भांण कृत लिख्यते

दुहा

कमल-नयन मंगळकरन, श्री राधा घनस्यांम ।
कवि-भ्रम-भमर म सोच कर, सिमरि नांम अभिरांम ॥ १ ॥

१—कवि-भ्रम-भमर० = हे कवि के भ्रम-रूप भ्रमर ! चिंता मत कर, सुंदर नाम का स्मरण कर ।

---

* करमध्वज = (कर्मध्वज) अपने कर्म से पहचाना जानेवाला। 'कर्मध्वज' के स्थान में सर्वत्र 'कमधज' लिखा मिलता है। कविराजा मुरारिदान ने 'जसवंतजसोभूषण' ग्रंथ में 'कमधज' को 'कबंधज' शब्द का अपभ्रंश माना है। उन्होंने लिखा है कि कन्नौज के सुप्रसिद्ध महाराज जयचंद्र राठौड़ ने सिर कट जाने पर कबंध (सिर कटा धड़) की दशा में युद्ध किया था, इससे उनकी 'कबंध' संज्ञा हुई। उनके वंशज 'कबंधज' कहलाए।

संभरि तिण पाछै अग्रेसुर।
दया क्रपा कर श्री लंबोदर ॥ ५ ॥
अविनासी अविकार असीमा।
सुभ गुण दियण अनुग्रह सीमा ॥
पूरण पुरस पुराण प्रमेसर।
सुकवि सधार वार अग्रेस्वर ॥ ६ ॥
जिण गुण साखि प्रमा (भा) कवि जांणै।
प्रगट ब्रह्मवैवर्त पुरांणै ॥
लख पुरांण निसचै कर लीजै।
जिण थी परै न को जांणीजै ॥ ७ ॥
सिव संभव सिव रूप सुरेसुर।
सिव गुण दियण प्रणंम कथै सुर ॥

सच्चिदानद परब्रह्म हैं। उनकी देवों मे गणना नहीं है, इसलिये उनकी स्तुति प्रथम की गई है। कृष्ण सच्चिदानंद हैं, इस विषय मे गोपालतापिनी उपनिषद् में यह श्रुति है—

"कृषिर्भूवाचक: शब्दो णश्च निर्वृतिवाचक.।
तयोरैक्यं पर ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ॥"

६—असीमा = सीमा-रहित, अनंत। पुराणों में सृष्टि की उत्पत्ति पंच देवों से मानी है—विष्णु, महादेव, शक्ति, गणेश और सूर्य। गणेश भी किसी कल्प में सृष्टि के कर्ता हुए हैं इसलिये उनका वर्णन परब्रह्मरूप से किया गया है। "अविनासी अविकार असीमा"। सुकवि सधार = सुकवियों का आधार। वार = (पारावार) अथाह अथवा समय पर। अग्रेस्वर = (अग्रेश्वर) ईश्वरों में अग्रणी।

७—जिण गुण० = जिस (गणपति) के गुणों की साक्षी कवि की प्रतिभा है।

८—सिव संभव = शिवजी का पुत्र। सिव रूप = कल्याण रूप। सुरेसुर = (सुरेश्वर) देवों का ईश्वर। प्रणंम० = देवता प्रणाम करके जिसका वर्णन

अति लघु तिको सरण तक आवै।
पात्र गुणे सुज बडपण पावै॥ ८॥
अंगज गवर गिरा गुण उज्जळ।
गम कविता दायक पग मंजुळ॥
समरौ प्रथम गुणेस सगत्ती।
पाछै गुण गावां छत्रपत्ती॥ ९॥

दुहा

सारद ससि सारद बदन, सारद कविता सुद्ध।
अदसारद पारद उकति, करण विसारद बुद्ध॥१०॥

छप्पै छंद

गुण सागर दुस्तर अगाध, अति बाध अपारण।
वेळ निजर विदूदुसां, असह कवि भ्रमर अकारण॥

करते हैं। अति लघु० = जो बहुत तुच्छ है वह भी लक्ष्य करके शरण आता है, वह गुणों का पात्र होकर महत्ता पाता है।

९—गवर = (गौरी) पार्वती का पुत्र (गणेश) और गिरा = सरस्वती। गम० = कविता में बुद्धि देनेवाले हैं। मंजुल = सुंदर। सगत्ती = (शक्ति) सरस्वती देवी। छत्रपत्ती = (छत्रपति) राजा।

१०—सरस्वती का वर्णन है। सारद० = शरद् ऋतु के चंद्रमा के समान शारदा (सरस्वती) का मुख है। सारद कविता० = जो निर्दूषण कविता का सार देनेवाला है। अदसारद = दुर्दशा को रद (नाश) करनेवाला है। पारद उकति = उक्ति में पार देनेवाला। करण = बुद्धि को निपुण करनेवाला।

११—गुण-सागर = गुण रूप समुद्र दुस्तर और अगाध है। अति बाध = इसमें बाधाएँ बहुत हैं। अपारण = इसका पार नहीं है। वेळ० = विद्वानों की दृष्टि वेला (तरंग) है; जैसे तरंगों से पार होना कठिन है वैसे विद्वानों की दृष्टि से बचना कठिन है। असह कवि० = नहीं सहनेवाले कवि निष्कारण भँवर हैं (जल चक्कर खाता है उसे भँवर कहते हैं)। कला तिमंगल० =

कळा तिमंगळ किता वरण गुण दोस विचारक।
पवे सिखर इम गुपत किता गुण औगुण कारक॥
उर भरम छेह लैणौ अगम असकत उद्यम उकती।
कर भाव पार गुण सर करण साचो नांम सरस्वती॥११॥

इति मंगलाचरण॥

अथ प्रार्थना

छंद चौपाई

गणपति गिरा निवासी सुरगण,
मंगळ करण अमंगळ मेटण।
करौ दया मौ सीस दयाकर
आपौ सार चार गुण अर कर॥१२॥
गढ जोधांण अभौ गजपत्ती
गुण गाऊँ दूजौ गढ़पत्ती।
लंबोदर सारद हित लीजै
दास जांण मोहि वाणी दीजै॥१३॥

कला (मात्रा) और वर्ण का गुण-दोष विचारनेवाले कितने ही तिमिंगिल (बड़ा मत्स्य) हैं। पवे सिखर० = गुण को अवगुण बतलानेवाले कितने ही पर्वत के गुप्त शिखर हैं (जिनकी टक्कर से नौका टूट जाने से समुद्र पार नहीं हो सकता)। उर भरम० = मेरे मन में भ्रम है कि इस समुद्र का पार पाना दुर्गम है, और मैं उक्ति रूप उद्यम से अशक्त हूँ। कर भाव पार० = मैं भावना करता हूँ कि गुण रूप सर (समुद्र) से पार करने के लिये सरस्वती सच्ची है।

१२—गिरा = सरस्वती, निवासी० = और उनके समीप निवास करनेवाले देवगण। आपौ = देओ। चार गुण = धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। अर = शीघ्रता करके।

१३—गढ़० = जोधपुर गढ़। अभौ० = अभयसिंह गढ़ का स्वामी। गज-पत्ती = गजसिंह।

अथ वंशोत्पत्ति

छप्पै

आदि अगम अविकार, एक ईस्वर अविणासी।
पछै प्रकति तत पंच, विविध सुर ईखजवासी॥
ईंडौ कनक अछेह, देह धरि हरि तिण द्वारे।
रचे नाभ नीरज्ज, रज्ज अज प्रज गुण सारे॥
मन तेण थियौ मारीच मुनि, उणथी कासिप ऊपनौ।
धर नूर प्रकासी प्रीत धर सूर तेण घर संपनौ॥१४॥

छंद बेअक्खरी

सूरज तेज पुंज सरवेस्वर
जोति सरूप नेत्र जगदीस्वर।
जग रखवाळ जगत चौ जांमी
सुर नर इष्ट सृष्ट चौ सांमी॥१५॥

१४—प्रथम एक ईश्वर, पश्चात् प्रकृति, तत्पश्चात् पंचतत्त्व, और इंद्रियों के अधिष्ठाता सूर्यादि देवता। ईंडौ० = हिरण्यगर्भ (ब्रह्मांड)। उसके द्वारा नारायण ने देह धारण की। उसकी नाभि में नीरज्ज (नीरज) कमल उत्पन्न हुआ। फिर रजोगुण से ब्रह्मा ने प्रजा और समस्त गुण उत्पन्न किए। उस (ब्रह्मा) के मन से मरीचि मुनि हुए। उससे कश्यप उत्पन्न हुआ। उसके घर सूर्य उत्पन्न हुआ, जो पृथ्वी के रूप को प्रकाशित करता है और सबकी प्रीति को धारण करता है।

१५—नेत्र जगदीस्वर = जो (सूर्य) परमेश्वर का नेत्ररूप है। चौ = का। जांमी = स्वामी।

च्यारूं आकर जंतु चराचर
एक अनेक सहायक ईस्वर।
कोक कमळ साचां दुख कप्पण
दया धाम अभिराम दरस्सण ॥१६॥
जिण रवि सूं रच्या जग जांणै
पौरस अंस वंस प्रगटांणै।
जग मैं वंस उग्र गुण जोई
कृत रवि वंस समौ नह कोई ॥१७॥
धर सिहाय ध्रम न्याय धुरंधर
कवि दुज गो प्रज तपी दया कर।
दियण डंड नव खंड दुसीळां
च्यारूं वरण वहावण चीलां ॥१८॥
जो महि असह मेछ कुळ जागै
भवि भवि जिण कुळ सूं भय भागै।

१६—च्यारूं आकर = चार खान (स्वेदज, अंडज, उद्भिज और जरायुज)। कोक = चकवा। सूर्योदय होने से चकवा पक्षी का वियोग निवृत्त होकर संयोग होता है, कमल प्रफुल्लित होता है और सच्चे मनुष्यों का दुःख कट जाता है। रात्रि में चोरों का भय रहता है। दरस्सण = दर्शन मनोहर है।

१७—पौरस० = जिसके पुरुषार्थ के अंश से अनेक वंश प्रकट हुए हैं, और जगत् में उग्र गुणवाला वही वंश (सूर्य वंश ही) है, कार्य करने में सूर्यवंश के समान कोई वंश नहीं है।

१८—पृथ्वी की सहायता करने, धर्म के धारण करने, और न्याय करने में धुरंधर (मुख्य) है। कवि० = ज्ञानी, दुस० = (द्विज) ब्राह्मण, गौ, प्रजा और तपस्वियों पर दया करनेवाला; दुष्ट स्वभाववालों को नवखंड में दंड देनेवाला, और चारों वर्णों को मार्ग में चलानेवाला सूर्य वंश है।

१९—यदि पृथ्वी पर असह्य म्लेच्छ वंश जागृत हो तो जन्म जन्म में जिस (सूर्य) वंश से भय नष्ट होता है, जो धर्म की लज्जा (मर्यादा) रखने में

ततपर धरम सरम प्रज तारण
सुरां सिहायक असुर सँघारण ॥१९॥
प्रथी करण थिर वेद पुरांणां
करम जिकां वळ हीण कुरांणां।
यौं जग मैं रवि वंस उजागर
प्रगटे भूप रूप परमेस्वर ॥२०॥
अंस कळा गुण कै त्रय आवै
कै पूरण अवतार कहावै।
इण कुळ मैं श्रीराम उजागर
सरबेस्वर पूरण परमेस्वर ॥२१॥
धर कवि कोट जनम श्रम धावै
इण कुळ गुण पर पार न पावै।
धर हरि अंस हुवे धरपत्ती
सस्त्रवंध सामर्थ सकत्ती ॥२२॥

परायण है, प्रजा को तिरानेवाला, देवों का सहायक और असुरों का संहार करनेवाला है।

२०—वेद और पुराणों को पृथ्वी में स्थिर करनेवाला है, जिनका कर्म और बल कुरान ने हीन कर दिया है। इस प्रकार सूर्यवंश जगत् में प्रसिद्ध है जिसमें परमेश्वर राजा रूप से प्रकट हुए।

२१—या तो अवतार अंश से अर्थात् अंशावतार होते हैं, या कला अवतार या गुणावतार होते हैं या पूर्ण अवतार होता है। श्रीमद्भागवत में अंश कलावतार कहकर पूर्णावतार के विषय में कहा है :—

"एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान्स्वयम्।"

इस वंश में श्री रामावतार प्रसिद्ध है, जो सबका ईश पूर्ण परमेश्वर है।

२२—कवि कोटि जन्म धारण करके परिश्रम के साथ धावन करै तब भी इस कुल के गुणों का पार नहीं पा सकता। (इस वंश में) विष्णु

दुहा

कुळ महिमा वरणै कवण, वुध बळ पीढी वंध।
सारां सूरजवंसियां, कुळ रखवाळ कमंध ॥२३॥
क्रत पूरण वधियौ कळू, रीत द्वापुर राज।
वंस हंस अवतंस विध, अभैसाह महाराज ॥२४॥
साहां ऊथप थप्पणौ, पह नरनाहां पत्त।
राह दुहूँ हद रक्खणौ, अभैसाह छत्रपत्त ॥२५॥

छंद गाथा

सप्त पुरी सिरताजं,
क्रत अपवर्ग हूँत समकारण।
उत्तम धाम अजोध्या
ओपै नाम ग्राम पुर ऊपर ॥२६॥

अंश धरकर राजा हुए, जो शस्त्र धारण करनेवाले और शक्तिवाले और समर्थ थे।

२३—समस्त सूर्यवंशियों के कुल की महिमा को वंशक्रम से बुद्धि-बल के द्वारा कौन वर्णन कर सकता है, जिन सूर्यवंशियों में कुल के रक्षक राठौर हैं।

२४—कलियुग का पूर्ण कृत्य बढ़ गया तथापि सूर्यवंश के भूषण महाराज अभैसिंह के राज्य मे द्वापर युग की सी रीति रही।

२५—छत्रपति अभैसिंह बादशाहों को थापने और उथापनेवाला है; यह प्रभु राजाओं का पति है; दोनों मार्गों (इस लोक और परलोक) की मर्यादा को रखनेवाला है।

२६—अयोध्यापुरी सप्तपुरियों की मुकुट है; क्योंकि सप्तपुरियों मे इसका नाम प्रथम गिना गया है:—

"अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची ह्यवन्तिका।
पुरी द्वारावती ज्ञेयाः सप्तैता मोक्षदायकाः ॥"

थिर ते राजसथानं
महि इक छत्र भोम सामथे।
एके आंण अखंडं
खंडण मांण प्राण नव खंडं ॥२७॥

छंद बेअक्खरी

आदू ऊतन धाम अजोध्या
जगचख वंस अंस हरि जोधा।
पेखौ त्यां माहै धरपत्ती
पूरण अंस हुवौ छत्रपत्ती ॥२८॥
विविध धाम पुर ग्राम वसा है
मांली राजस पूरब माहै।
सेतराम सकवंध नरेसर
इळ (ण) लग राजस पूरब अंतर ॥२९॥

जिसका कृत्य मोक्ष की तुलना करता है, वह उत्तम धाम है, जिसका नाम ग्राम और नगरों के ऊपर शोभा देता है।

२७—वह सूर्यवंशियों का स्थिर राजस्थान है जो पृथ्वी में एक छत्रवाला, चक्रवर्ती की सामर्थ्यवाला, अखंड एक आज्ञा प्रवृत्त करनेवाला और नवों खंडों के मान और बल का खंडन करनेवाला है।

२८—सूर्यवंशियों का आदिम स्थान अयोध्या है, जहाँ जगत् के चक्षु (सूर्य) वंश में हरि के अंश कई योधा हुए हैं। देखो उनमें श्रीरामचंद्र पूर्ण अंशवाले राजा हुए हैं।

२९—इस ग्रथकर्ता ने कन्नौज के राजा जयचंद आदि का इतिहास न लिखकर मारवाड़ में आनेवाले सीहाजी के पिता सेतराम से वर्णन किया है। सीहाजी मारवाड़ में आए थे, और उनके पूर्वज सेतराम पर्यंत पूर्व में थे। इसलिये कवि सीहाजी के पिता सेतराम का पूर्व में निवास करना कहता हुआ वर्णन करता है कि जहाँ नाना प्रकार के घरोंवाले नगर और ग्राम

सेतराम घर प्रगटे सीहौ
अरि डंडण नव खंड अबीहौ।
धर पिच्छम निरखण मन धारे
परसण हरि द्वारका पधारे ॥३०॥
रिधू गोत कनवज्ज रहायौ
आप चमू सँग दरसण आयौ।
प्रसन करे जिण सारँग पांणी
एकण छत्र धरा धर आंणी ॥३१॥
पिच्छम धर सीहै वर पांमे
नर वस किया अनमियां नांमे।
पढ़ै सुकवि जो वंस प्रवाड़ा
हुवै वतीत आव दीहाड़ा ॥३२॥
धरपत सीहै लयी मुरद्धर
आसथांन तिल पाट उजागर।

आबाद हैं उस पूर्व में सकबधी सेतराम राजा ने राज्य के भोग भोगे। यहाँ तक इनका पूर्व की पृथ्वी में राज्य रहा।

३०—सेतराम के घर में सीहा प्रकट हुआ, जो नव ही खंडों में शत्रुओं को दंड देनेवाला और भय-रहित था। उसने पश्चिम दिशा को देखने का मन किया और हरि का चरण-स्पर्श करने को द्वारका गया।

३१—ऋद्धिवाले इसके गोत्र के कन्नौज में रहे और आप सेना के साथ दर्शन को आया। जिसने विष्णु को प्रसन्न किया और जो पृथ्वी को एक छत्र के नीचे ले आया।

३२—पश्चिम की भूमि में सीहा ने वरदान पाया, लोकों को वश में किया और अनम्र को नमाया। कवि यदि इनके वंश का चरित्र पढे तो आयु के सब दिन व्यतीत हो जावें।

३३—राजा सीहा ने मरु की धरा (मारवाड़) ली, उसके पट्ट पर

नरपत आसथांन अनड़ां नड़
धुर तिण पाट प्रकासे धूहड़ ॥३३॥
धूहड़ तणै तखत छत्रधारी
रायपाळ प्रतपै रोसारी।
जल्हराय तिण रै सुत जायौ
कमँध वंस अवतंस कहायौ ॥३४॥
जिण ग्रह कन्हराव न्रप जैसौ
तेरैहि साख उजागर तैसौ।
छत्रपत जेण तणौ घर छाडौ
अटक जिकौ सुरतांणां आडौ ॥३५॥
छाडा घर तीडौ छितनायक
सबळां घायक प्रजा सहायक।

प्रसिद्ध आसथान हुआ। राजा आसथान अनम्रों को नमानेवाला था। उसके मुख्य पट्ट पर धूहड़ प्रकाशमान हुआ।

३४—धूहड़ के सिंहासन पर रोस करनेवाला रायपाल तपने लगा। उसके पुत्र जाल्हणसी जन्मा, जो राठौड़ वंश का भूषण कहलाया।

३५—उस घर में कान्हड़ जैसा राजा हुआ, जो राठौड़ों की तेरहों शाखाओं में प्रसिद्ध हुआ।

राठौड़ो की तेरह शाखाएँ ये हैं—१ पुणवीर, २ करहा, ३ कपालिया, ४ देल, ५ बुगलाणा, ६ जलखेड़िया, ७ जैवंत, ८ सूरमो, ९ सूर, १० वायहस, ११ अभैपुरा, १२ कमधज, १३ वैरिया। आधी शाख दहिया खेत्रज।

कन्हराय के पुत्र छाड़ा हुआ, जो बादशाहों को अटक पर रोक करनेवाला था।

३६—राव छाड़ा के घर में राव तीड़ा हुआ। घायक = (घातक) मारने-

तीडै पाट सलख कुळ तारग
सहि मरजाद खत्रि भ्रम मारग ॥३६॥
वीरम सलख तणौ वरदायी
पिड़ जीपण ध्रर लियण परायी ।
चूंडौ वीरम घर चक्रवत्ती
धार सार मुँह लयी धरत्ती ॥३७॥
गह धरती रिणमल जिण गादी
विग्रहिया खागे समवादी ।
रिड़मल पाट जोध रविवंसी
इळ रखवाळ थयौ ब्रम अंसी ॥३८॥
राव सुजौ तिण पाट नरेहण
प्रजा सहायक रिण गुण पूरण ।
सूजै घर वाघौ सकवंधी
वांधे पाय किया ऊवंधी ॥३९॥

वाला । पाट = (पट्ट) सिंहासन पर राव सलखा हुआ । तारग = (तारक) तिरानेवाला । खत्रिभ्रम = क्षत्रिय धर्म का मार्ग दिखानेवाला ।

३७—राव सलखा के पुत्र वीरम हुआ । पिड़ जीपण = युद्ध में जीतनेवाला । धर = (धरा) पृथ्वी, राव वीरम के घर में चक्रवर्ती चूँडा जन्मा, जिसने तलवार की धारा से भूमि ली ।

३८—उस (चूँड़ा) की गद्दी बैठकर रणमल ने भूमि ली । विग्रहिया॰ = बराबरी करनेवालों को खड्ग से युद्ध करके हटाया । इळ = (इला) पृथ्वी । ब्रमअसी = परमेश्वर का अंशावतार ।

३९—नरेहण = (नरेश) उस राजा (जोधाजी) का पट्टाधिकारी राव सूजा हुआ । रिण = (रण) युद्ध । राव सूजा के घर में वाघा हुआ । सकवंधी = साका अर्थात् युद्ध करनेवाला । ऊवधी = (उद्बंधी) मर्यादा तोडनेवालों को बाँधकर पैरों तले किया ।

विवनै वाघ धरे मूंछां वळ
बैठो गादी गंग महावळ।
माल गंग गादी राव मारू
सवला किया आपरै सारू ॥४०॥

जिण वर उदैसिंघ छत जेहो
अवर न को जोड़ै धर एहो।
गढ़पत सूरसाह तिण गादी
एको छत्र धरा आराधी ॥४१॥

बैठो सूर तखत गजबंधी
सीम जितै सांमंद्रां संधी।
सार कियावर उरै सकोयी
क्रत सम विक्रम भोज न कोयी ॥४२॥

४०—कंवर बाघा मूंछावल धारण करते ही अर्थात् युवा अवस्था में ही विवनै = (विपन्नः) मर गया। वाघा पिता की विद्यमानता मे मर गया था इसलिये वह गद्दी नहीं बैठा, उसका पुत्र राव गांगा गद्दी बैठा। राव गागा के मालदेव गद्दी पर बैठे, और मारवाड़ के राव कहलाए। सारू = वशवर्ती।

४१—छत = (छत्र) छत्र के जैसा। अवर = (अपर) दूसरा। एहो = एतादृश। राजा उदयसिंह की गद्दी राजा सूरसिंह बैठा। एकोछत्र = एक-छत्र। आराधी = वश की।

४२—राजा सूरसिंह जी के सिंहासन पर गजसिंह बैठा, जिसने समुद्रों पर्यंत अपने राज्य की सीमा जोड़ दी। सार० = उसकी तलवार के उत्तम कृत्य ऐसे थे कि सब कोई उससे उरली ओर रहते थे। उसके कृत्यों के बराबर कोई नहीं था। न तो विक्रम था और न भोज ।

गुण गजबंध तणा कव गावै
दुरस परायण त्री दरसावै।
आसधरे विद्याधर आया
कवि सुज हसतीबंध कहाया ॥४३॥
जिण गजसिंघ पाट सिव जांमळ
वैठौ जसवँतसिंघ महाबळ।
वारे नृपत जिवै वरतायौ
सुरां धरम तहां लगै सवायौ ॥ ४४ ॥

दुहा

साहां उर असुहावतौ, राजावां रखवाळ।
जां जसराज प्रतप्पियौ, तां सुर पूज त्रकाळ ॥ ४५ ॥

४३—कवि लोग महाराजा गजसिंह के गुण गाते हैं, उनको शत्रुओं की स्त्रियाँ दुरुस्त करके दिखलाती हैं। तात्पर्य यह है कि शत्रु-स्त्रियाँ अपने पतियों को शिक्षा करती हैं कि कवि जो गजसिंहजी का गुणगान करते हैं, वह यथार्थ है इसलिये तुम उनसे वैरभाव मत रखो। विद्या धारण करनेवाले जो आशा करके आते हैं वे कवि हस्तिबंध कहलाते हैं। हस्ती-बंध = जिसके घर हस्ती बँधा हो वह हस्तीबंध कहलाता है।

४४—जिस गजसिंह की गद्दी महाबली जसवंतसिंह बैठा। सिव जामल = कल्याणकारी जिसका जन्म है। जब तक इस राजा का समय रहा तब तक देवों का धर्म सवाया रहा।

४५—साहा = बादशाहों के। असुहावतां = अप्रिय। जां = जब तक। तां = तब तक। सुर० = देवों की पूजा तीनों काल (प्रातः, मध्याह्न और सन्ध्या) में होती रही।

प्राग अजोध्या मधुपुरी, ओखामंडळ आद।
देखे सुख रहिया दुचित, विचित्र न पूगा वाद ॥ ४६ ॥
मेछां राह निभाह कज, दिल्ली औरँग साह।
ज्यूं सामंद्र म्रजाद सूं, यूं रहियौ खम दाह ॥ ४७ ॥
मेक सपत संमत्त मैं, पैंतीसै जसराज।
गौ हरि धाम जिहान तज, हिंदुसथांन जिहाज ॥ ४८ ॥

छंद द्वैअक्खरी

सतरै सँमत पोस पैंत्रीसै।
दसमी वार ब्रहस्पत दीसै॥
सुर धर छत्र जसौ महाराजा।
सुर पुर गयौ लियां ब्रद साजा ॥४९॥
जळबा काज नरूकी जादम।
धुर ऊठी पतिवरत तणै ध्रम॥

४६—प्रयाग, अयोध्या, मथुरा, द्वारका आदि में सुख देखकर मुसलमान मन में उदास रहे। (महाराज जसवंतसिंह के) वाद को पहुँच नहीं सके।

४७—मुसलमानों के मार्ग को निबाहने के लिये दिल्ली मे बादशाह औरंगजेब मन में दाह को सहन करके इस प्रकार रहा कि जैसे समुद्र मर्यादा से रहता है।

४८—संवत् १७३५ में महाराजा जसवंतसिंह संसार को त्यागकर विष्णु-लोक को गया, जो हिंदुस्तान को तिरानेवाला नौकारूप था।

४९—ब्रद साजा = अच्छा विरुद लिए।

५०—रानी नरूकी और जादम पातिव्रत्य धर्म को लिए जलने के लिये प्रथम उठीं। नरूका कछवाहों की एक शाखा है। अलवर के राजा

रट हरि मुख पति ध्यान रहायौ।
मंजण कर सिणगार मँगायौ॥५०॥
आवी द्वार तजे ग्रह अंगण।
जद सोचे राठौड़ जणज्जण॥
जांण सगर्भ अवर दुख जांणे।
अटकण सकत न कूँ मन आंणे॥५१॥
तरसि पधार हुआ तय्यारी।
धीर तणौ आयौ व्रतधारी॥
रांणी जळती ऊदै राखी।
सुख नव कोट किया जग साखी॥५२॥
सव्रत जळी झळहळ न्रप संगे।
अष्ट निकट गायण उछरंगे॥
असह खबर जोधांणै आयी।
सती महाव्रत लियां सुणायी॥५३॥

नरूका रट=मुख से हरि का नाम उच्चारण करके। मंजण=(मज्जन) स्नान। सिणगार=(शृंगार) भूषण वसन आदि।

५१—घर के आँगन को छोड़कर द्वार पर आई, तब हरेक राठौड़ मन में सोचने लगा। उनको गर्भसहित जानकर दूसरा दुःख जाना; परंतु सती के भय से उनको रोकने की शक्ति कोई मन मे न ला सका।

५२—तरसि=(तरसा) शीघ्र आकर जलने को तैयार हुईं, उस समय धीरसिंह का पुत्र उदयसिंह आया, और उसने रानियों को जलने से रोका, और नौकोट (मारवाड़) को सुखी किया। साखी=(साक्षी)।

५३—राजा के साथ उत्साह-पूर्वक आठ गायनें नियमसहित जाज्वल्यमान अग्नि में भस्म हुईं। सहन न होनेवाली खबर जोधपुर में आई। वह महाव्रतवासी सतियों को सुनाई गई।

रीझी सुण चंद्रावत रांणी।
सांम साथ कज श्रवण सुहांणी॥
गायण वीस परम जस गावै।
दूणै हित ऊठी दरसावै॥५४॥
ठीक मॅडोवर परम ठिकांणै।
जळी महारांणी जग जांणै॥

दुहा

राणां राजां रावळां, उर पड़ सोच अथाह।
जग वाकौ जसराज रौ, सुणियौ औरँगसाह॥५५॥

छप्पय

हरि चाहै सुज हुश्रै, लेख साहै सुर लोयी।
भूमंडळ भोगवै, करम प्राचीन सकोयी॥
अटक हीण असपती, पाप छित औसर पायौ।
रद करबा रजियां, दुरद जेहो मद आयौ॥
सांकिया राज रांणा सकळ, अकळ पांण छिलियौ असुर।
लहरीस जांण वारी लहै, गरज निवारी सीम सुर॥५६॥

५४—चंद्रावत रानी उस खबर को सुनकर रीझी। उसे स्वामी के साथ जाने के कारण कानों को अच्छी लगी। मंडोवर स्थान में जाकर महाराणी जली। इस बात को जगत् जानता है।

५५—अथाह = जिसका थाह नहीं, अपार। वाकौ = वार्ता।

५६—सुर = तीन, तीनों लोक दैव-लिपि के अधीन हैं। सकोयी = सब। अटक० = बादशाह की रोक मिट गई। पाप को पृथ्वी पर अवसर मिल गया। राजाओं को रद्द करने के लिये बादशाह ऐसा मत्त हो गया कि जैसा हाथी मद में आ जाता है।

जसवँत विना जिहांन, पान चळ जांणै पवनै।
कना केतु साकंप. थया मन हिंद सथांनै।
घटै क्रिया वांभणां, मिटै झालर परसादां।
ईत प्रजा ऊपजे, निरख दुर रीत निसादां॥
इक राह चाह लागौ असुर, निर सहाय प्राकार नव।
अवरंग प्रथी पर उलटियौ, दंग प्रगट्यौ जांण द्व॥५७॥
राम धाम जसराज, गयौ हिंदू भ्रम आगळ।
मास सपत अजमाल, मात भ्रभ वास महावळ॥

साकिया = शंकित हुए। अकल पाण० = अचिंत्य बलवाला असुर (बादशाह) मर्यादा त्यागकर उभलने लगा। मानों समुद्र समय (प्रलय-समय) पाकर गर्जना करके बड़ी मर्यादा को छोड़ देता है।

५७—जसवतसिंह के बिना जगत् ऐसा चंचल हो गया है मानों पवन से पत्र। किंवा ध्वजा कॉपती है, वैसे हिंदुस्तान का मन चंचल हुआ। वांभणा = ब्राह्मणों की। परसादा = (प्रासादों) मंदिरों मे झालर बजनी बंद हो गई। प्रजा में ईति उत्पन्न हुई। ईति सात हैं—

"अतिवृष्टिरनावृष्टिमूंषकाः शलभाः शुकाः।
स्वचक्र परचक्रं च सप्तैता ईतयः स्मृताः॥"

भा०—अतिवृष्टि, वृष्टि न होना, चूहे, टिड्डी, सुग्गा, अपनी सेना और शत्रु की सेना ये सात ईति हैं।

निसादा = भीलों, यहाँ मुसलमानों से तात्पर्य है। असुर (बादशाह) सब एक धर्म करना चाहने लगा; क्योंकि नवकोट (मारवाड़) असहाय हो गया था। औरंग पृथ्वी पर क्या उलटा? मानों दवानल के अग्निकण प्रकट हुए।

५८—हिंदूधर्म की अर्गला-रूप जसवंतसिंह हरि के घर (वैकुंठ) को गया। उस समय अजीतसिंह माता के गर्भ में सात महीने का था। दश

पूरण दस प्रामियां, जनम होसी जोधाहर।
बधे बंस विसवास, आस ते ज्यास मुरद्धर॥
तौ पण प्रताप मेछां तणौ, अतस दाप बाधे अकस।
राव रांण कांण लेखै न रज, एक पांण थंभै अरस॥५८॥

इति श्री महाराजाजी श्री अभैसिंघजी जस राजरूपक मैं विक्रमी संवत् १७३५ मैं पातसाहजी अजमेर आया प्रथम प्रकास॥१॥

---

(१०) महीने पूर्ण होने पर जोधा के वंशज का जन्म होगा, और वंशवृद्धि होगी, इस विश्वास से मारवाड़ को आशा है और धैर्य है। अतस=अतिशयित, अत्यंत। दाप=(दर्प) घमंड। अकस=ईर्ष्या, ऑट। राव और राणा का लिहाज रज के बराबर भी नहीं गिनता है। एक हाथ से आकाश को थाम रखा है।

इति श्री राजरूपकटीकाया प्रथमः प्रकाशः॥ १॥

छप्पय

हुए हिंदु बळ हीण, धरा पण खीण सुरां भ्रम ।
मिटे वेद मरजाद, भेद गुण आद पड़े भ्रम ॥
ठाम ठाम पुर ग्राम, काम हरि धाम अकाजां ।
पंडित मंदा पड़े, करै जिंदा आवाजां ॥
जग लोक वांण सीखै जवन, पढै ब्रहम मुख पारसी ।
हित देव सेव आघा हुआ, काई लग्गां आर सी ॥ १ ॥

आद छत्र आंवेर, दास कर जेर सदावां ।
राजावां उमराव, किया राजा उमरावां ॥

१—हिंदू निर्बल हुए, पृथ्वी पर देवताओं का धर्म (पूजा) क्षीण हो गया। वेद की मर्यादा लुप्त हो गई। भेद (मतमतांतर) होने से गुण आदि में भ्रम पड़ गया। नगर और ग्रामों में ठौर ठौर हरि के मंदिरों के कार्य में अकृत्य होने लगा। जिंदा=मुल्लाँ। जगत् में सब लोग मुसलमानी भाषा सीखने लगे। ब्राह्मण स्वयं मुख से पारसी भाषा पढ़ने लगे और हितकारी देवसेवा से अलग हो गए। और कोई देवसेवा लगी हुई है तो वह उनको आर के जैसी लगती है। बैलों को हाँकने की छोटी लकड़ी में एक ओर सूई की तरह तीखा कीला लगा रहता है, उसे आर कहते हैं। बैल नहीं चलता है तब वह आर बैल के चुभाई जाती है। वह उसको दुःख देती है, वैसे ब्राह्मणों को देवसेवा दुःखद दीखने लगी।

२—आदि में आंवेर के छत्र अर्थात् राजा को दाव के साथ दास बनाकर जेर किया। राजा को उमराव और उमराव को राजा बना दिया। यवन

जवन जोस वरजोर, हेक सम तोर हजारां।
हीण तवै हिंदवां, एक लेखवै अपारां॥
अजमेर कूच कर आवियौ, आंण फेर धर ऊपरा।
अवरंग अंग छिवतै उरस, हटे मग्ग हिँदवांणरा॥२॥

कुळ हाडां कूरमां, किया विण आडा कारण।
ज्यां आगै मृगराज, धरै गजराज न धारण॥
मुरझ थांन मेवाड़, रांण राजांन सरीखा।
महण देख ऊबंध, करै कुण बंध परीखा॥
तद वार अंस पुरसां तणी, आय वणी जग ऊपरा।
महाराज तणै छळ मारवां, धारी लाज मुरद्धरा॥ ३॥

जोश के मारे जबर्दस्ती करते हैं, मुसलमान एक है, परंतु उसका तौर हजारों के बराबर है। हिंदुओं को हीन (काफिर) कहता है, और हिंदुओं की संख्या असंख्य होने पर भी वह उनको एक के बराबर समझता है। औरंगजेब कूच करके अजमेर आया, पृथ्वी पर अपनी आज्ञा प्रवृत्त की। उस समय औरंगजेब का शरीर मानों आकाश को जा लगा था; और हिंदुओं के धर्म के मार्ग सब रुक गए थे।

३—हाड़ों (चहुवाणों की एक शाखा है; जो बूँदी और कोटे के राजा हैं) और कछवाहों को साधारण और निकम्मा कर दिया; जैसे सिंह के आगे हाथी धैर्य धारण नहीं कर सकता। मेवाड़ का स्थान मुरझा गया। राणा और राजा समान हो गए। मर्यादा-रहित समुद्र को देखकर उसको बाँधने का विचार कौन कर सकता है? उस समय अंश अर्थात् बलवाले पुरुषों की जगत् के ऊपर आ बनी, अर्थात् बलशाली पुरुषों से जगत् दुःखित हो गया। परंतु मारवाड़ के वीरों ने महाराज (अजीतसिंह जी) के वास्ते युद्ध करके मारवाड़ की लज्जा रखी।

सुण वाकौ पतसाह, आस मंडी उर अंतर।
मूनदीन फिर मीर, पीर परसिया अजैपुर॥
जद रांणै राजान, पूत जैसिंघ पठाये।
कुंवर अनैं चहुवांण, पांण भळ लग्गा पाये॥
दिस कमँधां पैसौर, ज्यास मोकळे दिलासा।
आवौ मूझ हजूर, सूर साखेत सज्यासा॥
जोधपुर विभौ जोवाड़ियौ, मेल वहादर खान नूं।
हरि लखे अचंभा साह रा, दे थांभा असमांन नूं॥४॥

छंद वेअक्खरी

वह दग्गै सूं खांन वहादर।
आयौ गढ़ जोधांणै ऊपर।

४—इधर का वृत्तांत सुनकर वादशाह ने अपने मन में आशा की और उसी से अजमेर आकर पीर मूनदीन की फिर यात्रा की। (अजमेर में जिस पर खाजा जी की मसजिद बनी है उसका नाम मय्यूदीन था।) उस समय वादशाह के पास राणा और राजाओं ने अपने कवरों को भेजा। जैसिंघ = जयपुर के राजा का नाम है। और चौहानों के कंवर हाथों से पकड़कर वादशाह के पैरों लगे। वादशाह ने पिशावर की तरफ के राठौड़ों को दिलासा भेजकर धैर्य बँधवाया, और कहलाया कि जो खांपधारी हैं वे विश्वास रखकर मेरे दरवार में आवें। फिर वहादुरखान को भेजकर जोधपुर के वैभव का पता लगाया। विष्णु भगवान् वादशाह के आश्चर्य-कारी कृत्यों को देखते हैं तो ऐसा समझते हैं कि वादशाह आकाश के खंभे लगा रहा है।

५—दग्गैं सूं = धोखा विचारकर। पंजो = वादशाही फरमान में मुहरें लगाई जाती थीं, परंतु खास फरमान में मुहरों के साथ पंजा भी हुआ करता था। वहादुरखान ने फरमान को खोलकर पंजा दिखलाया और उसमें

खोले पंजौ कोल दिखायौ।
भत्र नह मिटै तुमारौ भायौ ॥५॥
हाथी तुरँग सबै ले हालौ।
साह हिजूर सताबी चालौ॥
यूँ कह कूच कियौ जद आसुर।
साथ लिया राजा रा सिंधुर ॥६॥
भाटी रुघपत साथ भयंकर।
सँग कायथ केहर मत सद्धर॥
पातसाह अजमेर परस्से।
कूच कियौ तड़भड़ भड़ कस्से ॥७॥
इंद्रसिंघ दक्खण थी आयौ।
साथ लियौ कर तोल सवायौ॥
रांण सुतण विरदे समराथे।
संग थयौ पहुँचावण साथे ॥८॥

जो इकरार लिखा हुआ था, वह भी दिखलाया। बहादुरखान ने राठौड़ों से कहा कि तुम जो चाहते हो कभी नहीं मिटेगा, अवश्य होगा।

६—सताबी = जल्दी। आसुर = बहादुरखान। सिंधुर = हाथी।

७—भाटी रघुनाथसिंह और कायस्थ केसरीसिंह साथ थे। मत सद्धर = दृढ़ बुद्धिवाला। परस्से = स्पर्श करके, यात्रा करके। तड़भड़ = बहुत जल्दी। भड़ कस्से = भटों को तैयार करके।

८—इंद्रसिंह = राव मालदेव के पौत्र रायसिंह का पुत्र। कर तोल सवायो = अपने से सवाया समझकर। राणा का पुत्र, जिसका समर्थ ऐसा विरुद है। उस समय महाराणा राजसिंह थे; और उनके पुत्र जयसिंह थे। कंवर जयसिंह का बादशाह के साथ पहुँचाने को जाना गाया जाता है।

दिल्ली गयौ कूच मन दीधौ।
किण ही ठौड़ मुकांम न कीधौ ॥
राव इंद्रसिंघ घण छळ राखे।
दिल्लीपत चाहै त्यां दाखे ॥९॥

दूहा

पहला दळ पेशोर थी, खड़ आया लाहौर।
जनम हुवौ अगजीत रौ, सुप्रसन संकर गौर ॥१०॥
पैंत्रीसे रा चैत वद, चउथ अनै बुधवार।
पुत्र हुवौ जसराज रै, भांजण दुख संसार ॥११॥
मुरधर थया वधावणा, हरखे तेरह साख।
ज्यूं वनपाळे पीड़ियां, सिर आयौ वैसाख ॥१२॥

९—बादशाह सीधा दिल्ली गया, कहीं मुकाम नहीं किया। बादशाह ने इंद्रसिंह को बड़े छल के लिये रखा, और बादशाह इंद्रसिंह ज्यों चाहता है त्यों कहता है।

१०—बादशाह का वृत्तांत कहकर अब पिशावरवाले राठौड़ों का वृत्तांत कहते हैं। अगजीत = अजीतसिंह। संकर गौर = महादेव और पार्वती के प्रसन्न होने से अजीतसिंह का जन्म हुआ।

११—भांजण० = संसार का दुःख दूर करने के लिये संवत् १७३५ चैत्र वदि चतुर्थी बुधवार के दिन जसवंतसिंह के पुत्र हुआ।

१२—मरुधरा में बधाई बटी, तेरह शाखा के राठौड़ हर्षित हुए। ज्यूं वनपाळे० = जैसे पीड़ित बागवान को वैशाख मास का सिर अर्थात् चैत्र मास आने से हर्ष होता है। शीतकाल में वन-पालक को पीड़ा होती है; क्योंकि हिम के कारण उद्यान कुम्हला जाता है; और चैत्र मास में उसके प्रफुल्लित होने से हर्ष होता है। अथवा पाळे = हिम से पीड़ित वन के सिर पर वैशाख मास आया। वैशाख में हिम नष्ट हो जाता है।

साह दिलासा मोकळै, अब क्यूं राखौ दूर।
नरपत्ती जसराज रौ, लावौ पुत्र हजूर ॥१३॥
सुण आयौ लाहौर थी, राजा लीधां साथ।
मिळिया सारा साथ सूं, केहर नै रुघनाथ ॥१४॥
कर डेरा पण धारियां, जमण तणै उपकंठ।
उवर तणी इँद्रसिंघ सूं, साह प्रकासी गंठ ॥१५॥
तूं सुत रायांसिंघ रा, रासा मेरौ प्रांण।
जो हूं चाहूं सो करै, तौ आपूं जोधांण ॥१६॥
औरँग ऐसै अक्खियौ, दूजै दिन राठौड़।
गया दरग्गह साह रै, मारूधर कुळ मौड़ ॥१७॥
बहुत दिलासा दाखतै, साह दिया सिरपाव।
सिर पर हुकुम चढ़ायलौ, कीधौ प्रथम कहाव ॥१८॥
दिन दूजै मिळ मारवां, हाथी रिद्ध तुरंग।
दरसाया दीवांण नूं, फिर जोया अवरंग ॥१९॥

१३—मोकळै = भेजता है।

१४—सुण = बादशाह का हुक्म सुनकर।

१५—पण धारियाँ = प्रतिज्ञा को धारण करते हुए। जमण = यमुना। तणै = के। उपकंठ = समीप। उवर = हृदय की। गंठ = (ग्रंथि) कुटिल अभिलाषा।

१६—रायासिंघ रा = रायसिंह का (यह चंद्रसेण का पुत्र रायसिंह है)। रासा = रायसिंह। आपूं = देऊँ।

१७—अक्खियौ = कहा।

१८—दाखतै = कहते।

१९—मारवां = मारवाड़ के सरदारों ने। रिद्ध = (ऋद्धि) संपदा। तुरंग = घोड़े। जोया = दर्शन किया।

छंद वेअक्खरी

साहजहाँ रिध दीठी सारी
वची बहुत यूं चीत विचारी।
दाखै साह सवै धन देखा
लार रहै का कोउ न लेखा ॥ २० ॥
कायथ त्याग विचारै काया
केसरिसिंघ राम का जाया।
इण विध अरज दई लिख आगै
भाखव हूँ तिण थी भ्रम भागै ॥ २१ ॥
हित पत धरम कैद वस हूवौ
दियौ साह पूछण कौ दूवौ।
रिध नृप ग्रह चौ भरम रहायौ
पियौ जहर कर प्राण परायौ ॥ २२ ॥

२०—रिध = (ऋद्धि) सपदा। वची = शेष रही। दाखै = कहता है। लार = पीछे। लेखा = हिसाब।

२१—कायथ = (कायस्थ) केसरीसिंह ने। काया = शरीर। राम का जाया = मारवाड़ का सांकेतिक शब्द है। परमेश्वर का बेटा, परमेश्वर का लाडला। यह सांकेतिक शब्द सच्चे स्वामिभक्त के विषय में प्रयुक्त किया जाता है। इण विध० = केसरीसिंह ने इस प्रकार की लिखकर अर्जी दी कि महाराज के पास कितनी बचत रही इसका उत्तर मैं दूंगा, जिससे आपका भ्रम दूर हो जाय।

२२—हित पत० = स्वामिभक्ति के धर्म के हेतु केसरीसिंह कैद हुआ। दूवौ = हुक्म, आज्ञा। राजा के घर की संपदा का भेद छिपा लिया। उसके लिये यह उपाय किया कि अपने प्राणों को पर-प्राण समझकर विष पीकर मर गया।

केहर सांम धरम पण कीधौ
दियौ जीव पण भेद न दीधौ।
बोले बोल वधती वाजी
राव हुवौ उर इंदर राजी ॥ २३ ॥

दुहा

यां राठौड़ां अक्खियौ, सुण लै ओरँग साह।
उतन दियां अगजीत नूं, सुख धर लहौ सलाह ॥ २४ ॥

छंद हणूफाल

पूछियौ सुख धर प्यार, इंद्रसिंघ नै उण वार।
सुण अरज अवरँग साह, उर पसर कोप अथाह ॥ २५ ॥
कर हुकम मूझ कबूल, इळ भुगत निज अणभूल।
सुण वयण पति इँद्र साह, लिख दीध हुकम सलाह ॥ २६ ॥
सुख रीझियौ सुरतांण, जद दियौ गढ़ जोधांण।
वद जेठ बारस वार, सुज सोम ते जन सार ॥ २७ ॥

२३—केसरीसिंह ने स्वामिभक्ति धर्म को धारण किया। पण=परंतु। भेद=रहस्य की बात नहीं कही। बोले बोल०=बोल ही बात में बाजी बढ़ गई, जिससे इद्रसिंह मन में राजी हुआ।

२४—या=इस भाँति। अक्खिया=कहा। उतन=(वतन) जन्मभूमि। अगजीत नूं=अजीतसिंह को। लहौ=पाओगे।

२५—उण वार=उस समय। सुण=राठौड़ों की अर्जी सुनकर। उर=हृदय में। पसर=वृद्धिगत हुआ, फैला। अथाह=अपार।

२६—बादशाह ने इद्रसिंह को कहा कि मेरी आज्ञा को स्वीकृत कर। इळ=पृथ्वी। इंद्रसिंह ने बादशाह के वचन सुने कि सलाह करके हुक्म लिख दिया है।

२७—सुरतांण=बादशाह ने। जोधाण=जोधपुर।

चढ़ै लोक चल्लै, मसीतां महल्लै ।
झरोखा सझायौ, उठी साह आयौ ॥ ३९ ॥
चली फौज चावै, हुवौ लोक हावै ।
अठी अै अछाया, उठी खैंप आया ॥ ४० ॥
नगारा निहस्सै, सनूरा तरस्सै ।
दुसेन्या दरस्सी, कड़े कंठळी सी ॥ ४१ ॥

दुहा

धिन आजूणौ दीहड़ौ, यां कहियौ रघुनाथ ।
धरम निभाहां सांम छळ, साहां सूं भाराथ ॥४२॥
फेरे वग्ग तुरंग री, तोले खग्ग करग्ग ।
रिण पण ऊमंगे लगे, रैणायर गयणंग ॥४३॥

३९—चढ़ै० = लोक चलकर मोहल्लों की मसजिदों पर चढ़ गए हैं ।

४०—चावै = उत्साह के साथ । हावै = भयभीत हो गया, हाहाकार करने लगा । अछाया = कटु वचन सहन न करनेवाले । खैंप आया = खापा बाहर आ गए । तलवार का म्यान दो खोंपो से बनता है; तलवार का म्यान से बाहर निकालना खापो से बाहर आना कहा जाता है ।

४१—निहस्सै = बजे । सनूरा = नूर सहित, तेजस्वी पुरुष युद्ध की तृष्णा करने लगे । दुसेन्या = दोनो तरफ की सेना कड़ा और काठले के समान दीखने लगी ।

४२—आजूणौ = आज का । दीहड़ौ = दिन । या = इस तरह । साम छळ = स्वामी के निमित्त युद्ध मे । भाराथ = युद्ध ।

४३—करग्ग (कराग्र) = हाथ । रिण पण = युद्ध की प्रतिज्ञा में । ऊमगे = उत्साह-युक्त होकर । रैणायर = राजा लोग । गयणंग = आकाश मे लगे, अर्थात् अत्यंत अभिमान-युक्त हुए ।

महारांणी जसराज री, यां बोली तिण वार।
प्रथम अमां परवाहियै, खग धारा जळ धार ॥४४॥
खग्गां सीस निवेड़िया, साहँस परख अथाह।
जोधहरां मिळ जमण मैं, कीधौ मात प्रवाह ॥४५॥
भाज गई चिंता भड़ां, घड़ां कठट्ठे जंग।
नांमा रक्खण देख खळ, सांम्हा किया तुरंग ॥४६॥
पत्र सुधारै जोगणी, माळ सुधारै रंभ।
थंभ चलेवौ सोम रवि, पेखे व्योम अचंभ ॥४७॥

छंद त्रोटक

घण माळ ज्युँही असुरांण घड़ा।
खित आवृत मेन किसेन खड़ा॥
रिण तूर न फेरिय भेर रुड़ै।
गहरै स्वर तांम दमांम गुड़ै ॥४८॥

४४—अमा = हमको। परवाहियै = बहा देना चाहिए। खग० = खड्ग की धारा से काटकर जल की धारा में।

४५—खग्गा = तलवारों से। निवेड़िया = निबटा दिया, समाप्त कर दिया। परख = परीक्षा करके। अथाह = बहुत। जोधहरां = जोधाजी के वंशजों ने। मिळ = एकमत होकर। मात प्रवाह = रानियों को जल में बहा दिया।

४६—घड़ां = सेना युद्ध के लिये रवाना हुई। नामा० = नाम रखनेवाले राठौड़ों को देखकर। खळ = मुसलमानों ने।

४७—पत्र = पात्र। माळ = माला। रंभ = रंभा, अप्सरा। थंभ० = चद्रमा और सूर्य चलना रोककर आकाश से आश्चर्य-पूर्वक देखते हैं।

४८—घण माळ = मेघमाला के जैसी मुसलमानों की सेना है। पृथ्वी को घेरे हुए मनुष्य किसानों की तरह खड़े हैं। रिण = (रण) युद्ध में। तूर० = तूर, नफीरी और भेरी वाद्य विशेष हैं। रुड़ै = बजते हैं। ताम = वहाँ। दमाम = नक्कारे। गुड़ै = बजते हैं।

९४—किलमां = मुसलमानों के। तन = शरीरों से। पोखे = पोषण किया, पुष्ट किया। कूंत = (कुंत) भाला। धरण = जमीन में। व्रण = छेद। रामसिंह का भाला शत्रु के शरीर को छेदकर जमीन में जा घुसता है। इत = इधर। सीह पराक्रम = सिंह का सा उसका पराक्रम है। सीह ओप = सिंह के सदृश उसकी शोभा है। किलमांण = मुसलमान। धकै = सामने।

९५—सामंत = सामतसिंह। विछोहै अंग = अंगों को अलग कर देता है। सार = तलवार से। करवत्त = करोत से। दार = चीरकर।

पड़ सीस विना लोटै पठांण
किर ज्वार सिरै कृका करसांण ॥६५॥
इक पड़ै मुड़ै मुड़ लड़ै आय
घड़ियाल गजर जिम जजर घाय।
सामंत अनै रामो समत्थ
रवि गयण निहारै थांभ रत्थ ॥६६॥

छप्पय

हैमत्त सत्र हेड़तौ, अठी मेड़तियौ आयौ
असुरां दळ ऊपर, सार वाजियौ सवायौ।
वागो खग वानैत, लाज ऊदा जग लेखे
रिण जोधै धनराज, वाज ऊरिया विसेखै।
आवरत मेघ सम ओवड़े, घड़ी पंच वग्गी खड़ग
सिरदार इता भिड़िया समर, नीवड़िया जिम घाय नग ॥६७॥

किर = मानो। ज्वार० = ज्वार के सिर पर किसान पड़ा (काटने के लिये)।

६६—मुड़ै = पीछे फिरता है। घड़ियाल = प्रातःकाल की घड़ियाल (= घंटा) जैसे पिटती है। जजर घाय = शत्रु घावों से जर्जर हो गए हैं। रवि० = सूर्य आकाश में रथ को रोककर उस युद्ध को देखता है।

६७—हैमत्त = हैमतसिंह। सत्र = शत्रुओं को। हेड़तौ = चलाता हुआ। वागो = लड़ा। वानैत = नामी, अपना चिह्न रखनेवाला। लाज० = ऊदावतों की जगत् में लज्जा रखनेवाला (रूपसिंह)। जोधै = जोधा राठौड़ धनराज। वाज = घोड़ा। ऊरियो = शत्रुओं के बीच में चलाया। आवरत० = प्रलयकाल के मेघ के समान। ओवड़े = झड़ी लगाई उमड़ आया। नीवड़िया = समाप्त हुए, मरे। घाय = घायल होकर। नग = पहाड़ जैसे।

रुंड रकत भारिया, मुंड झारिया खडग्गां
कितां अंग निरलंग, झडे भड़ पग्ग करग्गां।
दंतकुळी अंगुळी, करी कोपरी कपाळां
वीच खेत वित्थरी, फरी विहरी किरमाळां।
हुय धरा नरां नर हैमरां, उरध अचंभम अम्मरां
आदेस करां सुर उच्चरै, राम अनै सामंतरां ॥९८॥
पड़े सहस पठ्ठांण, समर ऊपड़े सहासां
तुरिय तुंड सतखंड, परी मग झुंड अरस्सां।
सुहड़ पड़े दोय सत्त, राम सामंत विहारी
हिम्मतसी धनराज, पांच माझी व्रतधारी।
मधुमास क्रसन पख द्वादसी, जुध प्रकास जग जाणियौ
म्रत जीप गया हरि थान मझ, व्रत जिहां न वाखांणियौ ॥९९॥

इति श्री महाराज राजराजेश्वर श्री अभयसिंघजी रा परम जस राजरूपक मैं सामंतसीह रामसीह आद उमराव काम आया त्यांरी विगत कही द्वादस प्रकास ॥ १२ ॥

९८—रुंड = धड़। मुंड = मस्तक। झारिया = कटे हुए। निरलंग = अलग किए हुए। पग्ग = चरण। करग्गां = हाथ। दंतकुळी = दांतों की पंक्ति। कोपरी = (कूर्पर) कुहनियाँ। खेत = रणांगण में। वित्थरी = बिछ गई। फरी = ढालें। विहरी = बिखरी। किरमाळां = तलवारें। हैमरा = घोड़ों से। उरध = ऊपर, आकाश में। अचंभम = आश्चर्य। अम्मरा = देवों को। आदेश = आज्ञा (स्वर्ग में आने के लिये)। करा = हाथों से।

९९—पड़े = गिरे, मरे। ऊपड़े = घायल होकर। सहासा = हजारों। तुरिय = घोड़ों के। तुंड = मुख। मग = मार्ग। अरस्सा = स्वर्ग के। सुहड़ = सुभट। पड़े = गिरे, मरे। दोय सत्त = दो सौ। विहारी = विहारीदास। माझी = मुखिया। व्रतधारी = नियम धारण करनेवाले। मधुमास = चैत्र मास। म्रत जीप = मर्त्यलोक को जीतकर।

दुहा

तुरकां सूं मिळिया तिके, जिके हुवा सिर जोर।
आंनौ थांणै उसतरां, किण तिण चंपै कोर॥ १॥
माख तणौ मद साथ वळ, जवनां देख सजोस।
कूंपौ कांठै राखियौ, रिम हर करण अरोस॥ २॥

छंद वेअक्खरी

मगरै थई लड़ाई मोटी,
किलवां हरख सुणी नवकोटी।
भीम तणौ हरनाथ भयंकर
जसौ भतीज महा जोरावर।
चौड़ै बांधे कटक चलाया
ऊगै दिन थांणै सिर आया॥ ३॥
कूंपावत आंनौ जुध कोडे
उठियौ गयण भुजा डँड ओडे।

१—आनौ=कूंपावत आना। उसतरा=एक गाँव का नाम। चंपै=दबा सकता है। कोर=किनारा, छोर।

२—माख तणौ=कूंपावत शाखा होने का। कांठै=किनारे पर। रिम हर=शत्रुओं को।

३—किलवा=तुरकों को। नवकोटी=मारवाड़। भीम तणौ=(करमसोत) भीम का पुत्र। जसौ=हरनाथ का भतीजा जसवंतसिंह। चौड़ै=प्रकट।

४—कोडे=उत्साह से। गयण=(गगन) आकाश को। ओडे=

हरी जसै सुहड़ां हलकारे
अंबर छायौ सोर अँगारे ॥ ४ ॥
वागां वि दळ बरावर वादे
पिड़ गाजियौ गयण पड़सादे ।
समहर तीरां पूर सचाळौ
वरसे किर मातौ वरसाळौ ॥ ५ ॥
दारण कमा लूंबिया दोळा
आंनै लिया दिवाळां ओळा ।
आंनै तणा सुहड़ रिण आया
पड़िया तेरह अवर पुळाया ॥ ६ ॥
सात अठी पड़िया साखेता
मारू जुध जींता नांमेता ॥
लूटे गांम वित्त धन लीधा
दिस च्यारूं पासरणा दीधा ॥ ७ ॥

धारण किए । हरी = हरनाथसिंह । जसै = जसवतसिंह । हलकारे = प्रचारा । सोर = बारूद । अँगारे = अग्नि से ।

५—वागा = लड़े । वि दळ = दोनों सेना । वादे = वाद करके । पिड़ = युद्ध से । पड़सादे = प्रतिशब्द, गूँज उठी । समहर = युद्ध । सचाळौ = प्रबल, युद्ध । मातौ = बहुत जोर का । वरसाळौ = वरसने-वाला मेघ, चातुर्मास्य ।

६—दारण = (दारुण) भयंकर, महाप्रबल । कमा = करमसोत । लूंबिया = जा लपटे । दोळा = चारों तरफ । दिवाळा = भींतों की । ओळा = आड, रोक. शरण । सुहड़ = सुभट, योधा । पड़िया = गिरे, मरे । अवर = दूसरे । पुळाया = भागे ।

७—साखेता = शाखावाले । मारू = मारवाड़ के । नांमेता = नामी । वित्त = गौ आदि पशु । पासरणा = फैलाव ।

दुहा

थांणौ गांगांणी तणौ, भागौ ऊगै भांण।
मंडोवर वाळा मियां, नास गया जोधांण ॥ ८ ॥

इति करमसोतां उसतरां रौ थांणौ मारियौ ॥

दुहा

कर दमँगळ वळिया कमा, सुद बारस वैसाख।
आरुहियौ मुहमदअली, भली खुली जद भाख ॥ ९ ॥
कर दौड़ां दिस कमधजां, गौ मेड़तै सिताव।
मोहकम रौ मन मेळवां, मिळ पूछियौ जवाब ॥१०॥
आगै कहियौ आसुरां, मुहकम झूटौ मेळ।
आंपे जांणां आंपणौ, (पिण) आपां सूं ऊखेळ ॥११॥
भाटी सूर महेस सँग, कूंपा राम पदम्म।
दूजाई दौड़ै विखै, इणरै पखै अनम्म ॥१२॥

८—गांगाणी=गाँव का नाम है। भांण=(भानु) सूर्योदय होते ही। जोधाण=जोधपुर।

९—दमँगळ=युद्ध। वळिया=पीछे लौटे। कमा=करमसोत राठोड़। आरुहियौ=चढ़ा, रवाना हुआ। भाख=अरुणोदय का समय हुआ।

१०—दौड़ां=आक्रमण करके। दिस०=राठौड़ों की तरफ। गौ=गया। सिताव=जल्दी। मोहकम०=मेड़तिया मोहकम से प्रीति करने के लिये।

११—आसुरां=मुहम्मद अली ने यवनों के आगे कहा कि मोहकमसिंह जो प्रीति दिखाता है वह सच्ची नहीं है। आंपे०=आप अपना जानते हैं परन्तु वह आपसे ऊखेळ=विरुद्ध है।

१२—इणरै पखै=इसके पक्ष से। अनम्म=अनम्र।

औ मेळू अवरां तणौ, असुरां करण अकाम।
सिवौ नचिंतौ एण सूं, राजड़ नै जगराम ॥१३॥
मुहकम रौ मुहमद अली, सुण मत असत सराह।
तुरत वणे हित तेड़ियौ, मिरजौ मेहलां मांह ॥१४॥

छंद बेअक्खरी

मिरजौ रीस वधे मन मारै
उर अप्रीत मुख प्रीत उचारै।
धेठां भड़ां इसारत धारै
वात करै उर घात विचारै ॥१५॥

सत्र सारत समधा सब कोई
जड़लग वह गई संग जिनोई।
मुहकम रुख चख जांण कमाळी
सिर चलते केवांण सँभाळी ॥१६॥

१३—औ=यह। मेळू=मिला हुआ है। अवरां तणौ=दूसरों से। अकाम=बुरा। सिवौ=सिवसिंह। एण सूं=इससे।

१४—असत=झूठा, बुरा। सराह=उसकी प्रशंसा करके। तेड़ियौ=बुलाया।

१५—रीस=क्रोध। मन मारे=परंतु मन में क्रोध को दबा लिया। धेठा भड़ां=ढीठ सिपाहियों को। इसारत धारै=इशारा (संकेत) कर दिया।

१६—सत्र=शत्रु। सारत=इशारे को। समधा=समझ गए। जड़लग=तलवार। वह गई=पार निकल गई। जिनोई=यज्ञोपवीत के समान। रुख=आशय। चख=(चक्षु) नेत्र। कमाळी=मुसलमान। सिर चलते=मस्तक कटते। सँभाळी=हाथ में ली।

साझ मुगल किर वीज सचाळो
वहगई धार थंभ विचाळी ॥

दुहा

मिरजें मुहकम मारियौ, कर छळ मिळ अप्रकास ।
वेढक डेरे वज्जिये, पड़िया सुहड़ पचास ॥१७॥
आसाडाऊ सूध नम, मंगळ महलां मांह ।
मुहकम चौ म्रत मेड़तै, सुणियौ दक्खण साह ॥१८॥

इति श्री राजरूपक मैं मुहकमसिंघ मेड़तै चूक सूं काम आयौ ॥

दुहा

इकताळौ लागौ वरस, चाळौ सरस गहीर ।
सोझत हुई सुजांण नूं, थई पठांण तगीर ॥१९॥
मुकन सुतन बळ मंड म्रत, पड़ी न खंड लिगार ।
रैणायर रामंग रू, सरू हुवौ गह सार ॥२०॥

१७—साझ=मुगल को मारने के लिये। वीज=बिजली। सचाळी=प्रबल। थंभ विचाळी=थंभे मे जा लगी। छळ=कपट करके। अप्रकास=गुप्त रीति से। वेढक=लड़नेवाले, सुभट। वज्जिये=लड़कर।

१८—आसाडाऊ=आषाढ़ मास की। सूध=सुदि। नम=नवमी। चौ=का। म्रत=मृत्यु।

१९—इकताळौ=संवत् १७४१। चाळौ=युद्ध। गहीर=(गंभीर) विकट। सोझत०=सोजत का थाना सुजाणसिंह को हुआ।

२०—मुकन सुतन०=मुकनसिंह का पुत्र रामसिंह पराक्रम करके मर गया था, परंतु। खंड=कमी। लिगार=जरा भी, अल्प भी। रैणायर=रणछोड़दास भाटी। रामंग रू=रामसिंह का पुत्र। गह=नाश करके।

पूरौ हरी प्रवाड़ मल, सूरौ दुज्जणसल्ल।
रूकहथा हरदास रा, अजरा खरा अचल्ल ॥२१॥
सूजौ कीरतसिंघ रौ, भेळौ दळां अभंग।
रोज हुवै रिणछोड़ रा, जवनां थांणै जंग ॥२२॥
पोळ जड़े रवि पेखतां, श्रो(खो)खै चढियां दीह।
मिटै न कंदल जोधपुर, बीवां घटै न बीह ॥२३॥

छंद बेअक्खरी

उर जळियौ सुण खान इनायत
सेख विदा कीधौ उण सायत।
जवन सहस सभिया कज जंगां
ततखिण पाखर पड़ी तुरंगां ॥२४॥
फाजल सेख खुलंती फज्जर
असुर घसे लागौ अति आतुर।
अस न खड़े रिणछोड़ उताळौ
चूरण खळां विचारै चाळौ ॥२५॥

२१—पूरौ=पूर्णमल। हरी=हरिसिंह। प्रवाड़ मल=युद्ध करने में मल्ल के सदृश। सूरौ=सूरसिंह। रूकहथा=तलवारें हाथों में लिए। हरदास रा=हरदास के वंशज। अजरा=अच्छे।

२३—पोळ जड़े=दरवाजा बंद कर लेते हैं। रवि पेखता=सूर्य दीखते दीखते। दीह=दिन। कंदल=युद्ध। बीवा=दूसरों का। बीह=भय।

२४—उण सायत=उसी वक्त। कज=लिये।

२५—खुलती फजर=दिन निकलते ही। घसे लागौ=पीछे लगा। अति आतुर=बहुत शीघ्रता करके। अस=घोड़े को। उताळौ=जल्दी। खळा=शत्रुओं का। चाळौ=युद्ध में।

चाहंतां जादम रिण चाळौ
दुयणां तणौ हुयौ देठाळौ।
असुर सरोख डांखिया आया
आगै जादम राड़ अधाया ॥२६॥

मिळतां निजर हुवौ खग मेळौ
सर गोळी फिर मेघ सचेळौ।
ऊहड़ भड़ थांणै सुज आगै
भिड़तां सिंघी जके न भागै ॥२७॥

अै रिणछोड़ धके मुख आया
पेणै जांण नींद वस पाया ॥
घत सत्रां मुह आठूं घोड़े
घीव पाड़िया सेल धमोड़े ॥२८॥

२६—दुयणा=दुश्मनों का। हुयौ देठाळौ=दृष्टिगोचर हुए। डाखिया=उड़ते हुए। राड़=युद्ध में। अधाया=अतृप्त।

२७—खग=(खड्ग) तलवार का मिलाप हुआ। सचेळौ=प्रबल। ऊहड़०=आगे थाने पर ऊहड़ जाति का योधा है। भिड़ता=लड़ते हुए। सिंघी=सिंधी सिपाही।

२८—अै=ये। धके=आगे। मुख=मुँह के सामने आए। पेणै०=पीना सांप। आदमी नींद में होता है तब पीना सॉप उसके पास आ उसका श्वास पीता है और अपना ज़हर उसके मुख में डालता है, जिससे वह मनुष्य मर जाता है। घत०=आठों घोड़ों को शत्रुओं के सामने डाला। घीव=शस्त्र चलाकर। पाड़िया=तिराए। सेल धमोड़े=भालों से मारा।

भड़ सतरै आसुर माराथै
सिंधी पड़ियौ महमद साथै।
जवनां हार थई रण जूटे
फिरियौ सेख नगारे फूटे ॥२९॥

दुहा

यूं कमॅधां सुण अक्खियौ, माड़ेचौ अर मोड़।
राम विभन्नौ को कहै, जां ऊभौ रिणछोड़ ॥३०॥

सोजत फौज सुजांण री, न को उजाड़ै देस।
दळ सुज आंगम दौड़ियौ, माड़ेचौ माहेस ॥३१॥

दिन दिन धाड़ै दौड़तां, दूजै सांवण मास।
दौड़ी फौज सुजांण री, सूरज तणै प्रकास ॥३२॥

मेळ थयौ सैंधै मुहे, रैंणा देतां रेस।
अर मिळियां दिन ऊजळै, क्यां नीकळै महेस ॥३३॥

२९—माराथै=युद्ध में। जूटे=जुटने से, भिड़ने से। फिरियौ=वापस लौटा।

३०—यूं=इस तरह। अक्खियौ=कहा। माड़ेचौ=भाटी। अर मोड़=शत्रुओं को पीछे हटानेवाला। विभन्नौ=भरा हुआ। जां=जहाँ।

३१—उजाड़ै=नष्ट करता है। दळ सुज=उसकी फौज को। आंगम=दबाने के लिये। माड़ेचौ=भाटी महेशदास।

३२—धाड़ै=डाका मारने के लिये।

३३—सैंधै=पहचाने हुए। रैंणा=रणछोड़दास। रेस=पराजय। अर=शत्रु। क्यां=कैसे, किस तरह। नीकळै=रणभूमि छोड़कर जाय।

आहव भीच अजीत रौ, आदू रीत सँभार।
सगां असग्गां सांमुहौ, वग्गौ नग्गे सार ॥३४॥
भड़ पूंतारे आप रा, धारे सांमध्रम्म।
भांण तणौ अस भेळियां, दळ सांघणौ दुगम्म ॥३५॥
रीठ पड़े धारू जळां, अर धड़ डळां उधेड़।
करे खळां चहुवे वळां, दळ वीजळां निवेड़ ॥३६॥
समहर भड़ां सुजांण रां, उर धारियौ कळेस।
माड़ेचौ मर मारियौ, मुहड़ सटै माहेस ॥३७॥
धड़चे खळ धारू जळां, पड़ियौ दाखे पांण।
मुँह आगै माहेस रै, जैत तणौ किलियांण ॥३८॥

३४—आहव = युद्ध में। भीच = सुभट। सँभार = स्मरण करके। सगां = संबंधियों के। असगा = आसग करके, हिम्मत करके। वग्गौ = लड़ा। नग्गे सार = नंगी तलवार लेकर।

३५—पूंतारे = प्रोत्साहित करता है। भाण तणौ = भाण का पुत्र (महेशदास)। अस भेळिया = घोड़े को शत्रुओं पर डाला। साघणौ = बहुत सघन। दुगम्म = दुर्गम।

३६—रीठ पड़ै = अत्यंत वेग से प्रहार होता है। धारू जळा = तलवारों के। डळां = मांस के पिंड। उधेड़ = चीरकर, काटकर। खळा = शत्रुओं को। चहुवे वळा = चारों तरफ। वीजळा = तलवारों से। निवेड़ = निपटाकर, मारकर।

३७—समहर = युद्ध में। माड़ेचौ = भाटी (महेशदास)। माड़ेचौ० = भाटी महेशदास ने इंद्रसिंह के पुत्र मोहकमसिंह को मारा था उसके एवज में सुजाणसिंह ने महेशदास को मारा।

३८—धड़चे = भयभीत होते हैं। खळ = शत्रु। धारू जळां = तलवारों से। दाखे = दिखलाकर। पाण = पराक्रम। जैत तणौ = जैतसिंह का पुत्र।

छठ अँधियारी वार रवि, दूजै सांवण मास।
पाळहरौ रिण पौढियौ, पैलां सूतां पास ॥३६॥

इति श्री उरजनोत महेसदास उदैभांणोत काम आयौ सो विगत।

दुहा

चांपावत लाखौ फतौ, कूंपौ केहर राम।
यां सूधां कळ जोधपुर, मिटै न आठूं जाम ॥४०॥

छंद बेअक्खरी

सामँत राज जिसा समरत्थां
भूप अरथ पड़तां भारत्थां।
मुहकमसिंघ वळे माराणौ
साह तणौ दळ थयौ सपांणौ ॥४१॥
वात वळे असुरां विसतारी
धर दिस असट दिलासा धारी।
कितराई सुण भ्रमिया काचा
सबळ विखायत रहिया साचा ॥४२॥

३९—अँधियारी = कृष्णपक्ष की। पाळहरौ = उरजनोत भाटी। पौढियौ = सोया। पैलां० = दूसरे पक्ष के सोए थे उनके पास।

४०—सूधां = विद्यमान रहते। कळ = युद्ध। जाम = (याम) प्रहर।

४१—सामँत राज = चापावत सामंतसिंह। पड़ता = गिरने से। भारत्था = युद्ध में। वळे = फिर। साह तणौ = बादशाह का। सपाणौ = सबल।

४२—विसतारी = फैलाई। धर = (धरा) पृथ्वी में। दिस असट = आठों दिशाओं में। दिलासा धारी = दिलासा देना शुरू किया। कितराई = कितने ही। भ्रमिया = धोखे में आ गए। काचा = कच्चे। विखायत = विपत् को सहनेवाले। साचा = सच्चे, दृढ़।

सरु थया मारग सगळा ही
सोच दळां मिटियौ पतसाही।
चांपा करण मुदै चकचाळा
ऊदावाळा वंस उजाळा ॥४३॥

भाटी पिण आया दळ भेळा
मांण वधै चहुवांण समेळा।
सरसो जोर हुवौ पतसाहे
मंद विखौ पडियौ घर मांहे ॥४४॥

अजन प्रताप तेज अनमंधी
घाळ दसा तूजौ गजवंधी।
आलोझिया सको भड़ आवै
दाखी हिम्मत दाव विदावै ॥४५॥

४३—सरु थया०=उपद्रव मिटने से सब मार्ग चालू हो गए। चांपा=चांपावत। करण मुदै=करने के लिये। चकचाळा=उपद्रव, युद्ध। उजाळा=उज्ज्वल।

४४— माण वधै=बड़े अभिमान के साथ। समेळा=प्रीतिवाले। सरसो जोर०—बादशाह का बल सरस यानी दृढ हुआ। मंद=धीमा। विखौ=उपद्रव।

४५—अजन=अजीतसिंहजी का। अनमधी=अपार है। घाळ दसा=घातक अवस्था। तूजौ गजवंधी=दूसरा गजसिंह है। आलोझिया=विचार करके। सको=सब। दाखी=दिखलाई। दाव विदावै=दाव हो या न हो।

दुहा

चतुर कहै सकती पुरौ, सुधरै तो बळ स्याम।
ऊखेळो वाधै इळा, भेळो लियै सँग्राम ॥४६॥
औ पोतौ माहेस रौ, देस म्रजाद कमंध।
इण वांमै (है) वळ ओडियां, तो सह नामै कंध ॥४७॥
कहियौ बारठ केहरी, विध रचतां वरियांम।
पाऊं बोल पँचायती, हूं लाऊं सँगराम ॥४८॥
यां राजी हुय अक्खियौ, दळ अजमाल दुबाह।
सांमधरम्मी थां जिसा, सो इम दियै सलाह ॥४९॥
गौ बारठ सांगै कनैं, सांम तणौ छळ साह।
कीयौ काज नरेस रौ, तूं कुळ बोझ सँमाह ॥५०॥
दुमना थया विखायती, मरतां सामँतसीह।
थळ आयां वळ ओढणा, सोई धमळ अबीह ॥५१॥

४६—चतुर = चतुरसिंह। सकती पुरौ = चौहान। सुधरै० = सुधरना तो स्वामी के बल से है। ऊखेळौ० = परंतु संग्रामसिंह (चांपावत) शामिल कर लिया जाय तो पृथ्वी में उपद्रव बढ़ सकता है।

४७—इण = इसके। ओडिया = धारण करने पर। सह = समस्त।

४८—विध = विधि, रचना। वरियाम = जोरावर, श्रेष्ठ। पाऊं० = पंचायती का वचन मुझे मिल जाय तो।

४९—यां—इस प्रकार। अक्खियौ = कहा। दुबाह = वीर। थां जिसा = तुम्हारे जैसे।

५०—गौ = गया। सागै कनैं = संग्रामसिह के पास। छळ साह = कार्य धारण कर। सँमाह = उठा, धारण कर।

५१—दुमना थया = दुविधा में पड़ गए हैं। विखायती = विपत् सहन करनेवाले। थळ आयां = रेता आने पर। वळ ओढणा = बल को धारण करे। धमळ = धोरी बैल है। अबीह = निडर।

मांगे पूछे भाइयां. जेज न रक्खी काय।
मनसफ छंडे साह रौ, आयौ मिलण चलाय ॥५२॥
भड़ मिळिया नवकोट रा, अजै तणां उमराव।
हुवौ सुरंगौ साथ हव, दूणौ लग्गौ चाव ॥५३॥
इण विध सांगे आखियौ, सुणतां सगळै साथ।
हुसिआरा मेळ् खळां, सौ मारौ भाराथ ॥५४॥
भड़ लीधां भाद्राजणौ, आयौ उदिया भांण।
हुवा समेळा राठवड़, कर मेळा घमसांण ॥५५॥
किलवां सोवा कंपिया, मिटी सलाह सताव।
ज्यास विना जोधांण में, ऊखे सास नवाव ॥५६॥
सांगौ मिळियौ साथ सूं, जग सह पायौ ज्यास।
इकताळै नम चांदणी, काती हंदै मास ॥५७॥
संवत् १७४१ काती सुद ९।

५२—काय = कुछ भी। साह रौ = बादशाह का। चलाय = चलकर।

५३—नवकोट रा = मारवाड़ के। अजै तणा = अजीतसिंहजी के। सुरंगौ = उत्साहवाला, प्रसन्न। साथ = समूह। हव = अब। चाव = उत्साह।

५४—सगळ = सर्व। हुसिआरा = होशियार हो। मेळ् खळां = शत्रुओं के मेलवाले हैं। सौ = उनको। भाराथ = युद्ध करके।

५५—भाद्राजणौ = भाद्राजण का ठाकुर। उदिया भाण = उदयभाण। हुवा समेळा = एकत्र हुए। मेळा = शामिल होकर। घमसाण = युद्ध किया।

५६—किलवा = मुसलमान। सताव = जल्दी। ज्यास विना = धैर्य बिना। ऊखे = उखड़ गया। सास = श्वास।

५७—इकताळै०—संवत् १७४१ में। नम = नवमी। चांदणी = शुक्लपक्ष की। काती हंदै = कार्तिक मास की।

छंद वेअक्खरी

सुहड़ां अजमल तणां सकज्जां
कीधा दोय अणी कमधज्जां।
उदैसिंघ चढियौ गुण आगळ
बीजौ संग खेमाल महाबळ ॥५८॥
रूकहथौ भाटी रैणायर
मांझी तीन साथ दळ मोगर।
वांरा भड मेळाऊ आया
चंचळ थळवट दिसा चलाया ॥५९॥
सो वीकांण धरा चै सांधै
बळ मेटियौ जु हूता बांधै।
केताई गांव थांणायत कोटां
लूटे देस किया सहलोटां ॥६०॥
अन आया जोधांणै ऊपर
बळ बाधौ सगराम बहादर।

५८—सकजा = समर्थ। अणी = विभाग। कमधजा = राठोड़ों ने। गुण आगळ = गुणों में अग्रणी। बीजो = दूसरा। खेमाल = खींवकरण करणोत।

५९—रैणायर = रणछोड़दास। माझी = मुखिया। दळ मोगर = सेना को थामनेवाले। वारा = इनके। मेळाऊ = मिले हुए, इकट्ठे हुए। चंचळ = घोड़ों को। थळवट = थली (रेते का मैदान) दिसा = तरफ।

६०—वीकाण धरा चै = बीकानेर की भूमि की। साधै = सीमा पर बळ० = जो बांधे अर्थात् विरुद्ध थे उनका बल मिटा दिया। केताई = कितने ही। किया सहलोटा = विध्वस्त कर दिया।

६१—अन = (अन्य) दूसरे। जोधाणै = जोधपुर। बाधौ =

जोड़ै भूप कमौ जोगावत
रिण तेजसी मुकन वळ रावत ॥६१॥

उद्दयभांण जोध अतुळीवळ
दुरग तणौ तेजौ आगळ दळ।
अखई वालौ जोस अफारौ
ऊदौ रूप खगे अणकारौ ॥६२॥

चतुर फतौ ओपम चहुवांणां
कूंपै छतौ फतौ केवांणां।
जोड़ै राम पदम जैतावत
रिण दूणा कूंपावत रावत ॥६३॥

केहरि राम सकळ कूंपावत
समहर वार अणी सवळावत।

बढ़ाया। जोड़ै=साथ में। भूप=भोपतसिंह। कमौ=करमसोत राठोड़। जोगावत=जोगीदास का पुत्र।

६२—दुरग तणौ=दुर्गदास का पुत्र। तेजौ=तेजसी। आगळ=अगला। अखई वालौ=वाला राठौड़ अखैसिंह। अफारौ=बहुत, भरा हुआ। ऊदौ रूप=ऊदावत रूपसिंह। खगे अणकारौ=खड्ग चलाने में तीक्ष्ण।

६३—चतुर=चतुरसिंह। ओपम=उपमा देने योग्य। कूंपै=कूंपावतों में। छतौ=छत्रसिंह। केवांणा=तलवार चलाने में तीक्ष्ण। जोड़ै=साथ में।

६४—सकळ=सब, कलासहित, समथ। समहर वार=युद्ध के

प्रागहरा जादव खग प्राजा
अमरौ खान पूरवण आभा ॥६४॥
सूरां उरजणहरां सिघाळौ
पिड़ सूजो जादम प्रूचाळौ
अै चड़िया दळ मेळ अफारा
सिर जोधांण मतौ कर सारा ॥६५॥

दुहा

सारां ही सिवियांणची, बालोतरा समेत।
पँचपदरौ लूटे प्रसद, खांणांवाळौ खेत ॥६६॥
गांमां को गिणती करै, आया पाळी चाय।
कांण न राखी आसुरां, दीनी आंण जळाय ॥६७॥
रहियौ कोट सँभायनैं, पोळ जड़े पँडवेस।
तूंगा दरवाजां लगे, पूगा पुरा प्रवेस ॥६८॥

समय। अणी = सेना के अग्रभाग पर। प्रागहरा = प्रयागदासोत। खग प्राजा = तलवार चलाने में पूज्य अर्थात् श्रेष्ठ। अमरौ खान = अमरसिंह और खानसिंह सबलसिंह के पुत्र। पूरवण आभा = मन की इच्छा पूर्ण करनेवाले।

६५—सिघाळौ = श्रेष्ठ। पिड़ = युद्ध। प्रूचाळौ = पहुँचवाला, समर्थ। अै = ये। अफारा = बहुत। मतौ कर = विचार करके।

६६—सिवियांणची = सिवाना प्रांत। बालोतरा = नगर। पंचपदरौ = नगर। प्रसद = प्रसिद्ध। खांणांवाळौ खेत = नमक की खान।

६७—को = कौन। चाय = इच्छा करके। कांण = शंका, अदब। आंण = आकर।

६८—कोट सँभायनैं = किले का आश्रय लेकर। पोळ जड़े = दरवाजे बंद कर लिए। पंडवेस = यवन नेता। तूंगा = फौज के समूह।

भड अजमाल कमंधरा, वळिया देस विगाड़ ।
श्राने पतां खंडिया, जेतां मंडी राड़ ॥६९॥
पोस महीने बीज दिन, देसे धूम मचाय ।
फेरे आंण अजीत री, आया रीत दिखाय ॥७०॥

इति श्री महाराजा श्री अभैसिंघजी रो परम जस ग्रंथ राजरूपक
मैं राठौड़ सगरामसिंघ जुंझारसिंघोत मनसब छोड़
विखै दौड़ियौ त्रयोदस प्रकास ॥ १३ ॥

६९—वळिया=वापिस लौटे । राड़=लड़ाई ।

दुहा

जोधा उदियाभांण सूं, कोपे खान-इनात
विखौ न छंडे एक पळ, मोसूं मंडै वात ॥
कियौ विदा जोधां सिरै, नूरमली पूंतार।
प्रात नगारा वज्जिया, मसलत रात विचार।
हाथी चड खड़ हल्लियौ, सुर नौवते सनाय।
वांध पुरा मग्गां तुरक, मिळे लड़ंगां आय।

छंद अर्धनाराच

अनंत मेछ उल्लटे, वहे सु वाट उव्वटे।
पमंग अंग पाखरां, परां गिरां कि पंजरां ॥
सनाहवांन सांघणां, घटा कि ऊमडी घणां।
खिवंत सेल खेह मैं, मिटै छुटान मेह मैं ॥

१—पळ = घड़ी का साठवां अश। मंडै = करै।

२—पूंतार = प्रोत्साहित करके।

३—खड़ = चलाकर। हल्लियौ = चला। सुर = स्वर।
शहनाई, वाद्यविशेष। वाध० = मार्ग मे पुरे बांधकर। लड़ंगा = दु

४—वहे = चलते हैं वह। वाट = मार्ग। उव्वटे = विगड़
पमंग = घोड़े। परा = घोड़ों के पाखर ऐसे मालूम होते हैं कि
पंख लगे हैं अथवा पिंजरे बने हैं।

५—सनाहवांन = बख्तरवाले। साघणा = सघन। घट
मेघ की घटा उमड़ आई है। खिवंत० = भाले आकाश में

धर्सी अकास धूसरी, कि वात सेन वित्थुरी।
निसांण पांण नद्दयं, सुघोर जोर सद्दयं ॥ ६ ॥
नवाब पुत्र नूरली, अनेक मीर अस्सली।
सिताब सामरत्थयं, कियौ कि पार पत्थयं ॥ ७ ॥

दुहा

आयौ सुहद्रा गिर असुर, छायौ खेह निहंग।
आगै भांण तरस्सियौ, गह केवांण अभंग ॥ ८ ॥

छंद रसावळ

भांण मांण भुजै, ऊठियौ अप्रजै।
गोम व्योम गजै, वाजित्रांण वजै ॥ ९ ॥
सूर वागा सझै, रौद्र हिंदू रजै।
सोभणी सकजै, अमेळां अकजै ॥१०॥

६—धर्सी०—आकाश में धूसरता छा गई है। क्या यह वायु से, अथवा सेना फैली जिससे। निसांण=नक्कारा। पांण नद्दयं=हाथ से अर्थात् डंके से बजाया जाता है जिसका। सुघोर०=बड़ा घोर जोर से शब्द होता है।

७—सामरत्थयं=समर्थ। पत्थयं=मार्ग को।

८—सुहद्रा गिर=सुहद्रा नामक पहाड़। खेह=रज। निहंग=आकाश में। भांण=उदयभाण जोधा। तरस्सियौ=कोप करके बढ़ा। गह केवांण=तलवार लेकर।

९—भांण=चंद्रभांण। मांण भुजै=अपनी भुजाओं का अभिमान रखनेवाला। अप्रजै=अपार बलवाला। गोम=पृथ्वी। व्योम=आकाश। गजै=गूँज उठे। वाजित्रांण=बाजे।

१०—वागा सझै=सनाह पहने। रौद्र=तुरक। रजै=प्रसन्न हुए। सोभणी=शोभा देते हैं। सकजै=समर्थ, काम के। अकजै=निकम्मे बिखर गए हैं।

धरा सार धजै, लोह होळी लजै।
ताप वीर तजै, ईस रस ऊपजै ॥११॥
भोग्य चिंत भजै, ग्रीधणी गरज्जै।
नीर धार निजै, सोहड़े सलज्जै ॥१२॥
वीर रस अंस सिंधु वजै, सूर तिकां छुळ संपजै।
पण क्रोध खेत रण नीपजै, महा कमँधे मीरजै ॥१३॥

दुहा

उर जळतां लागौ असुर, गिरँद दुहूं वळ आय।
रिण जुड़िया भड़ राठवड़, त्रजड़ अमांमै ताय ॥१४॥
आयौ करन मुकन्न तण, भड़ मेळे चँद्रभांण।
हैमत हीमत अग्गळो, पीथौ पत्थ प्रमांण ॥१५॥

११—धरा० = पृथ्वी पर तलवार ध्वजा बनी है। लोह० = शस्त्रों के आगे होली लजित होती है। ताप० = ५२ वीरों ने संताप छोड़ दिया है, (रक्तपान मिलने से)। ईस० = महादेव को प्रीति हुई है (मुंडमाला मिलने से)।

१२—भोग्य० = गिद्ध पक्षी की भोग्य वस्तु संबंधी चिंता मिट गई है, जिससे गर्जना करता है। नीर० = सुभट लोग अपने पानी अर्थात् ओज को धारण करके लजित होते हैं। (ऐसा वीरता का काम न करने से।)

१३—सिंधु = लड़ाई के समय का राग। छुळ = युद्ध। संपजै = मिला। पण० = बड़े राठोड़ और मीर जो हैं, उनके अथवा मिरजा के बीच में रणखेत में प्रतिज्ञा-पूर्वक क्रोध उत्पन्न होता है।

१४—गिरँद = (गिरींद्र) पहाड़। दुहूं वळ = दोनों तरफ से। जुड़िया = आपस मे भिड़े। त्रजड़ = तलवार। अमामै = अप्रमाण। ताय = ताप।

१५—करन = करणसिंह। मुकन्न तण = मुकनसिंह का पुत्र। मेळे = इकट्ठे करके। हैमत = हिम्मतसिंह। पीथौ = पृथ्वीराज। पत्थ प्रमाण = अर्जुन के समान।

केहर आयौ भीम तण, रोड़े धूहड़ सत्थ।
जूंझ अछाया सूरमा, हुवा सवाया हत्थ ॥१६॥
यां वग्गी तरवारियां, ज्यां डंडेहड़ फाग।
ऊढंगौ सर गोळियां, किर झड़ लग्गी आग ॥१७॥
दौढ पहर हिंदू तुरक, कहर लड़े रिण ढांण।
मुड़िया भड़ पतसाह रा, के पड़िया मुंह त्राण ॥१८॥
जोधौ मांन किल्याण तण, गौ तन धारां लग्ग।
भड़ सौ पड़िया भांण रा, अन ऊपड़िया वग्ग ॥१६॥
आरावौ असुरां तणौ, लूटाणौ मझ लूट।
तोप हजार पचीस री, भार तणा सौ ऊंठ ॥२०॥
पड़िया आसुर पांच सौ, घायल हुवा हजार।
माह उजाळी सपतमी, वेढ सनीसर वार ॥२१॥

१६—रोड़े=रोड़ा शाखा का। धूहड़ सत्थ=राठोड़ों के साथ। जूंझ=युद्ध करने में। अछाया=प्रसिद्ध।

१७—यां=इस तरह। ज्यां०=जैसे फाल्गुन मास में डंडियों का खेल होता है। ऊढंगौ=वेढंगा हो गया। आग=अग्नि की झड़ी लगी।

१८—कहर=महा भयंकर। रिण ढाण=रणस्थल में। मुड़िया=पीछे लौटे। के=कितने ही। पड़िया=गिरे। मुँह त्राण=कितने ही ने मुख में तृण लिया, अथवा मुख से रक्षा की प्रार्थना की।

१६—मान=मानसिंह। गौ०=शरीर में तलवारें लगकर मारा गया। अन=(अन्य) दूसरे। ऊपड़िया=उठे। वग्ग=लड़कर।

२०—भार तणा०=बारबरदारी के १०० ऊँट लूट में आए।

२१—वेढ=युद्ध। यह युद्ध माघ सुदि ७ शनि को हुआ था।

मिरजै खबर निवाब नूं, पहुँचाई ततकाळ।
आयौ फिर महमदअली, सुण नह रह्यौ विमाळ ॥२२॥
भाई बे भेळा हुवा, असुर नदी सिर आय।
सिंधुर घोड़े सूकड़ी, मेल न मापी जाय ॥२३॥
नूरमली तिण नाळ रौ, कीधौ एम कहाव।
नाळ्यां नौरँगजेब री, लीधां लभ्भै साव ॥२४॥
जहर पियाले जेहड़ी, इण कुण मंडै आस।
अहि काळै मुख अंगुळी, वाळै किर विसवास ॥२५॥
जोधां नाकारी जरां, सिर आया खुरसांण।
गिर चहुँबळ कळ साळळी, फिर मातौ आरांण ॥२६॥
छेड़ हुई कांठायतां, आया खेड़ अपार।
झड़ लागौ सर गोळियां, हुय होळियां दुधार ॥२७॥

२२—मिरजै = नूरअली ने। विमाल = छिपा हुआ।

२३—भाई बे० = दोनों भाई शामिल हुए, मानों दो नदियाँ शामिल हुईं। सिधुर = नदी। घोड़े सूकड़ी = घोड़ नदी और सूकड़ी नदी मारवाड़ में ये दो नदियाँ हैं जो शामिल हो जाती हैं। उसकी उत्प्रेक्षा की गई है। मापी जाय = प्रमाण किया जाय।

२४—तिण नाळ री = उस तोप का जो राठोड़ों ने लूटी थी। कहाव = कथन। नाळ्या = तोपों के लेने से। लभ्भै साव = आनंद मिले।

२५—जहर० = यह बात विष के प्याले की जैसी है। मंडै = करै। अहि काळै = काले साँप के।

२६—नाकारी = इनकार किया। जरा = जब। खुरसाण = तुर्क। गिर = पहाड़ के। चहुँबळ = चारों तरफ। कळ = युद्ध। साळळी = शुरू हुआ। मातौ = प्रबल। आरांण = युद्ध।

२७—छेड़ हुई = छेड़े गए। कांठायतां = किनारे पर रहनेवाले। खेड़ = चलाकर। हुय होळियां = मरे। दुधार = दुधारे खाँडों से।

वेढ नत्रीठा वज्जिया, दोय पोहर दाढाळ।
भांण भले रिण भांजिया. चौड़ै चामरयाळ ॥२८॥

इति श्री महाराज राजराजेश्वर श्री अभयसिंघजी रौ परम जस
राजरूपक में भाद्राजण दूसरी तीसरी लड़ाई
चतुर्दस प्रकास ॥ १४ ॥

२८—वेढ=युद्ध के । नत्रीठा=वाजे । दाढाळ=शूकर के सदृश शूरवीर सुभट । भांजिया=मारे । चौड़ै=प्रकट में । चामरयाळ=तुर्क ।

छंद वेअक्खरी

पड़दल खां आसुर गह पूरै
गयौ सिवांणै साथ गरूरै।
और वळे नाहर उतपाती
महा सजोर खगे मेवाती ॥ १ ॥
औ थांणै कांणाणै आया
मेवासियां उवर अण माया।
दिन दिन दौड़ गसत नित दीजै
कमॅध धरा पासरणा कीजै ॥ २ ॥
मोकलसर अखई कुळ मंडण
खमैं नही असुरां खळ खंडण।
चांपा सकळ फौज ले चडिया
पुर अजमेर भगांणां पड़िया ॥ ३ ॥
वांसा नूरमली तिण वाहर
थूरे दौड़ अरोड़ा थाहर।

१—आसुर = यवन। गह = गर्व। गरूरै = गर्वयुक्त। वळे = फिर। नाहर = नाहरखा मेवाती।

२—कांणाणै = कांणाणा एक गॉव का नाम है। मेवासियां = लूट करनेवालों के। उवर = ऊपर। अण माया = अप्रमाण, नहीं समानेवाले। पसरणा = विस्तार।

३—मोकलसर = गॉव का नाम है। अखई = अखैराज। कुळ-मंडण = कुल का भूषण। खमैं = सहन करता है। खळ खंडण = शत्रुओं को मारनेवाला। भगांणां पड़िया = भागने लगे।

४—वांसा = पीछे, पीठ पर। तिण वाहर = उनका अनुधावन। थूरे = ललकारा। अरोड़ा = नहीं रुकनेवाले। थाहर = बिल में।

गांव महेव निकट नवगड्ढा
दुजड़ तणै छळ- वणै सद्रड्ढा ॥ ४ ॥
ऊपर तुरक अचाणक आया
सबळै सुध मोरचा सँभाया।
रिण कर तूर गोळियां रुके
हेक घड़ी लड़िया हाथूके ॥ ५ ॥
खट सरदार नत्रीठ खडग्गे
ऊतरिया धारां मुँह अग्गे।
आसावत माहेस अणंकळ
मुहकम मनहर तणौ महाबळ ॥ ६ ॥
किसनावत रण कुंभ करारौ
राम सुजाव सुजांण अकारौ।
मधकर तणौ मेघ खळ मोड़ै
जुड़तां भोज कुँवर पित जोड़ै ॥ ७ ॥

नवगड्ढा = नवकोट के अर्थात् मारवाड़ के राजपूत। दुजड तणै = तलवार के। छळ = युद्ध के बल। सद्रड्ढा = दृढ़, मजबूत हुए।

५—नबलै = नबलसिंह ने। सुध = शुद्ध। रिण० = युद्ध का वाद्य बजाकर। रुके = तलवारों से। हेक = एक। हाथूके = हाथों से।

६—ऊतरिया० = तलवारों से मारे गए। आसावत = आसकरण का पुत्र। माहेस = महेशदास। अणकल = वीर, स्वतंत्र। मनहर तणौ = मनोहरदास का पुत्र।

७—करारौ = समर्थ। राम सुजाव = रामसिंह का पुत्र। सुजाण = सुजाणसिंह। अकारौ = तीक्ष्ण। मधकर तणौ = माधोसिंह का पुत्र मेघसिंह। खळ मोड़ै = शत्रुओं को हटानेवाला। जुड़ता = भिड़ते समय। भोज कुँवर = मेघसिंह का पुत्र। पित जोड़ै = पिता के सदृश।

ऐ भाटी छिवता असमांणै
किलवां सूं जूटा केवांणै ॥
सबळौ लड़ै बकारे साथी
गिर गिर खागे झड़े सँगाथी ॥ ८ ॥
अत लड़तां प्रगटी असुहाई
दोय बेटी पकड़ी दरसाई ।
भाटी कहै कुणेनूं भाखूं
रहूं कुसळ तौ मेळी राखूं ॥ ९ ॥
अत विचार तज वेढ उखेळौ
मिळियौ सबळ बेटिया मेळौ ।
राम कहै मत खाग उभारौ
मिरजा सूं मेळौ मत मारौ ॥१०॥
सूधा वचन सुणे सगळाई
साथ घेरियां गया सिपाई ।
जतने सुता रहै इम जांणी
इण दुख कैद हुवौ आसांणी ॥११॥

८—ऐ = ये । छिवता = लगते हुए । असमांणै = आकाश में । किलवा सू = मुसलमानो से । जूटा = भिड़े । केवाणै = तलवारों ने । बकारे = ललकारकर । साथी = साथवालों को । गिर गिर = पहाड़ पहाड़ में । झड़े = गिरे । सँगाथी = साथ के ।

९—असुहाई = बुरी बात, मनचाहा से विपरीत । कुणेनूं = किसको । भाखूं = कहूँ । मेळी = शामिल रखूँ ।

१०—तज० = युद्ध का उपद्रव छोडकर । मिळियौ = जा मिला । सबळ = सबलसिंह भाटी । उभारौ = उठाओ । मेलौ = मिलो ।

११—सूधा = सीधे । सगळाई = सब । जतने० = बेटियाँ यत्न से रहें ऐसा जानकर । आसाणी = आसकरण का पुत्र सबलसिंह कैद हुआ ।

वैंत करै नह और विचारूं
मार सुता मिरजा नूं मारूं ॥

दुहा

मिरजौ आयौ मेड़तै, मारे गांव महेव।
सवळौ भूखै सीह ज्यूं, असुरां लखे अवेव ॥१२॥
मिरजा दोनूं मेड़तै, मिळिया बंध समाथ।
उण दिस यां वालै अखै, समचै कीधौ साथ ॥१३॥
आयौ चांपावत अखो, धीर तणौ पण धार।
आयौ सूजौ वीर तण, पाखरियौ परवार ॥१४॥
तरस लखौ पातल तणौ, आयौ कमे अरक।
भड़ां समेळा भाइयां, जवनां दिया जरक ॥१५॥
पौत्रा सगळा प्राग रा, अँग छिवता असमांण।
जादम तेजै जेहड़ा, अमरौ नाहरखान ॥१६॥

१२—वैंत करै = काट छांट, विचार। मारे = लूटकर। लखे = देखता है। अवेव = निर्बल।

१३—दोनूं = नूरअली और मुहम्मदअली। मिळिया = शामिल हुए। बंध = बंध पकड़े। समाथ = समर्थ। उण दिस = उधर की तरफ। वालै अखै = वाला राठोड़ अखैराज ने। समचै = एक साथ। साथ = सुभट एकत्र किए।

१४—अखौ = चांपावत अखैराज। धीर तणौ = धीरसिंह का पुत्र। पण धार = प्रतिज्ञा करके। वीर तण = वीरसिंह का पुत्र। पाखरियौ० = पाखरदार सहित।

१५—तरस = कुपित होकर। लखौ = लखसिंह। कमे अरक = कर्मसोत वंश का सूर्य। समेळा = प्रीतिवाले, एकत्र हुए। जरक = प्रहार।

१६—पौत्रा० = प्रागदासोत भाटी। तेजै जेहड़ा = तेजसिंह जैसे।

भीम पतावत आवियौ, चांपो बांधे चाळ।
भांजण खळ लीधां भड़ां, तड़ां खड़ां रिणताल ॥१७॥
आया बाला ऊधरा, भाला झाल अभंग।
रण पब्बै तेजै जिसा, करण फतै रणजंग ॥१८॥
कीधौ छेड़ कमद्धजां, आया खेड़ अपार।
असुरां सिर वालै अखे, पाखरिया तोखार ॥१६॥
इकताळा रै चैत सुद, आद उदे नवरात।
असुरां सिर आयौ अखौ, पिड़वारै परभात ॥२०॥

छंद बेताल

दिस किरण पूरब अरक दरसे,
दिखण कमधज दरसिया।
असुरांण दळ सिर असँख अणगम
विसख घण जिम बरसिया ॥
हुय हाक चहुँवळ कळळ हूकळ
असुर सुर दळ आहुडे।

१७—बांधे चाळ = कमर बाँधकर। तड़ां = अपने पक्षवालों को। खड़ां = चलाकर। रिणताल = युद्ध के समय।

१८—ऊधरा = उत्कट, उन्नत। रण पब्बै = युद्ध में पर्वत के समान।

१९—खेड़ अपार = असंख्य सेना को चलाकर। पाखरिया तोखार = घोड़ों पर पाखर डाले।

२०—आद० = नवरात्रि के आदि अर्थात् प्रतिपदा के सूर्योदय के समय। पिड़वारै = प्रतिपदा के।

२१—दिस० = पूर्व दिशा में सूर्य की किरण दिखाई दी। अणगम = अचानक। विसख = बाण। घण = मेघ के जैसे। चहुंवळ = चारों ओर। कळळ = युद्ध। हूकळ = युद्ध। दो बार कथन विशेषता के लिये है। असुर = मुसलमान। सुर = हिंदू। आहुडे = लड़े।

झिख सार झळहळ सोर कळफ (क)ळ
धरण खहदळ घड़हड़े ॥२१॥

ऊठियौ पड़दलखान अतिबळ, सहस मुगले सूरमां,
....
वाजिया वेढक महावेधक, सार सावळ सोहडां
.... ॥२२॥

छप्पय

अखैराज अखमल्ल, बिन्हें रणमल्ल महाबळ
भड़ भिड़तां भिळ गया, वंस खत्र (ट) त्रीस बळोबळ।
आरपार हुय जाय, सेल तरवार कटारी
गळबांहां गूंथणी, जांण मित्रां मनुहारी।
तिण वार रतन सुंदर तणौ, वधे जवन आकारियौ
अवसांण प्रबळ म्रत आदरे, मेछ महाबळ मारियौ ॥२३॥

झिख सार=तलवार का अविरत प्रहार। झळहळ=चमकती हुई। धरण=पृथ्वी। खहदळ=आकाश। घड़हड़े=गूँज उठे।

२२—वाजिया=लड़े। वेढक=योद्धा। महावेधक=महायुद्ध में। सार=तलवार। सावळ=भाला। सोहड़ा=सुभट।

२३—अखैराज दो—एक चापावत, दूसरा बाला राठोड़। रणमल्ल=बहादुर। वंस खट त्रीस=छत्तीस वंश के राजपूत। बळोबळ=महाबली। आर पार हुय=इधर से उधर निकल जाती है। गळबांहा=आपस में गले पकड़कर गुथ जाते हैं। जाण०=मानों मित्र परस्पर मनुहार करते हैं। तिण वार=उस समय। रतन=रतनसिंह ने। सुंदर तणौ=सुंदरदास का पुत्र। म्रत आदरे=मरना विचारकर। मेछ=म्लेच्छ पड़दलखान को।

दुहा

रतनै सुदरदास रै, साझे पड़दलखान।
कर कर वाह कटारियां, हुवा दुहूँ खळ हान ॥२४॥
भड़ पड़िया सौ कमधजां, तुरक छसौ रिणताळ।
रिध गाड़ी घोड़ा दरक, सह लूटिया सँभाळ ॥२५॥
कांणांणै कंदल हुवौ, जांणै सकळ जिहांन।
ऊबरियौ मांझी अखौ, मारे पड़दलखान ॥२६॥

इति श्री राजराजेश्वर महाराज श्री अभयसिंघजी री परम जस
राजरूपक मैं पड़दलखान मारियौ राठौड़
जीता पञ्चदस प्रकास ॥ १५ ॥

२४—साझे = मार लिया। वाह = प्रहार करके। दुहूँ० = दोनों शत्रुओं का नाश हुआ।

२५—रिध = (ऋद्धि) धन। दरक = ऊँट।

२६—कंदल = युद्ध। मांझी = मुखिया, अग्रणी। अखौ = अखैराज।

दुहा

मिरजौ छोड़े मेड़तौ, तोडे दिस तिण वार।
सबळौ भाटी साथले, आप हुवौ असवार ॥ १ ॥
बंध थकौ बेटी लियां, घणो विचारे घात।
माळी पाके अंब पर, ताकै सांभ प्रभात ॥ २ ॥
मिरजै मारग चालतै, डेरा दिया कुचील।
मत्तौ जरां विवाह रौ, तरां विचारी ढील ॥ ३ ॥
सबळै नूं सुसरो करण, मिरजै किया मुकाम।
आसावत छळ ऊजळै, बळ भरियौ वरियांम ॥ ४ ॥
अमल मँगायो अरज कर, मांग लई तरवार।
मिरजौ ओमाहै करै, चाहे सो मनुहार ॥ ५ ॥

१—तोडे दिस = तोड़े की तरफ। सबळौ० = सबलसिंह भाटी के साथ लेकर।

२—बंध थकौ = कैद हुआ। घात = मारना। माळी० = मारने की ताक में कैसा लगा हुआ है जैसा माली पके हुए आम के फल पर ताक लगाए रहता है।

३—कुचील = गांव का नाम है। मत्तौ० = मिरजा ने भाटी की बेटियों के साथ विवाह करने का विचार किया। जरा = जब। तरा = तब। ढील = देरी।

४—आसावत = आसा का पुत्र सबलसिंह। छळ = युद्ध। ऊजळै = उज्ज्वल। वरियांम = जोरावर।

५—अमल = अफीम। ओमाहै = उत्कंठवाला।

आदर म्रत खित ऊठियौ, प्रथम सुता परवार।
असवारी रा ऊधरा, अस वाढिया अपार ॥ ६ ॥
धड़च कनातां धार सूं, गौ रहवास मझार।
नूरमली लख ल्हासतै, मौर झली तरवार ॥ ७ ॥
पड़ियौ तकिये सूं परा, आडौ दियौ प्रजंक।
मसलत आया मीरज्यां, औ ऊठिया असंक ॥ ८ ॥
सबळै भूखै सीह ज्यूं, चढिया मुहि चुगळाल।
गिलमां ऊपर गिळ गयौ, ज्यां म्रग आळ लंकाळ ॥ ९ ॥
धड़ धारां मुँह ऊतरे, अछरां करे उछाह।
सबळौ आसकरन्न रौ, गौ जीपे गजगाह ॥१०॥

इति श्री भाटी सबळसिंघ आसकरनोत काम आयौ सो विगत।

६—आदर म्रत = मरना विचारकर। खित = पृथ्वी से। प्रथम० = पहले बेटी पर वार करना चाहा। ऊधरा = अच्छे। अस = घोड़े। वाढिया = काट डाले।

७—धड़ च = फाड़कर। धार सूं = तलवार से। ल्हासतै = भागते हुए नूरमली को देखकर। मौर = पीठ पर। झली = तलवार चलाई।

८—पड़ियौ० = परतु वह कूदकर तकिये से दूर जा पड़ा और उसने पलंग को आड़ में रख दिया। मसलत० = इतना अवसर मिल जाने से दोनों मिरजा मसलत करके आए। औ० = और ये निःशंक होकर उठे।

९—सबळै० = सबलसिंह भूखे सिंह के समान है। चढिया० = उसके सामने तुर्क चढ़कर आए। उनको यह गिलमां० = नरम बिछौनों के ऊपर गिल गया अर्थात् इसने मार लिया। ज्यां० = जैसे सिंह लीला करता हुआ हरिण को गिल जाता है।

१०—धड़० = सबलसिंह का धड़ तलवारों की धारों से कट गया। अछरां = अप्सराएँ। उछाह = उत्साह, उत्सव। गजगाह = हाथियों को मारनेवाला।

छंद वेअक्खरी

दिन दिन गढ जोधांणे डोळा
रसतां झपट मिटै नह रोळा।
भड़ मेळे दुरजणसल भाटी
असुरां सेन्या रहै उचाटी ॥११॥

वडी मसीत ईदगावाळी
रत सूवरां तणै रुहराळी।
मारै असुरां पुरा सनावै
उरजण हरा फेरणै आवै ॥१२॥

वाहर काज खळां वळ वांणां
रैहै जीण पमँग जवनांणां।
भाटी सूर मेळियां भाई
सोवै आवै चाल सदाई ॥१३॥

पांच असुर सेल्हां पोढावै
ऊंठ लियां वीसलपुर आवै।
आसुर सुणे न रहिया ओटां
चडियौ मीर फतू चड चोटां ॥१४॥

११—डोळा = आसपास। रसतां = मार्गों में झपट होती है। रोळा = उपद्रव। उचाटी = उच्चाटवाली, मन में खेदवाली।

१२—रत सूवरा तणै = शूकरों के रुधिर से। रुहराळी = रुधिरवाली कर दी। मारै = तलवार से। पुरा = निवासस्थान। उरजण हरा = उरजनोत भाटी। फेरणै आवै = डेरे में आते हैं।

१३—वाहर काज = अनुधावन के लिये। खळां = शत्रुओं ने। वळवांणा = बलवान्। रैहै = तैयार किए, कसे। जीण = काठी। पमँग = घोड़ों पर। मेळिया = एकत्र किए। सोवै = सोवे पर।

१४—सेल्हां = भालों से। पोढावै = मारे। ओटा = आड़ में। फतू = मीर का नाम है। चड चोटां = तलवारों की चोटें खाकर।

दुयणां तणा सेन दरसाया
वळिया जादम तेज सवाया।
चोरँगवाळ गिळण चुग ळाळां
धोळै दिन वागा धाराळां ॥१५॥

दुहा

मांमौ पड़ियौ मीर रौ, आठां सूं अवदल्ल।
अठे सिवौ नरसींघ रौ, राजड़ रौ पातल्ल ॥१६॥
इगताळे रा जेठ सुद, तीज हुवौ रिण ताल।
जूटा भाटी जंग मैं, कमँधां छळ लंकाळ ॥१७॥

इति राजरूपक मैं भाटी सूरसिंघ केसरीसिंघोत, वीसलपुर फेरियां दोय सिरदार काम आया अवदल खां मारियौ सो विगत।

छंद वेअक्खरी

कळह जुड़े असुरे नवकोटां
मारू करे दमंगळ मोटां।
यां करतां वीतौ इगताळौ
बहसत लागौ वरस वँयाळौ ॥१८॥

१५—दुयणां तणा० = शत्रुओं की सेना नजर आई। वळिया = तब यादव पीछे लौटे। चोरँगवाळ = चतुरंगिणी सेनावाले। गिळण = निगलने, मारने के लिये। चुग ळाळा = मुसलमानों को। धोळै दिन = प्रकट दिन में। वागा = लड़े। धाराळा = खड्ग धारण करनेवाले।

१६—अवदल्ल = अबदुल्ला खां मीर का मामा। इधर महाराजा की सेना में नरसिंह का पुत्र सिवसिंह और प्रतापसिंह का राजसिंह मारे गए।

१७—ताल = मैदान। जूटा = लड़े, भिड़े। छळ = वास्ते। लंकाळ = वीर।

१८—कळह = युद्ध में। जुड़े = भिड़े। असुरे = मुगलों से। नवकोटां = राठौड़। मारू = मारवाड़ी। दमगळ = युद्ध। यां = इस तरह करते। वीतौ = व्यतीत हुआ।

तोडे नूरमली खग तोले
वहावदी सूं अकसै बोले।
सेख नत्रीठ वाजियो सारे
मरतै नूरमली नूं मारे ॥१६॥
हेवै दळां अमंगळ हूवौ
मुवौ सेख मिरजौ पण मूवौ ॥
आसू वद बारस दिन आसुर
मौत अचिंत गया कर संमर ॥२०॥
आवी खवर लिखी अण त्राहे
मगन नवाव सोच सरमाहे।
कीधी फौज वळे कमधज्जां
सूधर सोधण प्रांण सकज्जां ॥२१॥
मिळ दळ प्रवळ राड़द्रह मारे
सार असुर साचोर सँघारे।
मीर पचास सहर में मारे
पमँग दरक लूटे अण पारे ॥२२॥

१६—तोडे=तोडा शहर में। वहावदी सू =शेख वहावदी से नूरमली। अकसै० =ईर्ष्या करके, अमर्ष करके बोला। सेख नत्रीठ=शेख ने नक्कारा किया। वाजियो मारे=तलवार से लड़ा। मरतै० =मरते मरते शेख ने नूरमली को मार लिया।

२०—हेवै=दोनों सेनाओं में। मूवौ=मरा। आसू=आश्विन। कर संमर=युद्ध करके।

२१—मगन० =नवाव इनायतखा मुन शोकमग्न हुआ। सरमाहे=लज्जित हुआ। सूधर=अच्छी भूमि। सोधण=तलाश करने के लिये। प्राण सकज्जा=बल से समर्थ।

२२—राड़द्रह—राड़दड़े का प्रदेश। मारे=लूटा। सार=तलवार से। असुर=मुगलों को। साचोर=साचोर परगने में। सँघारे=संहार किया। पमँग=घोड़े। दरक=ऊँट।

लड़ जीतौ अखमाल लखावत
एक दिसा खीमौ आसावत।
चांपा करण मुदै कळ चाळा
साथ वळे राठौड़ सिघाळा ॥२३॥
मांहे कँवर जैत महवेचौ
खग ऊधरे नरे खेड़ेचौ॥

दुहा

दसमी मिगसर मास री, आद गिणां नह ओर।
आया भड़ अगजीतरा, जीत खळां साचोर ॥२४॥

इति साचोर रौ थांणौ मारियौ सो विगत लिखी छै॥

दुहा

जगौ विजावत आवियौ, ऊदौ धीर सुतन्न।
मिळ मारू दळ हल्लिया, उर दहलिया जवन्न ॥२५॥
गोढवाड़ धर गाहटे, पहला पाली मार।
लूटी महि अजमेर लग, फूटी देस पुकार ॥२६॥

२३—लखावत=लखधीर का पुत्र। एक दिसा=एक तरफ। खीमौ=खींवकरण करणोत। आसावत=आसकरण का पुत्र। करण मुदै=करने के लिये। कळ चाळा=युद्ध का उपद्रव। साथ=इकट्ठे होकर। वळे=वापिस लौटे। सिघाळा=श्रेष्ठ।

२४—खग ऊधरे=तलवार उठाकर। खेड़ेचौ=राठोड़। दसमी०=मार्गशीर्ष वदि दशमी। खळां=शत्रुओं को।

२५—जगौ=जगरामसिंह। विजावत=विजयसिंह का पुत्र। ऊदौ=ऊदावत। धीर सुतन=लखधीर का पुत्र। दहलिया=डरे।

२६—गोढवाड़=मारवाड़ का दक्षिणी परगना। गाहटे=नष्ट किया। पाली मार=पाली को लूटकर। महि=भूमि। लग=तक।

थांणौं मारे थांवळै, खाग सँधारे खंड।
मिरजौ गढ जोधांण सूं, आयौ रावणखंड ॥२७॥
साम्हा आया राठवड़, कोप अछाया वीर।
सँग मिळियो जोधौ सिवौ, कळहण नवौ कँटीर ॥२८॥
मिरजै ग्रहियौ मेड़तौ, घेर लियौ दळ आय।
होळी ज्यूं पुर लूंबिया गोळी तीर चलाय ॥२९॥
यां रहियौ महमदअली, ग्रहियौ पुर आरांण।
आया वसियां राठवड़, सिंघ सवाया पांण ॥३०॥

इति राजरूपक में मिरजा महमदअली नूं मेड़तै वेरियौ नै फतै पाई ॥

छंद वेअक्खरी

वीतां माह वॅयाळै वाळौ
चांपा कियौ धर फिर चाळौ।
अस पाखर सांगौ फिर आयौ
भाई भूप मिळे मन भायौ ॥३१॥
जूझावत सगरांम सजोरौ,
तिसड़ोई भगवांन सतोरौ।
तेजौ मुकन महाबळ तैसा,
अरि दळ भांजण प्रांण अनैसा ॥३२॥

२७—थावळै=एक गांव का नाम। वह पुष्कर के समीप है। रावणखड=जिसका ऊपर का होंठ खंडित होता है उसे रावणखड कहते हैं।

२८—अछाया=भरे हुए। कळहण=युद्ध। कँटीर=सिंह।

२९—ग्रहियौ=पकड़ा।

३०—आरांण=युद्ध। वसियां=अपने अपने घरों पर। पांण=बल में।

३१—चाळौ=युद्ध, उपद्रव। अस=घोड़े। मन भायौ=मनचाहा।

३२—जूझावत=जूंझारसिंह का पुत्र। सजोरौ=बलवान्। सतोरौ=रोब वाला। अनैसा=परवा न करनेवाला।

मिळिया दळ राठौड़ समेळा,
भाटी विपै तिके सह भेळा।
चतुर फतौ माझी चहुवांणां,
आहवि लड़ण खगां ऊवांणा ॥२३॥
चांपे परतक कटक चलाया,
ऊपरि खांन तणै फिर आया।
दमगळ मचे निबावां दोळा,
हुवा खळां फिर प्रांण हिलोळा ॥२४॥
वाहे सत्रां सिरि खाग विहंडे,
मार लियै थांणा बल मंडे।
पाल्हासणी असुर बल पूरे,
सांथ अमामे गात सनूरे ॥२५॥
ऊपर खान तणै दळ आया
अर निरदळता कमँध अछाया।

३—विपै = विपत्तिकाल। माझी = मुख्य, अग्रणी। आहवि = युद्ध में।
ा = (उद्बाहु) ऊँचा हाथ उठाए।
४— चांपे = चापावत राठौड़ (संग्रामसिंह और भगवानदास)।
= प्रत्यक्ष। दमगळ = युद्ध, उपद्रव। मचे = जोर से प्रवृत्त होना।
ा = दोलायमान, चंचलता।
५—सत्रा = शत्रुओं के। सिरि = मस्तक। विहडे = नाश किया, बल मंडे = जोर से, बल करके। पाल्हासणी = एक गांव का जो जोधपुर से दक्षिण में नौ कोस की दूरी पर है। अमामें = ाण; असंख्य। सनूरे = कांतिवाला, तेजस्वी।
२६—अर = (अरि) शत्रुओं को। निरदळता = नाश करते हुए। या = गर्वयुक्त। ऊठी० = अलल्ले अर्थात् घोड़ों की बाग उठीं। वह

ऊठो वाग दवाग अलल्ले
हेवै मार लियौ हरवल्ले ॥३६॥
हुवौ खळां थांणौ खळहांणौ
लेखा पखे सु धन लूटाणौ ।
देस थळी प्रासरणौ दीधौ
लोड़े डंड फलोधी लीधौ ॥३७॥
वळ जोधांण तणी दिस वळिया,
भू लूटण टळिया सु ज भिळिया ।
नाहरखान नांदिया मांहे
वेढ कमळ लीधौ खग वाहे ॥३८॥
आगै कमौ वधे आम्फाळां
चौड़ै मार लियौ कळचाळां ।
सांमधरम लेखवे सगाई
भिळियौ खळां न लेखे भाई ॥३९॥

ऐसी थी कि मानों दावानल उठा । हेवै = सहज से । हरवल्ले = जो खान हरोल (सेना के अग्रभाग पर) था ।

३७—खळहाँणौ = नष्ट हो गया । लेखा पखे = विना हिसाव, असंख्य । देस थळी = रेतीले देश में । प्रासरणौ दीधौ = प्रयाण किया । लोड़े = विलोड़न किया ।

३८—वळ = फिर । वळिया = लौटे । भू० = भूमि लूटने को अलग हुए थे वे भी आकर शामिल हो गए । नादिया = गाँव का नाम है । वेढ = युद्ध में । कमळ लीधौ = मस्तक उतार लिया । खग वाहे = तलवार चलाकर ।

३९—कमौ = करमसोत । कळचाळां = युद्ध में । सांमधरम = स्वामिधर्म के संबंध को मानकर । भिळियौ० = शत्रुओं से नहीं मिला । लेखे भाई = भाइयों को मानकर ।

अजमल भड़ गांघांणी आया,
सुण सोबायत सहर समाया।
दळ फेरे जोधांणै दोळा,
गयां पहर निस वाजे गोळा ॥४०॥

दुहा

डर कांपियौ इनातखां, डर व्यापियौ सवाय।
कमँध अभाया आसुरां, आया पुरां जळाय ॥४१॥

इति श्री राजरूपक मैं सगरामसिंघ जूंझारसिंघोत नै भगवानदास
जोगीदासोत आद श्री रावळौ साथ देस गस्त दीवी
जोधपुर घेरियौ षोडस प्रकास ॥ १६ ॥

४०—गांघांणी = एक गाँव जो जोधपुर से ९ कोस उत्तर है। सहर समाया = जोधपुर में आ घुसे।

४१—अभाया = मन को बुरे लगे।

दुहा

रावणखंडौ दौड़ियौ. वळियौ वूसो मार।
भाद्राजण फिर आवियौ, घण थट लियां सवार ॥ १ ॥
झड़ मातौ सर गोळियां, हुम वड़वड़ भड़हक।
रीस जिवारी आसुरां, झड़िया तीस तुरक ॥ २ ॥
आयौ द्रूणाड़े असुर, पेखे राठ वड़ांह।
जोधहरां मंडी जुड़ण, पाछे ऊर वड़ांह ॥ ३ ॥
जवन गयौ गढ जोधपुर. रहियौ रात विचार।
प्रात समैं पीपाड़ नूं, आप हुवौ असवार ॥ ४ ॥
लसकर सूं न्यारौ वहै, इको वेग खुसाल।
हुवौ धकौ हरनाथ सूं, द्रढ पण हाथ दुझाल ॥ ५ ॥

१—रावणखंडो = मुहम्मद अली। वळियौ = वापिस लौटा। वूसो = एक गाँव का नाम। भाद्राजण = एक गाँव का नाम। घण = बहुत। थट = समूह।

२—मातौ = प्रबल। वड़वड़ = क्रोध में अव्यक्त शब्द का अनुकरण है। भड़हक = योधाओं का प्रबल शब्द। रीस = क्रोध। झड़िया = मरे।

३—द्रूणाड़े = एक गाँव का नाम है। पेखे = देखा। जोधहरा = जोधा राठोड़ों ने। मंडी = रची। जुड़ण = युद्ध करने के लिये। ऊर = रणमध्य में डालकर। वड़ांह = घोड़ों को।

४—पीपाड़ = एक शहर है।

५—वहै = चलता है। वेग खुसाल = खुशालवेग इक्के का नाम है। धकौ = भेंट। हरनाथ = करमसोत हरनाथ से। द्रढ पण = प्रतिज्ञा का दृढ़। हाथ दुझाल = दोनों हाथों में शस्त्र रखनेवाला।

दोय निखंग अभंग जुध, दोय कबांण खडग्ग।
अंग अप्रबळ जंग कज, संग न चल्लै मग्ग ॥ ६ ॥
हरी बहादर चंद तण, ईखे मेछ अभंग।
एकै सेल उथल्लियौ, ऊपर पेल पवंग ॥ ७ ॥
मेछ महाबळ मारियौ, चौड़ै एकण चोट।
जवन अभायो जांणता, जो चावौ नवकोट ॥ ८ ॥

इति श्री भाद्राजण मिरजौ भागो नै हरनाथ चंद्रभांणोत इको मारियौ सो विगत कही।

छंद बेअक्खरी

चैत वतीत थयौ खग चाळै
आरँभ फेर कियौ ऊन्हाळै।
फतैखान अत फौज अफारी
वांकौ गढ जाळोर विहारी ॥ ९ ॥

चांपावत ऊदा कळ चाळा
समहर कूंपा करण सिवाळा।
मिळ जोधा बाला महवेचा
धर छळ ऊहड़ कमा धवेचा ॥१०॥

६—निखग = तीरों के भाथे। अप्रबळ = महाप्रबल। कज = वास्ते। संग० = मार्ग में साथ नहीं चलता है।

७—हरी० = चंद्रभाण का पुत्र हरनाथसिंह। मेछ = (म्लेच्छ) यवन। एकै० = एक भाले से उथल दिया। पेल = चलाकर। पवंग = घोड़ा।

८—अभायौ = इका, ऐसा दूसरा नहीं। चावौ = प्रसिद्ध।

९—वतीत थयौ = व्यतीत हुआ। खग चाळै = तलवार चलते। आरँभ = युद्ध। ऊन्हाळै = गर्मी के मौसिम में। अत = अत्यंत। अफारी = तीक्ष्ण। वाकौ = टेढ़ा। विहारी = पठान।

१०—समहर = युद्ध। सिवाळा = श्रेष्ठ, अग्रणी। धर छळ = भूमि के वास्ते। कमा = करमसोत राठोड़।

मिळ भाटी चहुवांण समेळा
चडिया कमँधा कटक सचेळा ।
आरँभिया जाळंधर ऊपर
पड़ियौ सोच नवाबां पिंजर ॥११॥
भड़ अजमाल तणा अणभाया
असुरां सिर जाळंधर आया ।
दळ बळ अकळ कमंधां देखे
पड़िया खळां भगांणा पेखे ॥१२॥
आहव छोड फतेखां आसुर
धरम दुवार गयौ छोडे धर ।
पुर लूटियौ वडी सिध पाई
सँभिया सुज मारिया सिपाई ॥१३॥

दुहा

चतुरदसी वैसाख वद, तज गा कोट तुरक ।
पुर जाळंधर मारियौ, कमँधां बांध कटक ॥१४॥

इति श्री राजरूपक मैं रावळै साथ जाळोर मारियौ नै फतैखां विहारी धरमदुवार नीसरिया सौ विगत कही छै ।

११—समेळा = इकट्ठे, परस्पर, मेलवाले । सचेळा = समर्थ । आरँभिया = युद्ध किया । पिंजर = शरीर पर ।

१२—अणभाया = शत्रुओं के लिये बुरे । जाळंधर = जालोर । अकळ = पूर्ण । पड़िया = शत्रुओं में भागने की पड़ी । पेखे = देखा ।

१३—आहव = युद्ध । 'धरम दुवार गयौ = शरण गया । सिध = (सिद्धि) विजय । सँभिया = लड़ने को तैयार हुए । सुज = वे ।

१४—गा = गए । मारियौ = लूटा । कटक = सेना ।

दुहा

जोधांणै लागा रहै, भाटी हरदासोत।
मिळ देवीजर मारियौ, मेछ गया लख मोत ॥१५॥
चांपावत लाखौ फतौ, कूंपा केहर राम।
ऊदावत बदरै तणा, नाहर हरी दुगाम ॥१६॥
यां दौड़ंतां जोधपुर, मिटै न पोळ पुकार।
मेछ ग्रहे छळ मारगे, निस दिन रहै तयार ॥१७॥
गयौ बॅयाँळो धूंकळां, लगौ तँयाँळौ आय।
मांडी कमधे मिसलतां, चक्रवत देखण चाय ॥१८॥
जोध केहरी मांन तण, लघु बंधव हरिराम।
जोड़ किसन जगनाथ रौ, साथ रहै वरियांम ॥१९॥
वरस तँयाँळो दुंद धर, दौड़े कमँध दुझाल।
जोस अछायौ मेळ कज, आयौ दुरजणसाल ॥२०॥

१५—लागा रहै=समीप लगे रहते हैं। देवीजर=इस नाम का गाँव जो जोधपुर से ४ कोस उत्तर में है। लख=समझकर, देखकर।

१६—बदरै तणा=बदरीदास के। दुगाम=(दुर्गम) जोरावर।

१७—या=इस तरह। पोळ=किले का दरवाजा। मेछ ग्रहे०= मुगलों ने युद्ध का मार्ग पकड़ा।

१८—बॅयाळौ=सं० १७४२ का वर्ष। धूँकळा=लड़ाइयों से। तँयॉळौ=संवत् १७४३ का वर्ष। माडी०=राठोड़ों ने सलाह की। चक्रवत=(चक्रवर्ती) राजा को। चाव=उत्कंठा।

१९—जोध=जोधा राठोड़। लघु बंधव=छोटा भाई। जोड़= सदृश। वरियाम=जोरावर।

२०—दुद धर=पृथ्वी में युद्ध हो रहा है। दौड़े=आक्रमण करते हैं। दुझाल=वीर। जोश अछायौ=जोश से भरे हुए। मेळ कज= मिलने के लिये, शामिल होने के लिये।

हाडौ आडौ हल्लणौ बूँदी हूँत अकस्स।
सो आयौ राठौड़ तक, घोड़ां जोड़ सहस्स ॥२१॥
मिळिया वंका राठवड, चित हित दाख बचाव।
सुख जाडौ कीधौ सगै, रीधौ हाडौ राव ॥२२॥
परणायौ चांपावतां, हुय आवतां प्रसन्न।
पुत्री परम सुजांण री, मुकना तणी बहन्न ॥२३॥
मिळ तेजसी मुकंद सूं, आखै दुरजणसाल।
विकट पणौ ग्रह ऊधरौ, प्रगट करौ अजमाल ॥२४॥
सुण राठौड़ महाबळी, भेळा थया सकज्ज।
खीची मुकन बुलावियौ, दरसण सांम गरज्ज ॥२५॥

२१—हाडौ=चौहानों की हाडा एक शाखा है। दुर्जन साल बूँदी का हाडा था। आडौ हल्लणौ=टेढ़ा चलनेवाला। बूँदी हूँत=बूँदी से। अकस्स=ईर्ष्या करनेवाला। सो=वह। तक=ताककर, देखकर। जोड़=एकत्र करके। सहस्स=(सहस्र) हजार।

२२—वंका=टेढ़े। दाख=दिखलाकर, कहकर। बचाव=रक्षा। सुख=प्रीति। जाडौ=पूर्ण। सगै=संबंधी, रिश्तेदार। रीधौ=प्रसन्न हुआ। हाडौ राव=बूँदी के स्वामी हाडा रावराजा कहलाते हैं।

२३—परणायौ०=चांपावतों ने उसे अपनी बेटी ब्याह दी। आवतां=आते ही। सुजांण री=सुजाणसिंह की बेटी। मुकना०=मुकनसिंह की बहिन।

२४—आखै=कहता है। विकट पणौ०=इस विकटपन का और ग्रह का उद्धार करो। अथवा विकट पन को धारण करके उद्धार करो। अजमाल=अजीतसिंहजी को।

२५—भेळा थया=एकत्र हुए। सकज्ज=समर्थ। खीची०=मुकनदास खीची को बुलाया। साम गरज=स्वामी के दर्शनों की गरज से।

मुकनै दाखी मारवां, लौ नवकोट नरेस।
पिण मो नूं पत सूंपियौ, (सौ) दुरगौ दक्खण देस ॥२६॥
आगै कमंध्रै आखियौ, सुण मछरीक मुकन्न।
अन पांणी मन भावियां, पधराविया अजन्न ॥२७॥
तद मुकनै कल्याण रै, और न दक्खी वांण।
तेड़ धरा आबू तणी, धणी दिखायौ आंण ॥२८॥
वरस तँयांळै चैत सुद, पूनम परम उजास।
सांम कमंधां सांपनो, उर ऊपनो जियास ॥२९॥

छप्पय

ज्यौं अंबुज रवि उदय, कुसम श्रम जुदे विकासै
सरद चंद विण दुंद, पेख कामोद प्रकासै।

२६—दाखी = कहा। लौ० = मारवाड़ के राजा को लो। पिण = परंतु। पत = (पति) मालिक को। सो = वह।

२७—आगै = आगे, उसके उत्तर में। आखियौ = कहा। मछरीक = चौहान। खीची चौहानों की शाखा है, जिस शाखा का मुकनदास था। अन पांणी = अन्न जल। मन भावियां = मन को अच्छे तव लगेंगे। पधरावियां० = जब महाराजा अजीतसिहजी को प्रकट करोगे।

२८—तद = तब। कल्याण रै = कल्याणदास के पुत्र। दक्खी = कही। वाण = वाणी। तेड़ = बुलाकर। धरा० = आबू की भूमि से। धणी = मालिक को। आण = लाकर।

२९—उजास = प्रकाश। सांम = स्वामी को। सापनौ = प्राप्त किया। जियास = विश्वास, धैर्य।

३०—अंबुज = कमल। कुसम = पुष्प। श्रम जुदे = बिना परिश्रम। विकासै = प्रफुल्लित होता है। विण दुंद = दुःख विना। पेख = देख-

रटत जेम सुर रोर, मोर घण घोर परक्खै
सरवर जळ पूरियँ, भेख हरखै सुख लक्खै।
आसोज मेघ वरखा थयां, ज्यां चात्रग सुख संपजै
महाराज कँवळ लख मारवां, उर तिम मंगळ ऊपजै ॥३०॥
परम अंस रवि वंस, अवर दुरवंस अभायौ
हंस वंस अवतंस, पुंस परताप सवायौ।
तेज पुंज आजान-बाहु मुख कंज सकोमळ
मंजु काम सम रूप, अंज गजबंध महाबळ।
अण कोट कोट ऊथापणौ, आयां थापण ओटरां
पेखियौ सांम चढती प्रभा, सामंतां नवकोटरां ॥३१॥

कर। कामोद=कुमुदिनी; रात को खिलनेवाला कमल। रटत०=जैसे मेघ के शब्द की परीक्षा करके मयूर पक्षी जोर का स्वर उच्चारण करता है। सरवर०=जैसे जल से भरे हुए सरोवर में मेंढक सुख पाकर हर्षयुक्त होता है। आसोज०=जैसे आश्विन मास में मेघ बरसने से चातक (पपीहे) को सुख होता है। महाराज०=वैसे महाराजा के मुखकमल को देखकर मारवाड़वालों के हृदय में मंगल उत्पन्न हुआ।

३१—परम अंस=ईश्वर का अंश। अवर०=दूसरे दुर्वंश अर्थात् यवनों के लिये बुरा। हंस०=सूर्यवंश का भूषण। पुंस०=पुरुषों में सवाए प्रतापवाला। तेज पुंज=तेज का समूह। आजान-बाहु=घुटनों तक जिसके हाथ लंबे हैं। अंज०=अंजस अर्थात् क्रोध में म० गजसिंह के समान। अण०=(अन्य) दूसरों के करोड़ों कोटों को उथापनेवाला। आया०=शरण आए हुओं को स्थापित करनेवाला। पेखियौ=देखा। चढती प्रभा=कांति जिसकी बढ़ती हुई है। मारवाड़ में इस विषय में कहा जाता है "दिन दिन जोत सवाय।" सामंता=सरदारों ने। नवकोटरा=मारवाड़ के।

छंद वेअक्खरी

सुण नवकोट प्रगटियौ स्वामी
श्रै भेळा मोटी आसांमी।
उदैसिंघ सगरांम अणंकळ
बियौ पाळ भूपाळ महाबळ ॥३२॥
तेज मुकन बीजौ जैत्राई
सुत हरियंद नाहरौ सवाई।
श्रै चांपा जीपण अवसांणे
सांम दरसियौ जांम सुहांणे ॥३३॥
ऊदावत राजड़ अहँकारी
जगड़ विजाव जैत जुआरी।
सांमळ रूप खान बळ साहे
ऊदां पति निरखे ओछाहे ॥३४॥

३२—सुण० = मारवाड़ के लोगों ने सुना कि स्वामी प्रकट हो गया है तो ये बड़े बड़े सरदार इकट्ठे हुए। चांपावतों में उदयसिंह, सगरामसिंह, गोपालदास, भोपालसिंह, तेजसिंह, मुकनसिंह, नाहरखां। अणंकळ = स्वतंत्र। बियौ = दूसरा।

३३—जैत्राई = जीतनेवाला। सुत हरियंद = हरिसिंह का पुत्र। जीपण अवसाणे = जीतनेवाले। जाम सुहाणे = शुभ प्रहर में।

३४—ऊदावत० = राजसिंह। अहँकारी = घमंड रखनेवाला। जगड़ = जगरामसिंह। विजाव = विजयसिंह का पुत्र। जैत जुआरी = जय करनेवाला। सांमळ० = साँवलदास, रूपसिंह, नाहरखाँ। बळ साहे = बल धारण किए। निरखे = निरीक्षण किया, दर्शन किया। ओछाहे = उत्साह से।

जांमल कूंपा भूप जगावत
रामां फतौ केहरी रावत ॥
सांम ध्रम कज नांम सिघाळा
भाटी आया साथ भुजाळा ॥३५॥
सूरजमल रैणायर सूरो,
सुत चत्रभुज हरनाथ सनूरो।
निडर तेजलौ अमरौ नाहर
सुतन किसोर किसन मत सद्धर ॥३६॥
सोहै खीची मुकन सिवाळौ
ऊहड़ कुळ भगवान उजाळौ।
अखई प्रोहित वंस उजाळौ
आयौ प्रिय दरसण आभाळौ ॥३७॥
जांम विजौ सांमळ छळ जागै
श्रै पड़िहार धणी मुह आगै।
भणै जती नित जाप भवानी
ध्यान विजै मुनि परम गियानी ॥३८॥

३५—जांमल = जन्मे हुए कूंपा के वंश में। भूप = भूपतसिंह। जगावत = जोगीदास का पुत्र। रावत = वीर। कज = वास्ते। ताम = वहां। सिघाळा = श्रेष्ठ, अग्रणी। भुजाळा = लंबी भुजावाले भाटियों ने।

३६—रैणायर = रणछोड़दास। सूरो = कांतिवाला। सुतन = पुत्र। मत सद्धर = दृढ़ बुद्धिवाला।

३७—सोहै = शोभा देता है। सिवाळौ = श्रेष्ठ। उजाळौ = उज्ज्वल। अखई = अखैराज। आभाळौ = तेजस्वी।

३८—जांम विजौ = विजयसिंह का पुत्र। छळ जागै = युद्ध में जाग्रत। धणी = मालिक के आगे। जती = जैन साधु, ज्ञानविजय। गियानी = ज्ञानी।

पढै सुकव केहर जस पावां
रोहड़ वाघ धुजा कविरावां ॥

दुहा

सुरँग महूरत सुभ घड़ी, इळ प्रगट्यौ अजमाल ।
आगम दरसण आवियौ, हाडौ दुरजणसाल ॥३६॥
नर आया नवकोट रा, लख धर वार सुरंग ।
निजर हुवै निछरावळां, मोती रतन तुरंग ॥४०॥

छंद बेअक्खरी

मुरधर प्रगट थयौ महाराजा
वाजै सु सुर पंच सर वाजा ।
सुंदर वदन निरख सुख पावै
ईखण नाथ साथ दरियावै ॥४१॥
सिरै हूंत भड़ पंत सवाई
आदर अदब नीत अधिकाई ।

३९—सुकव=अच्छा कवि । पावा=पावों (चारणों) में । रोहड़=राहड़िया शाखा का । वाघ=कवि का नाम है । धुजा=ध्वजा, अग्रणी । सुरँग=शुभ । इळ=पृथ्वी पर । आगम दरसण=दर्शन करने के लिये ।

४०—धर=पृथ्वी । वार=समय ।

४१—मुरधर=मरुधरा में । सु सुर=अच्छे स्वरवाले । पंच सर-वाजा=पाँच प्रकार के बाजे । वदन=मुख । ईखण=देखने के लिये । नाथ=मालिक को । साथ=समुदाय । दरियावै=दरियाव अर्थात् समुद्र की तरह बड़ा ।

४२—सिरै हूत=सिरे से । पंत=पंक्ति । अदब=मान । नीत अधिकाई=भीड़ बहुत अधिक होने से आदर अदब की अधिकता मुश्किल से

इळ नवकोट तणा दळ आया
भूपति दरस थया मनभाया ॥४२॥
भोजन विविध चाव भूंजाई
सदा नवनवी गोठ सवाई।
चारा सवद कहै नित चावां
अकसो सिरै तणौ उमरावां ॥४३॥
सांगै तद रच गोठ सवाई
भूपत सहत तेड़ सह भाई।
सांगै मांगी सीख सवारी
राखे सुत खिजमत राजा री ॥४४॥
सिरहर भायां वादि सिधायौ
उदियोभांण हजूर रहायौ।
सुणे नवाव इनायत सारी
औरंग दिस लिख अरज अफारी ॥४५॥

होती है। इळनवकोट तणा = मारवाड़ की भूमि के। दळ = समूह। थया = हुआ। मनभाया = मनोवाछित।

४३—चाव = उत्सुकता। भूंजाई = भोज। नवनवी = नई नई। गोठ = मिहमानी। चावा = प्रकट। चावा = उत्सुकता के साथ। अकसो = ईर्ष्या। सिरै तणौ = मुख्य स्थान पर बैठने का। इस समय आठ ठाकुरों को सिरै का कुरब है।

४४—सांगै = संग्रामसिह चापावत। भूपत सहत = राजा सहित। तेड़ = बुलाया। सह भाई = सब भाइयों को। सीख = घर जाने की इजाजत। सवारी = दूसरे दिन। खिजमत = सेवा में।

४५—सिरहर = शिखर, सिरा। वादि = कहकर। सिधायौ = रवाना हुआ। सारी = सब हकीकत। लिख = लिखी। अफारी = विस्तृत।

अमुरायण चौ करण अकाजा
राठौड़ै प्रगटायौ राजा।
पूरी मदत नबावां पाऊं
असपत चौ चाह्यौ कर आऊं॥४६॥
खद सुजातखान गुजराती
तई मुझे दौ आग्या ताती।
औरंग सुण उर सोच उपायौ
ईखण असपत दूत निज आयौ॥४७॥

दुहा

राठौड़ां धर देखवा, अजन कियौ असवार।
आयौ राजा आउवै, उच्छव किया अपार॥४८॥
भूप वधायौ मोतियां, कीधा निजर तुरंग।
भोजन भूंजाई विवध, विंजन पाक सुरंग॥४९॥

४६—असुरायण चौ=मुगलों का। अकाजा=नाश। असपत चौ=बादशाह का। चाह्यौ=मनोवाञ्छित।

४७—खद=यवन। गुजराती=गुजरात का सूबहदार। तई=उसको। ताती=जल्दी। सोच उपायौ=सोच किया। ईखण=देखने के लिये।

४८—राठौड़ां०=राठोड़ों ने भूमि देखने के लिये। अजन=अजीतसिंह को सवार किया। आउवै=शहर का नाम है।

४९—वधायौ=स्वागत किया। निजर=भेट। भूंजाई=भोज। विंजन=(व्यंजन) शाक आदि। पाक=लड्डू आदि पक्वान्न। सुरंग=श्रेष्ठ।

पाछै बगड़ी रायपुर, बीलाड़ै मनुहार।
अजौ वळूंदै आवियौ, धणी घणौ अवधार ॥५०॥
रीयां नै आसोप सूं, लीधौ निजर मँगाय।
पछै लवेरै भाटियां, की मनुहार सवाय ॥५१॥
खेड़ धणी फिर खींवसर, पधरायौ घर प्रीत।
भड़ भेळा नवकोट रा, देखे धरा अजीत ॥५२॥
पाछै कोळू परसियौ, पाबू धांधल राव।
वरस चमाळै भाद्रवै, दसम उजाळी चाव ॥५३॥
राजा आयौ पोकरण, मन भायौ कर देस।
आयौ इतै उतावळौ, दिक्खण सूं दुरगेस ॥५४॥
साथ अखौ रतनेस रौ, जोधहरौ जोधार।
पहलै नागांणौ परस, देवी तणौ दवार ॥५५॥

५०—बगड़ी, रायपुर, बीलाड़ै=शहरों के नाम हैं। वळूंदै=नगर का नाम है। घणौ=बहुत। अवधार=निश्चय करके।

५१—रीयां०=शहरों के नाम हैं। लवेरै=भाटियों का ठिकाना है।

५२—खेड़ धणी=खेड नगर का मालिक। पहले खेड़ राठोड़ों की राजधानी थी। खींवसर करमसोतों का ठिकाना है। पधरायौ=ले गए।

५३—कोळू=एक गाँव का नाम है। परसियौ=चरण स्पर्श किया। पाबूजी धांधल के। पाबूजी देवों में पूजे जाते हैं। चमाळै=संवत् १७४४ के भादों सुदि १० को। चाव=उत्कंठा से।

५४—पोकरण=चांपावतों का ठिकाना है। मन भायौ=मन चाहा। इतै=इधर। उतावळौ=त्वरा सहित। दुरगेस=दुर्गादास दक्षिण से आया।

५५—साथ अखौ०=दुर्गादास के साथ रतन का पुत्र अखैसिंह और जोधा योधा थे। पहलै०=नागाणा=एक गाँव का नाम है। जहाँ धूहड़जी की स्थापित की हुई कुलदेवी नागणेचियों की मूर्ति है। परस=उस कुलदेवी के चरणों का स्पर्श करके। देवी तणौ=देवी का। दवार=द्वार।

पाछै दुरग पधारियौ, भीमरलाई गांम।
३७—वितीत थया=नष्ट हुए। मेवाती=मेवात के यवन। उताळा=जल्दी। वीता=नष्ट हुए।

३८—त्रिजड़ा हथा=खड्गधारी। त्रिजड़=तलवार। वंदी=स्तुति-पाठक। दरगह=राजसभा में।

३९—सभाई=तैयारी। अजिर=आँगन में। मारजण=(मार्जन) सफाई। ओपाया=शोभायमान हुए।

जळ गंगा जमना पुहकर जळ
दळ ग्रह दरभ छिड़क तुळछी दळ।
लख बुध वेद मंत्र जपि लेवै
अगर धूप चंदन ऊखेवै ॥४०॥
ओपे गढ छवि गुणे अनोपे
आदि कांगुरां मंदिर ओपे।
सोभै तेरस दिवस सवायौ
अजन चमर ढुळतां गढ आयौ ॥४१॥

दुहा

आलम सा मुल्तांण सूं, आजम दक्खण हूंत।
आवै दिल्ली जंग कज, ओरँग हंदा पूत ॥४२॥
श्री महाराज अजीत सा, यौं कहियौ तिण वार।
महल बुलायौ जोधपुर, ल्यावौ राजकुँवार ॥४३॥
मासोत्तम वैसाख मैं, गढ़ जाळंधर हूँत।
रांणी पधरावी सहर, साथे कुँवर सपूत ॥४४॥

४०—पवित्रता के लिये गंगाजल आदि छिरकाए गए। पुहकर = पुष्कर का जल। ग्रह = (गृह) घर में। लख = लाखों। ऊखेवै = धूप किए गए।

४१—अनोपे = अनुपम, सर्वोत्तम। ओपे = शोभा देता है। अजन = अजीतसिंह जी।

४२—आलम सा = शाहजादे का नाम। आजम = शाहजादे का नाम। हूंत = से। ओरँग हंदा = औरंगजेब के।

४३—यों = इस तरह। तिण वार = उस समय।

४४—जाळंधर हूंत = जालोर से। पधरावी = लाई गई।

परखै सोभा जोधपुर, ईख कळा इधकार।
आयौ सदन अजीत रै, अभौ विसन अवतार ॥४५॥
ओपै हाट ओछांड़िया, पाटंवर अण पार।
वांणक जांणक वद्दळां, इंद्रधनुख उणहार ॥४६॥
सुभ तिथ उज्जळ सपतमी, विमळ वरै बुधवार।
मिळियौ सुख महाराज सूं, श्री महाराज कुँवार ॥४७॥
कितरोइ पुर उच्छव कियौ, दूणौ सुख दरबार।
कथै महा गुण सूत कवि, चित हित मंत्र उचार ॥४८॥

छप्पय

सुकवि देख संभरै, कोड़ उच्चरै विरद्दां
रीत अजन राठौड़, जोड़ लखि हद्द समंदां।
वासिव धर मजलेस, नेस लखि ईस परक्खौ
अभै जिसौ नर अवर, राज वर कुँवर निरक्खौ।

४५—परखै = देखने के लिये। ईख = देखकर। कळा इधकार = कला की अधिकता। सदन = घर। अभौ = अभयसिंह (राजकुमार)। विसन = विष्णु का।

४६—ओछांड़िया = तबू तने हुए। पाटंवर = (पट्टांबर) रेशमी वस्त्र। अणपार = असंख्य। वाणक = बनावट, सूरत। जांणक = मानों। उणहार = सदृश।

४७—उजळ सपतमी = शुक्ल पक्ष की सप्तमी।

४८—सूत = पुराणवाचक, स्तुतिवाचक। कवि = चारण। मंत्र = सलाह।

४९—सभरै = स्मरण करते हैं। विरद्दा = विरुद। हद्द समंदा = समुद्र पर्यंत। वासिव धर = इंद्र की भूमि के समान उनकी मजलिस है। नेस = आवास, महल। ईस = महादेव के निवास कैलास के समान।

क्री लोक निकर सुर नर किसूं, पन उर धाम पवीतरौ
वाधियो ताप दूजां विचै, आज प्रताप अजीत रौ ।४६॥

दूहा

अजन विराजै जोधपुर, दिन साजै कमधज्ज ।
अन राजा लाजै अकस. धू सम राजै धज्ज ॥५०॥

इति श्री राजरूपक में अजीतसिंघजी असुर उथाप सुर
धर्म सहाय करी परम उद्यम सूं जोधपुर
लीयो द्वाविंश प्रकास ॥२२॥

परक्खै=दिखाई देते हैं। अवर=दूसरा। की=क्या। निकर=समूह। उर०=पवित्र हृदयवाला। वाधियो=बढ़ा।

५०—साजै=अच्छे। अकस=ईर्ष्या से। धू सम=ध्रुव के समान। धज्ज=ध्वजा, झंडा।

छद बेअक्खरी

आजम दक्खण हुंत
विकट धनुख सर जांण
उत्तर धरा सु आलम
सौंज नेंज दळ तेज
आतुर दहूँ आगरै
दहुँ दिस काळ भड़ां व
पर मुहकम जिम लेख
महाप्रलै असुरां घर
निहसि खेत वाजिया
विढै पूत जिम सा
वडै पराक्रम आजम
जुध गरीठ हठ आल
पायौ आलम तखत
सिर धर थयौ हुकम इ
प्रगट दिली तद गई
सू वति कही नवाबां

१—उलट्टौ = वेग से चला। जाण = मा
नैंज = प्रवध।

२—आतुर—शीघ्र, जल्दी से। दहूँ =
पर मुहकम० = जैसे इंद्रसिंह का पुत्र मोहक

अजमल नवकोटी अपणाई
सहि सोवें लूटिया सिपाई।
आलम सुणे ऊठ अकुळांणौ
वहै कमण नृप निज वलवाणौ ॥ ५ ॥
आलम कोप धरे अकुळायौ
जांणे पावक पवन धमायौ।
अति कळमळै प्रांण आपांणै
जळै अवाह छादियौ जांणै ॥ ६ ॥

दुहा

चित अत तपतां चौसठै, वीत गयौ वरसात।
जहनि पवन्नां अंत जिम, छिलियौ जवनां छात ॥ ७ ॥
जवनां दळ दिल्ली जिता, सगह इता दळ साथ।
मेछां भारी सोच मन, नींद विसारी नाथ ॥ ८ ॥

५—अजमल = अजीतसिंह ने। नवकोटी = मारवाड़। अपणाई = स्वाधीन कर ली है। सहि = सब। अकुळायौ = घबराया। वहै = धारण करता है। कमण = कौन। वलवाणौ = वल को।

६—जाणै = मानों। पावक = अग्नि। कळमळै = झुँझलाता है। प्राण आपाणै = वल के कारण। अवाह = भड़भूँजे की भट्टी (भाड़)। छादियौ = ढका हुआ।

७—चित० = चौंसठ (१७६४) के साल में वादशाह का चित्त अन्यत संतप्त होते रहते वर्षा ऋतु व्यतीत हो गई। जहनि = जहान में; जगत् में। छिलियौ = मर्यादा से वाहर हो गया। जवना छात = वादशाह।

८—सगह = गर्व सहित। मेछा = यवनों के। विसारी = भूल गया। नाथ = वादशाह।

सझ आयौ दर कूच सूं, असपत्ती अजमेर।
गज गाजै नौवत गहर, वाजै संझ सवेर ॥ ६ ॥
अजन विखौ आरंभियौ, पुर धरकिया अवस्स।
चढियौ गढ तरवार गहि, ऊहड़ धारि अकस्स ॥१०॥
हरीदास भगवान तण, गढ आयौ पण धार।
प्रिसणां कळहण पाधरै, गहि वंकी तरवार ॥११॥
ऊहड़ वळ दूणौ अभौ, दळ भीमोत दुरंग।
मांगळिया ऊदौ रतन, सांमि कमंध अभंग ॥१२॥
आद इता भड़ आठ सौ, गढ़ आया गहवंत।
माप न को मांटी पणौ, उर ज्यां ताप न अंत ॥१३॥
आयौ वीलाड़ै असुर, पै अस गज विण पार।
साम्हौ तिण दळ साजिनैं, अजन थयौ असवार ॥१४॥

६—असपत्ती = वादशाह। गाजै = गर्जना करते हैं। गहर = गंभीर। संझ सवेर = संध्या और प्रभात।

१०—अजन = अजीतसिंहजी ने। विखौ = घर छोड़कर लूटपाट करना। अवस्स = (अवश) पराधीन कर दिये। गहि = ग्रहण करके, लेकर। ऊहड़ = ऊहड़ वंश का राठौड़। अकस्स = अमर्ष धारण करके।

११—हरीदास = ऊहड़ का नाम है। भगवान तण = भगवान्दास का वेटा। प्रिसणा = शत्रुओं से। कळहण = युद्ध करने के लिये। पाधरै = सीधा।

१२—अभौ = ऊहड़ अभैसिंह। भीमोत = भीम का पुत्र। दुरंग = किले में। मागळिया० = मॉगलिया वंश का उदयसिंह और रत्नसिंह। अभग = नहीं भागनेवाले।

१३—आद इता = इत्यादि। गहवत = गर्ववाले। माप० = जिनकी वहादुरी का माप नहीं है। उर० = जिनके हृदय में तेजी का अंत नहीं है।

१४—पै = पैदल। अस = घोड़े। साजिनैं = सजकर।

छंद हणंफाल

सु ज विगत दूत सिताव, जवनेस पूछ जवाव ।
उवचरै दूत अरज्ज, सुण मेछनाथ सकज्ज ॥१५॥
आचियौ कमध अजीत, जुध काज साज जमीत ।
करि अवस देस कमंध, महि मेळ दळ अनिमंध ॥१६॥
तन गरुड़ जव अस ताक, क्रिति काळ सुभट कजाक ।
हित सुहड़ प्रति खग हूँत, कळ सोर धानुख कुंत ॥१७॥
वसती सु दळि वरताड़, अनि गांम धांम उजाड़ ।
पह रोस जोस अपार, लेखवै मेछ लिगार ॥१८॥
रस वीर मुरधर राव, दइवंत गति दरसाव ।
रिम काळ रूप नरेस, दळ अकळ निरजळ देस ॥१९॥

१५—विगत=महाराजा ने शीघ्र बादशाह के पास दूत भेजा। उवचरै=कहता है। सकज्ज=शक्ति सहित।

१६—जमीत=सेना। अवस=पराधीन। महि=पृथ्वी में। मेळ=एकत्र करके। अनिमध=असख्य।

१७—तन०=घोड़ों के शरीर का वेग गरुड़ जैसा है। ताक=देख। क्रिति काळ=काल के से आकारवाले। कजाक=मारनेवाले, हिंस। जिनके सुभट तलवार से प्रीति रखते हैं। जिनके धनुष और भालों का युद्ध में बड़ा शोर है।

१८—वसती=आबादी का। दळि=नाश करके। वरताड़=व्यवहार किया। अनि=दूसरे। पह=(प्रभु) मालिक। लेखवै=गिनते हैं। लिगार=तुच्छ।

१९—दइवत गति=दैवगति। दरसाव=दिखाई देती है। रिम=शत्रुओं के लिये। दळ=सेना। अकळ=अविचल है।

दुहा

साह सुणे विध सोचियौ, गह मोचियौ सगाह।
मन ठहराई मेळ री, साह अजीत सलाह ॥२०॥
मेळ तणै कज मेलियौ, व्रत रज गत बुधिवान।
सरवंगी सेलौ सुमति, चेलौ नाहरखान ॥२१॥
दळ नीकै वळ ऊधरै, राईकै महराज।
साह वसीठ सलाह कज, कमँधां दीठ सकाज ॥२२॥
वान करे कीधौ विदा, नरपत नाहरखान।
जोगावत पायौ दुवौ, साथ हुवौ भगवान ॥२३॥
चगथां दळि चांपाहरौ भूप हरै भर भार।
पूगौ धारे राह पण, दीठौ साह दुवार ॥२४॥

२०—विध=उपाय, तजवीज। गह=गर्व। मोचियौ=छोड़ा। सगाह=गर्व सहित।

२१—मेळ तणै कज=संधि के लिये। मेलियौ=भेजा। व्रत०=राज्यव्रत को निवाहनेवाला। सरवंगी=साम, दान, भेद आदि नीति के सब अंगों को जाननेवाला। सेलौ=सीधा, सरल। चेलौ=राजा के खान-दान का उपस्त्री-पुत्र। नाहरखान=एक नाम।

२२—नीकै=अच्छा। ऊधरै=उच्च, अधिक। राईकै=राई का बाग; वहाँ महाराज का मुकाम था। साहवसीठ=बादशाह का दूत। दीठ=देखा। सकाज=समर्थ, काम का।

२३—जोगावत०=महाराज ने जोगीदास के पुत्र भगवान्‌दास को साथ जाने की आज्ञा दी। दुवौ=आज्ञा।

२४—चगथा=मुसलमानों की। दळि=सेना में। चाँपाहरौ=वह चाँपावत। भूप हरै=भोपतसिंह का पौत्र। भर भार=जिम्मेवारी उठाकर। पण=प्रतिज्ञा। दीठौ०=उसने बादशाह के द्वार को जाकर देखा।

अस्पति वात अजीम सूं. फुरमाई निरधार।
कौल दिया फुरमांण दे. विदा किया तिण वार ॥२५॥
कर कारज नरनाथ रौ, भड़ आयौ भगवान।
मग हाथे फुरमांण सूं, साथे नाहरखान ॥२६॥
कमँधां पत अर छात री, सुणि सव वात विचार।
जवन तणौ दळ जोय वा, अजन थयौ असवार ॥२७॥
फागण वद एकादसी, चढियौ जोधां छात।
वीसलपुर डेरा किया, दळ घेरा अखियात ॥२८॥
मेछ प्रधानें मेलियौ, खान जुमै रस खांत।
खांनाखांन निवाध रौ, सुत पित जोड़ सुभांत ॥२९॥
राजा साथ भदोरियौ, वूंदीपति वुध साह।
दूजौ वीस हजार दळ, वळ छळ पार दुवाह ॥३०॥

२५—अस्पति = बादशाह ने। अजीम = शाहजादा अजीम से। फुरमाई = कहा। कौल = प्रतिज्ञापत्र। फुरमाण = आज्ञापत्र।

२६—भगवान = चांपावत भगवानदास। मग० = मार्ग में फरमान (आज्ञापत्र) उसके हाथ में है।

२७—कमँधा पत = अजीतसिंह। अर = अपने शत्रु। छात री = बादशाह की। जाय वा = देखने के लिये।

२८—अखियात = प्रसिद्ध।

२९—मेछ० = बादशाह ने अपने प्रधान जुमैखां को भेजा। रस खात = प्रीति के लिये। पित जोड़ = पिता के सदृश। सुभात = अच्छी रीतिवाला।

३०—भदोरियौ = चौहान। वळ छळ पार = वल से युद्ध को पार करनेवाली सेना। दुवाह = वीर।

साह तणा भड़ सांमहा, पुर आया पीपाड़।
गांम परीखे नेस गुण, ईखे देस उजाड़ ॥३१॥
इण दिस थी राजा अजन, सभ्क आवतां सिताव।
साम्हौ पाय सँपेखवा, मिळियौ आय नवाब ॥३२॥
जवनां नृप-दीठौ निजर, ओडै सुकर अरस्स।
भड़ भाराथे आगळा, साथे वीस सहस्स ॥३३॥

छंद वेअक्खरी

मारूपति छिवतौ ब्रहमंडे
मिळियौ खान घणौ हित मंडे।
निस मसलत पींपाड़ निवारी
ऊगै रवि धारी असवारी ॥३४॥
राजा राव मिळे मन राखै
दाखै अजन वचन सुज दाखै।
अधपत साथ लियां दळ आया
दुरवेसी वांना दरसाया ॥३५॥

३१—साह तणा=बादशाह के। सांमहा=सन्मुख। पीपाड़=पीपाड़ नामक नगर में। गाम परीखे=गाँव को देखकर। नेस गुण=वास करने का निश्चय किया। ईखे=देखकर। उजाड़=शून्य।

३२—पाय=चरण को। सँपेखवा=देखने के लिये।

३३—ओडै=धारण करनेवाला। सुकर=अच्छी तरह, सुलभता से। अरस्स=आकाश को। भाराथे=युद्ध के लिये। आगळा=अग्रणी।

३४—छिवतौ=शोभा देता हुआ, लगता हुआ। ब्रहमंडे=ब्रह्मांड को। घणौ हित मंडे=बहुत प्रीति दिखाकर। निस=रात्रि को। मसलत=तजवीज सोचकर। पींपाड़=एक शहर का नाम है जो जोधपुर से पूर्व में १८ कोस पर है। निवारी=गुजारी, व्यतीत किया। धारी=की।

३५—दाखै=कहे। अजन=अजीतसिंह जी ने। सुज=वे ही। दुरवेसी=यवनों का। वांना=वेष।

आणँद्पुर अरि करण अकाजा
मिळियौ साह सरस महाराजा।
नमि फागुण उज्जळ नरपत्ती
मेळां पति दीठौ महिपत्ती ॥३६॥
आदर कियौ मिळे असुरेसुर
दियौ नाम नृप तेग बहादुर।
भावी विवस जोधपुर भायौ
चगथै खां महाराव चलायौ ॥३७॥
अरि जण सहित दियौ ऊताळौ
साथे मुहकमसिंघ सचाळौ।
राजा अजन सुणे रीसायौ
ठीक अमेळ मिले ठहरायौ ॥३८॥
सुणी अजीम निवावां सारां
वांसा पत्र पूगा तिण वारां।
ओ महराव जाड गढ आवै
पिण मुहकम क्रम जांण न पावै ॥३९॥

३६—आणँदपुर = एक गाँव का नाम। अरि० = शत्रुओं का नाश करनेवाला। सरस = प्रीति सहित। फागुण = फाल्गुन मास में।

३७—भावी विवस = दैवयोग से। भायौ = अच्छा लगा, लेना चाहा। चगथै = मुसलमान। खा महाराव = महरावखाँ।

३८—ऊताळौ = त्वरा सहित। मुहकमसिंघ = राव इंद्रसिंह का पुत्र। सचाळौ = युद्ध करनेवाला। रीसायौ = क्रुद्ध हुआ। अमेळ = विरोध।

३९—वांसा = पीछे से। तिण वारां = उसी समय। महराव = महरावखाँ। जाड = चाहे। क्रम = पैंड, कदम।

पाप वधै तिण हीण प्रवाड़े
वळियौ मुहकम वदन विगाड़े।
आलम खड़िया दक्खण ऊपर
कामबगस ऊपर चढ कुंजर ॥४०॥
अधपत काढण देसां अंतर
साथे अजन थयौ वळ संभर।
आलम वहै, चमू अतुळीवळ
हद लोपी जांणे हीलोहळ ॥४१॥
भूप अवर ज्यांरै मन भांणौ
राजा अजन वहै रीसांणौ।
यह आंवेर उवर भ्रम पाए
अजमल हूंत मिळै नित आए ॥४२॥
आलम सा आंवेर न आपी
थांणै फौज मळेछां थापी।
रूठौ वहै अजौ महाराजा
विचित्रां तणा खमै नह वाजा ॥४३॥

४०—हीण = मंदभाग्य। प्रवाड़े = युद्ध। वळियौ = वापस लौट गया। वदन = मुख। आलम = बहादुरशाह। खड़ियौ = चला। चढ़ कु जर = हाथी पर सवार होकर।

४१—अधिपत = मालिक (बादशाह) को। देसा अंतर = देशांतर में निकालने के लिये। वळ सभर = सेना को भरती करके। जांणे = मानों। हीलोहळ = समुद्र।

४२—अवर = दूसरे। भाणौ = अच्छा प्रतीत होनेवाला। रीसांणौ = क्रुद्ध। यह = प्रभु, मालिक। उवर = अंतःकरण में। भ्रम पाए = भ्रांति (शक) पाकर।

४३—आपी = दी। रूठौ = रुष्ट, कुपित। वहै = चलता है। विचित्रा = यवनों के। खमै = सहन करता है।

इम परखे राजा आंवेरौ
आवं हिन घर वेर अवेरौ।
अजमळ तेड़ दुरॅग आसांणी
कथ धारी मेटण तुरकांणी ॥४४॥
सुणतां आठ मिसल भड़ साथे
हित पत खड़ग तोलिया हाथे।
यों मग नदी नरवदा आयां
वळियौ अजन भड़ां रस वायां ॥४५॥
उर अण चित वेळ जद आई
संग थयौ जैसिंघ सवाई।
....
.... ॥४६॥

दुहा

महाराजा अजमाल रै, थयौ सवाई साथ।
आखै कूरम आवरू, हमैं कमंधां हाथ ॥४७॥

४४—परखे = जानकर। वेर अवेरौ = वक्त वेवक्त। तेड़ = बुलाकर। दुरॅग = दुर्गदास को। आसाणी = आसकरण का पुत्र। कथ = वात। धारी = मन में दृढ़ की।

४५—हित पत = पति, मालिक के वास्ते। मग = मार्ग में। वळियौ = वापस लौटा। रस वाया = प्रीतिवाले।

४६—उर = अंतःकरण में। अण चित = अचानक। वेळ = समय। सवाई = सवाई राजा जयसिंह।

४७—आखै = कहता है। कूरम = कछवाहा जयसिंह। कमधां = राठौड़ों के।

उदयापुर आयौ अजन, अमर कियौ औछाह।
असुरां क्रम घटियौ इळा, सुण सुर धरम सलाह ॥४८॥
आयौ राजा आउवै, लीधां कूरम लार।
उदिया भांण सॅग्राम रै उच्छव कियौ अपार ॥४९॥
आयौ ग्रह ऊदै तणै, आरोगण अगजीत।
साथे मुरधर सांम रै, पह आंबेर सप्रीत ॥५०॥
खळहळियौ महराब खां, आयौ घर अजमाल।
जतरा मत असुरां जुआ, हिंदू हुवा निहाल ॥५१॥
यों वहतां मग आवतां, ग्रीखम हुवी वितीत।
मिटिया सुख महराब रा, आयौ धरा अजीत ॥५२॥
प्रगट जमानैं पैंसठै, लागौ सांवण मास।
पत नवकोटी पेखतां, असुरां छूटी आस ॥५३॥

४८—अमर = अमरसिंहजी महाराजा। औछाह = उत्सव। असुरा = यवनों का। क्रम = पराक्रम। इळा = पृथ्वी पर। सुर = देवों की।

४९—आउवै = मारवाड़ के सोजत प्रांत में चांपावतों का ठिकाना है। लार = पीछे, साथ। उदिया भांण = उदयसिंह आउवे का मालिक। सॅग्राम रै = सग्रामसिंह का पुत्र।

५०—ग्रह = घर। ऊदै तणै = उदयसिंह के। आरोगण = भोजन करने को। मुरधर साम = मारवाड़ का मालिक। पह आंवेर = आंबेर का राजा।

५१—खळहळियौ = घबराया। महराब खां = जोधपुर का सूबेदार। जतरा = जितने। मत = राय, सिद्धान्त। जुआ = भिन्न।

५३—पैसठे = विक्रम संवत् १७६५। लागौ = आरंभ हुआ। पत नवकोटी = मारवाड़ के राजा को। पेखता = देखने पर। आस = आशा, उम्मीद।

छंद पद्धरी

सपतमी कृष्ण नवकोट सांम
गढ घेर दिया डेरा सँग्राम।
दिस वरण अकळ वळ दळ दुवाह
रिणमाल जोध क्रम धरम राह ॥५४॥
दुरगेस वेर तिण मेर द्रुंग
अण गंज तेज महकौ अभंग।
कहि अभौ खींवक्रन देवक्रंन
दळ साह जगड रजवट सदंन ॥५५॥
कळ मूळ करन हर खळां काळ
जवनां वन दाहण सेख ज्वाळ।
भगवान हरी चांपे सुभंग
ऊदलौ विजौ अचळौ अभंग ॥५६॥

५४—सपतमी = श्रावण वदी सप्तमी। नवकोट साम = मारवाड़ के स्वामी ने। सँग्राम = युद्ध के लिये। दिस वरण = दिशाओं को वेष्टित किया। अकळ वळ दळ = पूर्ण बलवाली सेना ने। दुवाह = दोनों हाथों से प्रहार करनेवाले अर्थात् वीर। रिणमाल = रणमलोत राठौड़। जोध = जोधा राठौड़ों ने। क्रम = पराक्रम से।

५५—वेर = समय। मेर = सुमेरु के समान। द्रुंग = दुर्गम। अण गंज = अजेय। तेज महकौ अभंग = जिसके तेज और उत्साह का कभी भंग नहीं होता। अभौ = अभैकरण (करणोत राठौड़)। दळ साह = सेना को सजकर। जगड़ = जगरामसिंह। रजवट सदन = राजपूती का घर।

५६—कळ = युद्ध में। मूलसिंह। करन हर = करण के पोते अर्थात् करणोत राठौड़। खळां = शत्रुओं के लिये। सेख ज्वाळ = शेषजी के मुख की ज्वाला के समान। भगवान = भगवानदास। चापे = चापावत।

सकतेस मुकन राजड़ किसन्न
केहरी हरी घन कूंप (भ) कन्न।
एतलां आदि चांपा अबीह
समहर फिर कूंपा निकर सीह ॥५७॥
विजपाल राम केहर विकट्ट
भोमेण राम फतमल सुभट्ट।
हरिभांण नाथ भाराथ हांम
दृढवंत सांम पेखे दुगांम ॥५८॥
भाटीय भांण हरनाथ भाख
अमरेस खान रिणछोड़ आख।
सूरजमल जीवण खेतसीह
अन सूर लखौ अखई अबीह ॥५६॥
फतमाल रूप जैता अफेर
जोधहर भीम अरि करण जेर।
वांनैत चंद मोहण वखांण
जोगो सकतौ पीथलौ जांण ॥६०॥

५७—कूंपकन्न = कूंपकर्ण। एतला = इतने। अबीह = निडर। समहर = युद्ध। कूंपा = कूंपावत राठौड़। निकर = समूह।

५८—भाराथ हाम = युद्ध को स्वीकार करनेवाला। साम = स्वामी। पेखे = देखकर। दुगाम = दुर्गम।

५९—भाटीय = भाटी वंश के वीर। भाख = कहा। आख = कहा। अन = अन्य, दूसरा। लखौ = लखसिंह। अखई = अखैराज।

६०—जैता = जैतावत राठोड़। अफेर = नहीं फिरनेवाला। जोधहर = जोधा के पोते, जोधा राठौड़। अरि करण जेर = शत्रुओं को दवानेवाला। वानैत = वाना (चिह्न) रखनेवाला।

ऊदावत जगपत रिंदै आद
पातळी मांन पौरस पखाद।
सद माल सूर दूदे सगाह
चिजपाल दळां जूंझीह वाह ॥६१॥
ओपमा कमां हरनाथ आद
वर वीर खळां मेटण विवाद।
मछरीक फतौ गज घड़ मरोड़
अजवेस लाल पातळ अनोड़ ॥६२॥

छंद हणूंफाल

महाराज तेज प्रमांण, भति प्रकृति द्वादस भांण।
विसतार वाजंत्र वज्जि, गुणवांण वाण गरज्जि ॥६३॥
सुभ दिवस महुरत सार, अजमाल हुय असवार।
रँग सुरँग वण गजराज, क्रिति अभूत होत अकाज ॥६४॥

६१—ऊदावत = ऊदावत राठोड़। जगपत = जगरामसिंह। रिंदै = हिरदैराम। पौरस = पुरुषार्थ। पखाद = खानि। सद = सदैसिंह। माल = मालदेव। दूदे = मेडतिया राठोड। सगाह = गाढ़ (गर्व) सहित। वाह = खूब, अत्यत।

६२—ओपमा = समान। कमां = करमसोत राठौड़ों में। खळां = शत्रुओं का। विवाद = झगड़ा। मछरीक = चोहान। गज घड़ मरोड़ = हाथियों के समूह को भगानेवाला। अजवेस = अजबसिंह। अनोड़ = न रुकनेवाला।

६३—भति = भाँति, तरह। प्रकृति = स्वभाव। भाण = (भानु) सूर्य। विसतार = बड़ी दूर मे। वाजत्र = बाजे। गुणवांण = गुणी जनों को। वाण = वाणी।

६४—महुरत = मुहूर्त। सार = श्रेष्ठ। रँग सुरँग = रंगों से रँगे हुए। वण = बन ठनकर।

लखि फौज तुंग लड़ंग, ऊवंध किर दधि अंग।
वणि सुरथ पायक वृंद, जग जांण दळ जयचंद ॥६५॥
सिर चमर चौसर सोह, वृति सूरकिरण विमोह।
परिवेस सुभट सप्रीत, गढ़ आवियौ अगजीत ॥६६॥

छप्पय

संमत दह सपतमै, सरस पचसठै समंछर
स्रावण रित घण सुखद, अयन रवि दक्खण अंतर।
तिथ तेरस पख तरणि, वार सुभ करण चंद्र वर
एकादस ग्रह अरक, लगन कन्या लाभंकर।
सिव सकति विसन नवग्रह प्रसन, नृप महि विघन निवारियौ
अभनमौ माल गढ़ आपरै, पह अजमाल पधारियौ ॥६७॥
लाजवरद सील सुपेद जंगाल जुगत व्रत
राचे अमास नवरंग, करे मधि चित्र देव कृत

६५—तुंग=समूह। लड़ंग=बहुत लंबी। ऊवध=(उद्‌बंध) मर्यादा-रहित, असीम। दधि=(उदधि) समुद्र। सुरथ=अच्छे रथोंवाले। पायक=सेवक, सहायक। वृंद=समूह।

६६—चौसर=चार सरवाला। वृति=गोलाकार। सूरकिरण=किरणिया नामक उपकरण। परिवेस=कुंडाला। जैसे सूर्य के गोल कुंडाला होता है, वैसे महाराजा के सुभटों का कुंडाला है।

६७—दह सपतमै=सत्रह सौ। समंछर=संवत्सर, वर्ष। रित घण=वर्षा ऋतु। अयन रवि दक्खण=सूर्य दक्षिणायन का। पख तरणि=कृष्णपक्ष। एकादस ग्रह=ग्यारहवें भवन में। अरक=सूर्य। महि=पृथ्वी। अभनमौ माल=राव मालदेवजी के सदृश।

६८—लाजवरद आदि रंगों से। अमास=आमखास, सभाभवन,

सोरँभ मृगमद गंध, सार घणसार सने वत
नित नव सार सँकेत, अगर नीसार उखेवत।
प्रति महल सोभा परम, सुरपति भृत आंपण सदन
निस दि्वस अजन नवकोट पति, मदन रूप विलसै मदन ॥६८॥

सुर दादुर पिक सोर, सबद मृदु मोर सुहावै
घण श्रावण घरहरै, सिखर दांमण दरसावै।
सर सरिता सुभ भरी, रसा सुभ करी हरीतन
तृण वल्ली विसतरी, वणै ग्रह वरी दिसा वन।
ऊधरी वार विलसै अजै, घणूं प्रजा उच्छव घणै
सत्र प्रांण सभौ कवि वाण सुण, रमै अभौ रायंगणै ॥६६॥

इति श्री राजरूपक मैं श्री अजीतसिंघजी फेर जोधपुर
लीयौ नै नवाब धरमद्वार गयौ सो विगत कही
त्रैविंश प्रकास ॥२३॥

आवास, निवासस्थान। मृगमद = कस्तूरी। घणसार = कपूर। सने = मिला हुआ। नीसार = धूप। प्रति महल = हर महल में। सुरपति = इंद्र। भृत = भृत्य, नौकर। सदन = घर। मदन रूप = कामदेव रूप। मदन = कामभोग।

६९—सुर = देवता। दादुर = मेंढक। पिक = कोयल। सोर = हल्ला गुल्ला। घण = मेघ। घरहरै = घरराट करता है। दामण = बिजली। सर = तालाब। रसा = पृथ्वी। तृण = घास। वल्ली = वेली। ग्रह = घर। दिसा वन = वन की ओर। ऊधरी = अच्छी, ऊपर के दर्जे की। वार = वक्त, समय। सत्र प्राण सभौ = शत्रुओं के प्राणों को भय देनेवाला। अभै = अभयसिंह। रायंगणै = राजा के आँगन में।

दुहा

यौं गढ सिर राजै अजन, निज धर घर घर नूर।
औतारौ जैसिंघ रौ, दीनौ सागर सूर॥ १॥
आंवेरौ उत्तन विना, अति मन रहै उदास।
अरज करै अजमाल सूं, उर सु गरज धर आस॥ २॥
बरखा रित सुख वोळवी, आवी सरद अनोप।
नवकोटी नै पत निपट, ओपत संपत ओप॥ ३॥
थांन सवाई थापिवा, मांन अरज महाराज।
चढ़ियौ कज सरणाइयां, सझि दळ प्रबळ समाज॥ ४॥
कमॅधां पत द्रर कूच कर, धरि मेड़तै मुकांम।
धर दिल्ली धूजै उरै, पुर आगरै विराम॥ ५॥

१—अजन=महाराजा अजीतसिंह। धर=धरा, पृथ्वी। औतारौ= निवासस्थान, डेरा। सागर सूर=सूरसागर नामक स्थान में। (सूर-सागर तालाब महाराजा सूरसिंह ने बनवाया और उसके तट पर महल बनवाए थे। यह जोधपुर नगर से पश्चिम में २ मील पर है)।

२—आवेरौ=आँवेर के राजा जयसिंहजी। उत्तन=जन्मभूमि।

३—वोळवी=व्यतीत की। नवकोटी=मारवाड़। ओपत=शोभा देते हैं। ओप=शोभा।

४—सवाई=सवाई राजा जयसिंहजी को। थापिवा=स्थापित करने के लिये। सरणाइयां=शरणागतों को।

५—कमॅधां पत=राठोड़ों का पति महाराजा अजीतसिंहजी। मेड़तानगर जोधपुर से पूर्व दिशा में ३५ कोस है। धर दिल्ली=दिल्ली की भूमि। विराम=कष्ट, दुःख।

जोधपुरौ भड़ जोडियां, आयौ खड़ अजमेर।
सोबायत बळ जेर थ्यौ, घेर लियौ चौफेर ॥ ६ ॥
छूटा सरणै पीर रै, मीर सवै तिण वार।
मेल दियौ परचंड पण, डंड दियौ अणपार ॥ ७ ॥
अधिप डँडे अजमेर नूं, चढ़ियौ सँभर सीस।
सिर लंका किर सांम घण, राम विचारी रीस ॥ ८ ॥

छंद वेअक्खरी

सांभर दूते विगत सुणाई
अजन तणी फौजां सिर आई।
आगै डरपीड़ियां उताळै
विचित्र बुलाया सँभरवाळै ॥ ६ ॥
मुथरा आद सैद औमाहै
सोवा सात चढ़ै बळ साहै।
चारै सहस ऊपना वारै
आवै मारग कोप अफारै ॥१०॥

६—जोधपुरौ=जोधपुर का राजा। खड़=सेना को चलाकर, घोड़े को चलाकर। सोबायत=सूबेदार। जेर थ्यौ=दब गया, निर्बल हुआ।

७—मेल दियौ=रख दिया, छोड़ दिया। परचंड पण=प्रचंडता, तीक्ष्णता। डंड=दंड, पेशकशी।

८—अधिप=मालिक (महाराजा अजीतसिंहजी)। साम घण=घनश्याम, रामचंद्रजी का विशेषण है। रीस=क्रोध, कोप।

९—सांभर दूते=साभर नगर के दूतों ने। डरपीड़िया=डरकर। उताळै=जल्दी। विचित्र=मुसलमानों को।

१०—सैद=सैयद। औमाहै=उत्साहित होकर। सोवा=सूबेदार। बळ साहै=सेना को सजकर। चारै सहस=चार हजार। ऊपना वारै=बाहिर जन्मे हुए, बाहिर के। अफारै=बहुत।

इण दिस अजन लियां दल आयौ
सांभर वाळै कोट सँभायौ।
क्यौं मुहमेळ प्रथम दिन कीधौ
लुड़ मुड़ गयौ कोट निठ लीधौ ॥११॥
साम्हा दूत अभूत सिधाया
उण दिस मेछ पेच धर आया।
निस आया खेड़ियां नत्रीठां
दीठा पुर नैड़ा रवि दीठां ॥१२॥

दुहा

आपी खबर अजीत नूं, जासूसां जिण वार।
सूरा तन रत्ता सुमन, आया जवन अपार ॥१३॥
सहि कूरम जैसाह सूं, मिळिया आय प्रथंम।
ऊपर देख अजीत रै, आलम लेख नरंम ॥१४॥

११—इण दिस = इधर। कोट सँभायौ = किले की शरण ली। क्यौ = कुछ। मुंहमेळ = मुठभेड़। मुड़ गयौ = पीछे चला गया। निठ = कठिनता से।

१२—अभूत = अद्भुत। सिधाया = चले। उण दिस = उधर की तरफ। मेछ = (म्लेच्छ) मुसलमान। निस = रात्रि में। खेड़िया = चलाते हुए। नत्रीठा = निःशंक, बड़े वेग से। दीठा पुर नैड़ा = नगर के समीप देखा। रवि दीठा = सूर्य के देखने पर, सूर्योदय के समय।

१३—आपी = दी। वार = समय। सूरा तन = शूरता से। रत्ता = अनुराग-युक्त। सुमन = अच्छे मनवाले।

१४—सहि = सब। कूरम जैसाह सूं = कछावावंशी राजा जयसिंह से। ऊपर = सहायता। आलम लेख नरम = बादशाह आलम को निर्बल समझकर।

साथै कूरम सांमठा, पाए लागा आय।
महाराजा अजमाल रै, सांभळ कोप सवाय ॥१५॥
हुवौ सवाई सावळौ, भूप अजीत पसाय।
हिल आया ढूंढाहड़ा, विचित्रां रस विसराय ॥१६॥
उण दिस मेछ अगाध पण, आय रयण अवसांण।
सुणतां राव मॅडोवरै, घाव किया नीसांण ॥१७॥
जोस कमँधां ऊधरां, रोस चढ़ै महाराज।
सरवर लाज विधूंसवा, ज्यों रिखराज सकाज ॥१८॥
अरि आया रवि ऊगतां, सिंधुर तुरां सनाह।
लूण तणौ पण लेखियां, लूण तणै रण मांह ॥१९॥

१५—सामठा=बहुत, इकट्ठे, समूहबद्ध। पाए=पैरों में। सांभळ=सुनकर।

१६—सावळौ=सबल। पसाय=(प्रसाद) कृपा से। हिल आया=चले आए। ढूढाहड़ा=ढूढाड देश के सुभट (जयपुर प्रांत का नाम ढूढाड़ है)। विचित्रा=मुसलमानों से। रस=प्रीति। विसराय=छोड़कर।

१७—अगाध पण=गभीरता से। रयण=(रजनी) रात्रि के। अवसाण=समय। राव मॅडोवरै=मडोर के राजा (अजीतसिंहजी) ने। घाव किया=डका दिया। नीसाण=नक्कारे पर।

१८—ऊधरा=ऊँचे दर्जे के, उन्नत मस्तकवाले। सरवर लाज विधूसवा=समुद्र की लज्जा नष्ट करने को। रिखराज=(ऋषिराज) अगस्त्य ऋषि। सकाज=समर्थ।

१९—सिधुर=हाथी। तुरा=घोड़े। सनाह=बक्तर पाखर से सजकर। लूण तणौ पण लेखिया=नमक की प्रतिज्ञा पालने को। लूण तणै रण माह=साभर के युद्ध में (साभर में नमक की खान है, जिससे सांभर को लूण कहा है)।

आरंभ्यौ साम्हौ अजै, रौदां पेख गरद्द ।
दळां अफारां जूजुआं, हुवा नगारां सद्द ॥२०॥

छंद भुजंगी

उठी सैदजादां तणा थाट आया
सँपेखे अठी जोस मारू सवाया ।
भणंके नफेरी सुरे तूर भेरी
सुणे कातुरां आतुरां लीध सेरी ॥२१॥
जठै कोप काळोप मारू जवाणं
महाराज थंभे भुजां आसमाणं ।
दहूँ थाट वेळा कुळा घाट दीपे
जिसै ताइ ओपै दहूँ जाय जीपे ॥२२॥
वधै अग्र दोनूं दळे खग्गवाळा
जिसी वायवाळे धकै लाय ज्वाळा ।

२०—आरंभ्यौ = युद्धार्थ तैयार हुआ । रौदा = मुसलमानों की । पेख = देखकर । गरद्द = गरदी, भीड़ को । दळां = सेना । अफारा = विस्तीर्ण । जूजुआ = जुदे जुदे । सद्द = (शब्द) आवाज ।

२१—उठी = उधर । सैदजादा = सैयदो का । थाट = समूह । सँपेखे = देखकर । अठी = इधर । मारू = मारवाड़ के सुभटों को । भणंके = बजती है । नफेरी = वाद्यविशेष । सुरे = सुरणाई । तूर = वाद्यविशेष । भेरी = नक्कारा । सेरी = गुप्त मार्ग, छोटा मार्ग ।

२२—जठै = जहाँ । काळोप = काल के सदृश । दहूँ = दोनों । वेळा कुळा = तूफानवाला समुद्र । घाट = सदृश । दीपे = शोभा देते हैं । जिसै = जिस तरह । ताइ = (आततायी) शस्त्र धारण किए हुए । ओपै = शोभा देते हैं । जीपे = जीतते हैं ।

२३—जिसी = जैसी । वायवाळे = वायु के । धकै = अगाड़ी ।

गजां दांण सूकै इसा वाण गाजै
प्रळै काळ सद्दै गिसी नाळ वाजै ॥२३॥
छुटै तीर सा जोम त्यां व्योम छायो
उडै चील कै हीड कै तीड आयो।
अणी फोरिया सेल वाधै असंका
वणै आग झाळां जिही खाग वंका ॥२४॥

छप्पय

काज भड़ां वंकड़ां, अजन महाराज उचारै
मीर थयां मुहमेल, वीर किम जेझ विचारै।
सुण आवाज सूरमां, एम धजराज उठाया
मौर जीत सिरमौर, जांण पर जोर कि आया।
तूटै सनाह फूटै तुरस, वाह सरस तरवारियाँ
सोहै निराट हिंदू असुर, वाहै वारोवारियाँ ॥२५॥

लाय ज्वाला = दावानल की ज्वाला। दाण = मद। इसा = ऐसे। सद्दे = (शब्द) आवाज हो जैसी। नाळ = तोप। वाजै = शब्द करती है।

२४—तीर सा = बाणों के समान। जोम = जोर से। त्यां = उनके। हीड = समूह। तीड = शलभ, टिड्डी। अणी फोरिया सेल = भालों की अनियों को फिराते हुए।

२५—जेझ = देरी, विलम्ब। धजराज = घोड़ों को। मौर = प्रथम। सिरमौर = मस्तक के मुकुट। जाण = मानों। पर जोर = पंख लगाकर। सनाह = बख्तर। तुरस = मस्तक। वाह = प्रहार से। असुर = मुसलमान। वाहै = प्रहार करते हैं। वारोवारिया = एक दूसरे के पीछे, क्रम से।

विचित्र खंड वप झड़ै, मुंड रड़वड़ै धरत्तो
चडै रुंड वेहड़ां, चंड गह अड़ै दुसत्ती।
तुंड पड़ै तेजियां, नृपति बळवंड निहट्टौ
प्रलै मंड कारणै, काळ परचंड कि जुट्टौ।
गज सुंडि निकर पड़ि झंड धर, भूज कुंड रत कुंड भरि
अरि दळ विखंड कीधां अजन, पण प्रचंड सुत·····परि ॥२६॥

दुहा

सैद महाबळ सूर कुळ, यों वग्गा रण ताळ।
जुड़े अछाया जोस ज्यौं, मद आया सुंडाळ ॥२७॥
कूंपावत पहिलै अणी, वावर खग्ग करग्ग।
भीमाजळ सारां मुहर, पड़ियौ धारां लग्ग ॥२८॥

२६—विचित्र=मुसलमान। वप=(वपु) शरीर। रड़वड़ै=लौटते हैं, इधर उधर जुड़ते हैं। वेहड़ा=(द्विघट) एक के ऊपर दूसरा। रुंड=मस्तक। तुंड=मुख। तेजिया=घोड़ों के। बळवड=महाबली। निहट्टौ=न हटनेवाला। मंड=करना। झंड=झंडा, ध्वजा। रत=(रक्त) रुधिर। पण=प्रतिज्ञा, नियम। परि=तरह, समान।

२७—सूर कुळ=सूर्यवंशी राठौड़। ताळ=मैदान। अछाया=भरे हुए। मद आया=मस्त हुए। सुंडाळ=हाथी।

२८—वावर=काम में लाकर। करग्ग=हाथों से। भीमाजळ=भीमसिंह। मुहर=पहले। धारा लग्ग=तलवारों कटकर।

....

.... ॥२९॥

....

.... ॥३०॥

....

.... ॥३१॥

....

.... ॥३२॥

पंचहजारी च्यार सूं, खट हजार खळ हान।
सैद सेन पड़िया समर, आद हुसेन जवांन ॥३३॥
अरि दळ निरदळिया अजै, सोवा गिळिया सात।
दीवाळी वौळी उदै, पड़वा हंदै प्रात ॥३४॥
सोवायत सांभर तणौ, पकड़ लियौ पॅडवेस।
उर दढ़ पायौ कूरमां, अब घर आयौ देस ॥३५॥
धर छंडे आंवेर री, नास गया असुरांण।
कूरम निरवंधां किया, दाख कमंधां पांण ॥३६॥
मास मिगस्सर दळ गहर, अजन गयौ आंवेर।

२९-३२— × × × × ×

३३—पचहजारी च्यार सू॰=पॉच हजारी मनसबवाले हुसेन आदि चार नवाब छः छः हजार मुसलमानों के साथ सैयदों की सेना में गिरे (मरे)।

३४—निरदळिया=नष्ट किया। वौळी=व्यतीत की। उदै=सूर्योदय होते समय। पड़वा हदै=प्रतिपदा के।

३५—सांभर तणौ=साभर का। पॅडवेस=गोलों का मालिक (सोवायत का विशेषण है)। उर दढ़ पायौ कूरमां॰=कछवाहों के मन में दृढ निश्चय हुआ कि अब देश अपने घर आया।

३६—निरवंधा=बंधनरहित। दाख=दिखलाकर। पाण=बल।

प्रीत सवाई सूं परा, जतरा कीधा जेर ॥३७॥
थांन सवाई थापनैं, अजन थयौ असवार।
सोवो सांभर राखियौ, साखी कियौ सँसार ॥३८॥
नरपति आयौ देस नूं, कुँवर उजागर कोड।
मुहकम वीकानेर नूं, गौ कूचेरौ छोड ॥३९॥
सीयाळे पाधारिया, गढ़ महाराज अजीत।
अवतारी मिळियौ अभौ, सूरज तेज सप्रीत ॥४०॥

इति श्री राजरूपक में श्री महाराज अजीतसिंहजी सांभर
अणाई नै श्रीजी जैसिंघ नै आंबेर थापिया सो
विगत कही चतुर्विंश प्रकास ॥२४॥

———

२७—गहर = गह्वर, घना। परा = अति उत्कट। जतरा = जितना।

३८—सवाई = सवाई राजा जयसिंहजी। थयौ = हुआ। साखी = साक्षी।

३९—कोड = उत्साह। मुहकम = राव इंद्रसिंहजी का पुत्र मोहकमसिंह। कूचे रौ = मारवाड़ में कूचेरा नाम का ग्राम नागोर प्रांत में है।

४०—सीयाळे = शीतकाल मे। पाघारिया = गए।

इति श्री श्री जी = महाराजा अजीतसिंह जी।

गाहा

निज पुर अजन नरिंदा, सुंदर सुत अग्र अभौ सामरथौ।
जांण क अवधी अरथी, राम रायंगण · ······ ······ ॥ १ ॥
नरपति पेखि गुणाणं, उच्छव इपजेण तेण कामित्तं।
रयणी सारद महणौ, पूरण निसीत परखि चंद्रेण ॥ २ ॥
सिसु वै मित्ती वित्ती, उदभौ पौगंड मंड सिंगारौ।
ज्यों वृंदारक तरयं, प्रांमै डाळ संगिं पत्तेणम् ॥ ३ ॥

दूहा

कत अभसाह कुँवार रा, परख अजन छत्रपत्ति।
वंस उजागर रूप धर, कुँवर अपार सकत्ति ॥ ४ ॥
नृप सुख ग्रीखम निरखतां, वधि बरसात विलास।
मातौ कादंब मेदनी, आयौ भाद्रवँ मास ॥ ५ ॥

१—नरिंदा = नरेंद्र, राजा। जाण क = मानों। अवधी = अयोध्या पुरी। रायंगण = (राजागण) राजभवन।

२—कामित्त = कितना, अपरिमित। रयणी = (रजनी) रात्रि। सारद = शरद् ऋतु की। महणौ = समुद्र। निसीत = अतिशीतल।

३—सिसु = बचपन की। वै = (वयस्) अवस्था। मित्ती = परिमित। वित्ती = व्यतीत हुई। उदभौ = प्रकट हुई। पौगंड = पौगंड, पांच वर्ष से दश (१०) वर्ष तक की अवस्था। वृंदारक तरयं = देववृक्ष, कल्पवृक्ष।

४—कत = (कृत्य) कार्य। सकत्ति = (शक्ति) सामर्थ्य।

५—ग्रीखम = ग्रीष्म ऋतु। मातौ = पुष्ट। कादंब = मेघ। मेदनी = पृथ्वी।

छंद वेअक्खरी

आलम दक्खण गयौ उताळौ
वडौ सोच उर वंधववाळौ।
भोम गई सांभर सुण भूगौ
परहँस लीधां दक्खण पूगौ ॥ ६ ॥
मारे काम वगस मन आंणी
सांभर अजन लई न सुहांणी।
असपत दी चादर दिस उत्तर
धारे अमरख सीस मुरद्धर ॥ ७ ॥
आलम तणी खवर सुज आई
सुण सुण अरजां लिखै सवाई।
चक्रवत मन तद अजन विचारी
चिंतवियां मंत्री सु विचारी ॥ ८ ॥
सुणियौ नृपत खेम मति सागर
आद विखायत सुमत उजागर।
मोटी सकत सांमध्रम मांहे
सोच नहीं मिळतां पतसाहे ॥ ९ ॥

६—उताळौ = त्वरावाला, जल्दी। वंधववाळौ = भाई (कामवख्श) का। भोम = भूमि। भूगौ = भग्न हुआ। परहँस = पराजय, हार।

७—मारे = मारकर। मन आणी = मन में विचार किया। सुहांणी = अच्छी लगी। असपत = वादशाह। अमरख = (अमर्ष) क्रोध। मुरद्धर = (मरुधरा) मारवाड़।

८—आलम तणी—वादशाह आलम की। चक्रवत = चक्रवर्ती। चिंतविया = याद किए। मंत्री = अमात्य, कार्यकर्ता।

९—खेम = खीमसी भडारी। आद विखायत = शुरू से विपत्ति में रहनेवाला। सुमत = अच्छी सलाह देने में। उजागर = प्रसिद्ध। सकत = (शक्ति) सामर्थ्य।

मत छुत सार धार अप्रमांणे
जिकौ सकळ नीयत व्रत जांणे।
सरम सांमध्रम हूँत सपग्गौ
अधरम हूँता रहै अळग्गौ ॥१०॥

दुहा

औ गुण सुण राजा अजे, तेड़ा यौ तिणवार।
देखे छुत दीपाहरां, भुज्ज दीन्हा भर भार ॥११॥
हुजदारौ रुघनाथ सूं, खेम कियौ दीवांण।
धरपत अजन वधारियौ, दीपाहरां प्रमांण ॥१२॥
छुठ उजवाळी छासठै, भाद्रव महिने भूप।
थिर भंडारी थापिया, निरखे अकळ अनूप ॥१३॥

छंद वेअक्खरी

ऊपर सरद सुखद रित आई
सुख धर नै पत उदत सवाई।
सरवर अचळ त्रिमळ जळ सोहै
मध पूरन विधु रसमि विमोहै ॥१४॥

१०—मत=(मति) बुद्धि से। छत=(क्षति) हानि, नुकसान। नीयत=(नीति) राजनीति के। सपग्गौ=दृढ़, स्थिर। अळग्गौ=अलग, दूर।

११—तेड़ा यौ=बुलाया। तिण वार=उस समय। छुत=(छत्र) राजा ने। दीपाहरा=दीपचद भंडारी के वंशजों के।

१२—हुजदारौ=ओहदा, काम। रुघनाथ भडारी से दीवान का ओहदा लेकर। प्रमाण=मान, इज्जत, प्रतिष्ठा।

१३—उजवाळी=शुक्ल पक्ष की। छासठै=वि० सं० १७६६। निरखे=देखकर। अकळ=पूर्ण, पूरा। अनूप=अनुपम।

१४—धर नै=(धरा) पृथ्वी को। पत=पत्र, पान। उदत=प्रकट हुए। सरवर=सरोवर। मध=(मधु) मकरंद। विधु=चंद्रमा।

कदळी चील सीप पिक केरी
नृपति प्रजादि आस वहुतेरी।
वणे धरा नव उच्छव वारा
प्रतिनिस रास विलास अपारा ॥१५॥
नव नव ग्रह ग्रह चित्र सनूरा
पुर सुर धाम जिसा सुख पूरा।
सुजळ सवाद सुधा सम सोहै
वसन पान सुख धनी विमोहै ॥१६॥

दुहा

सुखदायक वीती सरद, महि प्रगटै म्रग मास।
आरंभ थयौ अजीत रै, सिर नागोर प्रकास ॥१७॥
महाराजा दळ मेळिया, चरस वधे चड चोट।
अधपति पय आया इता, कमँध जिता नवकोट ॥१८॥

१५—कदळी = केले का वृक्ष। पिक केरी = कोयल की। वारा = समय। प्रतिनिस = हर रात्रि में। रास = क्रीड़ा।

१६—ग्रह ग्रह = घर घर में। धनी = धनवानों को।

१७—म्रग मास = अगहन का महीना। नागोर = नगर का नाम जो जोधपुर से उत्तर दिशा में ८० मील की दूरी पर है।

१८—दळ = सेना। मेळिया = एकत्र की, जमा की। चरस = उत्साह, आनद। चोट = प्रहार, युद्ध। अधपति = महाराजा अजीतसिंह-जी के। पय = पद, चरणों में। इता = इतने। कमँध = राठौड़। जिता = जितने। नवकोट = मारवाड़ में।

असपति सांभळ आवतौ, जोधहरै धर जोर।
जेर कियौ इँद्रसिंघ नें, घेर लियौ नागोर ॥१६॥
दळ भग्गै वग्गौ नहीं, इंदौ लग्गौ पाय।
सोचि विचारै सावळी, दूजी गळी न काय ॥२०॥
श्री आणँदघण आविया, दरसण कियौ अजीत।
दूधे वूठा मेहड़ा, हरि तूठौ धरि प्रीत ॥२१॥
आया भाग अजन्न रै, पाया फाग अनंत।
केसर मचियौ भाद्रवौ, रचियौ खेल वसंत ॥२२॥
भंग पड़ै आठूं दिसा, पंग हुवै खळ दाय।
दुयण न वैठौ लाडणू, पैठौ दिल्ली माय ॥२३॥

१९—असपति = बादशाह। साभळ = सुना। जोधहरै = राव जोधाजी के वंशज (महाराजा अजीतसिंहजी का)। जेर कियौ = दबाया, पीड़ित किया। इँद्रसिंघ नें = राव इद्रसिंह को, जो नागोर का स्वामी था।

२०—वग्गौ नही = लड़ा नहीं। ईंदौ = राव इद्रसिंह। लग्गौ पाय = चरणों में आ पड़ा। सावळी = सबल। गळी = मार्ग, उपाय। काय = कोई भी।

२१—श्री आणँदघण = विष्णु भगवान् की मूर्ति का नाम है। यह मूर्ति नागोर में थी। म० अजीतसिंहजी ने उसे जोधपुर में ले जाकर स्थापित किया। वह मूर्ति इस समय जोधपुर के क़िले में विराजमान है। दूधे वूठा मेहडा = दूध का मेघ बरसा, परम आनद हुआ। हरि = विष्णु भगवान्। तूठौ = प्रसन्न हुए।

२२—भाग = भाग्य में। अजन्न रै = अजीतसिंहजी के। फाग = फाल्गुन मास का आनद। केसर० = मानों भाद्रपद मास में केसर का रंग घुला।

२३—भग = भग्गी, भागना। पग = (पगु) लूला-लँगड़ा। खळ दाय = शत्रु का उपाय। दुयण = शत्रु (राव इद्रसिंह)। लाडणू = गाँव का नाम है। पैठौ = जा घुसा।

छंद वेअक्खरी

लिखमीवर आयां सुर लाधै
वेळां चढै अजो वळ वाधै।
नरवर प्रथी खवर सु जपायां
चगथौ आवै राह चलायां ॥२४॥
सुण पतसाह कोप सरसेरौ
अजन मिलण चढियौ आंवेरौ।
हूँत नगीनै अजमल हालै
चतुरंगी सेन्या सँग चालै ॥२५॥
सुणि आगम अगजीत सवायौ
उत जैसिंघ कोळियै आयौ।
धजवड़ वेळ राखवा धरती
प्रगट विहे मिळिया छत्रपत्ती ॥२६॥
सवळ उठी दुख विकळ सवायौ
आलमसाह अजैगढ़ आयौ।

२४—लिखमीवर = विष्णु भगवान्। वेळां चढै = समुद्र की लहरें चढ़ती हैं वैसे। चगथौ = मुसलमान (बादशाह)। राह = मार्ग।

२५—सरसेरौ = अधिक। चढियौ = रवाना हुआ। आंवेरौ = आंवेर का राजा (जयसिंह)। हूँत = से। नगीनै = नागोर। हालै = चले। चतुरंगी = चतुरंगिनी (हाथी, घोड़े, रथ और पैदल)।

२६—आगम = आना। सवायौ = सवाई पदवीवाला, यह जयसिंह का विशेषण है। कोळियै = एक ग्राम का नाम है, जो डीडवाणा नगर से तीन कोस की दूरी पर है। धजवड़ वेळ = तलवार की तरंगों ने। विहे = दोनों। छत्रपत्ती = राजा।

२७—उठी = उधर। सवायौ = अधिक। अजैगढ़ = अजमेर।

साह तणै दळ दूत सपातां
विचित्र हुए मिळ वातोवातां ॥२७॥
अजन तणौ लख जोस अफारौ
सोच करै जवनां दळ सारौ।
पातसाह उर में भ्रम पायौ
लेखिस पुत्र अजीम बुलायौ ॥२८॥
तांम अजीम अरज की तैसी
साह नचीत हुवै मन जैसी।
पातसाह सुणतां सुख पायौ
चेलौ नाहरखान चलायौ ॥२९॥
असपत दूत कोळियै आयौ
दसकत पंजौ कौल दिखायौ।
कौल अजीम तणा हित काजा
राजी थयौ अजन महाराजा ॥३०॥
कीधी नरपत जेज न काई
साथ लियौ जैसिंघ सवाई।
पत दिल्ली देखण परवारै
प्रथीनाथ अजमेर पधारै ॥३१॥

साह तणै = बादशाह की। दळ = सेना में। सपाता = पत्रों द्वारा। विचित्र = मुसलमान। वातोवाता = कानाफूसी करने लगे।

२८—अफारौ = बहुत अधिक। सारौ = समस्त। भ्रम पायौ = घबराया। लेखिस = लिखकर।

२९—तांम = वहाँ। चेलौ = यह एक अवटक है। चलायौ = रवाना किया।

३०—असपत = बादशाह। दसकत पंजौ कौल = ये बादशाही फरमान के चिह्न हैं। कौल = प्रतिज्ञा। तणा = के।

३१—जेज = देरी। काई = कुछ भी। पत दिल्ली = दिल्ली के स्वामी (बादशाह) को। परवारै = सीधे, ऊपरी रास्ते से।

दुहा

दिन पकम आसाढ वद, साह दियौ सनमान।
सूंपी नवकोटी सकळ, जस हुय सकळ जिहांन ॥३२॥
जसवँत सुत जैसिंघ नूं, दिवरायौ ढूंढाड़।
आलम सो अजमाल नूं, प्रगट मनायौ पाड़ ॥३३॥
जर जवहर सिंधुर तुरी, तोरा वसन सुपान।
आलम समपे अजन नूं, सारौ हिंदुस्थांन ॥३४॥
विदा हुए पाधारियौ, पुहकर मुरधर पत्त।
दांन सिनांन विधांन दिन, पुनि मनि इंद्र प्रकत्त ॥३५॥
पुहकर थी आंबेर पत, विदा करे जैसाह।
पह जोधांण पधारियौ, अजन साह नरनाह ॥३६॥
श्रावण आगम सतसठै, आयौ पुर अगजीत।
मुरधर थया वधांमणा, सत्रहर थया सभीत ॥३७॥
कर दीवाळी जोधपुर, अजन हुवौ असवार।
नृप बरफी सेवा लियण, परसेवा हरिद्वार ॥३८॥

३२—सूंपी = दे दी, सुपुर्द की। नवकोटी = मारवाड़ देश।

३३—पाड़ = अहसान, उपकार।

३४—जर = द्रव्य। जवहर = जौहर, रत्न। सिंधुर = हाथी। तुरी = घोड़ा। तोरा = बादशाही सम्मान-सूचक पदार्थ है। समपे = दिए।

३५—पुहकर = पुष्कर तीर्थ। मनि = मन में। इद्र प्रकत्त = इंद्र के समान स्वभाववाला।

३६—जैसाह = जयसिंहजी।

३७—सतसठै = वि० सं० १७६७। पुर = नगर (जोधपुर)। अगजीत = अजीतसिंहजी। सत्रहर = शत्रुओं के मनुष्य। थया = हुए।

३८—बरफी = बर्फ की, हिमालय के देश की। लियण = लेने को। परसेवा = स्पर्श करने को।

हेम सिसर रित मेड़ते, रहियौ कमँधाँ राव।
संझ विहांणे ऊगणे, दिन दिन दूणो चाव ॥३६॥
विसव अमल राजस वणी, एकण छत्र प्रताप।
चक्रवत तांम विचारियो, ईख सुकळ दिन आप ॥४०॥
आखी मुख राजा अजन, साखी तिण संसार।
अवतरियौ म्हारे अभो, भौ भंजण अवतार ॥४१॥
.. ..
.. . . ॥४२॥
...., ...
.... ॥४३॥

छंद वेअक्खरी

ऊपर तिण वसंत रित आई
सीत वितीत हुई असुहाई।

३९—हेम = हेमंत ऋतु, (मार्गशीर्ष और पौष)। सिसर = शिशिर ऋतु, (माघ और फाल्गुन)। संझ = संध्या। विहाणे = प्रातःकाल। चाव = उत्सव, आनंद, प्रीति, उत्साह।

४०—विसव = (विश्व) समस्त जगत् में। एकण = अकेले। छत्र = राजा के। चक्रवत = चक्रवर्ती। ताम = वहाँ। ईख = देखकर। सुकळ = शुभ।

४१—आखी = कहा। साखी = साक्षी, गवाह। भौ भंजण = भय को मिटानेवाला।

४४—तिण = उसके (शिशिर ऋतु के)। रित = ऋतु। असुहाई = मन को अच्छी न लगनेवाली, दुःसह। अव = आम्र। तर = (तरु) वृक्ष।

सौभै अंब आद तर सारा
वधै नीत जिम प्रज चा वारा ॥४४॥
चडियौ गजनहरौ चक्रवत्ती
संके देस जिता समजत्ती ।
केहर गौड़ हरख उर कीधौ
दिन जिग लगन तणौ लिख दीधौ ॥४५॥
इळ मधु मास क्रिसन पख आयौ
भूपत कूच कियौ मन भायौ ।
वाजै सुसरि राजगढ वाजा
रांणी गौड़ परणियौ राजा ॥४६॥
यौं पँथ बहत किताइ सुख पावै
जिता असह त्यांरौ सुख जावै ।
अजमल महारोठ अपणाई
छत्रपत साहां सेव छुडाई ॥४७॥

सारा=समस्त । नीत=नित्य । प्रज चा=प्रजा का । वारा=समय, आनद ।

४५—गजनहरौ=म० गजसिंहजी का पौत्र (म० अजीतसिंहजी)। जिता=जितने । समजत्ती=समान के । केहर=केसरीसिंहजी । गौड़=गौड़ वंश का क्षत्रिय । जिग=यज्ञ । लगन तणौ=विवाह होने का ।

४६—इळ=पृथ्वी । मधु मास=चैत्र मास । क्रिसन पख=कृष्णपक्ष । सुसरि=अच्छे, उत्तम । राजगढ=नगर का नाम है; यह अजमेर प्रांत में है । परणियौ=पाणिग्रहण किया ।

४७—यौं=इस तरह । किताइ=कितने ही । जिता=जितने । असह=शत्रु । त्यारौ=उनका । महारोठ=एक नगर का नाम है, यह परबतसर परगने में है । अपणाई=अधीन की । छत्रपत=राजा ने । साहा सेव=बादशाहों की नौकरी ।

पछै नृपत कुर खेत पधारे
प्रगट थया दिन जिगन अपारे।
जोधां नाथ आप रै जोरै
सूं चौमासौ रहे सझौरै ॥४८॥
वीती सरद अड़सठै वाळी
इळ सझियां पूजे दीवाळी।
नांहणि आद जिता नरपत्ती
जेर किया वरफी समजत्ती ॥४९॥
दूजै साल वरफ नृप देसां
पाई लग्ग उग्राही पेसां।
ऊपर जरां सिसर रित आई
दुजड़े जेर थया वरदाई ॥५०॥
धरपत अजै तरां हित धारे
परसण श्री गंगा पाधारे।
आपै दांन दुजा अणपारे
विप्र अदळद कीधा दुख वारे ॥५१॥

४८—जिगन = यज्ञ। सझौरै = अपने साथ के साथ।

४९—अड़सठै वाळी = अड़सठ की। सझिया = तैयार हुए। नांहणि = एक नगर का नाम है। वरफी = वर्फवाले देश के।

५०—पाई लग्ग = पैरों पड़े हुए। उग्राही = जमा की, वसूल की। पेसा = पेशकसी। जरा = जय। दुजड़े = तलवार से। वरदाई = महाराजा अजीतसिंहजी के।

५१—अजै = म० अजीतसिंहजी ने। तरा = तब। परसण = स्पर्श करने को, यात्रा को। आपै = दिए। दुजा = (द्विज) ब्राह्मणों को। अणपारे = अपार। अदळद = दारिद्र्य-रहित, धनवान्। वारे = मिटाकर, वर्जकर।

गंगा परस अजौ गढ़पत्ती
छिन आयौ मारू छत्रपत्ती।
सहरे पुरे वधावा सारै
उछव थया सू कमण उचारै ॥५२॥
सोभै सुरधर वार सवोळी
हुवौ वसंत जोधपुर होळी।
कळा अमाप प्रताप जिकेरौ
भूप निहारै वदन अभैरौ ॥५३॥
चोवा अंबर केसर चंदण
ख्याल गुलाल अवीरी खेलण।
अजन प्रताप परख रस आयौ
छत्रपत दिली रहै भ्रम छायौ ॥५४॥

दुहा

आलम सा उत्तर धरा, भिसत गयौ निज भोम।
सारे जाया साह रा, जुध आया जम जोम ॥५५॥

५२—छित=(क्षिति) पृथ्वी, अपनी जन्मभूमि में। मारू=मारवाड़ का। वधावा=अगोनी करके सत्कार किया। सारै=सबने। कमण=कौन। उचारै=कह सकता है?

५३—वार=समय। सवोळी=बड़ा बलवान्, सबल। होळी=होलिका का उत्सव। कळा=अंश। अमाप=अपरिमाण। जिकेरौ=जिसका। निहारै=देखता है। वदन=मुख।

५४—ख्याल=तमाशा। परख=देखकर। रस आयौ=सफल हुआ। छत्रपत दिली=दिल्ली का राजा (बादशाह)। भ्रम छायौ=घबराया हुआ।

५५—भिसत गयौ=स्वर्ग गया, मर गया। सारे=समस्त। जाया=जन्मे हुए, पुत्र। जम जोम=यमराज के समान जोश से।

असमर साभि अजीम नूं, थयौ कुहाड़ौ साह।
वाकौ आयौ जोधपुर, सुणियौ अजन सगाह ॥५६॥
खित भंडारी खेमसी, मंत्री मत अण माप।
रौद्र तणै दळ राखियौ, अजन घणै हित आप ॥५७॥
खेम तणै सथ दूसरौ, कायथ चंद गुलाल।
वाके पत्र लिखिया इता, साचा जिता सवाल ॥५८॥
आलम रा वाका तणी, सुणी खवर अजमाल।
दिल्ली पाई मौजदी, पिड लड़ भाई पाल ॥५९॥
दिल्ली राजै मौजदी, खेम भँडारी पास।
साह बुलाए पूछियौ, वाधी प्रीत प्रकास ॥६०॥
सांमधरम छळ खेमसी, साह कियौ सुप्रसन्न।
सो वौ गूजर खंड रौ, दीनौ खूंद जवन्न ॥६१॥

५६—असमर = तलवार। साभि = देकर, बँधाकर। वाकौ = खबर, वृत्तांत। सगाह = गर्व के साथ।

५७—खित = (क्षिति) पृथ्वी, अपनी भूमि का। भंडारी = जैन ओसवाल जाति में अवटंक है। रौद्र तणै = मुसलमानों को। दळ = सेना में। घणै = बहुत।

५८—खेम तणै = खेमसी के साथ। चद गुलाल = गुलालचंद।

५९—मौजदी = मौजुद्दीन ने। पिड़ = युद्ध-भूमि में। पाल = रोककर, हटाकर।

६०—खेम = खेमसी।

६१—छळ = सबब से। साह = बादशाह को। गूजर खंड रौ = गुजरात का। खूंद = बादशाह।

भंडारी लिख भेजियौ, सुणियौ जोधां छात ।
सोबौ अहमद पुर सरस, सतर सहँस गुजरात ॥६२॥
गढ जोधांण गुणंतरै, वरखा सरद वितीत ।
कीधी सुख सूं कमधजां, महाराजा अगजीत ॥६३॥
मिगसर मैं दळ मेलिया, धर दक्खण गुजरात ।
चगथां ग्रह चाळै तणी, वळे लिखांणी वात ॥६४॥
सभ्भ दळ आयौ फरकसा, साथे सैद सगाह ।
मार लियौ जुड़ मौजदी, आप थयौ पतसाह ॥६५॥
लिखिया आवै खेम रा, वाची जै केवाट ।
मुगलां अणभायौ फरक, पायौ दिल्ली पाट ॥६६॥

६२—जोधा छात = जोधा राठोड़ों के छत्र (म० अजीतसिंहजी) ने । अहमद पुर = अहमदाबाद । सतर सहँस = सत्रह हजार गाँवों का ।

६३—गुणंतरै = वि० स० १७६६ । वरखा = वर्षा ऋतु । कमधजा = राठोड़ों ने ।

६४—धर दक्खण गुजरात = दक्षिण और गुजरात की भूमि के अधिकारी । चगथां ग्रह चाळै तणी = मुसलमानों के गृहकलह की । वळे = फिर । लिखांणी = लिखी ।

६५—फरकसा = फर्रुखसियर । साथे० = उसके साथ गर्वान्वित सैयद थे । जुड़ = भिड़कर, युद्ध करके ।

६६—केवाट = वृत्तांत, समाचार । अणभायौ = अनिच्छित । फरक = फर्रुखसियर । पाट = (पट्ट) तख्त ।

जुलफकार खां मारियौ, मुगल थया निरजोर ।
माह महीने जेठ ज्यौं, सैद वहै सिर जोर ॥६७॥

छंद वेअक्खरी

यों लिखिया रोजीना आवै
सख दिली री विगत सुणावै ।
वाधी हर मुहकम री वाधै
सैदां द्वार फिरै हित साधै ॥६८॥
आ फिरि खवरि विगत सूं आई
अजन उवर लागी असुहाई ।
दीपो व्यास हितू नृप पेखे
विगत कही भ्रत सही सु वेखे ॥६६॥
व्यास अरज कर कही विगत्ती
मोरी वात एक महपत्ती ।

६७—माह० = वह माघ मास था, जिसमें शीत अत्यंत प्रबल होता है, परतु उस समय सैयद ज्येष्ठ मास के समान सिरजोर चलते थे ।

६८—रोजीना = हमेशा । वाधी० = मोहकमसिंह की हर अर्थात् आशा अधिक बँध गई जिससे वह सैयदों के दरवाजे पर अपना हित साधने के लिये फिरता है ।

६९—उवर = (उरस्) हृदय में । असुहाई = बुरी । हितू = हितैषी, हितेच्छु । पेखे = देखकर । विगत = ब्यौरेवार समाचार, वृत्तात । भ्रत = (भृत्य) नौकर । वेखे = देखकर ।

७०—विगत्ती = विगत, ब्यौरेवार समाचार । महपत्ती = (महीपते !)

वेऊं नाहर अमर बुलावौ
भाटी तेड़े कांम भळावौ ॥७०॥
भूपति तरणै वचन मन भाया
वेऊं प्रागहरा बोलाया।
कुँवर सभ्रण थित दिल्ली केरी
फुरमायौ सुज वात न फेरी ॥७१॥
विदा किया भाटी खगवाहा
वेली साथे कमँध दुवाहा।
मारण दुयण करन महवेचे
वड़हथ नाथौ अमर धवेचे ॥७२॥
चांपौ खेम भीम सुत चावौ
भाटी जगौ खळां अणभावौ।
साथे डूंगर जिसा असंका
वीस पिरागहरा खग वंका ॥७३॥

हे राजा। वेऊं=दोनों, नाहरसिंह और अमरसिंह। तेड़े=बुलाकर। काम भळावौ=काम सुपुर्द करो।

७१—भूपति तणै=राजा के (मन में)। भाया=अच्छे लगे। वेऊं=दोनों। प्रागहरा=प्रयागदासोत भाटी। कुँवर सभ्रण=कुँवर मोहकमसिंह को मारने के लिये। थित=स्थिति, मुकाम में। दिल्ली केरी=दिल्ली के।

७२—खगवाहा=तलवार चलानेवाले। दुयण=(दुर्जन) शत्रु को। करन०=महेचा राठौड़ करणसिंह। वड़हथ=बहादुर। धवेचे=धवेचा राठौड़।

७३—चावौ=प्रसिद्ध, प्रख्यात। खळा=शत्रुओं को। अणभावौ=अनिच्छित। पिरागहरा=प्रयागदासोत भाटी। खग वंका=तलवार चलाने में वंके।

दोळा लियां सात भड़ दूजा
पंथ खेडिया सकत कर पूजा।
प्रथवीनाथ निरख सुख पायौ
ऊपर वरस सित्तरौ आयौ ॥७४॥

दुहा

अभँग भडां अजमाल रां, अमरै नाहर आद।
मुहकम दिल्ली मारियौ, स्याह सुणी फरियाद ॥७५॥
सुणतां दाधौ फरकसा, भाद्रव हंदै मास।
सैंदां सूं राखी नही, आखी ऊखै सास ॥७६॥

इति श्री राजरूपक में मुहकमसिंघ नै दिल्ली में मारियौ
सो विगत कही पंचविंश प्रकास ॥२५॥

७४—दोळा = साथ। पंथ = मार्ग में। खेडिया = चलाया। सकत = (शक्ति) देवी की। सित्तरौ = वि० सं० १७७०।

७५—अभँग = नहीं भागनेवाले।

७६—दाधौ = (दग्ध) जल गया। भाद्रव हंदै = भाद्रपद के। सैंदा सूं० = भेदियों से बात छिपी नहीं रखी। आखी = कही। ऊखै सास = ऊँचे श्वास लेकर, आह भरकर।

छंद वेअक्खरी

सत्रु साभ्फ आविया सकाजा
राजी थयौ अजौ महाराजा।
जवनां धणी सुणे उर जळियौ
कमधे दिली अकळ पण कळियौ ॥ १ ॥

सैदे खान हसन रीसायौ
विदा हुवौ दळ मेळ सवायौ।
समहर सैद काच री सीसी
साथे चतुरंगणि वावीसी ॥ २ ॥

पायक अस रथ पंथ अपारां
हाथी पाखरवंत हजारां।
वहतै सीतकाळ वोळायौ
ओ वैसाख अजैगढ़ आयौ ॥ ३ ॥

१—सत्रु साभ्फ=शत्रु को मारकर। सकाजा=सफल, कामयाब। कमधे०=राठौड़ों के दिल्ली में होने से बादशाह आकुलता में फँस गया। (घबरा गया)।

२—खान हसन=हसन खाँ सैयद। रीसायौ=क्रुद्ध हुआ। मेळ=एकत्र करके। सवायौ=अधिक। समहर=युद्ध में। काच री सीसी=जैसे काच की शीशी को टूटते देरी नहीं लगती, वैसे सैयद मरने में देरी नहीं करता। बावीसी=बाईस वेड़ों की सेना।

३—पायक=पैदल। अस=(अश्व) घोड़ा। पाखरवंत=पाखरवाले। वोळायौ=समाप्त किया। ओ=सैयद हसनखान। अजैगढ़=अजमेर।

आया दूत खबर सह आई
विचित्र फौज लख दोय बताई।
चडियौ अजन त्रेख मन चाडे
साम्हा सुहड़े भड़े सचाडे ॥ ४ ॥

दुहा

सैद तणे दळ सामुहो, रांहण श्रो महाराज।
सेन्या सात हजार सूं, वणे कजाकी वाज ॥ ५ ॥
राजलोक धर राड़धर, आदि कुंवर अभसाह।
वसिया देस सिवाणची, सहर तणा जण साह ॥ ६ ॥
मियां बुलाया वात नूं, त्यांसूं वणी न वात।
छळ करियो असुरांण चौ, वळियौ मुरड़ अजीत ॥ ७ ॥
पाधारे नृप जोधपुर, गढ चाढिया कमंध।
आप विरस हुए चीतियो, धरा चहूँ दिस धंध ॥ ८ ॥

४—सह=सब। विचित्र=मुसलमानों की। चडियौ=सवार हुआ, सेना लेकर चला। त्रेख=क्रोध। चाडे=चढ़ाकर, धारकर। सुहड़े=सुभटों से। भड़े=योधों से। सचाडे=सहायता लेकर।

५—तणे=के। राहण=कार्य सिद्ध करनेवाला अथवा राहण ग्राम गए, जो मेड़ता नगर से चार कोस पर है। कजाकी=मारनेवाला। वाज=पक्षि-विशेष।

६—राजलोक=जनाना को। राड़धर=मारवाड़ के समीप एक प्रांत है। सिवाणची=सिवाना परगने में। सहर तणा=नगर के। जण=लोक। साह=साहूकार।

७—त्यांसूं=उनसे। छळ=कपट। असुराण चौ=मुसलमानों का। वळियौ=वापिस लौट आया। मुरड़=पीछे हटकर।

८—पाधारे=आए। विरस=चिंतातुर, उदास। चीतियौ=विचार किया। चहूँ दिस=चारों तरफ। धंध=उपद्रव है।

गढ़ वाधौ भूपाळ गळ, जोगावत जिम ताव।
चांपै। हरियँद खांन तण, उगरै। सबळ सुजाव ॥ ६ ॥
जोड़ सुभौ सगरांम तण, ऊदै। आगळियार।
किसनदास कूंपा हरां, तेजल मेघ सतार ॥१०॥
हाथा ळौ ऊहड़ हरी, गळ गढ हंदी लज्ज।
इंदै। भोज महाबळी, रांमै। देद सकज्ज ॥११॥
जोधै। हरियँद मान तण, साथे द्याल सकाज।
संधी प्रीत नरिंद कज, गढ ची बंधी लाज ॥१२॥

९—(इस विचार से) गढ़० = जोधपुर का किला राजा के गले में बँध गया, अर्थात् किले के छोड़ नहीं सके, जैसे जोगावत राठोड़ों के गले ताव अर्थात् पश्चात्ताप लग गया। जोगा राव जोधाजी का ज्येष्ठ पुत्र था। राव जोधाजी ने उसे छापर द्रोणपुर का प्रबंध करने के लिये भेजा था। वह उसका प्रबंध नहीं कर सका, जिससे राव जोधाजी ने उसे राज्य के अयोग्य समझकर राज्य से वंचित रखा। यद्यपि सामंतों ने उसे गद्दी पर बिठाने के लिये बुलाया भी, परंतु अपनी अयोग्यता से वह राज्य से वंचित रहा। उसका पश्चात्ताप जोगावत राठोड़ों के गले बँधा हुआ है। महाराज के साथ ये किले में थे। चापावत = हरिसिंह नाहरखान का पुत्र। उगरसिंह = सबलसिंह का पुत्र।

१०—जोड़ = उसके समान का। सुभराम = जगरामसिंह का पुत्र। ऊदै। = ऊदावत राठोड़। आगळियार = आगे रहनेवाला। कूंपा हरा = कूंपावतों में।

११—हाथा ळौ = जोरावर। ऊहड़ = ऊहड़ राठोड़। गढ हंदी = किले की। इंदौ = इंद्रसिंह। भोज = भोजावत राठोड़। देद = देदावत राठोड़। सकज = कार्य करनेवाला।

१२—जोधौ = जोधा राठौड़। तण = पुत्र। द्याल = दयालदास। संधी = जोड़ी, की। कज = वास्ते। गढ ची = किले की।

ग्रूंमांणा सबळौ रयण, वेऊं साहस वंध।
सुहडां दोय हजार सूं, मुख भगवान कमंध ॥१३॥
आंटूं दिस पुर ऊजड़े, चड़े तड़े सब लोग।
सझियौ गढ वंके भड़े, प्रज ग्रामड़े विजोग ॥१४॥
यों नवाब मुख आखियौ, मुहम फिरे मो तांम।
अजन मिळे पतसाह सूं, टळे दमंगळ जांम ॥१५॥

छप्पय

मिळ जोधा रिणमाल, मिळे मंत्री सगळाई
करवा जतन अजीत, खळां परतीत न काई।
अकल तणै अनुसार, वात मुख भणै विखारी
तांम नेम ऊधरै, खेम वोलियौ भँडारी।
महाराज तणी चिंता मिटै, विध इण आज विचारियां
सुभ काज वार रहसी सिघर, राजकँवर पाधारियां ॥१६॥

१३—ग्रूंमाणी = सीसोदिया राजपूत। रयण = राजसिंह। वेऊं = दोनों। साहस वध = हठीले। सुहडा = सुभटों। मुख = मुख्य। कमध = राठोड़।

१४—आंटूं दिस = सब ओर से। ऊजड़े = निर्जन हो गया, शून्य हो गया। चड़े = चले गए। तड़े = बिखर गए। प्रज = प्रजा का। ग्रामड़े = ग्रामों से।

१५—यों = इस तरह। नवाब = हसनखाँ ने। मुख आखियौ = मुख से कहा। मुहम = सेना। मो = मेरी। ताम = तब। दमगळ = विघ्न, उपद्रव। जाम = जब।

१६—सगळाई = सब। खळा = शत्रुओं की। परतीत = (प्रतीति) भरोसा। काई = कुछ भी। अकल तणै = बुद्धि के। भणै = कहते हैं। विखारी = स्थान छोड़कर लूट मार करने की। नेम = नियम का। ऊधरै = ऊँचे दर्जे का। तणी = की। सिघर = (शीघ्र)।

दुहा

जनम हुवौ अभसाह रौ, तिण दिन हूँत प्रताप।
विसतरियौ सुहड़ां कुरब, भागा सरब सँताप ॥१७॥

वार्ता

बोले उमराव वाह वाह सुभ वांणी
खेम की सलाह नरनाह कूं सुहांणी,
और ही उमराव जूनी वारता के जांणणहार
विचारै उचारै पूछै समै को विचार।
तिण समै बोलियौ केहरी बारठ कविराज
भीम को भीम सूरां की लाज।

श्री महाराज सूं अरज गुजरांणी, सब कूं सुहांणी।
श्री महाराजा अजमाल, सुभचिंतक की अरज का सुणीजै सवाल ॥
श्री ईश्वरावतार आगै ही विखम समै आयां और तौ लागा जुआ।
तठै प्रतापीक पुत्रां सूं सिद्धि काज हुआ ॥

दौलतखान जवन सेखै की सहाय राव गांगै सीस आयौ
तद राव समै देख कँवर मालदे बुलायौ।
कँवर को प्रताप लेखि सेनापति कियौ
सो सेखै कूं संघारि जूट जवन लूट लियौ ॥

१७—हूँत = से।

वार्ता—सुहांणी = अच्छी लगी। जूनी = पुरातन। केहरी = केसरी सिंह नाम का बारठ (चारण)। भीम को = भीम का पुत्र। भीम = भीम के सदृश बलवान्। गुजरांणी = निवेदन की। विखम समै = विकट समय। लागा जुआ = अलग हुए। तठै = वहाँ। सेखै की = सेखा

राजकुँवर बुलावण की जेज न कीजै।
अवतार सी क्रीत की प्रतीत क्यूं न लीजै॥

दुहा

अरज करी अजमाल सूँ केहर हाथ मिलाय।
सेम भँडारी हरखियौ. वेलच परख सवाय॥१८॥

अथ श्री महाराज श्री अभैसिंघजी कँवर पदे दिल्ली
प्रथम पधारियो सो विगत

दुहा

अरज सुणी राजा अजै, वणी गरज रज वृत्त।
कँवर वडाई जैवहौ, मन भाई मसलत्त॥१९॥
वहत सितावी राड़वर, दूत दरक्कां खेड़ि।
गया बुलावण जतन गढ, त्यां सूं बूझी तेड़॥२०॥
उर प्रगटै सुख ऊधरौ, सुणि विवरौ अभसाह।
ज्यों जिग काम तपोधनां, राम कियौ औछाह॥२१॥

राव सूजाजी का पुत्र था। उसे निर्वाह के लिये पीपाड़ नगर मिला था। गागे=राव गागा, जो जोधपुर की गद्दी पर बैठा था। लेखि=समझकर। मथारि=मारकर। जूट=समूह। सी=सदृश। क्रीत=कीर्ति।

१८—वेलच=मदद, सहायता। परख=देखकर।

१९—वणी गरज=आवश्यकता हुई। रज वृत्त=राज्य के व्यवहार मे। वडाई=प्रशसा। जैवहौ=जय करनेवाला; कँवर का विशेषण है। मसलत्त=सलाह।

२०—सितावी=जल्दी, शीघ्र। राड़वर=प्रदेश का नाम है। दरक्का=ऊँटों को। खेड़ि=चलाकर। जतन गढ़=एक नगर का नाम है। तेड़=बुलाकर।

२१—ऊधरौ=बहुत अधिक। विवरौ=विवरण। जिग काम=यज्ञ के वास्ते। तपोधना=ऋषियों के। औछाह=(उत्सव) हर्ष, खुशी।

नरपत दळ आरत निरख, करवा देस करोट।
आयौ जोधांणै अभौ, मन भायौ नवकोट ॥२२॥

छप्पय

आवै सघण अचींत, जेम वनि अगनि सिळग्गां
सरप विक्ख सोखवा, मंत्र आवै सुखमंगां।
वणै दुहेली वाट, अभै कोपि वेली आवै
गयँद सुंड आहतां, जांण कोइ आंण छुडावै।
हिँदुवांण तणी आरत हरण, सत्रां घणी करवा सभौ
महाराज दळां भायौ मनै, इसी वार आयौ अभौ ॥२३॥
अत तपियै तन अवनि, दियै परजन सरदाई
सुधा पाय ससि करै, जेम वणराय सवाई।
नदी पार संपजै, पोत द्रढ खेवट पायां
विपति विलै हुय जाय, जेम घर संपत आयां।
हिंदुवै छात लायौ हियै, वडो जतन पायौ विभै
नवकोट सोच मिटियौ नरां, इसो भांत मिळतां अभै ॥२४॥

२२—आरत = दुखी। करोट = सहायता। जोधाणै = जोधपुर।

२३—सघण = मेघ। वनि अगनि = दावानल के। सिळग्गां = लगने पर, जलने पर। विक्ख = (विष) जहर। सोखवा = सुखाने के लिये, उतारने के लिये। सुखमंगां = सुगमता से। वणै० = दुर्गम रास्ता आने पर कोई भय मिटानेवाला योधा आ जावे। गयंद० = हाथी ने सूँड़ में पकड़ लिया हो उस समय। हिंदुवांण तणी = हिंदुओं की। सत्रा = शत्रुओ को। सभै = भय। भायौ = अच्छा लगा। इसी वार = इसी तरह।

२४—तन = शरीर। अवनि = पृथ्वी का। परजन = मेघ। सरदाई = शीतलता। सुधा = अमृत। पाय = पिलाकर। ससि = चंद्रमा। वणराय = वनराज को। संपजै = प्राप्त होता है, पाता है। पोत = नौका, नाव। खेवट = मल्लाह। विलै हुय जाय = नष्ट हो जाय। हिंदुवै छात = हिंदुओं का छत्र (म० अजीतसिंह)। विभै = वैभव के लिये।

दुहा

अजै कँवर सूं आखियौ, मिळतां साचै मन्न ।
भीड़ न भाजै दूसरां, तो विण नीड़ जतन्न ।।२५।।

छप्पय

जांम अजन जांणियौ, महा मन सोच विचारै
दुसह जवन देखवा, सुतन करवा पर सारै।
आ वृत्ती किम आदरूँ, कुँवर कोमळ आकृत्ती
पिण हर अरि पाळणी, कुसळ राखणी धरत्ती ।।
मन दुसह दुहूँ विधं माहरै, असह वार लग्गै इसी
मुख लियां कठण नागेंद्र मनु, जग सदोख मूखक जिसी ।।२६।।

दुहा

कँवर तणी परखे कळा, उर हरवे अप्रमांण ।
भाटी भायौ भूप मन, तेड़ायौ इंद्रभांण ।।२७।।
अरि पालण राखण अवनि, विध सुण सरव विचार ।
भीम सुतण भर भार भळ, विदा हुऔ तिण वार ।।२८।।

२५—आखियौ = कहा। भीड़ = भय, कष्ट। नीड़ जतन्न = स्थान का यत्न कौन करे ?

२६—दुसह = दुःसह, असह्य। सुतन = पुत्र को। पर सारै = दूसरे के अधीन। आ = यह। वृत्ती = व्यवहार, काम। पिण = परंतु। हर अरि पाळणी = शत्रु की इच्छा को रोकना है। माहरै = मेरे। असह = असह्य। वार = पेच, प्रपंच। नागेंद्र = सर्प। सदोख = दोष सहित, बीमार। मूखक = (मूषक) चूहा।

२७—कळा = अंश। भायौ = अच्छा लगा। तेड़ायौ = बुलाया।

२८—अरि पालण = शत्रु को रोकना। भीम सुतण = भीमसिंह के पुत्र इंद्रभाण। भार भर भळ = बोझ भार लेकर, समस्त अधिकार पाकर। तिण वार = उस समय।

ऊभौ छुभा अजीत रै, कँवर अभौ कर जोड़।
जांणे चंद्र सरद रौ, मज्झ नखत्रां कोड़ ॥२६॥
राजा वीड़ौ आपियौ, कांम सभीड़ौ पेख।
ज्वाळ गुवांळा किसन ज्यूं, दीनौ आयौ देख ॥३०॥

छप्पय

अजै नृपत उण वार, नूर कौमार परक्खे
एम धकै दसरत्थ, जेम श्रीराम निरक्खे।
नंद इंद्र कोपियां, नंद नंदण गुण दीठौ
सेखै छळि गंग नूं, माल वळ लग्गौ मीठौ॥
छत्रपती सहित देखै छुभा, वणै तेज सोभा वसै
निरवात दीप जिम ग्रेह निसि, अंग नेह रस उल्लसै ॥३१॥

दुहा

पद वंदे भूपाळ रा, अभौ हुवौ असवार।
दुख पायौ उर दुरजणां, सुख पायौ संसार ॥३२॥
सैदां हंदै सांमुहौ, यों चडतां अभसाह।
हसन अली उर हरखियौ, सब दळ पली सदाह ॥३३॥

२९—मज्झ=मध्य में।

३०—सभीड़ौ=महा कठिन। ज्वाळ०=वन में अग्नि की ज्वाला उठी, उसे देखकर गोप घबरा गए थे। उस समय श्रीकृष्ण ने उनकी रक्षा की थी।

३१—उण वार=उस समय। नूर=तेज। कौमार=राजकुमार का। एम=इसी तरह। धकै=आगे। नंद नंदण=श्रीकृष्णचंद्र का। सेखै छळि=सेखा के युद्ध में। नेह रस=स्नेह-सहित प्रेम।

३२—दुरजणा=शत्रुओं ने।

३३—पली=मिट गई। सदाह=परिताप।

मेंड़ हसन अभसाह सूं, मिळ चालियौ निवाव।
छोड मुरद्धर देस नूं, सत्र हर गया सताव ॥३४॥
आसीसे अभसाह नूं, परजा नवै प्रकार।
राज करौ जुग कोड़ धर, श्री महाराज कवार ॥३५॥
सांम धरम्मी सांम भुज, सांम सनाह सप्रांण।
साथी सुभटां सीम सुज, भीम तणौ इँद्रभांण ॥३६॥
भळिया जेसां भाटियां, कँवर तणा सुभ काज।
सेना च्यार हजार सँग, हुकम सुणे महाराज ॥३७॥
संग भँडारी खीमसी, कायथ चंद गुलाल।
मंत्री साथे मेलिया, महाराजा अजमाल ॥३८॥
वरस सितरियै वीततां, ऊतरतां आसाढ।
जोगणपुर लेगौ जवन, अजन तणौ औगाढ ॥३९॥
आयौ पुर दिल्ली अभौ, मद छायौ जग माह।
मन भायौ अत सुण मछर, तेड़ायौ पतसाह ॥४०॥

३४—सत्र हर=शत्रुओं का दल। सताव=जल्दी।

३५—नवे प्रकार=नई रीति से।

१६—सूरसागर = जोधपुर से वायव्य कोण में एक तालाव है जिसे महाराजा सूरसिंहजी ने बनवाया था। उस तालाव के तट पर राजाओं के निवास योग्य महल बने हुए हैं और वाग भी है। वरण दिसा = पश्चिम दिशा में। वरण = वरुण देवता। धनवंत = कुवेर। देसौत = देश का मालिक, राजा। ओळगै = प्रशंसा करते हैं। माग = मार्ग। पह = (प्रभु) मालिक। ईढदार = ईर्ष्यावाले। अगै = आगे।

सीत काळ ऊत्तरे, अंब मवरे रित आगम
रस आयौ तरवरे, भयौ भमरे सुर संगम।
द्रुम्म चरम मधु भरे, पत्र अंकुरे विपुल वन
फाग राग माधुरे, सुरे नर नारि हरे मन।
मृगमार सार घण अत्तरे, गंधसार सोभै करे
नृप द्वार खेल सिरखे नरे, वणे वसन्ने केसरे ॥१७॥

दुहा

नव नव खेल वसंत नित, सिर आयौ मधुमास।
परणावण जैसाह नूं, आगम व्याह प्रकास ॥१८॥
कन्या कमँधां राव री, सूरज कँवर सलज्ज।
सेवा तौ इसरी करौ, कीजै आदर कज्ज ॥१९॥
माहव मुख चांपावते, पूछे, आदि प्रधान।
पूछ भँडारी खींवसी, वळि रुघपत दीवांण ॥२०॥
वियै गजन फिर बूझिया, अजन वडा उमराव।
प्रोहित व्यासां वारठां, पूछे रीत प्रभाव ॥२१॥

१७—अंब मवरे० = आमों के मोर (बौर) आने की ऋतु अर्थात् वसंत। वरे = वृक्षों के। भमरे = (भ्रमर) भौंरों के। सुर = गान का स्वर। द्रुम्म = (द्रुम) वृक्ष। चरम = (चर्म) छाल। मधु = शहद, पुष्परस। मृगमार = कस्तूरी। सार घण = कपूर। अत्तरे = इत्र। सिरखे = सदृश। वसन्ने = (वसन) वस्त्र।

१८—मधुमास = चैत्र मास। परणावण = व्याहने को। व्याह = विवाह।

१९—इसरी = ऐसी।

२०—माहव मुख = माधोसिंह प्रभृति। आदि प्रधान = प्रथम के प्रधानामात्य। वळि = फिर।

२१—वियै गजन = दूसरा गजसिंह, अर्थात् गजसिंह के सदृश।

छप्पय

कँवरी सूरजकँवर, अजन ध्रम रचे अपंपर
जै नांनो अमरेस, धरा जेसांण छुतर धर।
परणावण जैसाह, व्याह रचियौ जोधांणै
पूछ आदि पंडितां, वेद मरजाद प्रमाणै।
कमधजां छात जिग वात कृत, लख विख्यात सँकळप लियौ
रिखि वयण आद वासिष्ट ग्रग, कहिया तिम उद्यम कियौ ॥२२॥

दुहा

रचना कहतां ज्याग री, वाधै ग्रंथ अपार।
ज्यौं व्रत दाखै वेद मैं, त्यौं आखै विस्तार ॥२३॥
जेठ मास पख आद नम, विमल रचे वीमाह।
उच्छव सूं राजा अजै, परणायौ जैसाह ॥२४॥

इति श्री राजरूपक मैं महाराजा श्री अजीतसिंघजी वाई
श्री सूरजकँवर रौ व्याव कीयौ सो विगत
द्विंत्रिंश प्रकास ॥ ३२ ॥

२२—ध्रम = धर्म। अपपर = अपार। जै = जिसका। जेसाण = जेसलमेर। जोधाणै = जोधपुर में। छात = (छत्र) मालिक। जिग = यज्ञ। सँकळप = कन्यादान का सकल्प। रिखि वयण = ऋषियों के वचन। ग्रग = गर्ग मुनि।

२३—ज्याग री = यज्ञ की। व्रत = नियम। दाखै = कहे हैं। आखै = कहते हैं।

२४—वीमाह = विवाह।

दुहा

तिण सिर वरस सितंतरौ, सुख आयौ वरसात।
पत बूंदी आंवेर पत, छत्रपत मरवे छात॥ १॥

छप्पय

हसलअली सइयद, छत्र थापे मद छायौ
इण दुख ईरानियां, तपत तन मन मुख तायौ।
वात घात वेखतां, दाव देखतां सपत्तौ
सैद चूक कर समर, मार लीधौ गहमत्तौ।
विसतरी वात दिस दिस विदिस, क्रित अभूत पंखां किया
जोधपुर दूत जैसिंघ रां, आंणी खवर अचिंतियां॥ २॥

दुहा

आवी ऊपर ऊपरा, वात धरा विसतार।
कमँध अजै पत कूरमां, विदा कियौ तिण वार॥ ३॥
धूण खड़ग जोधां धणी, व्रत लीधौ तिण वेर।
कळा दिखावण केवियां, अपणावण अजमेर॥ ४॥

१—तिण सिर = उसके बाद। मरवे छात = मरवे का राजा।

२—छत्र = बादशाह को। मद छायौ = मद से छक गया। तायौ = गर्म तत। वेखता = देखते। सपत्तौ = संपन्न हुआ, कामयाब हुआ। सैद चूक कर = सैयदों को धोके से मारकर। गहमत्तौ = गर्व से मदोन्मत्त। विदिस = कोण। क्रित = कृत्य। अभूत = अद्भुत। पंखां = पक्षवालों ने। आणी = लाई गई। अचिंतिया = अचानक।

३—ऊपर ऊपरा = बहुत जल्दी। पत कूरमा = कछवाहों के मालिक जयसिंह को।

४—धूण = धूनकर, कँपाकर। केविया = शत्रुओं को। अपणावण = अपनाने को।

चडियौ पाछे चक्रवति, मारू कातिक मास।
महि पख द्वादसि मेड़ते, नरपति कियौ निवास ॥ ५ ॥
ऊपर ग्रीखम आवियौ, उर नह धरी अवेर।
चडियां घोड़ां चापड़ै, अजै लियौ अजमेर ॥ ६ ॥

छंद वेअक्खरी

अजन अजैगढ चढि अपणायौ
दोय राहां अचरज दरसायौ।
तज गढ कोट गया सह ताई
वाधै हिंदुसथान सवाई ॥ ७ ॥
सुर झालर घंटा सरसाया
मह जीतां सुरवांग मिटाया।
सिव हरि सकत सेव सरसाई
मीर पीर त्यां पूज मिटाई ॥ ८ ॥
सुणिया जाब नवावां सारां
पूगी साह घरै पोकारां।
महा सोक पड़ि सैद मुगल्लां
मुरझांणा सुंण काजी मुल्लां ॥ ९ ॥

५—चक्रवति = (चक्रवर्ती) राजा। मारू = मारवाड़ का।

६—अवेर = देरी। चडियां घोड़ां = बहुत जल्दी। चापड़ै = दबाकर।

७—अजैगढ = अजमेर। दोय राहा = दोनों मार्ग, हिंदू मुसलमानों ने। सह = सब। ताई = लड़नेवाले। वाधै = बढ़ने लगा।

८—सुर = देवता। सरसाया = अच्छी तरह बजने लगे। मह = (महीपति) राजा के। सुरवांग = मुल्ला की बाँग की आवाज। पूज = पूजा।

९—पोकारा = पुकार।

जवन पखी राजा उर जळिया
किलवां अनम सुणे बिळकुळिया।
उळ ईरान मकै लग वाकौ
जवनां सुण उर पड़े जराकौ ॥१०॥

दुहा

खुरासांण खट खंड में, सुणिया सै असवाल।
अपणायौ अजमेर नूं, माल जिंही अजमाल ॥११॥
आयौ वरस अठंतरौ, वणि आयौ वरसात।
इळा अजैगढ उग्रहे, रहै कमंधां छात ॥१२॥
कीरत अजन कमंध री, पसरी प्रथी प्रमाण।
दहल खमे रहिया दिली, हिंदू मूसलमाण ॥१३॥

इति श्री अजमेर लीयो सो विध तेत्रिंस प्रकास ॥ ३३ ॥

१०—जवन पखी = यवनों के पक्ष के। किलवा = मुसलमानों ने। अनम = नहीं नमनेवाला। बिळकुळिया = व्याकुल हो गए। मको = मुसलमानों का महान् तीर्थ। लग = तक, पर्यंत। वाकौ = वार्ता। जराकौ = चोट।

११—सै = यह। असवाल = सवाल, प्रश्न। माल = रावळ मल्लिनाथजी। जिंही = वैसा ही।

१२—अजैगढ = अजमेर। उग्रहै = उगाही करता है।

१३—प्रथी = पृथ्वी। दहल = भय।

दुहा

सोच महंमद साह नूं, मोच थयौ मन मद्द।
प्रात ससोकित ज्यूं दिपह, राति अनंद रवद्द ॥ १ ॥
सोक निवारण साह रौ, दिल्लो चै दरगाह।
खान मुदप्फर बोलियौ, खूसै बाह सगाह ॥ २ ॥
असपत बीड़ौ अप्पियौ, उर थप्पियो समास।
विदा कियौ वरसात मैं, प्रगटी वात प्रकास ॥ ३ ॥

छंद जात हणूफाल

अति जोम छिव असमांन, खग तोल मुदफर खांन।
द्रढ वचन दाख दुगाम, सभि वार तीन सलाम ॥ ४ ॥
उमराव खान अनेक, इण तौर और न एक।
सुणि खूंद वदन सराह, ग्रहि गयौ खान सगाह ॥ ५ ॥
जस प्रगट अति बळ जांण, विसतार पुरजण वांण।
... ... ॥ ६ ॥

१—मोच थयौ = मिट गया, नष्ट हो गया। ससोकित = शोक-सहित। दिपह = दीपक।

२—खूसै बाह = हाथ बढ़ाकर।

३—अप्पियौ = दिया। समास = शांति।

४—जोम = बल, जोश। छिव = शोभा देता हुआ, छूता हुआ। खग = तलवार। दाख = कहकर। दुगाम = दुर्गम, महावीर। वार तीन = तीन बार।

५—खूंद = बादशाह ने। वदन सराह = मुख से प्रशंसा की। ग्रहि = घर।

६—पुरजण = नगर के लोग। वांण = वाणी।

दुहा

निम्र यम्मियाँ नुख ग्रेह निज, वाधे रमणि विलास।
अरज करै मुख औरतां, हित रिति गरम हुलास ॥ ७ ॥
ज्रुध हिंदू सब जीपकै, उरि जिन धरौ अवेर।
नव तुम बेग बुलाइयो, हम परखै अजमेर ॥ ८ ॥
रानि विहांणी एण रसि, प्रात हुवौ असवार।
मेछ अभंग महाबळी, आरुहि संग अपार ॥ ९ ॥
सेन सगाह सनाह सूं, पाखरिया धजराज।
वहै गुरावा लादिया, आरावा गजराज ॥१०॥
आया दूत उतावळा, सुणी अजै समरत्थ।
भ्रम पडियाँ मोटां भड़ां, कोटां पूगी कत्थ ॥११॥

छप्पय

आवी खबर अचिंत प्रगट चिंता भूपाळां
दळ असेस दुरवेस सुणे विगती अड़साळां।

७—ग्रेह=(गेह) घर। वाधे=बड़ा। रमणि=स्त्री। रिति=(रीति) तजवीज। गरम=अधिक।

८—जीपकै=जीतकर। जिन=मत।

९—विहाणी=गई, समाप्त हुई। एण रसि=इस प्रीति से। आरुहि=सवार।

१०—सनाह=कवच आदि धारण करना। पाखरिया=पाखर डाले हुए। घोड़े के कवच को पाखर कहते हैं। धजराज=उत्तम घोड़े। वहै=चलते हैं। गुरावा=घोड़े पर की छोटी तोप। आरावा=गुरावा से बड़ी तोप।

११—अजै=महाराजा अजीतसिंह। कोटां=किलों में। कत्थ=(कथा) वार्ता।

१२—असेस=समस्त। दुरवेस=मुसलमान। विगती=विगत, वृत्तात।

पवँग जूथ पक्खरां अंग वगतरां असल्ली
मगि दुझाल हल्लिया ढाल जेहा पुर दिल्ली।
वीणार पांण खुरसांण विच रस कुरांण रत्ता रहै
सुरतांण सोच भंजण सग्रह कमध पांण परखण कहै ॥१२॥
उभै ढुंब आचरै एक करि कंब कवावे
चंपे चंगुल ग्रीव तजै दुरजीव सितावे।
करि खंचे धानंख चिलै वँधि टंक अढारै
ग्रहि मूंठी आछटै दंत गजराज उखारै।
विसतरी कत्थ जण जण वदन अरि मति घणां अभावियौ
एसा जवान लीधां अडर खान मुदप्फर आवियौ ॥१३॥

दुहा

नरपत्ती नव साहसां, कोट धरत्तो कज्ज।
अवतारी अभसाह नूं, लेख विचारी लज्ज ॥१४॥

अड़साळां=ईर्ष्यावालों का। पवँग=घोड़ों का। पक्खरां=घोड़े का कवच। दुझाल=वीर, बहादुर। ढाल जेहा=ढाल के जैसे रक्षा करनेवाले। वीणार=धारण करनेवाले। पाण=बल। खुरसाण=मुसलमान। रत्ता रहै=अनुरक्त रहते हैं। सग्रह=दृढ़। परखण=परीक्षा करने को।

१३—उभै=दो। ढुंब=थुईवाला मेष। आचरै=खा जाते हैं। एक करि०=एक का तो कंब और कवाब करके। चपे=दबाते हैं। ग्रीव०=गर्दन। दुरजीव=जिंदगी, जीवन। सितावे=जल्दी। करि=हाथ से। चिलै=धनुष की डोरी, प्रत्यचा। ग्रहि०=पकड़कर मुष्टि का प्रहार करते हैं। अभावियौ=अच्छा नहीं लगा, मन में अच्छा न लगनेवाला।

१४—नव साहसा=राठोड़ों का। अवतारी०=अवतार-रूप अभयसिंह को देखकर यह विचार किया कि यह लज्जा रखनेवाला है।

मन भायौ अजमल्ल रै, तेड़ायौ अभसाह।
नृपति सभा आयौ निजर, पायौ ज्यास अग्राह ॥१५॥
अभौ निरक्खै ऊमरा, परखै भूप प्रकास।
जांणि पलट्टां थंभवै, एकण पाणि अकास ॥१६॥

छप्पय

अभौ छभा ईखियौ ज्यास लेखियौ जणोजण
कांण मळण केचियां जांण भ्रम कांम अरज्जण।
वय किसोर ऊतरै जोर जोवन परगट्टे
अणमायो अंव मैं ति किरि रतनाकर तट्टे।
वृति आदि सस्त्र विद्या वरण उच्छत्र वादि अघट्टियां
परकास उरध रवि पेखियां किरि मधु मास पलट्टियां ॥१७॥

१५—मन भायो = मन में अच्छा लगा। तेड़ायौ = बुलाया। ज्यास = धैर्य। अग्राह = पूर्ण।

१६—निरक्खै = देखा। ऊमरा = उमरावों को। परखै = परीक्षा की। जाणि = मानो। पलट्टा = एक हाथ से आकाश को पलट भी दें, और थांभ भी लें।

१७—छभा = सभा में। ईखियौ = देखा। ज्यास = धैर्य। लेखियौ = आ गया। जणोजण = प्रत्येक को। काण० = शत्रुओं का मान नष्ट करने के लिये। भ्रम काम = युधिष्ठिर के लिये। वय = अवस्था। किसोर = १० साल से १५ वर्ष की उम्र। अणमायौ० = महाराजकुमार अभयसिंहजी के यौवन का वेग ऐसे बढ़ा कि मानो समुद्र के तट पर अमाप पानी का वेग बढ़े। वृति = मन की वृत्ति। अघट्टिया = अद्भुत। परकास० = महाराजकुमार का ऐसा प्रकाश था, मानों चैत्र मास के पलटने पर सूर्य का प्रकाश होता है।

इळाकंत उच्चरै पुत्र वळवंत परक्खे
कृति दुगांम रिण कांम नूर मुख माम निरक्खे।
तूं सकाज तप तेज प्रगट्ट जुध काज प्रगट्टां
कमधराज थिरकरण आज ग्रहि लाज अघट्टां।
कुळ तूझ विना जायै कुणै मेछ महण रण मत्थियौ
ईखे समाथ अभसाह नूं प्रथीनाथ पारत्थियौ ॥१८॥
श्रवण वयण संभळे नयण विळकुळे निरंमळ
जोत वदन झळहळे लाज भुजि भळे स उज्जळ।
सूर विरत सल्लळे ज्वाळ भळहळे फुणंधर
कनां प्रलैकृति करण किरण परजळे दिणंकर।
हरनेत्र जळे ज्वाळा विहद श्रीकजि अमरष संमिळे
अजमल्ल वळे दीठौ अभौ दंस ढाळ मारू दळे ॥१९॥
जिसौ मेरु कंपवे फेरि सायर गिर वंधै
एकछत्र करि भोम भार धारै निज कंधै।

१८—इळाकत=पृथ्वी का पति (महाराजा अजीतसिंह)। परक्खे=देखकर। कृति=काम। दुगाम=दुर्गम। नूर=लावण्य। माम=उदारता। ग्रहि लाज=लज्जा रखो। अघट्टां=अद्‌भुत, अघटित। कुळ०=तेरे बिना कुल में कौन जनमा है जो युद्ध करके म्लेच्छ-समुद्र का मथन करे। ईखे=देखकर। पारत्थियौ=प्रार्थना की।

१९—श्रवण=कानों से। वयण=वचनों को। संभळे=सुनकर। विळकुळे=व्याकुल हुए। झळहळे=चमकने लगी। भळे=फिर। सूर विरत सल्लळे=वीरता की वृत्ति इस तरह बढ़ी कि मानों सर्प की ज्वाला प्रज्वलित हो। कनां=किंवा। प्रलैकृति करण=प्रलय का काम करने के लिये। परजळे=प्रज्वलित हो। दिणंकर=सूर्य की। श्रीकजि=लक्ष्मी के वास्ते। अमरष=(अमर्ष) क्रोध। वळे=फिर।

२०—सायर=(सागर) समुद्र को। खंड=नव खंड। डंड=(दंड)

खंड डंड वसि करै जिसौ ब्रहमंड अधारै
खुरासांण पालटै जिसो हिंदवांण उधारै।
ईखियौ छभा अजमाल री अजे छभा सम अक्खियौ
जवनां गुमांन भाजे जिसौ पूरै ग्यांन परक्खियौ ॥२०॥

दुहा

अजें चिंदा कीधौ अभौ, परखि कळा अणपार।
आठ मम्मल वळ आगळा, सझि दल हुवा तयार ॥२१॥
उण त्रिन्थियां अभसाह रौ, नरपति पेखै नूर।
सर सोखिम करिवा सत्रां, ग्रीखम सूर करूर ॥२२॥
भड़ां दुवाहां वंकड़ां, हुई सनाहां सत्थि।
सेध निवाहां सूरमां, राहां वेध अरत्थि ॥२३॥
मेछ करारां ऊपरां, हुवा नगारां सद्द।
दळ हळवळ भाका दियां, राकां जांण समंद ॥२४॥
मांगी सीख नरिंद सूं, दीन्ही वीख कुँवार।
जांणे वंध पलट्टियौ, सिंध प्रलै री वार ॥२५॥

दंड देकर। खुरासाण पालट=बादशाह को बदल दे। ईखियौ=देखा। सम=समक्ष में। अक्खियौ=कहा।

२१—आठ मसल=आठों मिसलों के सरदार।

२२—नूर=तेज। सर सोखिम०=शत्रुरूपी सरोवर को सुखाने के लिये मानो ग्रीष्म ऋतु का क्रूर सूर्य।

२३—दुवाहा=वीर, बहादुर। सनाह=कवच आदि युद्ध का वेष। सेध निवाहा=कार्य सिद्ध करनेवाले। युद्ध के मार्ग के लिये।

२४—करारा=बलवानों पर। सद्द=(शब्द) आवाज। हळवळ=ताकीद, त्वरा। भाका दिया=दिखाई दिया। राका=पूर्ण चन्द्रवाली पूर्णिमा।

२५—वीख=(वीक्ष्य) देखकर। वंध पलट्टियौ=बंध टूट गया। सिंध=(सिंधु) समुद्र। वार=समय।

छप्पय

हुवा नगारां सद्द हुए तड़भड़ नर इंदां
अभौ हुवौ असवार हुवौ जैकार कविंदां।
परा हुए दह्न पंति हुए मुजरा सामंतां
हुवौ व्योम धूंधळौ हुवौ कमि जोर असंतां।
हिंदुवौ छात राजी हुवौ ईख हुई निरभै इळा
उतपात हुवौ पुर आसुरां वात हुई आठूं वळा ॥२६॥

दुहा

ऐराकी मागां किया, सुभट कजाकी सत्थ।
ऐवाकी साहां अभौ, नाकी हिंदु समत्थ ॥२७॥
तीस हजार तुरंग नर, मारू धर वीणार।
धड़हड़ियौ मंडळ धरणि, चडियौ राज कुँवार ॥२८॥

छंद भुजंगी

अभौ चालियौ आसुरां सीस असौ
जळंनिद्ध उच्छेदियां वंध जैसौ।
तुरंगां वणै तेज अंगां अतारौ
नहीं जागियां सोर सूं जोर न्यारौ ॥२९॥

२६—तड़भड़ = ताकीद। दहुपंत्ति = दोनों पंक्तियों में। सामंतां = सरदारों का। व्योम = आकाश। धूंधळौ = धुंधला। असंता = दुष्टों का, शत्रुओं का। ईख = देखकर। आठूं वळा = आठों तरफ।

२७—ऐराकी = घोड़ों को। मागां किया = मार्ग पर चलाया। कजाकी = मारनेवाले। ऐवाकी० = बादशाहों को भयभीत करनेवाला। नाकी हिंदु = हिंदुओं की नाक रखनेवाला।

२८—वीणार = धारण करनेवाले, रखनेवाले। धड़हड़िया = उत्साह-पूर्वक चले।

२९—आसुरां = मुसलमानों के। जळंनिद्ध = (जलनिधि) समुद्र। अतारौ = अत्यधिक। जागियां सोर सू = बारूद से चमकने पर। न्यारौ = जुदा।

अड़ाभीड वंकां भड़ां कोप ओपै
कळा जांणि त्यांरी न को प्राण कोपै।
भुजा जीमणे ओपि चांपा भुजाळा
जिसा मौत मेळां करन्नोत ज्वाळा ॥२०॥
जिकां भीड़ कूंपा तिकां कौण जीपै
दळां ढाल ज्यौं जादमां वेळ दीपै।
अणी रूप जैता वणे भूप आगै
वधै अग्गि जोधाहरा खग्ग वागै ॥२१॥
महा जोस दूदा चले रीस मत्ता
रसा काजि ऊदा वडी लाज रत्ता।
सदा जोतधारी करम्मोत संगे
अणी रूप सकतीपुरा भूप अंगे ॥२२॥
मिळे जैतमाला मुदी वेळ माला
वरापूर सूरां धजा संगि वाला।

२०—अड़ाभीड़=सजे हुए। ओपै=शोभा देता है। कळा०=उनकी सामर्थ्य को जानकर किसका जी कोपयुक्त नहीं होता है। चांपा=चांपावत राठोड़। भुजाळा=बलपूर्ण भुजावाले। करन्नौत=करणोत राठोड़।

२१—जिका=जिनके। भीड़=सहायक। कूंपा=कूंपा के वंशज राठोड़। जींपै=जीत सकता है। जादमा=यादववंशी। वेळ=सहायता। अणी=(अनीक) सेना, अथवा अणि अर्थात् अग्रभाग। जैता=जैतावत राठोड़। जोधाहरा=राव जोधा के वंशज। खग्ग=तलवार। वागै=लड़ते हैं।

२२—दूदा=मेड़तिया राठोड़। रीस=क्रोध से। रसा=पृथ्वी। ऊदा=ऊदावत राठोड़। करम्मोत=करमसोत राठोड़। सकतीपुरा=चौहान क्षत्रिय।

२३—जैतमाला=जैतमालोत राठोड़। मुदी=मुख्य, प्रधान। माला=रावळ मल्लिनाथजी के वंशज। वरापूर=बलपूर्ण।

अणी सांमि आगै इसै कांम ईंदा
वणे ऊहड़े वकडा क्रीत विंदा ॥३३॥
भड़ां सार खूमांण पंमार भेळा
सिधा सूर सोनिंगरा त्यों समेळा।
खगे वंकडा देवड़ा और खीची
अणी धांधले आदि सूं रीत ऊँची ॥३४॥
करेवा दळां आगळी सांमि काजा
दिपै जोड़ गोगा दियां देवराजा।
फबै मंडळा खेतसी पाडिहारं
वधै चाड राजा नणै वार वारं ॥३५॥
रिधू लाज पाता भदा काजि रूपा
इकां एक वाधू अनूपे अनूपा।
इसी भांति छत्रीस वंसां उजाळा
सदा सांमि चै कांमि सोभा सिघाळा ॥३६॥

सूरा धजा = शूरवीरों में ध्वजा-रूप। बाला = बाला राठोड़। सांमि आगै = मालिक के आगे। ईंदा = पड़िहार राजपूतों की एक शाखा। ऊहड़े = ऊहड़ राठोड़। क्रीत = कीर्ति। विदा = दूलह, वर।

३४—खूमाण = सीसोदिया राजपूत। पंमार = परमार राजपूत। सिधा = सिद्धहस्त। सोनिंगरा = चौहानों की एक शाखा। समेळा = शामिल। देवड़ा = चौहानों की एक शाखा। खीची = चौहानों की एक शाखा। धाधले = धांधल राठोड़ों की एक शाखा।

३५—गोगा = गोगादे राठोड़। देवराजा = देवराजोत राठोड़। फबै = शोभा देते हैं। मंडळा = राठोड़ों की एक शाखा। खेतसी = खेतसीयोत राठोड़। पाडिहारं = पड़िहार राजपूत। चाड = सहायता।

३६—रिधू = ऋद्धिवाला। पाता = पातावत राठोड़। भदा = भदावत राठोड़। रूपा = रूपावत राठोड़। इकां एक वाधू = एक से एक बढ़कर। अनूपे = अनुपम। सिघाळा = श्रेष्ठ।

इसा व्यास प्रोहित्त मंत्री अघट्टं
भुजां भार धारैं अणी वारहट्टं।
अड़ाभीड़ रावत्त चेला अबीहा
सिधी श्रब्ब आरब्ब सो श्रब्ब सीहा ॥३७॥
वणै फौज राजा तणैं काजवाळी
कवी क्रत्त जैसी फुणां पत्ति काळी।
कजाकां भडां दौडियौ रूप कैसौ
अभौ नक्र वीछोड़वा चक्र श्रैसौ ॥३८॥

दुहा

आ हलकारां ऊचरी, असुरां धरी न आंन।
पैसि गयौ आंबेर मै, नासि मुदप्फर खांन ॥३९॥
मेल गई दुसमारगे, रात्यां दिल्ली राह।
. ..., सोच कियौ जैसाह ॥४०॥

३७—अघट्ट = अद्‌भुत। अड़ाभीड़ = सजे हुए। रावत्त = भीलों का मुखिया। चेला = राजाओं के दासीपुत्र। अबीहा = भय-रहित। सिधी = सिद्धि। अब्ब सर्व। आरब्ब = युद्ध में। अब्ब = गर्व। सीहा = सिंह के समान गर्ववाले।

३८—तणैं = (तनय) पुत्र। कवि क्रत्त = कवि का कृत्य। फुणा पत्ति काळी = काले सर्पों के फनों की पंक्ति हो जैसी। कजाका = मारनेवाले। नक्र० = (मकर) मगर को अलग करने के लिये विष्णु का चक्र हो वैसा।

३९—आ = यह। आन = प्रतिष्ठा, इज्जत, मान। पैसि गयो = घुस गया।

४०—दुसमारगे = निर्जन मार्ग से, बुरे रास्ते से। रात्यां = रात्रि में ही। राह = मार्ग।

छप्पय

आसुर दिल्ली राह गया पगवाहि सिपाई
आब जनम उतराय लियौ नव्वाब सवाई।
सुणी विगत अभसाह थयौ ओछाह दुवाहां
पाड़ै पुर वुलवाक डाक पूगी पतिसाहां।
ससमाथ साथ भागो सुणे दिल्लीनाथ दहल्लियौ
करि एम फतै पहली कुँवर हेवै पुर सिर हल्लियो ॥४१॥

दुहा

अभो प्रवाड़ां ऊधरै, कमँध अखाड़ां काज।
वणी फतै वाजा वजै, सुणी अजै महाराज ॥४२॥
अभो कमंधां ऊचरै, कीजै दौड सवाय।
ल्यूं धर दिल्ली आगरै, वळि खागरै धकाय ॥४३॥
हुकम सुणे रिणमाल हर, जोध अडर जणिवार।
रण जगां कारण हुवा, उत्तंगां असवार ॥४४॥

छप्पय

हुई दौड़ हैमरां नरां ऊधरां करारां
सेख ज्वाळ सल्लळी कनां सिव चक्ख विकारां।

४१—पगवाहि = पैदल, पैरों चलनेवाले। आब = पानी, यश। सवाई = सवाई जयसिंह, जयपुर का राजा। ओछाह = उत्सव। दुवाहा = वीर पुरुषों को। पाड़ै पुर वुलवाक = बुलानेवालों (हरकारों) को दिल्ली भेजा। ससमाथ = समर्थ। दहल्लियौ = भयभीत हुआ। हेवै = अब। पुर = नगर (दिल्ली) पर।

४२—प्रवाड़ा = युद्धों में। ऊधरै = ऊँचा। कमँध = राठोड़।

४३—वळि खागरै धकाय = तलवार के बल हटाकर।

४४—रिणमाल हर = रणमल के वंशज (अजीतसिंह) का। जणिवार = जिस समय। उत्तगा = घोड़ों पर सवार हुए।

४५—हैमरा = घोड़ों की। ऊधरा = उच्च श्रेणी के। करारां = बल-शाली, बलवान्। सेख = शेषनाग। सल्लळी = प्रवृत्त हुई।

पवन चक्र वळ पाइ लाय पावक ऊलट्टै
कना सीम ढव चूंक फूंक महणारथ फट्टै।
ऊजड़ै देस असपत्ति रा सहर नेस प्रगटै सभौ
पिसुणां अचींत पायौ प्रळै इसी रीत आयौ अभौ ॥४५॥
साहिजहां पुर प्रथम सहर उर धकै सँघारै
नारनौळ सामूळ जांणि मिलि तूल अँगारै।
सहँस ग्राम सल्लळै जळै परजळै प्रलै जिम
धूम व्योम धूंधळौ तरिण भ्रम तोम सोम तिम।
लूटवा वधै फौजां लगस धमस तुरां भाजै धरा
मिळ चली प्रजा भंगेळ मग लग दिल्ली लग आगरा ॥४६॥
लाख नेस लूटिजै देस कीजै पुड़ ऊंधै
जितौ भूक हुय जाय सूक साहे पथ रूंधै।
एक मार चूरियां भार परवार न भाळै
करै एक पोकार दिली बाजार विचाळै।

चक्र = (चक्षु) नेत्र। लाय = दावानल। पावक = अग्नि की। नेस = निवास-स्थानों में। सभो = भय। पिसुणा = शत्रुओं ने।

४६—साहिजहापुर = दिल्ली से पहले। धकै = आगे। सँघारे = नष्ट किए। सामूळ = (समूल) जड़ से। जाणि = मानों। तूल = रुई। अँगारे = निर्धूम अग्नि। सल्लळै = छोड़कर भाग गए। परजळै = प्रज्वलित हुए। प्रलै जिम = प्रलय में जलै जैसे। व्योम = आकाश। धूंधळौ = धुँधला। तरिण = (तरणि) सूर्य। तोम = (तमस्) अंधकार के कारण। लगस = कुछ. पंक्ति। धमस = घोड़ों के सुमों का प्रहार। तुरा = घोड़ों के। भंगेळ मग = भागने के मार्ग।

४७—नेस = निवास। पुड़ ऊधै = उथल-पुथल। भूक = चूर्ण। सूक साहे = तलवार उठानेवालों ने। रूंधै = रोक लिया। एक० = एक से मारकर चूर्ण करने पर। परवार = कुटुंब को। न भाळै =

आवता लखै नर नार इम भार कतार भँगेलियां
मिळि जाय महणि पावस समै जांण नदीरस जेळियां ।।४७।।
जळे सहर पुर जास निसा ओजास निहारे
साह प्रळे संपेखि सोच मद मोच सँभारे।
खंडी वन समरत्थ पत्थ निज हत्थ जळायौ
कनां लंक विण संक हणू वैसंनर लायौ।
दीपियौ एम मंडळ दिली देख भ्रमै दुरमत्ति नूं
तन दहै अगनि ज्वाळा तणा ओझाळा असपत्ति नूं ।।४८।।

छंद रोमकंद

पिड़ चूर दिली धर साहजहांपुर, चीत लगे हर प्रात चड़े।
इळ मूळ जड़ां नारनौळ उखेड़े, पौळि दिली दुख रौळ पड़े ।।४६।।
भजि जात प्रजा मय वात भॅगेळां, पाटण तूंअर कंप पुरे।
वडगूजर जाट अहीर तजे वळ, दाट लगा पुर राट दुरे ।।५०।।

नहीं देखता है। पोकार=पुकार। भँगेलियां=भागनेवालों की। महणि= समुद्र में। नदीरस=नदियो का जल।

४८—जास=जिसका। निसा=रात्रि में। ओजास=उजाला, प्रकाश। निहारे=देखा जाता है। मोच=छोड़कर। सँभारे=याद करता है। खडी वन=खाडव वन, यह इंद्र के अधिकार में था। अग्नि की प्रार्थना से अर्जुन ने इसे जलाया था। पत्थ=(पार्थ) अर्जुन ने। हणू= हनुमान् ने। वैसनर=अग्नि। दुरमत्ति नूं=दुर्बुद्धि, शत्रु को। ओझाळा=ऊर्ध्व ज्वाला, फटकारा।

४९—पिड़=युद्ध से। साहजहॉपुर=दिल्ली। चीत=चित्त लगा। हर=उसी इच्छा से, मन की प्रेरणा से। पौलि=दरवाजा। रोळ= उपद्रव हुआ।

५०=मय=साथ, संग। भॅगेलां=भागनेवालों की। पाटण तूंअर= तुंवरों की पाटण। दाट लगा=फौजों का समूह जा पहुँचा। राट= राजा। दुरे=छिप गए।

वधि चाडिय खेंग उरे रथवाड़िय. जोखम झंड सराय जदी ।
पुर साह फरक्क तणौ दल पैडां, वीखरि चक्क अलावरदी ॥५१॥
धुवि झाळ वराळ पुरा धूंवाड़े, ज्वाळ कराळ विसाळ जळे ।
इक सूर लड़े रिण चूर हुवै, अरि पूर थकै इक दूर पुळै ॥५२॥
कळ वीछुड़ि एक वसै गिरि कंदरि, मंदिर भाळक एक मरै ।
ग्रहि त्याग झुरै धन एक गमाय र, के रिध आदरि संधि करै ॥५३॥
चलि पेखै साह धरा खगचाळौ, जिंद विना कळ नींद जुई ।
मचि दुंद अपार दिली पुर मंडळ, हाहाकार पुकार हुई ॥५४॥

छप्पय

ग्रौद्रकै आगरौ हुई दिल्ली हलचल्ले
जाट वाट जूजुवा देस वैराट दहल्ले ।
मुगल दलतां (त) मेवात, वात अपी (प्पी) चहुवाणां
रेस खमे छंडिया देस आहीर पठांणां ।

५१—वधि चाडिय० = रेवाडी शहर के उरली तरफ घोड़ों पर चढ़कर आगे बढ़े। पुर साह फरक्क तणौ = फरुखाबाद। वीखरि = इधर-उधर हो गई, तितर-बितर हो गई। चक्क = फौज। अलावरदी = अलावर्दी नामक नवाब की।

५२—धुवि झाळ = ज्वाला बढ़ने से। वराळ = दरारें पड़ गईं। धूंवाड़े = धूम से। थकै = आगे। पुळै = भागता है।

५३—कळ = (कलह) युद्ध। वीछुड़ि = विमुक्त होकर। भाळक = रीछों के घरों में। ग्रहि त्याग = संन्यास लेकर, भिखारी होकर। झुरै = लालायित होते हैं। के = कई। रिध आदरि० = धन अर्पण करके सुलह करते हैं।

५४—खगचाळौ = युद्ध, तलवार का चलना। दुंद = (द्वंद्व) उपद्रव, युद्ध।

५५—ग्रौद्रकै = भयभीत हुआ। जाट० = जाटों के मार्ग अलग अलग हो गए। वैराट देस = जयपुर राज्य का एक प्रांत। दलतां = नाश

धूंसतै नारनौळां धरा जवन गया अण जूटिया
ऊकळै पेखि पतिसाह उर साहिजहांपुर लूटिया ॥५५॥

दुहा

दिल्ली पौळि पचीस दिन, प्रगटो भै अणपार।
कटक सँभाया यूं कहै, आया राजकुँवार ॥५६॥
अति कंदळ करतां इळा, मचि धूंकळ अनिमंध।
कुळ दोनूं दिल्ली कहै, धूंकळसिंघ कमंध ॥५७॥
अभौ त्रिवेणी आवियौ, दिल्लीवाळे दाट।
नेस प्रजाळै दुज्जणां, देस करै दहवाट ॥५८॥
गांज मगज पतसाह रौ, भांज मुदप्फर खांन।
अभौ त्रिवेणी आवियौ, जांणी वात जिहांन ॥५९॥
धनि आखै सारी धरा, मनि कांपै महमंद।
साकाबंध कमंध रा, वाका हद्दि समंद ॥६०॥

इति श्री महाराज अभैसिंघजी रा परम जस राजरूपक मैं
मुदप्फरखान भागो नै दिल्ली ताई देस मारियो
चतुस्त्रिंस प्रकास ॥ ३४ ॥

करते। मैवात=मैवाती। रेस खमे=पराजय, हारकर। धू सतै=विध्वंस करते। अण जूटिया=विना लड़े। ऊकळै=तप्त हुआ।

५६—पौळि=दरवाजा। भै=भय। कटक सँभाया=फौज के द्वारा पकड़े हुए। यूं=ऐसे।

५७—कदळ=नाश। अनिमंध=अपार।

५८—त्रिवेणी=प्रयागराज, जहाँ गंगा यमुना और सरस्वती का संगम होता है। दाट=दवाकर। नेस=घर। दहवाट=नष्ट किया।

५९—गांज=नष्ट करके।

६०—साका वंध=युद्ध करनेवाले राठोड़ का।

छंद वेअक्खरी

मन सुणि सोच थयौ अरि मोटां
कथ प्रगटै देसां गढ कोटां।
ईखे कमधां जोर अनोखौ
बूजै साह विचारै धोखौ ॥ १ ॥

अभौ प्रगटियौ गुणां अभंगां
मंडळ दिली कियौ दहमंगां।
अजै तखत राजा अपणायौ
अभौ मुजफ्फर ऊपर आयौ ॥ २ ॥

यौं पतिसाह विचार उचारै
सुणतै जवन तणै दळ सारै।
महि सुण सगह प्रवाड़ां मोटां
कीधौ हरख धणी नवकोटां ॥ ३ ॥

इण परि अभौ त्रिवेणी आयौ
जोस खळां दळि रोस जणायौ॥
देखे सैद समथ पथ दोई
सुणि सुणि अचरज थया सकोई ॥ ४ ॥

१—ईखे = देखकर।

२—दहमगा = नष्ट किया। अपणायौ = अधीन किया।

३— प्रवाड़ा = युद्धों के। धणी नवकोटां = मारवाड़ का राजा।

४—इण परि = इस तरह। सैद० = दोनों सैयद भाइयों ने इस समर्थ मार्गवाले महाराजकुमार को देखा। सकोई = सब।

दूहा

धरि उच्छव पाटण धणी, तूंवर बगसीरांम।
अधिपति परणावण अभौ, तुरत मतौ धरि तांम॥ ५॥
विवध उतारे वीनती, धारे निजर तुरंग।
लगन वॅदायौ तूंवरां, पायौ समै सुरंग॥ ६॥
बेटी बगसीरांम री, काम प्रिया अवतार।
राज रमणि वर प्रांमियौ, श्री महाराजकँवार॥ ७॥
परणीजे खाटू प्रथम, उच्छव सूं अभसाह।
विदा किया फिर तूंवरां, दाखे प्रीत अथाह॥ ८॥
तूंवर पाटण मेलिया, अभै करे अभसाह।
सांभरि सिर आयौ सगह, नरपति विरुद निवाह॥ ९॥
अब आयौ सांभर अभौ, जवन किया खग जेर।
सकबंधी वाजा सुणै, महाराजा अजमेर॥१०॥
कीरत राजकँवार री, प्रगटी प्रथी प्रमांण।
लीण थया कूरम लखे, खीण थया खुरसांण॥११॥

५—परणावण = व्याहने के लिये। मतौ धरि = विचार किया। तांम = तब।

६—विवध० = अनेक प्रकार से विनती करके मुकाम करवाया। लगन वॅदायौ = विवाह का दिन लिखकर दिया।

७—काम प्रिया अवतार = कामदेव की स्त्री (रति) का अवतार थी। प्रामियौ = पाया।

८—खाटू = ग्राम का नाम। पाटण का स्वामी तुंवर बगसीराम खाटू में अपनी कन्या को लेकर आया और वहीं विवाह हुआ। दाखे = दिखलाकर।

९—मेलिया = पहुँचा दिया। अभै = निर्भय करके। साभरि = नगर का नाम, जहाँ पर जोधपुर और जयपुर दोनो का अधिकार है।

१०—सकबंधी = सदा सग्राम करनेवाला।

११—लीण थया = लीन हुए, छिप गए। कूरम = कछवाहे।

छंद वेअक्खरी

सांभर पुर नौबत निहसंतां
वड सुख हिम रित सिमरि वहंतां।
अभौ दळे मेळियां अथाहां
सोभे मांण मळण पतसाहां ॥१२॥
म्हर लदांणे सिंघ सुरोतरि
कुळ सिणगार नरूके केहरि।
सुज तिण पुत्री परम सुसीळा
चित पतिवरत निवाहक चीला ॥१३॥
विध जुत कुरमराज विचारे
श्रीफळ कंचन रतन सिंगारे।
सुभ दिन लगन घड़ी ले सुंदर
वर मालियौ अभौ प्रथमी वर ॥१४॥
विप्र विमळ मिळि लगन वँदायौ
उच्छव उरि दुलह चै आयौ।
सोभ सरस वणि जांन सचाई
सुर नौबत वाजे सैहनाई ॥१५॥

१२—नीहसता=बजते। हिम रित=हेमंत ऋतु। सिमरि=स्मरण करके। वहता=चलते। मांण मळण=मान भंग करने को।

१३—सिंघ=केसरीसिंह नरूका वंश का क्षत्रिय। सुरोतरि=कल्पवृक्ष। चीला=मार्ग।

१४—श्रीफळ कंचन=सोने से मढ़ा हुआ नारियल। राजाओं की शादी का नारियल सुवर्ण से मँढ़ा हुआ दिया जाता है। वर मालियौ=वर को स्वीकृत किया।

१५—लगन वँदायौ=वैवाहिक दिन का लेखपत्र दिया। चै=के। जान=बरात। सुर=स्वर के साथ। सैहनाई=वाद्य-विशेष।

मन हरखे तन उच्छव मोटै
कियौ वणाव अभै नवकोटै।
सुरँग वसन सुंदर तन सोहै
वेखि रूप रति भूप विमोहै ॥१६॥
केसरि अतर गुलाव कपूरे
प्रगट सुगंध रही घट पूरे।
कड़ि सोहै तरवार कटारी
झलकि रहे मणि कुंदण झारी ॥१७॥
सुंदर पाघ मौड़ सिर सोहै
मुगति पंति लख जगत विमोहै।
वचन सहास हुलास विहारे
नयण हरख जुत भिरत निहारे ॥१८॥
असि आरुहियौ वंस उजागर
किरि रजनी प्रगटौ भासंकर।
सोभै दूलह रूप सचोपै
इम सव जान परम छवि ओपै ॥१९॥

१६—वणाव = तैयारी। वेखि = देखकर। रति भूप = कामदेव।

१७—घट = शरीर पर। कड़ि = कमर में। झलकि० = रत्न और सुवर्ण से मढ़ी हुई तलवार और कटारी चमक रही है।

१८—मुगति पंति = मोतियों की माला को। लख = देखकर। हुलास = आनद। भिरत = मिलने पर।

१९—असि = घोड़े पर। आरुहियौ = सवार हुआ। भासंकर = (भास्कर) सूर्य। सचोपै = विस्मय-रहित। सव = (सर्व) सब। ओपै = शोभा देती है।

आगम आवण हरख उमंडे
मांडहि कोड नरूकां मंडे।
छत्रपति हित मारग छुड़काया
विवधि राज मगि फूल बिछाया ॥२०॥
संधै दासि महल सुख सेवै
अगर धूप लोवान उखेवै।
चोक मुकत कस्तूरी चंदण
आरोपे वेदोकति अंगण ॥२१॥
प्राची सोध धरे दिव पंडित
अष्ट दिसा पढि मंत्र अखंडित।
कनक रतन तोरण सुभकारी
सुंदर चित्र पौलि सिणगारी ॥२२॥
सुभ छवि मांडह नयर सचेळौ
सुर वृति मिलण थयौ सांम्हेळौ।
... .
... . ॥२३॥

२०—आगम० = आने के समय। उमडे = उमड़ा, बढ़ा। माडहि = ब्याही जानेवाली कन्या के पिता का घर। कोड० = नरूकों ने मन में उत्साह किया।

२१—संधै = (सुगंधि) पानड़ी आदि की सुगध। उखेवै = अग्नि पर रखकर जलाते हैं। मुकत = (मुक्ता) मोती। आरोपे = खड़े किए। वेदो-कति = (वेदोक्ति) वैदिक विधि मे।

२२—प्राची सोधि = गणित-विद्या से पूर्व दिशा का शोध करके। दिव = (दिव्य) अच्छे।

२३—छवि = कांति, शोभा। माडह नयर = कन्या के पिता का नगर। सचेळौ = सचेत, वैभववालो। सुर वृति मिलण = देवव्रत अर्थात् गणेश-पूजा होकर। सांम्हेळौ = दोनों संबंधियों का सम्मुख आकर मिलना, स्वागत हुआ।

छप्पय

मिळ कूरम सांमुहे पेख सुख लहे अपंपर
पधरायौ तोरण सप्रेख द्रुति जेम दिनंकर।
ओप दीप आरती रूप देखे रायपुत्रिय
जिसौ रांम पुर जनक दरसि अभिरांम अद्वितिय।
विळकुळे राजरमणी वदन निरखे रूप नरयंद रौ
जांणे विकास प्रांमे जळज देखि प्रकास दुडिंद रौ ॥२४॥
श्रुति वायक सुभ मंत्र तवे फल दायक तोरण
पधरायी परणवा अभौ आयौ राय अंगण।
नइरत मारुत निरखि कूंण ईसान अगन कसि
वंस हरित जुत वेह दीप रस नेह असट दिस।

२४—पेख=(प्रेक्ष्य) देखकर। लहे=पाया। अपंपर=अपार। पधरायौ=प्रवेश कराया। सप्रेख=(संप्रेक्ष्य) देखकर। दिनंकर=सूर्य। ओप०=सात बत्तियोंवाली आरती की शोभा। रायपुत्रिय=राजपुत्री। राम०=जैसा जनक राजा के पुर में राम को देखा था वैसा। अभिराम=सुंदर। बिळकुळे=प्रफुल्लित हुआ। राजरमणी=रानियों का मुख। नरय्ंद रौ=(नरेंद्र) राजा का। विकास प्रांमे=प्रफुल्लित हो। जलज=कमल। दुडिंद रौ=(दिनेंद्र) सूर्य का।

२५—श्रुति०=वेदवाक्य। तवे=कहे गए, पढ़े गए। पधरायी=प्रवेश कराकर। परणवा=पाणिग्रहण किया। नइरत=(नैऋर्त्य) दक्षिण और पश्चिम के मध्य की दिशा। कूंण ईसान=ईशान कोण (पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा) में। अगन=(अग्नि) होम की वेदी से। वेह=हरे बाँसों के बीच में उपर्युपरि स्थापित, कलश। दीप०=आठों दिशाओं में स्नेह-पूर्ण दीपक रखे गए। इंद०=इंद्र दिशा

वरणि जोड़ इंद सनमुख वदन दीप धरम भुज दाहिणै
जळ भूप प्रिट धारे जुगळ वामै धू अविचल वणै ॥२५॥

ऊंच लगन ग्रह उच्च वेर अव विघन निवारण
प्रंसन विसन विधि प्रसन गवरि वर इंद्र ईस गण ।
धंरम वरण धनपती सकति मन प्रसन सहायक
सेव पाइ सुभ मंत्र देव सगळा फळ दायक ।
जुग पांणिग्रहण हुइ वार जिण सोम महूरत सक्कवै
दुलही सजोड़ लीधा दुलह च्यारूं फेरा चक्कवै ॥२६॥

दुहा

पुत्रवती सोहागवति, पतिवरता पिण सोय ।
श्रीरांणी चूड़ौ सथिर, वाणी भणै सकोय ॥२७॥

अर्थात् पूर्व दिशा के सम्मुख मुख करके। दीप धरम = धर्म का दीपक (महाराजकुमार अभयसिंह)। भुज दाहिणै = दाहिनी तरफ बैठे। जळ० = राजा की पीठ मे दो जल के कलश रखे गए। धू० = दुलहिन वाम अग में बैठाई गई।

२६—वेर = समय। प्रसन = प्रसन्न। विसन = विष्णु। विधि = ब्रह्मा। गवरि वर = महादेव। ईसगण = महादेव के गण। धरम = धर्मराज। वरण = वरुण। धनपती = कुवेर। सकति = (शक्ति) पार्वती। जुग० = वर-वधू दोनों के हाथ जोड़े गए, अर्थात् हथलेवा जुड़ा। वर का दाहिना हाथ और वधू का वाम हस्त जोड़े गए। सोम महूरत = सौम्य मुहूर्त में। सक्कवै = (शक्रपति) समर्थ राजा का। च्यारूं फेरा = अग्नि को चार परिक्रमाएँ दी गई। चक्कवै = (चक्रवर्तीपति) चक्रवर्ती राजा ने। अथवा भामरी।

२७—सोहागवति = सौभाग्यवती। सोय = वह। चूड़ौ सथिर = विवाह के समय हाथीदांत का चूड़ा पहनाया जाता है, जो सौभाग्य का मुख्य चिह्न है वह स्थिर रहे। सकोय = सब।

खट काष्टें निरदूख खित, आहुत घिरत कपूर।
दिव पंडित वेदी सद्रढ, सोभत अगनि सनूर ॥२८॥
संसकार श्रुतिवाण सुणि, कूरम के सक्कार।
परणावै पधरावियौ, महले राजकँवार ॥२९॥
दीपै मजलस निस दिवस, हित चित नित मनुहार।
विंद अभौ वूठौ विभै, इंद तणै आचार ॥३०॥
आस धरे आसामुखी, जेता आया ज्याग।
अभरी हुइ वळिया इता, भांणूं दुणै भाग ॥३१॥
वाजा चौसर वाजिया, जस प्रगटे जैकार।
दीन्हौ कूरम्मां दुओ, अभौ हुवौ असवार ॥३२॥
परणीजे पाधारियौ, सांभर अजन सुजाव।
जस सांभळि खीजै जवन, रीझै मुरधर राव ॥३३॥

इति श्री राजराजेश्वर महाराजा श्री अभैसिंहजी कँवर पणै परणिया सो विगत कहो पञ्चत्रिंश प्रकास ॥३५॥

२८—खट काष्टें = छः प्रकार की समिधियाँ। निरदूख = निर्दूषण। खित = पृथ्वी। दिव = दिव्य। वेदी = होम करने का स्थंडिल। सनूर = प्रकाशमान।

२९—संसकार० = इस प्रकार विवाह-संस्कार हुआ। श्रुतिवाण = वेद की वाणी सुनी। कूरम के सक्कार = कछवाहे राजा का सत्कार पाया। परणावै = पाणि-ग्रहण कराकर।

३० विंद = दुलहा। वूठौ विभै = वैभव की वर्षा की अर्थात् बहुत द्रव्य दिया (चारण भाटों आदि को)। इद तणै आचार = इन्द्र की तरह।

३१—आस = आशा। आसामुखी = उम्मेदवार। जेता = जितने। ज्याग = विवाह-रूप यज्ञ में। अभरी० = तृप्त होकर पीछे लौटे। भांणूं० = सूर्य से भी द्विगुण भाग्यवाला राजा था।

३२—चौसर = चारों तरफ। जैकार = जयकार, जय जय ध्वनि। दुओ = आशा।

३३—पाधारियौ = आया। अजन सुजाव = अजीतसिंह का पुत्र। खीजै = क्रुद्ध हुए। रीझै = प्रसन्न हुआ। मुरधर राव = मारवाड़ का राजा।

दुहा

यौं वेळां वाधै अभौ, दळ भेळां दरियाव।
ऊखेळां रीझै अजौ, मेळां मारू राव ॥ १ ॥
वीती ग्रीखम एण विध, सिर लग्गै वरसात।
सरस वरस गुणियासियौ, सोहै संझ प्रभात ॥ २ ॥
अपणाई सांभरि अभै, अजन वणै अजमेर।
उर झंखाणा आसुरां, जांण दवांणा मेर ॥ ३ ॥
चिंता चगथां नाथ नूं, मिटतां साथ गुमांन।
वात करण कीधौ विदा, चेलौ नाहरखान ॥ ४ ॥
खितपति आ सुणतां खबरि, अजन हुवौ असवार।
सांभरि आयौ सूरहर, ईखण नूर कुँवार ॥ ५ ॥
लागौ दळ साजा लियां, पूत पिता चै पाय।
कासिप सूं मिळियौ ति किरि, सूरज तेज सवाय ॥ ६ ॥

१—यों = इस तरह। वेळां दरियाव = समुद्र की लहरों के समान बढ़ा। ऊखेळा = युद्धों से। मेळा = त्यौहारों के मेलों से।

२—वीती = व्यतीत हुई। सरस = अच्छा। संझ = संध्या।

३—अपणाई = अपने अधीन की। उर = हृदय में। झंखाणा = लज्जित हुए। जाण० = मानों मेरु पर्वत से दब गए।

४—चगथा नाथ नूं = मुसलमानों के स्वामी (बादशाह) को। चेलौ = बादशाह का दासीपुत्र।

५—खितपति = पृथ्वीपति। सूरहर = महाराजा सूरसिंहजी का वंशज। ईखण = देखने को। नूर = तेज, प्रताप। कुँवार = महाराजकुमार का।

६—दळ साजा = अच्छी सेना लिए। कासिप सूं० = मानों सूर्य कश्यप से मिला।

अति उच्छ्रव कीधौ अजन, निरखे सुतन सनीम।
गजन जिही सूतां सगह, सरब सपूतां सीम ॥ ७ ॥
कुळ देवां जात्रा करण, मात दरस्सण कज्जि।
अरज हुई अजमाल सूं, मानीं भूप समज्जि ॥ ८ ॥
रित सारिद वारिद रहित, आगम अघहण मास।
अजन विदा कीधौ अभौ, निरखण ग्रेह निवास ॥ ९ ॥
अभौ अजैगढ आवियौ, मात मिले उर लाय।
महारांणी चहुवांण रै, रांणी लागी पाय ॥१०॥
मात वधायौ मोतिये, पायौ हरख अपार।
करगि सवायौ वंस करि, आयौ कुसळ कुँवार ॥११॥

छप्पय

आयौ ग्रह अभसाह अटकि फौजां उजबंकी
अवधि जेम आवियौ रांम परणे जानंकी।
गांजि फरसि असपती भांजि धानंख मुदप्फर
मखवाळा मंडळी करे सगळा राजिंदर।

७—सनीम = नियम-सहित। गजन जिही = गजसिंहजी के जैसा। सूतां = पुत्रों में।

८—मात = माता का। समज्जि = समझकर।

९—रित सारिद = शरद् ऋतु। वारिद = मेघ, बादल। अघहण = मार्गशीर्ष। ग्रेह = (गेह) घर का। निवास = स्थान।

१०—अजैगढ़ = अजमेर। पाय = पैरों में।

११—करगि = हाथ से।

१२—ग्रह = (गृह) घर में आया। अटकि = रोककर। उजबंकी = उद्धत। अवधि = अयोध्या में। परणे = ब्याहकर। गांजि०—बादशाह-रूपी परशुराम को हराकर और मुदप्फर-रूपी धनुष को तोड़कर। मखवाळा

राजा अजीत दसरत्थ ज्यौं सुत सजीत परखे सही
वारणा लिए अभसाह रा जणणी कौसल्या जिही ॥१२॥

दुहा

कुळ देवां पूजा करे, उवरि धरे वड आस।
विवध करै रमणी वरे, निज मंदिरे विलास ॥१३॥
इळ सांभरि राजे अजौ, धूजै धाक जिहांन।
साह पठायौ मेल्हूं, आयौ नाहरखान ॥१४॥
पाय लगौ भूपाळ रै, आय लगौ फिर कांन।
अरज करी नृप आसँगै, नृप सूं नाहरखान ॥१५॥
आसंगो अविचार रौ, सबळां धारै सोय।
मौत अखूटी सो मरै, करै न रख्या कोय ॥१६॥

गाथा

राज्येंद्रो जोग्येंद्रो, संगो सांमरथ नेह एकंगो।
लेखै सेव सुहित्तं, आसंगौ नइव लेखंती ॥१७॥

मंडळी=अपनी मंडली है वहीं वश करनेवाले हैं। राजिंद्र=राजेंद्र। वारणा लिए=बलैया ली। जणणी=माता।

१३—उवरि=मन में। विवध०=स्त्री को व्याहकर अपने घर में नाना प्रकार के भोग-विलास किए।

१४—राजै=शोभा देता है। धाक=रोब से।

१५—कान लगौ=कानाफूसी करने लगा। नृप आसँगै=साधारण राजा समझकर।

१६—आसंगो=समीप में रहने से स्वामी को साधारण समझना। सबळा०=जो सबल पुरुषों का विचार न रखकर साधारण समझ लेता है, वह आयु के न खूटने पर भी मौत से मर जाता है। कोय=कोई भी।

१७—राजेंद्रो=राजेंद्र। जोग्येंद्रो=जोगेंद्र। संगो०=इनकी सामर्थ्य बराबर है। नेह एकंगो=इनका स्नेह एक सा होता है। आसंगौ०=ये आसंगा को कभी सहन नहीं करते।

दुहा

नाहरखान गुमान सूं, साहां जोम सुणाय।
अरज करे डेरां गयौ, सूतौ काळ ज़गाय ॥१८॥
आग्या पाय अजीत री, लग्गा सूर धियागि।
सिरि डेरां दळ सल्लळे, जळे प्रलै किरि आगि ॥१६॥
वग्गी हाक बहादरां, वीछड़ि पड़ै विसाल।
नाराजां ऊवाणियां, खुरसाणियां कपाळ ॥२०॥
कोप अजै भूपाळ रै, जांणि प्रलै री ज्वाळ।
च्यार सहँस पळ च्यारि में, चूरे चामरियाळ ॥२१॥
खेड़धणी सिरि खीजियां, हुई मुगलां हेल।
ज्यों गज वारि विहारतां, वीचै वारिज वेल ॥२२॥
सांभरि थाहर साझियौ, खागे नाहरखांन।
विण वाहर वीचे गयौ, जाहर थयौ जिहांन ॥२३॥
पोस मास मुरधर पती, दोस लखै दुरवेस।
जोस जवन्नां भंजियौ, निग्रहि रोस नरेस ॥२४॥

इति श्री महाराज अजीतसिंह जी नाहरखान मुगल नूं सांभर में मारियौ सो विगत षट्त्रिंश प्रकास ॥३६॥

१८—जोम = जोश, बल। काळ = मौत को।

१९—धियागि = क्रोध से जलने लगे। सिरि डेरां = डेरों पर। सल्लळे = चले। जळे० = मानों प्रलय की अग्नि जलने लगी।

२०—वग्गी = बजी। वीछड़ि पड़ै = अलग अलग हो गए। नाराजा० = बाणों के चलाने से मुसलमानों के कपाल टूटने लगे।

२१—प्रलै री = प्रलय की। चामरियाळ = मुसलमान।

२२—खेड़धणी = राठोड़। सिरि = मस्तक पर। हेल = अनादर। गज० = जैसे हाथी जल में क्रीड़ा करते कमल की वेल को नष्ट कर देता है।

२३—सांभरि थाहर = सांभर-रूपी थाहर (सिंह की गुफा) में। साझियौ = मार लिया। खागे = तलवार से। विण वाहर = पीछा किये बिना। वीचे गयौ = मारा गया।

२४—दोस लखै = नाराजगी देखी। दुरवेस = मुसलमानों की। निग्रहि० = राजा ने क्रोध से दंड देकर, हराकर।

दुहा

यों सांभरि साहां अजन, कांण न रक्खै काय।
बेटौ चूड़ामणि तणौ, आयौ सरणि चलाय ॥ १ ॥
हिंदू लागै पागड़ै, असुरां पड़ै दहल्ल।
हेवै पण नाकी हरण, ऐबाकी अजमल्ल ॥ २ ॥

छप्पय

सुणी वात सुविहांण पूछ खुरसांण अप्रबळ
दरद जीव मो दहै करद जिम सहै विना कळ।
असपत्ती ऊचरै वेध छत्री विसरावो
छंडि द्वेष महि छोड भेख ग्रहि मक्कै जावो।
अजमेर गयौ जाहर इळा, विण वाहर नाहर गयौ
गह मूझ गयौ संभरि गयां, ग्रेह किसूं जो नह गयौ ॥ ३ ॥
जिसौ लाय जाळियौ, फजर मिल जाय फकीरां
साह दहण सेकियौ, इसौ पेखियौ अमीरां।

१—काण = लिहाज। काय = किसी का। चूड़ामणि तणौ = भरतपुर के राजा चूडामणि का।

२—पागड़ै लागै = पैरों पड़ गए। दहल्ल = भय। हेवै पण = अब भी। नाकी हरण = नाक लेनेवाला। ऐबाकी = जबर्दस्त।

३—सुविहांण = प्रातःकाल में। पूछ० = महाबली मुसलमानों से पूछता है। दरद० = यह पीड़ा मेरे जीव को जलाती है। करद० = जैसे कर देनेवाला चैन के बिना पीड़ा को सहन करता है वैसे मैं पीड़ा को सहन करता हूँ। वेध = विरोध को। विसरावो = भुला दो, मिटा दो। महि = पृथ्वी को। भेख ग्रहि = फकीर होकर। विण वाहर = पीछा किए बिना। नाहर = नाहरखान। गयौ = मर गया। गह = गर्व। मूझ = मेरा। ग्रेह = घर। किसूं = कौनसा।

४—जिसौ० = जैसा प्रातःकाल के समय फकीर मिलकर अग्नि जलाते हैं। साह० = वैसे बादशाह को अग्नि ने सेंक डाला है अर्थात् बादशाह का

मुर नवाब दर मज्झि, जाव बोलिया अतारा
कळा प्राण काबली, जांणि सजळा अंगारा।
पतिसाह पान करि अप्पियौ, करि वंगस हैदरकुली
खग प्रबल इरादिति बंद खां किया विदा पति कावली ॥ ४ ॥

दुहा

कूरमनाथ नवाब कै, साथ हुवौ जैसाह।
बावीसी बेली दिया, विदा किया पतिसाह ॥ ५ ॥
है गै दळ हळवळ हुए, दिल्ली चै दरबार।
सदी नकीबां बूवडी, लदी कतारां भार ॥ ६ ॥

छप्पय

हुई हळवळ हैमरां वणी सिंधुरां सवाहां
दसतांनां बगतरां अंग आसुरां दुवाहां।
सरळी वाण नकीब करै किरळी श्रम कायक
चड़ौ मीर चड़ चोट खड़ौ अजमेर सहायक।

भुरता कर दिया है। पेखियौ=देखा। मुर=तीन। दर मज्झि=दरगाह में। अतारा=उस समय। कळा प्राण=युद्ध के प्राण-रूप। जांणि० =मानों भभकते हुए अंगारे। करि=हाथ में। अप्पियौ=दिया। करि वंगस=वंगस जाति के मुसलमानों में हाथी रूप। कावली=काबुल का रहनेवाला।

५—कूरमनाथ=कछवाहों का मालिक। जैसाह=जयसिंह। बावीसी=बाईस सूबों की सेना। बेली=सिपाही।

६—है=घोड़े। गै=हाथी। सदी=(शब्द) आवाज। नकीबां=चोबदारों की। बूवडी=जोर से हुई।

७—हैमरां=घोड़ों की। सिंधुरां=हाथियों की। सवाहां=बलवान्। दुवाहा=वीरों के। सरळी=सरल, सीधी। करै किरळी=चिल्लाकर, जोर से। श्रम कायक=किसी को शर्म (लज्जा) हो तो। चड़ौ=चढ़ाई करो। चड़ चोट=लड़ाई के लिये चढ़कर। खड़ौ=घोड़ों को चलाओ।

चुँगलाळ प्रवल भड चंचळां लाख उभै चढि चल्लिया
मिटि जांणि लीक सातों महण हेक समुच्चै हल्लिया ॥ ७ ॥

दुहा

वावीसी जैसाह ले, चले नबाब सिताब।
सुणिया राव मँडोवरै, जोधा हरै जबाब ॥ ८ ॥
सुणे जवन दळ सांमुहो. अजन थयौ असवार।
कोस असट डेरा किया, प्रगट त्रिवेणी पार ॥ ९ ॥
इण दिस गौ सांम्हौ अजौ, छिले मुरद्धर छात।
उण दिस दळ आया असुर, किर वद्दल वरसात ॥१०॥
यौं दाखै राजा अजौ, पण बंधे भूपाळ।
हूर वरां उम्मीरजां भूं(चू)र करे चुँगलाळ ॥११॥

छप्पय

दहू दळे ऊधरा वेध निज घरां सवाया
जोस अखंडा जुडण दहूं झंडा दरसाया।

चुँगलाळ = मुसलमान। चंचळा = घोड़ों पर चढ़कर। लाख उभै = दो लाख। लीक = मर्यादा। सातों महण = सातों समुद्रों की। हेक समुच्चै = एक साथ। हल्लिया = चले।

८—वावीसी = वाईस सूबों की सेना। सिताब = जल्दी। मँडोवरै = मँडोवर के मालिक ने। जोधा हरै = राव जोधा के वंशज।

९—सुणे = सुनकर। सांमुहो = सामने, मुकाबले में। त्रिवेणी पार = प्रयाग के परली तरफ।

१०—इण दिस = इस तरफ। गौ = गया। छिले = जोश में आकर। मुरद्धर छात = मारवाड़ का राजा। उण दिस = उधर।

११—दाखै = कहता है। पण बंधे = प्रतिज्ञा करके। हूर = अप्सरा। उम्मीरजा = अमीर। चुँगलाळ = मुसलमान।

१२—दुहूँ दळे = दोनों सेनाओं में। ऊधरा = उच्च कोटि के। वेध = विरोध। जुडण = लड़ने को। दहूं = दोनों। खेम = खीमसी भंडारी।

खेम आद मंत्रियां आद माहव कमधज्जां
महाराजा तेड़िया काज पूछवा सकज्जां।
मद मोद मुदै आठै मिसल पण नव कोट परक्खियौ
अरि चूर करौ रवि चै उदै दुऐ सूर इम दक्खियौ ॥१२॥
एम तांम उच्चरै सुमत पूरण गण सायर
मौड़ खेम मंत्रियां जोड़ प्रोहत रैणायर।
चाळ वंद चक्कवे परत न लड़ै पडवेसां
धर लूटै चौफेर दाय(प) जूटै दुरवेसां।
रांणै प्रताप राव मालदे सत्र जीतां चाळां सटै॥
पण वांध विखै भांजो पिसण विखा वडप्पण नह घटै॥१३॥
महाराजा जसराज साह देखे रीसायौ
ओरँग सूँ धर अकस विखौ आधंतर लायौ।

माहव=माधोसिंह आदि राठोड़। तेड़िया=बुलाया। सकज्जा=समर्थ। मद०=घमंड और हर्ष के साथ। मुदै आठै मिसल=आठों मिसलों में मुख्य। पण=प्रतिज्ञा। रवि चै उदै=सूर्योदय होते ही। दुऐ सूर=दोनों शूरवीरों ने। दक्खियौ=कहा।

१३—सुमत पूरण=सुबुद्धि से पूर्ण। गण सायर=गुणों के समुद्र। मौड़ खेम मंत्रियां=मंत्रियों का मुकुट खीमसी भँडारी। जोड़०=राजा का पुरोहित उसके सदृश। चाळ वंद=कमर बाँधकर। चक्कवै=हे चक्रवर्ती राजा! परत=बिलकुल। पडवेसां=मुसलमान नहीं लड़ेंगे। दाय=(दर्प) गर्व। जूटै=बढ़ता है। दुरवेसां=मुसलमानों का। सत्र=शत्रुओं को। चाळा सटै=युद्ध से। पण०=विखा की प्रतिज्ञा करो। भांजो पिसण=शत्रुओं को मारो। विखा०=विखा करने से वड़प्पन नहीं घटता।

१४—जसराज=जसवतसिंहजी को। रीसायौ=क्रुद्ध हुआ। अकस=ईर्ष्या। विखौ=घर छोड़कर वन-पर्वतों में रहना, विपत्ति का समय। आधंतर लायौ=आधा समय विखा में निकाला।

ईख दळां ऊधरां नरां हैमरां सगाहां
खुरासांण कंपियौ पांण छूटौ पतसाहां।
आपरा भडां अवरंग सूं काल्ह जिकूं दीठौ कियौ
वड छात हूँत मंत्री वडां इसी वात मत अप्पियौ ॥१४॥

दुहा

विखौ कियौ राव मालदे, राजा श्री जसराज।
आप विखौ कर आज लग, असुरां किया अकाज ॥१५॥
भौमीचारौ मांडियौ, वारौ वदै जिहांन।
जस हूंता न करै जुदा, दई सदा परधांन ॥१६॥

छप्पय

अरज मांन अजमाल स्वाल सुण कान सबंधां
धरौ विखौ ऊधरौ करौ जिन ढील कमंधां।
कियौ हुकम सो कोप ओप असुरांण मिटायौ
धर लूंटौ चौफेर सूर अजमेर सभायौ।

ईख=देखकर। दळा=सेना को। ऊधरा=उच्च श्रेणी के। हैमरां=घोड़ों को। सगाहां=दृढ़। खुरासांण=बादशाह। पांण=(प्राण) बल, सामर्थ्य। काल्ह=कल, थोड़े दिनों पहले। जिकूं=जो। दीठौ=देखा। छात=राजा से। वात०=सलाह दी।

१५—अकाज=खराबी।

१६—भौमीचारौ मांडियौ=जमीन में दौड़ते फिरे। वारौ०=जिसको सब संसार अच्छा कहता है। जस हूंता=यश से। दई=दैव।

१७—स्वाल=(सवाल) वचन, जवाब। कान सबंधां=कानों में धारण किया। ऊधरौ=उच्च कक्षा का। जिन=मत। कमंधा=हे राठोड़ो! ओप=प्रकाश, शोभा। पण बाध=प्रतिज्ञा करके। नेम=नियम।

पण वांध एम कमँधां पती विखै नेम विसनारियौ
अरि जेम करण पण ऊधरै पह अजमेर पधारियौ ॥१७॥
हुवौ सोच आसुरां हुवौ मद मोच दिलेसर
हुवा देस भैचक्क हुवा अवनेस भयंकर।
हावे हुए जिहांन हुए सामांन दुरंगां
सादर गढ साहवा हुवौ आदर अणभंगां।
जम रूप हुवौ मारण जवन धार अजन पण छातधर
अमरेस अजैगढ आदरे हुवौ मुदै जगरांम हर ॥१८॥

छंद वेअक्खरी

अमरै आद वडा भड़ एता
जुध आदर चढिया जुग जेता।
राजड़ प्रगड़ जोध दो राहां
सूजाहर मालम पतिसाहां ॥१९॥

अरि=शत्रु। जेम=जिस तरह। पण=प्रतिज्ञा। ऊधरै=उच्च कोटि का। पह=(प्रभु) मालिक।

१८—आसुरा=मुसलमानों को। मद मोच=गर्व का त्याग। दिलेसर=(दिल्लीश्वर) बादशाह का। भैचक्क=भयभीत। अवनेस=(अवनीश) राजा लोग। हावे हुए=अब क्या होगा? ऐसा विचार हुआ। दुरंगां=किलों में। साहवा=सजने के लिये। अणभंगा=अखंड, निरंतर। मारण जवन=मुसलमानों को मारने के लिये। धार=धारण करके। अमरेस०=जगरामसिंह के वंशज अमरसिंह ने अजमेर में रहना आदर लिया और वहाँ प्रधान हुआ।

१९—अमरै आद०=अमरसिंह आदि। एता=इतने। जुग जेता=जुग को जीतनेवाले। राजड़=राजसिंह। प्रगड़=प्रयागदास। जोध=जोधा राठोड़। सूजाहर=सूजा के वंशज।

जोधे बलदेवो जैत्राई
सुत नाहर अजमाल सवाई।
वाघ दळां चांपौ खगवाहौ
दांन तणौ जगनाथ दुवाहौ ॥२०॥
धरियौ भूप सुतन ध्रूधारण
कूंपावत हरभांण सकारण ॥
मेड़तियौ रांमौ दळ मांहे
सुतन कल्यांण भार जुध साहे ॥२१॥
जोड़ अरोड़ वळे भीमाजळ
सुत रुघनाथ पाथ जिम सब्बळ।
ईसरौत रांमौ अतुळीबळ
करवा गढां विजावत कंदल ॥२२॥
चांदे ईसरदास सचाळौ
बिसन सुजाव गढां रखवाळौ।
चाड धणी तेजल चहुवांणे
वाधै चंद तणौ वीरांणे ॥२३॥

२०—जोधे = जोधा राठोड़। जैत्राई = जीतनेवाला। चापौ = चापावत। खगवाहौ = तलवार चलानेवाला। दुवाहो = वीर।

२१—धरियौ = रखा। भूप सुतन = भोपालसिंह का बेटा। ध्रूधारण = ध्रुव को धारण करनेवाला। सकारण = काम करनेवाला। भार जुध साहे = युद्ध का भार उठानेवाला।

२२—अरोड़ = नहीं रुकनेवाला। वळे = फिर। भीमाजळ = भीमसिंह। पाथ जिम = अर्जुन के जैसा। ईसरौत = ईसरौत मेड़तिया। अतुळीबळ = अतुल्य बलवाला। विजावत = विजयसिंह का पुत्र। कदल = युद्ध, नाश।

२३—चादे = चादावत मेड़तिया। सचाळौ = युद्ध करनेवाला। सुजाव = पुत्र। चाड धणी = मालिक की सहायता के लिये। वीराणे = युद्ध।

जैत सुजाव पखां चाडण जळ
भाटी उदियाभांण भुजागळ।
भुजलग हथ विजपाल भँडारी
मुहणौते सांगौ मिणधारी ॥२४॥
मांन दळे कायत्थ मुदाई
सांदू भड़ धोरियौ सवाई ॥

दुहा

पतां आद अभंग भड़, चढ गढ वंधी चाळ।
जग राखण दोळा जितां, पाळ जिही भूपाळ ॥२५॥
असियै आवण आवियौ, दळ आया दुरवेस।
दोळा दढ नवकोट दळ, ऊपर गढ अमरेस ॥२६॥
घण थट्टां गढ घेरियां, वणि रिण ऊग विहांण।
निस जाए चख जग्गणै, दिन पायै वमसांण ॥२७॥

२४—पखां चाडण जळ=अपने पक्षवालों का वल वढ़ानेवाला। भुजागळ=भुजागल के समान रोकनेवाला। भुजळग=तलवार। हथ=हाथ। मिणधारी=मुख्य। मान=मानो कायस्थ। मुदाई=मुख्य। सादू=सादू चारण।

२५—एतां आद=इत्यादि। वंधी चाळ=कमर वाँधी। दोळा=इर्द-गिर्द। जिता=जितने। पाळ०=जिनकी सेतु राजा अजीतसिंह है।

२६—असियै=सवत् १७८० में। दुरवेस=मुसलमानों का। दोळा=चारों तरफ। ऊपर गढ०=किले पर अमरसिंह था।

२७—घण थट्टां=वहुत वड़े समुदाय से। ऊग विहांण=सूर्योदय होते ही। निस०=रात्रि तो नेत्रों से जागते जाती है। दिन०=और दिन युद्ध करते जाता है।

तारागढ छायौ रहै, सोर तणै नीसार।
आबू जांणक ओपियौ, वाणक बद्दळ धार ॥२८॥
यों परखे रीझै अजौ, दिन छीजै खुरसांण।
निसचै गढ लीजै नही, सुणि खीजै सुरतांण ॥२९॥
असुर न जीता अजन सूं, वीता च्यारूं मास।
अमर लड़ै गढ ऊपरा, रिम दळ पड़ै निरास ॥३०॥

छप्पय

आद नवाबां असुर समर कंपिया सिपाई
कळा हीण कूरम्म थयौ जैसिंघ सवाई।
दिल्ली चै दरबार मीर मसलति ऊचारै
करि सलाह सुख करै दुंद पतिसाह निवारै।
सुविहांण अमीरां बोध सुण निपट क्रोध छंडी निजर
श्रब तोल बोल पंजै सहत कौल पठाया हेत कर ॥३१॥

२८—तारागढ = अजमेर के किले का नाम है। छायौ रहै = ढका रहता है। नीसार = निकलते। आबू० = मानों आबू पर्वत शोभा देता है। वाणक = स्वरूप।

२९—परखे = देखकर। छीजै = क्षीण होता है। खुरसांण = मुसलमान। खीजै = क्रुद्ध हुआ।

३०—वीता = व्यतीत हुए। रिम = शत्रु।

३१—असुर = मुसलमान। कला हीण = क्षीण। कूरम्म = कछवाहा। मसलति = सलाह। दुंद = युद्ध। सुविहांण = प्रातःकाल में। अमीरां बोध = अमीरों की सलाह। निपट = अत्यंत। छंडी = छोड़ी। श्रब = सर्व। बोल तोल = वचन कचन। पंजा = बादशाह के हाथ का चिह्न। सहत = सहित। हेत कर = प्रीति करके।

दुहा

आया पासि अजीत रै, साह तणां फरमांण।
पह जोधां प्रासन्न मन, दीयौ वीच कुरांण ॥३२॥
वंद इरादित वोल मैं, हैदुरकुली नवाव।
संधी प्रीत अजीत सूं, वंधी नीत सिताव ॥३३॥
पति होसी ऊथल पथल, सुण गुण भणै सकोय।
अनि राई तन उव्वरै, कमँधां जिसौ न कोय ॥३४॥

छप्पय

हो रांणां रज्जियां राव रावळां नरिंदां
सीसोदां कूरमां जोड़ चहुवांणां जद्दां।
आदि वैर कर याद कोइ सांभरि घरि लट्टौ
कोइ साह संघरौ, कोय अजमेर पलट्टौ।
मांडियै मेर सिरिखे मतै हुवै फतै दुरमत्ति सूं
डू(रू)धिजे वेध मोटां पहां अजन जेम असपत्ति सूं ॥३५॥

३२—पह जोधा=जोधा राठोड़ों के मालिक ने। प्रासन्न मन=प्रसन्न-चित्त होकर।

३३—वंद=नमस्कार करके। संधी प्रीत=प्रीति कर ली। नीत=नीति। सिताव=जल्दी।

३४—पति=मालिक, वादशाह। ऊथल पथल=परिवर्तित, उलटा सीधा। सकोय=सव। अनि=दूसरे। राई तन=राजपुत्र (राजपूत)। कोय=कोई भी।

३५—हो रांणां०=क्या कोई राणा, राजा राव रावल नरेंद्र सीसोदियों, कछवाहो, चौहानों और यादवों में था जिसने शुरू से वैर करके सांभर को लाटा हो। कोइ⋯कोय०=किसी ने वादशाह का संहार किया हो। मांडियै०=मेरु पर्वत के समान निश्चय करके वादशाह से विजय पाई। रूधिजे=छोड़ देना चाहिए। वेध=विरोध। मोटां पहां—वड़े मालिकों से।

दूहा

कीरत अजन कमंध री, अति विसतरी अवन्नि।
कवि भणतां अटकै न को, सुणतां राय रतन्नि ॥३६॥
यों नवाब मुख उच्चरै, जवन थया अब जेर।
प्रीत न खंडौ खूंद सूं, अज छंडौ अजमेर ॥३७॥
कर मन भायौ आप रौ, पायौ कोल नरेस।
गढ हूंता छायौ गुमर, तेड़ायौ अमरेस ॥३८॥
आयौ गढ हूंता अमर, सत्र हर करे सिंघार।
सात हजार समेटिया, घायल आठ हजार ॥३९॥
महाराजा अजमाल नूं, दे दे वीच कुरांण।
दाखै मुख आवौ दिली, साह लिखै फुरमांण ॥४०॥

इति श्री महाराजाजी अजीतसिंहजी अजमेर अपणाय
पातिसाह जेरि कीयौ वडी फतै पाई सो विगत
सप्तत्रिंश प्रकास ॥३७॥

३६—अवन्नि=पृथ्वी में। भणतां=कहते। को=कोई भी। रतन्नि=रत्न।

३७—थया=हुए। अब=सब। जेर=अधीन। खडौ=तोड़ो। खूंद सूं=बादशाह से। अज=हे अजीतसिंह।

३८—मन भायौ=मनचाहा। छायौ=बढ़ा। गुमर=गर्व। तेड़ायौ अमरेस=अमरसिंह को बुला लिया।

३९—सत्र हर=शत्रुओं का। सिंघार=संहार। समेटिया=मारे।
४०—दाखै=कहते हैं।

दुहा

अजन मिलण असपत्ति सूं, मतियो मारू राव।
सरै गरज अभसाह सूं, अरज करै उमराव ॥ १ ॥

वार्ता

श्री महाराजा अजमाल पातिसाहूं के नाटसाल,
रावळै प्रताप की जोत जागी।
अजमेर पीरों की म्रजाद भागी,
मकै तैं सवाय ख्वाजै के थांन वे पूजे दाह लागी।
ईरान तूरान यह तौवत ज्वाळसी ताती,
सो तो वसि रही पतिसाह की छाती।
श्री महाराज तखत पधारै,
पतिसाह सूं मिलणो श्री (कं)वर कौ विचारै।
श्री राजकँवार अवतार धरि आयौ,
आपणौ प्रताप जिण जगत कूं दिखायौ।
प्रवाड़ै अगंजी राज-कँवार,
पातिसाहां अभैसाह जैत जूआर।
जनम सूं विचारौ प्रतापीक वारौ,
तखत पधारौ चिंता निवारौ ॥

१—असपत्ति सूं = बादशाह से। मतियो = विचार किया। मारू राव = मारवाड़ देश का राजा। सरै गरज = काम निकल सकता है।

वार्ता—नाटसाल = हृदय का शूल। रावळै = महाराजा के। जोत जागी = ज्योति बढ़ी। म्रजाद = मर्यादा। ख्वाजै के = अजमेर में ख्वाजा पीर प्रसिद्ध हैं। वे पूजै = न पूजे जाने से। तौवत = अपमान। ज्वाल-सी ताती = अग्नि-ज्वाला के समान गरम। कंवर को = महाराजकुमार का। प्रवाड़ै अगजी = युद्धों में न हारनेवाले। जैत जूआर = जय का पाशा चलानेवाला। प्रतापीक = प्रतापवाला। वारौ = समय।

दुहा

उमरावां दाखी अरज, कुसळि करण रज काज।
जगत अछांनी जांणणै, सो मांनी महाराज ॥ २ ॥
देखेवा दिल्ली नगर, पेखेवा पतिसाह।
सदा सहायक वंस सो, विदा कियौ अभसाह ॥ ३ ॥

छंद वेअक्खरी

ततखिण अजण अभौ तेड़ायौ
बीजै गजण हजूर बुलायौ।
विकट समै वीड़ो नृप वेखे
दीन्हौ काज सभीड़ौ देखे ॥ ४ ॥
अभौ परखि नृप तेज अमापै
इण विध कमँध वडाई आपै।
राखण खळां मनोरथ रीतौ
तोसूं हिंदुसथांन नचीतौ ॥ ५ ॥
समग्रि भार धर गुणां सवायां
ओडै कंध धमळ थळ आयां।

२—दाखी = कही। रज काज = राज्य का कार्य। अछानी = प्रकट।

३—पेखेवा = देखने के लिये।

४—ततखिण = उसी क्षण, तुरत। अजण = अजीतसिंह ने। तेड़ायौ = बुलाया। बीजै गजण = दूसरा गजसिंह। वेखे = देखा। सभीड़ौ = कठिन।

५—परखि = देखकर। अमापै = अप्रमाण। आपै = देकर। खळां = शत्रुओं का। रीतौ = खाली। तोसूं = तुझसे।

६—समग्रि = सारा, सब। गुणा सवाया = गुणों में सवाया। ओडै = धारण किया। धमळ = धोरी बैल। थळ आया = रेता आने पर, काम पड़ने पर।

भुजै ऐम कहि भार भळायौ
लेखि प्रीत सुत हियै लगायौ ॥ ६ ॥
विदा कियां नृप तखत विराजै
सँगि उमराव दिया व्रत साजै।
चक्रवति काज हरी चांपावत
तोलै गयण भुजां तेजावत ॥ ७ ॥
सकतो दांन तणौ दळ साथे
भुज पाराथ जिसौ भाराथे।
भांण तणौ जोरो दळ भेळौ
माल विजावत मड़ां समेळौ ॥ ८ ॥
सुत जसराज किसन व्रत साजै
किरि अरिजण यण कांमि समाजै।
सूजौ साहसमाल समेळा
अंगज हरि वरणै ऊखेळा ॥९॥
वढ हथ रासौ सांमळ वाळौ
भैरव नाहर तणौ भुजाळौ ॥
....
.... ॥१०॥

ऐम कहि = ऐसे कहकर। भळायौ = वतलाया, सम्हलायौ। लेखि = दिखाकर। हियै लगायो = छाती से लगाया।

७—व्रत साजै = अच्छी प्रतिज्ञावाले। चक्रवति काज = राजा के वास्ते। गयण = (गगन) आकाश। तेजावत = तेजसिंह का पुत्र।

८—दांन तणौ = दानसिंह का पुत्र। पाराथ = अर्जुन। भाराथे = युद्ध में। समेळौ = शामिल।

९—अरिजण = शत्रुवर्ग। यण कामि = इस काम के लिये। समाजै = समर्थ। समेळा = शामिल। अंगज = पुत्र। ऊखेला = युद्ध।

१०—सामळवाळो = श्यामसिंह का पुत्र। भुजाळो = बड़ी भुजावाला, वीर।

अधिपति काज करण चित उज्जळ
अै चांपा ओपै दळ आगळ।
चैनो करनहरौ कळ चाळौ
सुतन दुरग खग करग सिघाळौ ॥११॥
खित नृप काज सिवौ खीमावत
तिण जामळ किसनौ तेजावत।
वित रज करम धरम ततवेता
ओपै करनहरा दल एता ॥१२॥
साहिव सुतन जादवे सूजौ
दळ रखपाळ रघूपति दूजौ।
सुत इँद्रभांण पतौ धुजसूरौ
सरद करण खळ विरुद सनूरौ ॥१३॥
सूरौ डूंगर भड़ां सहायक
नाहर तणा जादवे नायक।
अमरनाथ तण हठौ सूरावत
रिण रावंत सवायौ रावत ॥१४॥

११—अै = ये। चापा = चापावत। ओपै = शोभा देते हैं। आगळ = आगे, रोकनेवाले। करनहरौ = करणोत राठोड़। कळचाळौ = युद्ध करनेवाला। सुतन दुरग = दुर्गादास राठौड़ का बेटा। करग = हाथ। सिघाळौ = वीर।

१२—खित = (क्षिति) पृथ्वी में। जामळ = बेटा। वित = (वित्त) धन। रज करम धरम ततवेता = राज्य के धर्म-कर्म के तत्त्व को जाननेवाले। ओपै = शोभा देते हैं। करनहरा = करणोत राठोड़। एता = इतने।

१३—जादवे = यदुवंशी। रघूपति दूजौ = दूसरा रामचद्र। धुजसूरौ = सेना के भीतर शूरवीर। सरद करण खळ = शत्रुओं को सीधा करनेवाला। विरद सनूरौ = यश से सुंदर।

१४—तण = (तनय) पुत्र। हठौ = हठीसिंह। रिण रावंत = युद्ध में अग्रणी। सवायौ = बढ़कर।

सुत रिणछोड़ भांण पण साचै
वप भ्रम सांम मांम जग वाचै।
जीवणदास दूजावत जोड़ै
मुरधर कजां गजां घड मोड़ै ॥१५॥
सुजड़ा हथौ हठौ सूरावत
रिण रावतां सवायौ रावत।
सामँत सूर तणौ गुर सूरां
पिड़ जीपणौ प्रवाड़ां पूरां ॥१६॥
जेसावत सुरतौ जैताई
सांम तणै छळि रांम सवाई।
भांण तणौ साहिबौ भुजाळौ
चक्रवति दळां खळां कळि चाळौ ॥१७॥
अै जादव जदुवंस उजाळा
साथ धणी जुध अणी सिघाळा।

१५—पण साचै=सच्ची प्रतिज्ञावाला। वप=शरीर। भ्रम=धर्म। साम माम=स्वामी के काम के लिये। जग=संसार। वाचै=कहता है। जोड़ै=सदृश। मुरधर कजां=मारवाड़ के वास्ते। गजां घड़ मोड़ै= हाथियों की सेना को वापस लौटाता है।

१६—सुजड़ा हथौ=तलवार हाथ में लिए। रिण रावतां=युद्ध के वीर पुरुषों में। गुर=(गुरु) बड़ा। पिड़जीपणौ=रणविजयी। प्रवाड़ां= युद्धों में। पूरां=पूर्ण।

१७—जैताई=जय करनेवाला। सांम तणै छळि=मालिक के काम के लिये। भुजाळौ=बड़ी भुजावाला, वीर। चक्रवति=राजा। खळां= शत्रुओं के साथ। कळि चाळौ=युद्ध करनेवाला।

१८—अै=ये। जुध अणी=युद्ध के अग्रभाग पर। सिघाळा=

ऊदावत अमरेस अकारौ
गिरौ साह तिण चाळगारौ ॥१८॥
पातल तणौ जसो पूंचाळौ
भाखर रिदै तणौ भुरजाळौ।
मांन सुजाव सवाई मारू
सकतिहथौ जवनां पति सारू ॥१६॥
अै ऊदा जीपण अवसांणां
साथे कँवर लियां घमसांणां।
जोधां साथ नाथ छळ जोवण
हरवल दळां खळां सिर होवण ॥२०॥
सुतन भीम पातल पति साथे
भीम अजन जांमल भाराथे।
राजड़ किसन तणौ सँग राजै
साभण सबळ लियै दळ साजै ॥२१॥

वीर। अकारौ=बहुत तेज। तिण=तृण। चाळगारौ=युद्ध करनेवाला।

१६—पूंचाळौ=पहुँचवाला, समर्थ। भुरजाळौ=तलवार रखनेवाला। सकतिहथौ=हाथ में साँग रखनेवाला। सारू=वास्ते।

२०—जीपण=जीतनेवाले। अवसाणा=युद्ध में, समय पर। घमसाणा=भयंकर। जोधा साथ=सुभटों के साथ। नाथ छळ जोवण=मालिक के लिये युद्ध की तलाश करनेवाले। हरवल=सेना का अग्रभाग।

२१—पति साथे=मालिक के साथ। अजन जांमळ=अजीतसिंह का पुत्र। भाराथे=युद्ध में। राजै=शोभित है। साभड़ सबळ=बलवानों को मारने के लिये। लियै दळ साजै=अच्छी सेना लिए।

अमर दलावत गुमर अमांमै
सँगि असि धरै ऊधरै सांमै।
सूरां ढाल दुजौ सवळावत
रूकहथौ मैहको सँग रावत ॥२२॥
मेघराज पातौ गुण मोटां
किसन तणौ आगळ नवकोटां।
जोधाहरा प्रवौ प्रव जागै
औ अभसाह तणा मुँह आगै ॥२३॥
वांकिम वींद मेड़तावाळा
चक्रवति जतनि चढै कळि चाळा।
पदम किलांण तणौ ध्रम पूरै
